میل ملاپ



جلد ۱

اے۔ ام۔ جان
ایف۔ ٹی۔ ایس

ایڈیٹران

پنڈت جگت نارائن
ایف۔ ٹی۔ ایس

نمبر ۱

فہرست مضامین

انتظامی اصول و قاعدے

۱ ”میل ملاپ“ ہر انگریزی مہینہ کی ۱۷ تاریخ کو شائع ہوا کریگا -

۲ چندہ سالانہ دو روپیہ - فی پرچہ ۳ آنہ ہے - غیر ملکوں کے لئے چندہ سالانہ تین روپیہ فی پرچہ چار آنہ ہے -

۳ ”میل ملاپ“ کا سال نومبر سے شروع ہوتا ہے - لیکن خریداروں کا سال ماہ خریداری سے شروع ہوگا -

۴ خریدار اپنا پورا پتہ صاف لکھیں اور ہر خط پر نمبر خریداری ضرور لکھدیا کریں -

۵ کل رقم خواہ چندہ ہو یا اور کوئی رقم ہو بذریعہ منی آرڈر پیشگی بھیجنا اچھا ہے - وی - پی سے تین آنہ زائد خرچ ہوگا -

۶ مستقل پتہ بدلنے پر بذریعہ خط مطلع کیا جائے - دو ایک ماہ کے لئے مقامی ڈاکخانہ سے انتظام کرنا زیادہ اچھا ہوگا -

۷ اجرت اشتہارات بذریعہ خط و کتابت طے کریں -

۸ مستقل اشتہار دینے سے اُجرت میں خاص رعایت کی جائیگی -

۹ منی آرڈر اور انتظام کے متعلق کل خط و کتابت منیجر کے نام سے ہونا چاہئے -

ایڈیٹر کے ہدایت

۱ ”میل ملاپ“ میں شائع ہونے کے لئے مضمون اور اشعار و تبادلہ کے پرچے نیچے لکھے ہوئے پتہ سے بھیجے جائیں -

۲ مضمون لکھنے والوں سے استدعا ہے کہ تحریر میل پیدا کرنیوالے ہوں اور زبان سہل ہندوستانی ہو - مضمون ادھورے نہ ہوں اگر ممکن ہو تو پانچسو الفاظ سے زیادہ نہ ہوں -

۳ تحریر کاغذ کی ایک ہی طرف اور صاف صاف ہو -

۴ تحریر کے چھاپنے نہ چھاپنے یا گھٹانے کا حق ایڈیٹر کو ہوگا -

۵ ”میل ملاپ“ میں کتابوں پر ریویو کرنیکا خاص انتظام رہیگا -

پتہ

ایڈیٹر ”میل ملاپ“ تھیاصوفیکل ہڈ کوارٹرس بانکی پور - پٹنہ -

Printed at the Ramesh Printing Works, Patna and published from the Theosophical Headquarters, Bankipore, Patna, by Pandey Keshava Bihari Varma.

میل ملاپ

جلد۱	نومبر سنہ ۱۹۳۹ء	نمبر۱

جلد۱ — نومبر سنہ ۱۹۳۹ء — نمبر۱

ایک بوڑھے بزرگ کا پیام

(از حضرت خواجہ حسن نظامی صاحب بالقابہ دہلی)

خط پہونچا رسالے پہونچے۔ بہت اچھا ارادہ ہی۔ بہت نیک عمل ہی میں نے منادی کے اڈیٹر سے انکی نقلیں شائع کرنے کو کہا ہی۔ کچھ نہ کچھ تو اثر ہو گا۔ مگر او نہیں پر جنکی روزی جھگڑے پر نہیں ہی۔

(آدمی دے اے خدا)

ای خدا ہندوستان کو بخش ایسے آدمی
جنکے سر میں مغز ہو اور مغز میں تابندگی

جو جئیں تدبیر تسخیر جہاں کیواسطے
اور مریں بھی تو فقط ہندوستاں کیواسطے

جنکی شمع فکر ہو روشن تر از مہر منیر
سبحہ و زنار میں جکڑے نہوں جنکے ضمیر

ناسزا اوہام کر سکتے نہوں جنکا شکار
گاے باجے پر نہو جنکے عقائد کا مدار

اے خدا ہمکو نزاع کفر و ایماں سے بچا
اپنے ہندو سے بچا اپنے مسلماں سے بچا

روح کی رفعت سے ہوں جو آسمانی آدمی
دے ہمیں بار خدا ہندوستانی آدمی

الغرض میرے وطن کو زندگی دے اے خدا
آدمی دے آدمی دے آدمی دے اے خدا

اقتباس از کلام حضرت جوش ملیح آبادی

میل ملاپ کی باتیں

ہندوستان میں آپس کے سمجھوتہ اور میل ملاپ کی ہوا اُکھڑی ہوئی دکھائی پڑتی ہے۔ ہر جگہ جھگڑے فساد ہوتے ہوئے سنائی دیتے ہیں۔ کہیں ہندو مسلم کا قصہ ہے تو دوسری طرف زمیندار کسان میں من مٹاؤ چل رہا ہے۔ پونجی والا اور مزدور دونوں میں اَن بَن ہو رہی ہے۔ بنگالی۔ بہاری کی آواز بھی گونج رہی ہے۔ راجہ پرجا کا بھی بچار شروع ہو چکا ہے۔

ہر ٹولی والا ان جھگڑے تکرار کا الزام ایک دوسرے پر رکھتا ہوا نظر آ رہا ہے۔ جس دیش کے ہر گھر میں ایسی آگ لگی ہوئی دکھائی دے اُس دیش کا کہاں ٹھکانا ہو سکتا ہے؟ سمجھدار اور انصاف رکھنے والے لوگوں کے لئے یہ نئی مصیبت ہے۔ اس بلا کے ٹالنے کے لئے طرح طرح کے اُدپائے کئے گئے اور کئے جا رہے ہیں۔ لیکن یہ بدامنی اپنی ناسمجھی کے وجہ سے پھیلتی ہی جا رہی ہے۔

ان باتوں کا خیال کرتے ہوئے بہار تھیاسوفکل فیڈریشن نے کچھ دیشی زبانوں میں چھوٹی بڑی کتابوں کا پرچار کرنا شروع کیا۔ مگر بہار کی خراب ہوتی ہوئی ہوا کو دیکھکر ایک ماہانہ رسالہ یعنی میگزین نکالنے کا پرستاؤ (رزولیوشن) پاس کیا اور اب وہ رسالہ "میل ملاپ" کے نام سے اپنے بھائیوں کے سامنے پیش کیا جا رہا ہے۔

اس میل ملاپ کا کام یہ ہوگا کہ ٹھنڈے دل سے ہر مشکل بات کا سہج اُپائے پریم اور بھائی چارہ کے روپ میں بتائے اور اپنی نیک نیتی اور کھلے ہوئے سچے دل سے پبلک کی خدمت (سیوا) کرتا رہے۔ اور بچھڑے ہوئے بھائیوں کو پھر سے ملا دے۔ کہاں تک میل ملاپ کو اس میں کامیابی ہوگی یہ ہمارے بھائیوں۔ بزرگوں اور سرپرستوں کے ہاتھ میں ہے۔ میدان سے پیچھے ہٹنا میل ملاپ سے کبھی نہ ہوگا لیکن اسکے لئے پبلک کو ہاتھ بڑھانا بھی ضرور ہوگا۔ دنیا کا کوئی کام بغیر دوسروں کے سہارے اور سرپرستی کے نہیں چل سکتا ہے۔

میل ملاپ نے اپنی بول چال کو بہت آسان اور ہندوستانی زبان میں رکھنے کا پورا ارادہ کر لیا ہے۔ اسکے اندر دنیا کی بڑی سی بڑی باتیں۔ سائنس اور فلسفہ دھرم اور تعلیم کو بھی پوری جگہ دینے کا معاملہ طے کر لیا گیا ہے۔ اس میں بڑے سے بڑے پڑھے لکھے آدمیوں سے لیکر کم سن اسکول اور مدرسہ میں پڑھنے والوں کے لئے بھی مضمون ہوا کریگا۔

میل ملاپ نے ہندوستان کے بڑے اور مشہور آدمیوں کے مضمون (لیکھ) کو بھی حاصل کرنے کا پورا سامان کرلیا ہے امید ہے کہ آپ بھی اپنے چھٹی کے وقت پر اپنے دل کی سچی پکار کو پریم بھری باتوں سے بھیجکر ہندوستان کو بدی اور بدنامی سے بچانے میں حصہ لینگے۔

جو مضمون لوگوں میں پریم پھیلانے اور آپس کے میل جول کے لئے لکھے جائینگے اُسے خوشی اور شکریہ (دھنباد) کے ساتھ قبول کیا جائیگا۔ یہ یاد رکھنا چاہئے کہ کوئی ایسی بات نہ لکھی جائے جسے لوگوں میں پھوٹ پڑے اور بھائی چارا پیدا کرنے میں رکاوٹ پیدا ہو۔

جس کسی کے دل میں اپنے وطن (دیش) کی محبت ہے اُس کا دل بے چینی کے ساتھ میل ملاپ پیدا کرانے کی پوری کوشش کریگا۔

ہم اپنے نوجوان بھائیوں اور بہنوں سے یہ امید ضرور رکھتے ہیں کہ میل ملاپ کی باتوں کو غور سے سمجھکر اسکے بتائے ہوئے راستہ پر چلیں کہ انکی زندگی کٹھنائیوں سے نکل آرام اور چین کی دنیا میں گذرے۔

میل ملاپ تو بہت ہی تھوڑی تعداد میں چھپنے والا تھا لیکن اسکے ناظروں کی تعداد سیکڑوں کے بدلے اب ہزاروں کی معلوم پڑتی ہے اسلئے اسکا اندرونی انتظام بھی بہت مضبوط نیو پر رکھا گیا ہے۔


اپنے سرپرستوں سے یہ کہنا ضروری ہے کہ آپ سے جہانتک ہو سکے گاہکوں کو بڑھانے کی کوشش کریں جسقدر زیادہ میل ملاپ سے دلچسپی ہوگی اوسی قدر ہم لوگوں کی کامیابی اور ہندوستانی کے قسمت کا ستارہ چمکتا ہوا دکھائی دیگا۔

اسی سال مئی ۳۹ء میں تھیاسوفیکل فیڈریشن نے جبکہ آپس کے سمجھوتہ اور میل ملاپ کی نیو ڈالی اُسوقت اسکے جلسہ میں بڑے بڑے لوگ شریک ہوئے بہار کے وزیراعظم (پریمیر) اور مسٹر سید عبدالعزیز صوبائی پریسیڈنٹ مسلم لیگ بھی شریک تھے۔

پریمیر بہار نے اپنے تقریر (لکچر) میں یہ یقین دلایا کہ وہ آپس کے میل ملاپ کے لئے خود بے چین اور پریشان ہیں اور اس کام میں ہر طرح سے ہمدردی کرنے اور مدد پہونچانے کی کوشش کرینگے۔ مسٹر سید عبدالعزیز نے اپنی تقریر میں خیال ظاہر کیا کہ ہندو مسلمان کا میل ملاپ دوسرے پولٹیکل کاموں سے زیادہ ضروری ہے۔ مسٹر ہرکار پرنسپل پٹنہ کالج نے ہندو مسلم میل ملاپ کی بہت زیادہ ضرورت دکھائی اور یہ کہا کہ ہم لوگ اختیار پانے کے بعد بھی ترقی کرنے کے عوض پیچھے کی طرف پلٹتے جاتے ہیں جسکا سبب آپس کی چھیڑ چھاڑ ہے۔

اسکے علاوہ ہندوستان کے کُل مشہور لیڈر رہا ہے کانگریسی ہوں یا مسلم لیگی سب یہی کہتے چلے آرہے ہیں کہ بغیر آپس میں میل ملاپ پیدا ہوئے ہندوستانیوں کا قدم ترقی کے میدان میں آگے نہیں بڑھ سکتا ہے۔ اور ہندوستان کو چاہے کیسی ہی آزادی ملے بلا اس کے پورا فائدہ حاصل نہیں ہو سکتا ہے۔

دھرموں کا میل




ہندو دھرم میں چھ درشن شاستر مشہور ہیں۔ ان میں سے سانکھیائے شاستر (فلسفہ) بہ اُصول شریعت اور دوسرا جوگ شاستر (علم الٰہیات) بہ اصول طریقت مشہور ہیں چونکہ دونوں دو اُصول ہیں اسلئے ان میں بہت زیادہ فرق ہے۔ یہ دونوں مقدس کتابیں انسان کو راہ نجات بتاتی ہیں لیکن انکے اُصول کے اختلاف کے باعث انکے راستے بھی ایک دوسرے سے علحدہ ہیں۔

سانکھیائے شاستر کا سروکار وِکاش (ارتقاء) سے ہے اور جوگ شاستر کا دھیان (مراقبہ) سے یہ مختصر تفصیل یہاں پر کافی سمجھکر چھوڑ دی جاتی ہے۔

گیتا کے بیسویں ادھیائے کے چوتھے اور پانچویں اشلوک میں شری کرشن بھگوان یوں فرماتے ہیں۔

سنکھیائے اور جوگ الگ الگ ہیں .... ایسا تو بچے بولتے ہیں۔ لیکن نہیں۔ جو اِن میں سے کسی ایک پر مستقل طور سے جما رہتا ہو وہ ان دونوں کے



قرآن مجید میں مذہبوں کے متعلق یہ فرمان ہے "پیغمبروں کے بیچ کوئی فرق نہیں ہے۔ ہر ایک پیغمبر ایشور کو اوسکے فرشتوں کو اوسکی مذہبی کتابوں یا دھرم شاستروں کو اور اس کے دوسرے رسولوں کو مانتے تھے۔ اسکے رسولوں میں ہم کوئی بھی بھید بھاؤ یا تفرقہ نہیں رکھتے ہیں۔ کہو ہم ایشور کو مانتے ہیں اور رسولونکو مانتے ہیں جو ہمارے پاس بھیجا گیا ہے۔ اور اوسکو جو (حضرت) ابراہیم کے پاس اور (حضرت) اسمعیل کے پاس اور (حضرت) عیسیٰ کے پاس اور (حضرت) یعقوب کے پاس اور دوسری دوسری قوموں کے پاس بھیجا گیا تھا۔ اور ہم اوسکو مانتے ہیں جو (حضرت) عیسیٰ کے پاس اور ایشور کے دوسرے دوسرے پیغمبروں کے پاس بھیجا گیا تھا۔ ہم ان میں سے کسی میں کسی قسم کا اختلاف نہیں کرتے ہیں۔ جو خدا اور اوسکے پیغمبروں پر ایمان رکھتے ہیں اگر ان میں سے کسی کے بارے میں کچھ بھی اختلاف نہیں رکھتے ہم انہیں ضرور انعام دینگے اور

(شری مد بھاگوت گیتا)

پھلوں کو حاصل کرتا ہو۔

سنکھیائے کے پجاریوں کو جو جگہ مل سکتی ہو جوگی بھی اُسی جگہ کو حاصل کر سکتا ہو۔ جو کوئی سنکھیائے اور جوگ کو ایک جانتا ہے وہی سمجھا بھی ہے۔

یہاں پر شری کرشن بھگوان نے جو کچھ سنکھیائے اور جوگ کے متعلق فرمایا ہو وہی بات دوسرے دوسرے راستوں اور دھرموں کے بارے میں بھی یقین کے ساتھ کہا جا سکتا ہے۔

ایسی حالت میں کیا کسی دو دھرم یا راستے کے درمیان جھگڑا ہوسکتا ہو؟ ہرگز نہیں۔

(القرآن)

خدا رحیم و کریم ہے یعنی کرپالو اور دیالو ہی۔

خدا ایکے کلام میں کیسی روشن اور صاف ہدایت ہے کسی کو کسی دھرم (مذہب) یا اُس کے بنیاد ڈالنے والے مہاپُرش کی شکایت کرنے کا حق نہیں ہے بلکہ سب کو چاہیئے کہ ہر مذہب کے مذہبی کتابوں اور کل پیغمبروں کو ایک ہی طرح سے مانے احترام کرے اور کسی کے بارے میں ذرا فرق اپنے دل میں نہ آنے دے۔

اسلام اور رواداری

(مولانا مولوی سید ابرار حسین صاحب ممتاز الافاضل پروفیسر جامعہ سلیمانیہ پٹنہ سیٹی)

دنیا میں کچھ لفظیں (شبد) ہیں جنکا مطلب اتنا پیارا اور موہنا ہے کہ ہر شخص اونکو گلے کا ہار بنانا چاہتا ہے۔ جیسے سخاوت۔ دلیری وغیرہ۔ ہر شخص یہی چاہتا ہے کہ وہ سخی اور بہادر کے نام سے پکارا جائے چاہے ان باتوں میں سے کوئی بھی بات اوس میں نہ ہو اونہیں پیارے لفظوں میں ایک رواداری بھی ہے۔

دنیا کا ہر مذہب اور اہل مذہب اپنے کو روادار سمجھتا ہے اسلام کی تعلیم کو آپ دیکھیں تو پتہ چلیگا کہ قدم قدم پر ہمدردی اور رواداری کا سبق دیا گیا ہے.... ایک انسان کو دوسرے انسان سے کیونکر ملنا چاہیئے اسلام اسکو بتا چکا ہے۔ اسلام نے بار بار بتایا ہے اور برابر اس کا پروگرام رہا ہے کہ دنیا میں انسانیت

رسیلائے زمین) پھیلائے۔ انسان اور حیوان میں فرق پیدا کرائے اسلام نے بتایا ہے کہ دیکھو" جانور خود اپنی غذا کھا کر دوسرے کا حصہ بھی ہضم کر جاتا ہے اگر تم نے بھی یوں آپ اپنا حصہ کھا کر دوسرے بھائی کا حصہ زبردستی لے لیا تو تم میں اور جانور میں فرق نہ ہوگا۔ خود بیاہے نہ کھاؤ مگر مانگنے والے یا پڑوسی کو بھوکا نہ رکھنا اگر ممکن ہو اور زیادہ تکلیف نہ ہو تو بچوں کا حصہ بھی مانگنے والوں کو کھلا دو لیکن اوسکو واپس کر دو مانگنے والے کا خیال ضرور ہے" قرآن مجید میں یہ حکم آیا ہے مانگنے والوں کو نہ جھڑکو قرآن میں یہ نہیں کہا گیا ہے مانگنے والا اگر مسلمان ہو تو اوسکو دے دیا جائے اور دوسرے مذہب کا نام لیوا ہو تو جھڑک دو اور ایک ٹکڑا بھی نہ دو۔ نہیں! نہیں! اسلام انسانیت کا سبق سکھاتا ہے وہ خلاف انسانیت باتوں پر کبھی اپنے ماننے والوں کو امادہ نہیں کرتا۔

جب پیغمبر اسلام کے پاس یہودی یا عیسائی آتے تھے تو آپ اُن سے اُسی طرح سے ملتے تھے۔ جیسے کوئی اپنے دوست سے۔ اپنی قبا رایک لباس) جو کاندھے پر رہتی تھی غیروں کے لئے بچھا دیتے تھے۔

پیغمبر اسلام کو اگر کسی مجبوری سے جنگ کرنی پڑی اور فتح کے بعد کچھ عورتیں گرفتار ہو کر دربار میں لائی جاتی تھیں تو بانی اسلام اُنکا اُسی طرح احترام کرتا تھا جیسے کسی آزاد قبیلہ یا اپنی عورتوں سے برتاؤ کیا جاتا ہو۔ میں تمام تفصیلات کو چھوڑ کر یہاں پر اسلام کی صرف اُس رواداری کو پیش کرتا ہوں جو اُس نے عبادت کے موقعہ پر تعلیم کی ہو۔ اسلام میں سب سے اہم چیز نماز ہے۔ نماز میں جن دعاؤں کے پڑھنے کی تعلیم دیگئی ہے ان پر غور کیجئے تو اسلامی رواداری کا پتہ چلتا ہے۔ اسلام میں نماز دن میں کئی مرتبہ پڑھنی ضروری قرار دیگئی ہے۔ اس کے بارہ میں اسلام نے تاکید کی ہے کہ جب اپنے معبود کی بارگاہ میں حاضری کیلئے کھڑے ہو تو پہلے یہ لفظ ادا کرو" سب تعریفیں اوس خدا کیلئے ہیں جو تمام دنیا کا پالنے والا ہو" یہ ٹکڑہ قرآن پاک کا ایک سورہ ہے جسکو سورہ حمد یا سورہ فاتحہ کہتے ہیں۔ اس میں خدا کی تعریف اور اپنے لئے دعا ہے کہ" ہم سیدھے راستے پر رہیں" یہ سورہ ہر نماز میں پڑھنا ضروری ہو۔ نماز اگرچہ مسلمانوں کی چیز ہے مسلمان ہی پڑھتے ہیں لیکن یہ نہیں کہا گیا کہ اے مسلمانو جب خدا کو پکارو تو" تمام دنیا کا پالنے والا" کے جگہ صرف "مسلمانوں کا پالنے والا" کہکر پکارو۔

اسلام کسی مذہب پر حملہ نہیں کرتا وہ خدا کو کسی خاص کا نہیں بنانا چاہتا ہے اسلئے اُسکی تعریف کیلئے ایسا لفظ چنکر رکھا ہے جسکو ہندو مسلمان عیسائی یہودی مجوسی سب کہہ سکیں۔ یعنے تمام دنیا کا پالنے والا کون ہے دنیا میں جو اس سے انکار کرے کہ اُس کا مُربی و سرپرست اور پالنے والا خدا نہیں ہے۔ اسلئے اسلام نے وہ تعلیم دی کہ ہر مذہب کا شخص ہمارے بتائے ہوے لفظ کی تائید کر سکے اور کسی کو اسکے ادا کرنے میں تکلیف نہ ہو۔ اسی سورہ میں

دوسری تعریف خدا کی یوں کی گئی ہے "وہ بڑا رحم کرنے والا ہے" کون دنیا میں ہے جو اسکے رحم و کرم سے انکار کرے یا اس لفظ کے ادا کرنے میں اوسکو زحمت پہونچے۔ اسلام ہرگز کوئی متعصب مذہب نہیں ہے اسلام کسی خونخوار جانور کا نام نہیں ہے بلکہ اسلام نام ہے اصول انسانیت کا اسلام نام ہے امن و امان قائم رکھنے کا مگر یہ اور بات ہے کہ اسکی تبلیغ کرنیوالے مسلمان اسلام کے چہرے کو بگاڑ کر دنیا کے سامنے پیش کر رہے ہیں۔

خداوالوں کی باتیں

انسان میں سب سے پہلے بھلے اور بُرے کی تمیز (وچار) ہونی چاہئے۔ خاص کر ہر بات میں یہ سمجھنے کی کوشش کرنی چاہیئے کہ کونسی بات اصلی اور سچی ہے اور کونسی غلط ہے۔ یہی تمیز اور سمجھداری اچھے راستہ پر لگاتی ہے۔

یہی بات ہے اور بہت بڑی بات ہے اس پر عمل کرنا چاہیئے اسی بچار پر کام کرنا چاہیئے بلکہ اپنی زندگی کی آخری سانس تک اپنا اُٹھنا بیٹھنا۔ مرنا جینا سب اسی کے ماتحت ہونا چاہیئے ہر روز اپنے ہر کاموں میں اچھائی اور بُرائی کو سوچنا چاہیئے۔ یہی وہ راستہ ہے جسے آپکی نجات (مکتی) اور بھلائی ہوسکتی ہے۔

جو لوگ اس راز سے ناواقف ہیں وہ دولت اور حکومت کے لئے جان توڑ کوششیں کرتے ہیں لیکن یہ نہیں سمجھتے ہیں کہ یہ باتیں صرف اسی دنیا کے لئے ہیں۔ اور اسی وجہ سے اسکی خواہش اادلپا (نقلی) اور بُری ہے۔

اس سے بھی بڑھکر بڑی چیزیں ہیں اور وہی اُمّی (ہمیشہ کے لئے) اور اصلی و سچی ہیں اگر ایک مرتبہ اسے جان لیا جائے تو دنیا کی ہوس باقی نہیں رہیگی۔

دو بھائیوں کا میل اور دشمن کا مقابلہ

(میر عسکری حسن صاحب جعفری ایف۔ ٹی۔ اس کے قلم سے)

دو بھیڑے آپس میں بڑے میل سے رہتے۔ بڑا یارانہ تھا۔ ایک ساتھ رہنا سہنا۔ کھانا پینا رہتا۔ ایک دن یہ دونوں کہیں جا رہے تھے کہ اُدھر سے ایک شیر آتا دکھائی دیا ایک نے دوسرے کا مُنہ دیکھا اور کہا۔ بُری ہوئی یہ ظالم پاس آیا نہیں کہ ہم میں سے ایک موت کے گھاٹ اُترا۔ جان بچانیکے لئے کوئی بہانا کرنا چاہیئے۔ دوسرا بولا دیکھو اس وقت گھبرانے سے کام نہ چلیگا۔ ذرا دل کڑا کرو۔ میں نے اس کا جتن سوچلیا۔ دیکھو تم میری ہاں میں ہاں ملائے جانا۔

دونوں میں یہ باتیں ہو ہی رہی تھیں کہ شیر آ ہی پہونچا گرج کر بولا تم لوگ کہاں جاتے ہو۔ خبردار پیر آگے نہ بڑھے۔ چالاک بھیڑے نے بڑھکر سلام کیا اور بڑی

بجاجت سے بولا حضور ہی کی کھوج میں نکلے تھے بھگوان کی کرپا سے حضور خود آتے ہوئے مل گئے۔ شیر کچھ دھیرا ہوا تو یہ بھیڑیا بولا ہم دونوں بھائی ہیں باپ ہمارا کل ہی مرا ہے ترکے میں بہت سی بکریاں چھوڑ گیا ہے اب آپس میں ان کے بانٹ پر تکرار ہے۔ شیر نے جو بکریوں کا نام سنا تو منہ میں پانی بھر آیا۔ دل میں خوش ہوا اچھا شکار ہاتھ آیا پھر زور سے بولا۔ "مطلب جلدی کہو کیا چاہتے ہو" بھیڑیے نے کہا حضور آپس کا جھگڑا چکانے آپ کے پاس چلے تھے کہ کرپا کر کے ذرا چلکر فیصلہ کر دیں جسکا جتنا حصہ ہو دلوا دیں اور اسکے بدلے اپنے اپنے حصے سے ہم لوگ حضور کی خدمت کریں۔

شیر بولا جلدی کرو وقت برباد نکرو۔ بولو بکریاں کہاں ہیں۔ بھیڑیا بولا سرکار بس یہاں سے تھوڑی ہی دور پر ہم لوگوں کا مکان ہے۔ چلا جائے۔ اپنی آنکھ سے دیکھکر جو بچار میں آئے حکم دیا جائے۔

شیر راضی ہوا اور ان دونوں کے ساتھ چلا۔ تھوڑی دور یہ سب چلے تھے کہ ایک باغ کی دیوار دکھلائی دی بھیڑیا بولا سرکار وہ مکان ہے۔ تھوڑا دکھ تو حضور کو ضرور ہوگا پر ہم لوگوں کا بڑا کام نکل جائیگا۔ اتنے دیر میں سب کے سب دیوار کے پاس پہونچ گئے ایک بھیڑیے نے کہا حضور ذرا دم بھر کیلئے یہیں پر براجمان ہوں ہم ابھی سب بکریاں لئے آتے ہیں یہ کہکر ایسا اوچھلا کہ دیوار پار ہو گیا۔

اسکو گئے کچھ ہی دیر ہوئی تھی کہ دوسرا بولا حضور ہمکو کچھ دال میں کالا دکھائی دیتا ہے ایسا نہو کچھ بکریاں چھپا دیجائیں حکم ہو تو جاکر سب بکریاں ایک ایک کر کے لے آئیں شیر بار بار بکریوں کا نام سن سن کر اور انکے گوشت اور خون کا مزہ یاد کر رہا تھا جواب بھی نہ دینے پایا کہ دوسرا بھیڑیا بھی چھلانگ مار کر دیوار کے پاس پہونچا۔ تھوڑی دیر شیر ذرا حیران سا رہا کہ دونوں دیوار پر آکر بولے ہم دونوں بھائیوں میں سمجھوتا ہو گیا۔ جھگڑا چک گیا اب حضور کو تکلیف کی ضرورت نہیں۔ یہاں تک آنے میں حضور کو بڑا دکھ ہوا بھگوان حضور کو سدا آنند رکھے۔

شیر یہ سنکر بڑے زور سے دہاڑا۔ سارا میدان گونج اٹھا۔ خوب اوچھلا کودا مگر اونچی دیوار تک غریب نہ پہونچ سکا۔ چالاک بھیڑیے نے پکار کر کہا بڑے اچنبھے کی بات ہے ٹھکو تے پر تو پنچ کو اور خوش ہونا چاہیئے نہ یہ کہ اولٹا غصہ کرے۔ جگ کا کیا رنگ پلٹا ہے بڑے لوگوں کا یہ سبھاؤ۔ اسی سے تو پرتھوی پر اتنا انیائے ہو رہا ہے۔ شیر بھیڑیے کی یہ جلی کٹی سنکر لجا گیا اور سر نیچا کر کے چلتا بنا۔ خدا اور بھگوان، بھارت باشیوں کو کم سے کم ان بھیڑیوں ہی سی بدھی عطا کرے کہ وہ اپنے بچاؤ اور رکشا کا خیال کریں۔

بڑوں کی باتیں اور اُن کا بھاؤ

اسلام میں حضرت علی کرم اللہ وجہ کی ایک مشہور ہستی رہیون اتھی۔ آپکے بارمیں مسلمان بہت کچھ جانتے ہیں اوس کا لکھنا یہاں ضروری نہیں ہے۔ حضرت علی نے اپنے مرنے کے وقت جو اپنے بیٹوں کو وصیت رلکھا، کی وہ سبلوگوں کو اچھا سبق دینے کے لئے کافی ہے یہ وصیت مسلمانوں کے مشہور کتاب "تاریخ طبری" میں لکھی ہوئی ہے اور اسکو ہندوستان کے مشہور لیڈر مولانا ابو الکلام آزاد نے بھی ایک بار اپنے اخبار الہلال میں ۲۴ جون ۱۹۲۷ء کو چھاپا تھا اوس وصیت کا تھوڑا سا ترجمہ نیچے لکھا جاتا ہے۔ جسے مسلمانوں کو ایمان سچا راستہ اور میل ملاپ کا سبق ملتا ہے۔

بیکس کی مدد کرنا

حضرت علیؓ نے اپنے لڑکے حسنؓ و حسینؓ کو بلا کر کہا میں تم دونوں کو خدا کے راستہ پر چلنے کی وصیت کرتا ہوں۔ اور اسکی بھی کہ دنیا کا پیچھا یعنی لالچ نہ کرنا اگر دنیا تمہارا پیچھا بھی کرے۔ جو چیز تم سے دور ہو جائے اوس پر نہ کڑھنا۔ ہمیشہ سچ کہنا۔ بے ماں باپ کے بچوں پر رحم کھانا یعنی مہربانی سے پیش آنا۔ بیکس کی یعنی جو لاچار ہو اوسکی مدد کرنا۔ آخرت یعنی اس دنیا کے بعد والی دنیا کے لئے اچھے کام کرنا۔ ظالم کے یعنی ظلم کرنے والوں کے دشمن بنا۔ جس پر ظلم کیا جائے اوسکے مددگار ہونا۔ خدا کی کتاب پر چلنا خدا کے باب میں بُرا بھلا کہنے والوں کے ملامت کی پرواہ نہ کرنا۔ پھر امام حسینؓ سے کہا بیٹا میں تجھے وصیت کرتا ہوں۔ خدا سے ڈرنا۔ اپنے وقت پر نماز پڑھنا۔ ٹھیک وقت پر زکوٰۃ یعنی اپنے آمدنی میں سے چالیسواں حصہ غریب کو دینا۔ ٹھیک وضو کرنا کیونکہ نماز بغیر طہارت رصفائی، ممکن نہیں ہے۔ اور جو زکوٰۃ یعنی اپنے آمدنی میں سے چالیسواں حصہ غریب کو نہیں دیتا ہے اُسکی نماز قبول نہیں ہوتی ہے۔

قصور معاف کرنا پڑوسی سے اچھا سلوک کرنا

وصیت کرتا ہوں قصور معاف کرنیکی رغصہ پی جانے کی میل ملاپ کرنے کی۔ سمجھداری کی۔ مذہب میں عقل و سمجھ کی۔ ہر بات میں تحقیقات کرنے کی۔ قرآن روزانہ پڑھنے کی۔ پڑوسی سے اچھائی اور سلوک سے ملنے کی۔ جو بات جائز ہو اوسکے کرنے کی اور جو منع ہو اوسے پرہیز کی۔ برائی سے پرہیز کی۔

آپس کا ملاپ قائم رکھنا

مرنے کے وقت یہ وصیت لکھوائی یہ علی۔ ابی طالب کی وصیت ہے۔ وہ گواہی دیتا ہے کہ خدا

ایک ہے اوسکا کوئی شریک نہیں اور اُس کے سوا عبادت کے لایق کوئی نہیں۔ اور یہ محمدؐ اوس کے بندے اور بھیجے ہوے ہیں۔ میری نماز۔ میری عبادت۔ میرا جینا میرا مرنا۔ سب کچھ سارے سنسار کے پالن ہار ہی کے لئے ہے۔ اوسکا کوئی شریک نہیں ہے۔ اسی کا مجھے حکم دیا گیا ہے۔ اور میں سب سے پہلا حکم کا ماننے والا ہوں۔ پھر اسی حسن میں تجھے اور اپنی تمام اولاد کو وصیت کرتا ہوں کہ خدا سے ڈرنا۔ اور جب مرنا تو اسلام ہی پر مرنا سب ملکر اللہ کی رسی کو مضبوطی سے پکڑ لو۔ اور آپس میں پھوٹ نہ ڈالو کیونکہ میں نے ابوالقاسم یعنی حضرت محمد (صلعم) کو کہتے سنا ہے کہ آپس کا ملاپ قائم رکھنا روزے نماز سے بھی اچھا ہے۔ اپنے رشتہ داروں کا خیال رکھو۔ اُن سے بھلائی کرو خدا تم پر حساب (تکلیف) آسان کریگا

یتیموں کا خیال رکھو

اور ہاں یتیم۔ یتیموں کا خیال رکھو۔ اونکے منہ میں خاک نہ ڈالنا یعنی تکلیف نہ پہونچانا۔ وہ تمہارے ہوتے ہوئے برباد نہ ہونے پائیں۔

پڑوسی

اور دیکھو تمہارے پڑوسی۔ اپنے پڑوسیوں کا (خواہ کسی مذہب کے ہوں) خیال رکھو کیونکہ یہ تمہارے پیغمبر کی وصیت ہے۔

حضرت محمدؐ (صلی اللہ علیہ وسلم) برابر پڑوسیوں کے حق میں وصیت کرتے تھے۔ یہاں تک کہ ہم سمجھے شاید اونکو حصہ ترکہ میں شریک کردینگے۔

جو مسلمان نہیں ہیں

وہ غیر مسلم یعنی جو مسلمان نہیں ہیں۔ اور تمہارے ساتھ زندگی بسر کرتے ہیں (رہتے ہیں) ایسا نہ ہو اُن پر تمہارے سامنے ظلم کیا جائے۔ اور تمہارے پیغمبر کے صحابی (ارپاس کے بیٹھنے والے) تمہارے پیغمبر کے صحابی! یاد رکھو پیغمبر نے اپنے صحابیوں کے حق میں وصیت کی ہے۔

خدا کے تمام بندوں پر شفقت کرو

اور فقیر اور مساکین (محتاج، فقیر و مساکین!) اونہیں اپنے روزی (کھانے) میں شریک کرو۔ اور تمہارے غلام! غلاموں کا خیال رکھنا خدا کے مقابلہ میں کسی کی بھی پروا نہ کروگے تو خدا تمہارے دشمنوں سے تمہیں محفوظ کردیگا۔ خدا کے تمام بندوں پر شفقت (محبت) کرو۔ میٹھی بولی میں بات کرو۔

رباعی

حیوان اگر ہو تو مٹا دو دنیا
انسان اگر ہو تو سنوارے جاؤ
شیطاں ہو تو دنیا کو دکھا دو دنیا
لائق ہو تو دنیا کو بنا دو دنیا

جناب سید باقر حسین صاحب باقر

وقت کی پکار

(مسٹر سید ظہیر الدین حیدر۔ آر۔ م کے قلم سے)

مجھے یہ جان کر بڑی خوشی ہوئی کہ "بہار تھیوسوفیکل فیڈریشن" کی طرف سے ایک منتھلی (ماہانہ) میگزین نکل رہا ہے جس کا نام "میل ملاپ" ہے "میل ملاپ" کی پکار اس زمانہ میں وقت کی سب سے بڑی پکار ہے۔

میرا دل یہ دیکھکر بڑا دکھتا ہے کہ لوگ مذہب کے نام پر لڑتے ہیں۔ تمام بگاڑ کی کچھ نہ کچھ وجہ تو سمجھ میں آ سکتی ہے لیکن جو لڑائی دھرم کے نام پر ہوتی ہو اُس کی وجہ سمجھنی مشکل ہے۔ دنیا کا کوئی مذہب بھی یہ نہیں کہتا کہ ایک دوسرے کو برا بھلا کہو، گالیاں دو، اور اس پر بھی جی نہ بھرے تو ایک دوسرے کا سر پھوڑنے لگو، چھریاں چلانے لگو، اور خون کی ندیاں بہا دو۔

لیکن پھر بھی دنیا میں آج کل یہی ہو رہا ہے۔ ہر جگہ ہو رہا ہے اور ہم روز اس کا تماشہ دیکھ رہے ہیں۔ کیا برابر اسی طرح ہوتا رہے گا؟ اور کیا میل ملاپ کی اب کوئی صورت باقی نہیں رہی ہے؟ اسی چیز کو سوچنے کی ضرورت ہے۔ اس میں معمولی بچار سے کام نہیں چلے گا۔ جب تک ہم صاف صاف نہ سوچیں گے ہمیں کوئی سچی روشنی نہیں ملیگی میں امید کرتا ہوں کہ "میل ملاپ" اسی چیز کو اپنے سامنے رکھے گا اور اسی چیز کو ڈھونڈھنے کی کوشش کرے گا۔

میرا اپنا خیال یہ ہے کہ جو لوگ مذہب کے نام پر لڑتے ہیں اُن کا اتنا زیادہ قصور نہیں جتنا دوسروں کا ہے۔ یہ بیچارے نہیں جانتے کہ وہ کیا کر رہے ہیں۔ اُن سے جو کہا جاتا ہے اُس پر آنکھیں بند کر کے چلتے ہیں اور سمجھتے ہیں کہ وہ بڑے پُن کا کام کر رہے ہیں۔

لیکن جو لوگ ایسا سمجھاتے ہیں وہ سچے آدمی نہیں ہوتے۔ وہ صرف اپنا فائدہ اپنے سامنے رکھتے ہیں۔ دوسروں کی بھلائی کا خیال اُن کے دل میں آنے ہی نہیں پاتا۔ وہ تو صرف اتنا ہی چاہتے ہیں کہ دوسرے لڑتے رہیں اور اُن کا اپنا فائدہ ہوتا رہے۔

دھرم کے نام پر آج کل جتنی لڑائیاں بھی ہوتی ہیں اُن پر اچھی طرح سوچ بچار کرنے سے یہی پتہ چلتا ہے کہ ہر لڑائی میں اسی طرح کے لوگ کام کرتے ہیں۔ لڑائی کے وقت تو سامنے نہیں آتے، لیکن جب لڑائی ختم ہو چکتی ہے اور اس سے فائدہ اُٹھانے کا وقت آتا ہے تو یہ لوگ جلدی سے کود پڑتے ہیں۔ کیا تماشہ ہے، دوسرے جان دیں، اور یہ اپنا فائدہ اُٹھائیں۔

ایسے لوگ ہر مذہب میں پائے جاتے ہیں۔ یہ بڑے بڑے لوگ ہوتے ہیں چھوٹے آدمی نہیں ہوتے۔ اور اُن کی صورت دیکھ کر کوئی بھی یہ نہیں کہہ سکتا کہ وہ ایسا کہتے ہوں گے اور اتنا چھوٹا خیال اپنے دماغ میں رکھتے ہوں گے۔

لیکن ہوتا ایسا ہی ہے۔ اِسے کوئی نہیں جھٹلا سکتا.....

پھر میل ملاپ کیسے ہو؟ کیا کیا جائے کہ دنیا کے لوگ رام اور شانتی کے ساتھ رہیں اور اس طرح کی گڑبڑی برابر کے لئے ختم ہو جائے؟

بہت سے لوگ کہتے ہیں کہ اگر آپس میں کوئی سمجھوتہ ہو جائے تو میل ملاپ بھی اپنے آپ ہو جائے گا۔

مان لیجئے کہ اس وقت کوئی سمجھوتہ ہو بھی گیا تو اس کا کیا جواب ہے کہ آگے چل کر پھر کوئی نئی بات بیچ میں نہ آجائے گی جب دل صاف نہیں رہتا تو روز روز کوئی نہ کوئی بات نکلتی ہی رہتی ہے۔ اچھی بات بھی ہو تو وہ بھی دیکھنے میں بری لگتی ہے۔ آخر وار دھا اسکیم کی پڑھائی میں کیا بُرائی ہے۔ اس میں تو سب کے نفع کی بات ہے۔ لیکن ہمارا دل چونکہ ایک دوسرے سے صاف نہیں ہے اس لئے ہم سمجھنے لگے ہیں کہ اِس اسکیم میں بھی کوئی گہری چال ہے۔

چال وال تو کچھ بھی نہیں ہے۔ چونکہ ہمارا دل ایک دوسرے سے صاف نہیں ہے اس لئے یہ چیز ہمیں بری لگتی ہے۔ اگر دل صاف رہتا تو یہی چیز بڑی بھلی لگتی اور ہم مہاتما گاندھی کو دھنیہ باد دیتے کہ اُنھوں نے ہمارے فائدے کی کیسی اچھی چیز نکالی ہے۔

آج کل حال یہ ہے کہ اگر ہم مسلمان ہیں اور ہندو مذہب کو سمجھنا چاہتے ہیں تو ہم یہ دیکھتے ہیں کہ ایک ہندو کیا کہتا ہے اور کیا کرتا ہے۔ اسی طرح اگر ہم ہندو ہیں اور اسلام کو سمجھنا چاہتے ہیں تو ہم یہ دیکھتے ہیں کہ ایک مسلمان کیا کہتا اور کیا کرتا ہے؟ یہ طریقہ بالکل ٹھیک نہیں۔ اسی چیز نے ہمیں دھوکے میں ڈال رکھا ہے اور یہی وہ چیز ہے جس کی وجہ سے ہم طرح طرح کے شبہے میں پڑے ہوئے ہیں۔

مان لیجئے کہ ایک مسلمان جو صورت شکل سے پورا مسلمان نظر آتا ہے یہ کہتا ہے کہ ہندو کافر ہیں اور اُن کا ٹھکانہ جہنم ہے' اور اسی طرح ایک ہندو جو دیکھنے میں پورا ہندو نظر آتا ہے یہ کہتا ہے کہ مسلمان ملکشھ ہیں اور اُن کی مکتی ہو ہی نہیں سکتی' تو ہمیں دیکھنا یہ ہے کہ ہندو دھرم کی پستکوں میں اور اسلام کی کتابوں میں یہ چیز ہے بھی یا نہیں! اگر نہیں ہے تو ہم کسی مسلمان یا کسی ہندو کے کہنے پر ایسا کیوں سمجھیں اور کیوں دھوکے میں پڑیں۔

ہندو مسلمان کے فرق کو مٹانے کے لئے آپ زیادہ نہیں صرف گیتا اور قرآن کو پڑھیں۔ لیکن پڑھیں تو ٹھنڈے دل سے پڑھیں۔ ایک خاص طرح کی عینک جو ہم نے اپنی آنکھوں پر چڑھالی ہے اُسے اُتارنا ہوگا۔ جب ہم اس طرح پڑھیں گے تو ہمیں سچائی بڑی آسانی سے مل جائے گی۔ ایسا معلوم ہوگا کہ اب تک ہماری آنکھوں پر پردے پڑے ہوئے تھے اور اب وہ پردے ایک ایک کرکے اُٹھ رہے ہیں۔ ایک دوسرے کو سمجھنے کا یہی طریقہ ہے۔ کوئی دوسرا ہو نہیں

سکتا۔ گیتا کو پڑھنے کے بعد ہمیں یہ دیکھکر دُکھ ہوگا کہ کتنے ہندو بھائی اپنے دھرم سے الگ ہیں۔ اور قرآن کو پڑھنے کے بعد ہمیں اپنے مسلمان بھائیوں پر رونا آئے گا کہ وہ اسلام سے کتنے دور جا پڑے ہیں۔

بڑے زور شور سے یہ بات آج کل سنائی دیتی ہے کہ "اسلام خطرہ میں ہے" سچ کہتا ہوں یہ وہ لوگ کہتے ہیں جو اسلام کو نہیں سمجھتے۔ انھیں نہیں معلوم کہ قرآن کا کیا حکم ہے اور اسلام کیا کہتا ہے۔ میں اِن لوگوں کو رائے دونگا کہ وہ دن رات کے چوبیس گھنٹوں میں سے پندرہ منٹ وقت نکال کر قرآن کو سمجھ کر پڑھیں۔ اگر وہ ایسا کریں گے تو اُنھیں سچائی کا پتہ چل جائے گا، اور وہ خود سوچیں گے کہ اُن کا چیخنا چلّانا کتنا بے معنی تھا۔

ہم ہندو ہیں تو یہ سمجھتے ہیں کہ پرمیشور بس میرا ہی ہے۔ دوسروں کا کیوں ہونے لگا۔ مسلمان ہیں تو یہ خیال کرتے ہیں کہ خدا دوسرے کا ہو ہی نہیں سکتا۔ یہ تمام باتیں بھول کی ہیں۔ ہمارا گیان کم ہے۔ اس لئے ہم ایسا سوچتے ہیں۔ گیان بڑھ جائے گا تو یہ بات جاتی رہے گی۔ دنیا کا ایک ایک پتہ بتا رہا ہے کہ خدا سب کو ایک نظر سے دیکھتا ہے۔ وہ سب کا ہے۔ سب اُس کے ہیں۔ اُس کی محبت سب کے ساتھ ایک طرح کی ہے۔ زیادہ کم کا جھگڑا وہاں پایا ہی نہیں جاتا۔

سورج سب کے لئے ہے۔ چاند سب کے لئے ہے۔ ہوا اور پانی سے سب ایک طور پر فائدہ اُٹھاتے ہیں۔ آگ سب کو گرمی پہونچاتی ہے۔ یہ نہیں ہے کہ یہ تمام چیزیں صرف مسلمان یا صرف ہندو کے لئے پیدا کی گئی ہیں۔ اگر ہم انھیں چیزوں پر دھیان دیں تو ہمیں معلوم ہو کہ خدا کسی ایک کا نہیں بلکہ وہ سب کا ہے۔ اور سب کو ایک نظر سے دیکھتا ہے۔ ہماری بھول کتنی بڑی بھول ہے۔

ہمیں چاہئے کہ ہم تمام مذہب کی کتابوں کو ٹھنڈے دل سے پڑھیں۔ اسی سے ہمارا گیان بڑھے گا۔ اسی سے میل محبت پیدا ہوگی اور اسی سے ہمارا دُکھ دور ہوگا۔

لیکن ایک بات اور ہے۔ سب لوگ تو پڑھے لکھے ہیں نہیں، وہ کیا کریں؟ اِس کا جواب یہ ہے وہ لوگ جو پڑھے لکھے ہیں ہر مذہب کی کتابوں کو پڑھیں سچائی کے ساتھ پڑھیں۔ ٹھنڈے دل سے پڑھیں۔ اور اُن لوگوں کو بتائیں جو بیچارے پڑھے لکھے نہیں ہیں۔

یہ کام مشکل ضرور ہے۔ ہمارے راستے میں پھول نہیں، کانٹے بچھے ہوئے ہیں۔ لیکن اُسی راستے سے ہمیں گذرنا ہے۔ ہم نے ہمت کی اور سچائی کے ساتھ آگے بڑھتے گئے تو یہی کانٹے آگے چل کر پھول ہو جائیں گے۔ اور ہر طرف سے شانتی شانتی کی آوازیں آنے لگیں گی۔

ریویو کے لئے چند کتابیں آئی ہیں ان پر تنقید آئندہ رسالہ میں کی جائیگی۔

(ایڈیٹر)

سنہرے اقوال

(مرتبہ جناب میر عسکری حسن صاحب جعفری)

نمبر ۱ دولت آہستہ آہستہ آتی ہے اور غربت کی چال بہت تیز ہے (ارسطو)

نمبر ۲ سکندر سے کسی نے پوچھا کہ اپنے استاد (ارسطو) کی قدر اپنے باپ سے بھی زیادہ کرتے ہو اس کا سبب کیا ہے ؟
جواب دیا "میرا باپ مجھے عالم ملکوت (پرلوک) سے زمین پر لایا اور اوستاد نے زمین سے آسمان پر پہونچایا۔

نمبر ۳ جو صبر نہیں کرتا وہ بڑا محتاج ہے (شکسپیر)

نمبر ۴ زندگی کی سادگی کو ظاہرداری سے نہ سنوارو۔ (دھائیٹر)

نمبر ۵ پہلے اپنا فرض ادا کرو پھر ہیرو بننے کا کافی موقعہ ملے گا۔ (گنگسلے)

نمبر ۶ بیماروں اور اندھوں کو تو ہم نے اچھا کر دیا مگر بیوقوفی کا علاج نہ کر سکا۔ (مسیح)

نمبر ۷ جو شخص تیری طرف سے نیک گمان رکھتا ہے اوسکو سچ کر دکھا دے نیک بنجا۔ (علیؑ)

نمبر ۸ حکمت ایک درخت ہے جو دل سے اوگتا ہے اور زبان سے پھل دیتا ہے۔ (علیؑ)

نمبر ۹ بیکار آدمی خوش نہیں رہ سکتا . . . . (پرنس بسمارک)

نمبر ۱۰ مذہب کیا ہے ؟ کُل جاندار پر رحم کرنا۔ آسودگی کیا ہے ؟ تندرستی جسم۔ محبت کیا ہے ؟ نیک طبیعت ہونا۔ علم کیا ہے ؟ بُرے بھلے کا فرق جاننا۔ (ہتوا وپدیش)

رباعی

واقف ہو زمانہ کہ ہو فانی دنیا
حرص و حسد و ظلم کی بانی دنیا
کیا گل یہ کھلائے ہیں خدا ہی جانے
ہیں روز نئے اور پرانی دنیا

(جناب سید باقر حسین صاحب باقر)

مسلمان کون ہے؟

(عالیجناب پروفیسر محمد مسلم صاحب ہزاری باغ)

(۱)

اسلام کے سُندر گیت نہ گا، گر بھید تجھے معلوم نہیں
سنسار کا مسلم سیوک ہے، پر ایک کا بھی محکوم نہیں
مسکین سہی، محتاج نہیں، کمزور سہی مظلوم نہیں
دھن مال سے ہو محروم تو ہو، عزت سے مگر محروم نہیں
اسلام ہے سچ کا زور جسے ہاتھ آئے یہ دھن منعم ہے وہی
بدھ ہندو مسیحی پارسی سکھ، مل جائے جسے مسلم ہے وہی

(۲)

اک سب سے بڑی شکتی ہے وہ ذات، گن انگنت اس کے، نام نہیں
یزداں بھی وہی، یہوا بھی وہی، اک رب ہی نہیں، اک رام نہیں
گن گیان دیا کی سکشا سیکھ اور نام سے کوئی کام نہیں
جپ تپ کی نمایش دھرم نہیں، ایمان نہیں، اسلام نہیں
جو حرص و ہوا کے بت پوجے، توحید کا دعویٰ کیونکر کرے
مسلم وہ نہیں مشرک ہے اگر باطل سے دبے طاقت سے ڈرے

(۳)

مسلم ہے وہ ست کا سیوک بیر، ہو جس کو نہ تن او رجان کا غم

تڑپائے جیسے انسان کی تڑپ، بے چین رکھے ایمان کا غم
ہو بھوک سے بڑھکر بھیک میں دُکھ، حاجت سے سوا احسان کا غم
ہر ہنس پریم کے ساگر کا، کیا مینہ کا ڈر طوفان کا غم
بدھ ہندو مسیحی پارسی سکھ، جس رنگ میں ہو جس بھیس میں ہو
مسلم ہے پجاری نیائے کا وہ جس روپ میں ہو جس دیس میں ہو

(۴)

یہ آرتی، پوجا پاٹھ، بھجن، تسبیح و تلاوت، صوم و صلوٰۃ
بھگوان کو کچھ درکار نہیں، ہر حمد و ثنا سے پاک وہ ذات
دوزخ کا وہ ہیبتناک سماں، جنت کی ہوس کا نہ صفات
یہ مولوی پنڈت کی ہر کتھا، پر مجھ سے بھی سن بھید کی بات
سب داس ہوس کے بھوت کے ہیں پر بندۂ باری کوئی نہیں
سب جپتے ہیں مالا اشور کی پر حق کا پجاری کوئی نہیں

(۵)

کیا ترک ملیچھ کیا کافر و شت، کیا فرق زبان و نسل و وطن
ہر سب کی رگوں میں ایک لہو، ایک آتما، اک جیو، ایک بدن
گو پھول ہیں لاکھوں رنگ برنگ، پر ایک ہی بھومی ایک چمن
بن میگھ دیا کا، سب پہ برس، بستی ہو کہ ریگستان کہ بن
سب دھرموں کا بابا ایک ہے گر، انسان بن اور انسان بنا
انساں نہ بنا تو شیخ سوامی جو بھی بنا شیطان بنا

कुछ इधर उधर की

मेल-मिलाप की सभायें

"आपस की समझदारी और शुभेच्छा" के आन्दोलन की सभायें इन जगहों पर हो चुकी हैं: पटना, छपरा, हजारीबाग, गया, भागलपुर, मोतीहारी, धनबाद, कोडर्मा, डाल्टेनगञ्ज, मुज़फ्फरपुर, दरभंगा, आदि।

पुस्तिकायें और पर्चे

इस सम्बन्ध में ये पुस्तिकायें तथा पर्चे बिहार थियोसौफिकल फ़ेडरेशन द्वारा निकाले गये है: (१) राम वो रहीम—पद्य, हिन्दी और उर्दू में; (२) आपस की समझदारी और शुभेच्छा का आन्दोलन—अङ्गरेज़ी में; (३) इस्लाम धर्म की ख़ूबियां—हिन्दी में; (४) मज़हबी दंगे और उनका निपटेरा—डा० भगवान दास, एम० एल० ए० (सेन्ट्रल), के लेख के आधार पर, हिन्दी, उर्दू और अङ्गरेज़ी मे; (५) प्रेम के तरांने—गाने, हिन्दी में।

हमारा देश और हमारी दशा

हिन्दुस्तान की आज़ादी का सवाल अभी हमारे सामने है। लेकिन इसमें सबसे भारी बाधा हमारे अन्दर आपस में मेल न होने की वजह से पड़ रही है। कैसी शर्म की बात है! क्या हम अब भी देश के नाम पर अपने तंग ख्यालों को छोड़कर एक न हो जायेंगे? ख़ूब सोच कर चलना ज़रूरी है।

धोखेबाज़ों से हुशियार

हिन्दू या मुस्लिम, कोई दूसरे को छोड़ कर सुखी नहीं हो सकता। जो इसके ख़ेलाफ़ सोचते है, वे धोखे में हैं और अपनी जाति को भी धोखे में डाल रहे हैं। ऐसे लोगों से हुशियार रहना ज़रूरी हैं।

मेल के लिये त्याग

असल में हम सब भाई २ हैं। इस तथ्य को हमें हर्गिज़ नहीं भूलना चाहिये। भाई का भाव अन्दर लाने से ही प्रेम का भाव हृदय में उमड़ आयेगा। फिर हमारी अकड़ छूट जावेगी और हम दूसरे के हित के लिये हर तरह का त्याग करने को तैयार हो जावेंगे। इसी त्याग का आज मौक़ा है।

हार्दिक धन्यवाद !

"मेल-मिलाप" निकालने की सूचना हाल में हमने कुछ मित्रों तथा अन्य सज्जनों को दी। हर तरफ़ से लोग दिली हमदर्दी, शुभेच्छा और सहयोग के सम्वाद भेज रहे हैं। ऐसे सभी सज्जनों को हमारा हार्दिक धन्यवाद!

सत्रह नवम्बर

मेल-मिलाप के लिये १७ नवम्बर एक बड़े महत्व का दिन है। इसी दिन इस दुनिया में थियोसौफिकल सोसाइटी का जन्म हुआ था, जिसका लक्ष्य है विश्व-व्यापी भाईचारा। फिर इसी दिन हमारे प्रकाशन विभाग का जन्म हुआ। इसलिये यह उचित समझा गया कि आज ही "मेल-मिलाप" का जन्म भी हो।

हमारे चित्र और चित्रकार

कवर का चित्र हमारे प्रान्त के एक होनहार कलाकार, श्री दिनेश बख्शी, जी० डी० आर्ट, का बनाया हुआ है। आपने प्रेम के ही नाते "मेल-मिलाप" के नाम पर बड़े चाव से यह सुन्दर चित्र बनाया। इसके लिये हम हृदय से आपके आभारी हैं।

किस्से कहानियाँ

(ले०—राय बहादुर बेचू नारायण,
रिटायर्ड इन्स्पेक्टर आफ स्कूल्स)

तपस्वी अबू अली मुहम्मद एक मुसलमान तपस्वी थे। आप नेशापुर भजनालय के आचार्य थे। आप एक बड़े त्यागी वैरागी थे। आपके एक पड़ोसी कबूतरों को उड़ा कर खेल तमाशे किया करते थे। एक दिन उसने एक कबूतर पर एक पत्थर फेंका। वह पत्थर तपस्वी के सर पर गिरा। इससे आपको बहुत चोट लगी और लहू की धारा बहने लगी। तपस्वी के मित्र सब उस कबूतर-बाज़ को हाकिम के पास ले जाने के लिये तैयार हुए, पर तपस्वी ने उन लोगों को रोका और अपने एक चेले से उस कबूतर-बाज़ के पास एक छड़ी भेज दी—यह कहते हुए कि कबूतरों के ऊपर पत्थर न फेंक कर इस छड़ी से उनको हटावें।

तपस्वी मलिक दिनार दमस्की एक महा-योगी और अलौकिक भक्त थे। एक समय आपके पड़ोसी एक यहूदी थे। इस यहूदी ने तपस्वी के घर के सामने पायखाना बनाया था और पायखाने का मैला तपस्वी के घर के सामने फेंका जाता था। इस प्रकार बहुत दिनों तक तपस्वी के घर का दरवाज़ा वह मैला करता रहा। तपस्वी ने इसे किसी से नहीं कहा था। एक दिन तपस्वी के पास यहूदी आया और आपसे पूछा कि "मेरे पायखाने से आपको क्या कुछ कष्ट होता है?" तपस्वी ने उत्तर दिया "हाँ होता है, पर मैंने गमला और झाड़ू रखा है। उस से दरवाज़ा धोकर साफ रखता हूँ।" यहूदी ने पूछा कि "आप इस प्रकार कष्ट क्यों उठाते हैं, और क्रोध क्यों रोक कर रखा है?" तपस्वी ने जवाब दिया, "भगवान के लिये। भगवान ने हुक्म दिया है कि क्रोध को दमन करो।" यहूदी तपस्वी की यह बात सुन कर चिल्ला उठा, "हाय! कैसा उत्कृष्ट धर्म! ईश्वर-परायण लोग इस प्रकार शत्रु का अत्याचार सहते हैं, और कभी आर्तनाद नहीं करते। इतना धैर्य्य!" यह कह कर वह यहूदी उसी समय से मुसलमान धर्म का पक्का भक्त बन गया।

जगाई, मधाई बड़े भारी दुरन्त डाकू थे। उनके निकट नित्यानन्द ने जब हरि नाम की वार्ता सुनाई, मधाई ने फूटे घड़े से भक्त नित्यानन्द को मारा और उनके शरीर से लहू की धारा बहने लगी। इस पर भक्त ने कहा, "आपने मुझे घड़े से मारा है, इसलिये क्या मैं आपको प्यार नहीं करूंगा?" और हरिनाम गा कर नाचने लगे। यह सुनते ही वे दोनों दुखित हुए। दोनों ने भगवान को देखा और तुरन्त भगवान का आश्रय लिया।

(पृष्ठ १४ से आगे)

शहर २ घूम कर हम देश-प्रेम की दुन्दुभी बजावें, पुरुषों के अन्दर देश-सेवा का उत्साह बढ़ावें, ईश्वर और धर्म के नाम पर सिर फोड़ौवल करने से बचावें। शिक्षा, समाज सुधार और देश-निर्माण के व्यावहारिक कार्यों की ओर उन्हें अग्रसर होने दें। सुचारु रूप से शिक्षा होने पर, व्यवसाय बढ़ने पर, राष्ट्र-निर्माणों के लिये उद्योग धंधों में लगने पर हमारे दिमाग़ ख़राब न होंगे और हम छोटी २ बातों पर न झगड़ेंगे तथा दूसरे देशों से हँसी न उठायेंगे।

मेल-मिलाप और महिलाएँ

(ले०—श्री सुशीला देवी)

हमारे देश के अन्दर जब फूट का बीज अंकुरित होकर धर्म के नाम पर ईर्षा और द्वेष रूपी जल से सींचे जाने पर एक महान शक्तिशाली झँखाड़ वृक्ष बन गया है, जिस भेद भाव के कारण हमारी सरकार ने हमलोगों की स्वतन्त्रता तथा राजनैतिक माँग को सहज से ठुकरा दिया है, उस हालत में स्त्रियों को यह सोचने का समय है कि उनके ऊपर देश की कुछ जिम्मेदारी है या नहीं। बहुत लोगों का ख्याल है कि स्त्रियों का काम चहार-दीवारी के अन्दर रह कर पति की सेवा, बच्चों का लालन पालन, तथा अन्य छोटे मोटे घरेलू कार्य ही हैं। कुछ उन्नति-शील पुरुष स्त्रियों को सामाजिक सुधार की ओर पैर बढ़ाने की इजाजत देते हैं। किन्तु बहुतों का यह ख्याल है कि राजनैतिक क्षेत्रों में स्त्रियों का आना और देश के कार्यों में भाग लेना हानिकारक है।

मैं यह मानने को तैयार हूँ कि राजनैतिक क्षेत्र में पुरुषों का स्थान एक महान हिस्से में है और जहां पर बल, पराक्रम तथा अन्य शक्तियों का प्रयोग करना है, वहाँ उनका सहयोग अनिवार्य है। किन्तु यह नहीं कहा जा सकता कि स्त्रियां अपनी बुद्धि, सहनशीलता शान्ति-प्रियता तथा अन्य गुण जो उन्हें ईश्वरदत्त हैं उनका प्रयोग अपने देश के उत्थान में न करें। आप किसी उन्नत देश का इतिहास उठाकर देखें तो विदित होगा कि जब तक वहां की महिलाओं ने राज-नीतिक क्षेत्रों में भाग न लिया तब तक वह देश समुन्नत न हो सका।

यदि महिलायें चाहें तो संसार में ऐसी कोई शक्ति नहीं जो उन्हें रोक सके। वह जाति जो अबला कह कर पुकारी जाती है, सबला बन कर इस महान कार्य में सम्मिलित हो सकती है। क्या हमारी वाणी में शक्ति नहीं कि हम अन्ध-विश्वासियों को जो धर्म के नाम पर लड़ते और ईश्वर के नाम पर भाई भाई का खून करते हैं, उन्हें असली राह पर लावें।

क्या हमारी तपस्या में बल नहीं कि उन झगड़ते हुए पुरुषों को बतलावें कि सहन करना उन्नति का मार्ग है और क्षणिक वातावरण तथा मत-भेद के कारण विचलित होना अवनति का मूल है? क्या हमारे हृदय में देश-प्रेम नहीं कि हिन्दू, बौद्ध, ईसाई, मुसलमान, भिखमंगे या बादशाह को यह दिखलावें कि हमारे देश के बाग़ में जो तरह तरह के रंग बिरंगे फूल और फल हैं, सब एक ही भूमि में उपजे हैं और एक जल से सींचे गये हैं? उस मातृ-भूमि के नाश से सभी का नाश है।

हमारे बीच धार्मिक मत भेद होते हुए भी हम एक ही माता की सन्तान हैं और एक ही आबो-हवा, एक ही अन्न से पले हैं। देश-प्रेम का वह भाव जो एकता का भाव नहीं लाता, वह असली प्रेम की लहर नहीं। जिसके नस में देश-भक्ति कूट कूट कर भरी हो वह हर्गिज़ नहीं सोचेगा कि हमारे किसी एक अंग की हानि हो। कांग्रेस की ओर से माँग हो अथवा मुस्लिम लीग की ओर से, स्वतन्त्रता के फल दोनों को मीठे लगेंगे। यह नहीं हो सकता कि भारतवर्ष पर अमृत वर्षा होवे, पर सिर्फ हिन्दू ही आसमान से रोक कर उसे अपनी कोठी में बन्द कर लें अथवा सिर्फ मुसलमान ही।

हम महिलाओं का धर्म है कि घर घर, गाँव गाँव,

(शेष पृष्ठ १५, कालम २ में)

मेल-मिलाप

(ले०—पं० छविनाथ पाण्डेय)

मेल-मिलाप या एका दुनिया में सब से बड़ी शक्ति है। इस का मुक़ाबला कोई भी नहीं कर सकता। कमज़ोर से कमज़ोर चीज़ें भी यदि मेल कर के आपस में मिल जायँ, तो वे बड़ी से बड़ी ताक़त का मुक़ाबला कर सकती हैं। घास या तिनके को ले लीजिये। अलग २ उसका कोई भी मूल्य नहीं है। लोग बड़ी ही आसानी से उसे तोड़ डालते हैं। लेकिन जब वही तिनका कई तिनकों से मिल कर रस्सी का रूप धारण कर लेता है तो हाथी के समान ताक़त वाले को भी वह बांध कर अपने क़ब्जे में कर लेता है।

वर्तमान युग एका का युग है। कहा भी है "संघे शक्ति कलौयुगे", अर्थात्, कलियुग में मेल में ही शक्ति है। इस युग में वही जाति जीवित रह सकती है जिस में एका है। जो जाति या समाज एका के मूल्य को नहीं समझते, वे पृथिवी पर कभी भी क़ायम नहीं रह सकते।

हमारे देश की आज यह दशा क्यों है? इसका प्रधान कारण यही है कि हम में एका नहीं है। हिन्दू मुसलमानों की एका को बात तो दूर रहे, हिन्दुओं में ही आपस में एका नहीं है। हमारे यहां जितनी जातियां हैं, जितने सम्प्रदाय या मत हैं, उतने तरह के स्वार्थ हैं। हम कायस्थ, भूमिहार, राजपूत और ब्राह्मण के नाम पर आपस में लड़ते रहते हैं। हम स्वदेशीयता के नाम पर कभी नहीं सोचते। हम जब सोचते हैं तब संकीर्ण साम्प्रदायिकता के ढंग पर ही सोचते हैं। यही कारण है कि इतना त्याग, इतनी तपस्या करने पर भी हम अपने लक्ष्य पर नहीं पहुँच रहे हैं। जब तक हम परस्पर मेल की बात नहीं सोचेंगे, तब तक हमारा उद्धार नहीं हो सकता। सुधार, चाहे वह राजनीतिक हो, सामाजिक हो, या आर्थिक हो, सब में मेल की ज़रूरत है। जब तक हम इसे नहीं सीखते हम उठने की आशा नहीं कर सकते।

इसलिये देश के कल्याण के लिये और उस के साथ ही अपने कल्याण के लिये, हमें सब से पहले मेल-मिलाप की बात सोचनी होगी। इसी की चिन्ता करनी होगी, इसे प्राप्त करना होगा, घर २ में इसका प्रचार करना होगा। तभी हमारा उद्धार और कल्याण हो सकता है।

जातियों के उत्थान का इतिहास यदि हम पढ़ें तो हमें मालूम होगा कि सब से पहला सबक़ जो उन्होंने पढ़ा, वह मेल-मिलाप का था। उस के बाद ही वे अपने उत्थान की ओर बढ़ सके।

मेल-मिलाप ही बीज-मन्त्र है। इसी में देश, जाति, समाज और व्यक्ति का उत्थान निहित है।

नालिश हासिल है और मुद्दई मुस्तहक़ डिगरी दखलयाबी के है। मुद्दालेहा को लाजिम होगा कि वह अपना बोरिया बिस्तर लेकर जानवरों और हबूशियों के बीच चली जाय। और जो कोई आदमी मुद्दालेहा को नहीं छोड़ सकें उनका नाम हबूशियों के लिस्ट में दर्ज कर दिया जायगा और उनके ऊपर खास पहरा रहेगा। इशु नं० ५:—मुद्दई के कोनसिल ने मुद्दालेहा के ऊपर रहम करके खर्चा नहीं चाहा है। इसलिये हमलोग यह हुक्म देते हैं कि फ़रीक़ैन अपना अपना खर्चा बर्दास्त करेंगे।

इनसान होकर भी इतनी कम अक़्ल रखते हैं कि वे अगर मुद्दालेहा की मदद लें तो क़ाबिल माफ़ी के हैं। लेकिन ख़ुदा ने जिनको दिल व दिमाग़ दिया है, उनके लिये मुद्दई से बग़ावत करना वहशीपना होगा। इसके बाद म० गाँधी ने यह दिखलाया कि दुनिया के शुरू में मुद्दई और मुद्दालेहा में होड़ वास्ते दखल करने दुनिया के हुआ। इसमे कोई शक नहीं कि पहले दुनिया का झुकाव मुद्दालेहा के नाज़ की तरफ़ हुआ। बात २ में लोग लड़ जाते थे। जहां कोई जबर्दस्त राजा हुआ छोटे २ रजवाड़ों पर अपना अधिकार जमाने के लिये पिल पड़ा। लेकिन बहुत जल्द मुद्दालेहा की मक्कारी लोगों की समझ में आ गई और मुद्दई का धाक जमा। लड़ने के बदले भाई-चारे का बरताव करना ज्यादे अच्छा मालूम हुआ। जहां कहीं कोई लड़ाई हुई, सुलह समझौता होने लगा। नज़ीर के लिये गाँधीजी ने रीजवीक, वायना, वरसालिस, म्युनिच, इत्यादि के समझौते पेश किये।

लेकिन म० गाँधी ने यह अर्ज़ किया कि तजुर्बा से यह बात साबित हुई है कि समझौते से सिर्फ़ चन्द रोज़ा सुलह व चैन मिलती है। मुद्दालेहा अपनी हरकत से बाज़ नहीं आती है और मौक़ा पाकर ख़ुद नाचती है और लोगों को नचाती है। अगर स्थायी शान्ति दुनिया चाहती है तो उसको मुद्दई की छत्र-छाया में चला आना चाहिये। जब तक एक आदमी दूसरे आदमी को, एक जाति दूसरी जाति को और एक राष्ट्र दूसरे राष्ट्र को, भाई न समझे, हर्गिज़ शान्ति नहीं स्थापित हो सकती।

इसके ज़वाब में मुद्दालेहा के वकील ने यह फ़र्माया कि औरत से ख़ौफ खाना मर्दानगी की शान के बरख़िलाफ़ है। जो कमज़ोर है उसको दुनिया में रहने का हक़ नहीं है। जिसकी लाठी उसकी भैंस। लड़ते २ जो सब से ताक़तवर होगा उसका झंडा दुनिया में फहरायगा। फिर जब सारी दुनिया एक राजा के मातेहत में हो जायगी, तो आप से आप लड़ाई बन्द हो जायगी। इसलिये मि: हिटलर ने यह अर्ज़ किया कि मुद्दालेहा की कार्रवाई जायज़ है, बल्कि मुद्दई को इसके रास्ते में रोड़े नहीं अटकाना चाहिये।

हमलोगों ने दोनों तरफ़ की दलीलों पर ख़ूब ग़ौर किया है और इस नतीजे पर पहुँचे हैं कि हरकत मुद्दालेहा ना-जायज़ है। वह इस बात को नहीं समझती कि सब से पहले उसकी नाज़ बरदारी के लिये मनुष्य जाति की काफ़ी शक्ति और धन नष्ट होता है। उसका नाच कितनों को बे-मौत मारता है। दुनिया की तरक़्क़ी उसकी बदौलत रुक जाती है। मुल्क का मुल्क तबाह हो जाता है। सब से भारी बात तो यह है कि मुद्दालेहा ऐसी हरजाई है कि इसका कोई भरोसा नहीं किया जा सकता की वह संसार विजेता को त्याग कर दूसरे किसी का दामन नहीं पकड़ेगी।

'जिसकी लाठी उसकी भैंस' जानवरों और वहशियों का नियम है। सभ्यों की मनुष्यता इसी में है कि वे ग़रीब से ग़रीब, कमज़ोर से कमज़ोर का भी हक़ समझें। इसलिये हमलोगों के ख़याल से दुनिया हक़ीयत मिलकियत मुद्दई का है। हमलोगों के सामने कोई ऐसा सबूत या दलील पेश नहीं की गई जिस से यह साबित हो कि मुद्दई मुद्दालेहा का कभी मोलाज़िम रहा हो।

इशु नं० १ और ४।—ऊपर के तजवीज़ से बख़ूबी ज़ाहिर व साबित है कि मुद्दई को हक़ व वजह

फैसला ब-मौक़दमा

भाईचारा बनाम लड़ाई

वकील जानिब मुद्दई .... महात्मा गाँधी।

" " मुद्दालेहा .... हर हिटलर।

(ले०—"श्रीकमल", बी० एल०)

इस मोक़दमा में दावी मुद्दई वास्ते तजवीज़ हक़ीयत व दिलवाने दख़ल ऊपर सारी दुनिया के है। मोख़्तसर बयान मुद्दई यह है कि दुनिया के शुरू से इसके कोने २ में इसकी मिलकियत थी। यह ख़ुद किसी असामी से कोई लगान नहीं लेता था। लेकिन शर्त यह थी कि अगर किसी रैयत पर कोई तकलीफ़ आ पड़े, तो सभी दूसरे आदमियों के लिये फ़र्ज़ होगा कि तन-मन-धन से उसकी मदद करें। यह क़ानून, क़ुर्बानी, बलिदान, त्याग, प्रेम, मुहब्बत, भाईचारे का नियम, वग़ैरह नामों से पुकारा जाता है। मुद्दई का बयान है कि उसने घर २ में, हर मुल्क में इस क़ानून के ज़रिये शान्ति और सुख का प्रचार किया। इस तरीक़े से वह सुख से राज्य करता चला आया। मुद्दालेहा जानवरों और जंगलियों के बीच रहती थी। इसने अपनी निगाह आदमियों पर चलाई। धीरे २ लोगों को भड़काना शुरू किया। इसने मनुष्यों को चकमें में डालकर ख़ुदग़रज़ी का प्याला पिलाना शुरू किया। हसीन साक़ी बनकर इनसान को पिला २ कर बाग़ी बनाया। फिर धीरे २ क़रीब क़रीब आधी दुनिया से मुद्दई को बे दख़ल कर दिया।

मुद्दालेहा को दावी मुद्दई से क़तई इन्कार। उसका कहना है कि मुद्दई का दख़ल न कभी था, न है और न रहेगा। वह तो सिर्फ़ मुद्दालेहा का एक ग़ुलाम है, जिसको मुद्दालेहा ने अपने काम के लिये बहाल किया था। मुद्दई का कभी कहीं दख़ल कब्ज़ा नहीं था। दख़ल बयानिये मुद्दई सिर्फ़ जानिब (तरफ से) मुद्दालेहा के था। और मुद्दई मुस्तहक़ पाने कोई दादरसी के नहीं है।

नीचे लिखे इशु वास्ते तजवीज़ मोक़दमा हाज़ा के मोक़र्रर किये गये :—

(१) मुद्दई को कोई हक़ या वजह नालिश है या नहीं?

(२) दुनिया हक़ीयत मिलकियत मुद्दई की है या नहीं?

(३) मुद्दई का दख़ल क़ब्ज़ा ब-हैसियत मालिक के था या मुलाज़िम के?

(४) मुद्दई मुस्तहक़ डिगरी दख़लयाबी के है या नहीं?

(५) दीगर किस दादरसी के मुस्तहक़ मुद्दई है?

सहूलियत के ख़्याल से हमलोग इशु नं० २ व ३ पर एक साथ तजवीज़ करेंगे। म० गाँधी, कौनसिल मुद्दई, ने बहस किया है और बहुत ज़ोर देकर कि मुद्दालेहा जानवरों और हब्शियों की बांदी है। सभ्य मनुष्यों से उसकी छेड़ख़ानी सरासर शोख़ी व शरारत से भरी है। गाँधीजी का कहना है कि जानवरों को अक़्ल नहीं होती है। (इस बात को मुद्दालेहा के वकील ने भी क़बूल किया है)। इसलिये इनके लिये अपने झगड़ों को तय करने के लिये मुद्दालेहा की मदद लेनी मजबूरी है। इसी तरह हब्शी लोग

میل ملاپ

کی

اشاعت نومبر ۱۹۳۹ء

سے ہوگی

एक अनोखी कहानी

(ले०—श्री गजाधर प्रसाद, रिटायर्ड सब-जज)

हमारे देश के एक आदमी सफ़र करते २ किसी दूर देश में निकल गये। वह देश हमारे ही देश के ऐसा था, और वहाँ के लोग भी हम ही लोगों के जैसे थे। किन्तु वहाँ की एक बहुत ही विचित्र रिवाज थी। किसी के घर खाना नहीं बनता था, और न कोई अपने से खाता था। हर गाँव में, हर शहर में बहुत अस्पताल बने हुए थे। सभी लोग सुबह शाम वहीं खाने को जाते थे—और खाने का तरीक़ा यह था कि डाक्टर नाक के द्वारा लोगों को खाना खिलाता था। ग़रज़ यह कि उस मुल्क के लोग मुँह से खाने का काम नहीं लेते थे, और इसलिये जीभ के स्वाद का अनुभव उन्हें न था।

उस देश में एक बात और बड़ी निराली थी। चारों ओर मठों की भरमार थी। हर मठ में एक गुरुजी रहते थे और बहुत लोग उनकी सेवा करते थे। जिसकी सेवा से गुरुजी ख़ुश हुए, उसे गुप्त रीति से कुछ ऐसा नवीन अनुभव कराते थे कि वह आनन्द से गद्गद् हो जाता, और लोगों से गुरुजी के माहात्म्य का बखान करता। हमारे देश के मुसाफ़िर ने इसका भेद जानना चाहा। वह भी एक मठ में दाख़िल हो गया और गुरुजी की तन-मन से सेवा करने लगा। थोड़े ही दिनों में गुरुजी प्रसन्न हो गये और उस आदमी को अपने गुप्त कमरे में ले गये। उसको लिटा कर उन्होंने उसकी आँखों पर पट्टी बाँध दी। उस का मुँह खोल कर एक घूँट शर्बत उस के मुँह में डाला। यह आदमी तो स्वाद से परिचित था। फ़ौरन समझ गया कि गुरुजी ने उस को मिश्री का शर्बत पिला दिया है। उसने और चन्द मठों का भी भेद लिया और यही पाया कि कहीं अंगूर का अर्क़, कहीं केवड़ा का, और कहीं अनार का, पिला दिया जाता है।

पाठक! आप सोचते होंगे कि उस मुल्क के लोग कैसे मूर्ख थे। सीधी बात थी कि लोग मुँह से खाते, जो बिल्कुल स्वाभाविक है। फिर क्यों खाने और खिलाने का सारे देश में इतना हंगामा होता और क्यों लोग गुरुजी के ढोंग में फँसकर इस क़दर ठगे जाते? मगर क्षमा कीजिये; हम और आप उन सबों से अधिक मूर्खता में पड़े हैं, और उसको महसूस भी नहीं कर पाते। प्रकृति ने सभी प्राणियों को, मनुष्य को भी, पाँच इन्द्रियाँ दी हैं। किन्तु मनुष्य को एक वस्तु विशेष मिली है, और उसी की वजह से वह मनुष्य है। आश्चर्य की बात यह है कि हम उस विशेष शक्ति से काम नहीं लेते हैं। वह शक्ति है "बुद्धि"। हम और आप सभी सुख चाहते हैं, किन्तु काम वह करते हैं जिस से दुःख हो। बुद्धि से काम लेना तो छोड़ दिया; ढर्रे के ऊपर लुढ़के जाते हैं। क्यों? कभी नहीं सोचते। नतीजा यह हुआ कि जहाँ-तहाँ धूर्त गुरु लोग तैयार हो गये और अपने ढोंग में फाँस कर हमको और आपको ठगने लगे; जैसे, धार्मिक गुरु, राजनैतिक गुरु, सामाजिक गुरु, इत्यादि।

प्यारे भाइयो, अपनी बुद्धि से काम लो। सब उलझनें बात की बात में सुलझ जायेंगी; झगड़े और फसाद की जगह सुख और शान्ति का राज्य हमारे देश में और सारी दुनिया में स्थापित हो जायगा।

धर्मों का मेल

(ले०—पं० जगत नारायण)

"जब दिल की आँखें खुलती हैं, सब भेद भाव मिट जाता है।"

श्रीमद्भगद्गीता

चौथे अध्याय के ग्यारहवें श्लोक में कृष्ण भगवान कहते हैं :

"जो आदमी जिस रास्ते से मेरी ओर आता है, उसी रास्ते से मैं उसका स्वागत करता हूं; क्योंकि, हे अर्जुन, जिस किसी ओर से जो रास्ते आदमी पकड़ते हैं, वे सब मेरे ही रास्ते हैं।"

वाह! कितना ऊँचा भाव है! कितना व्यापक! सभी रास्ते ठीक हैं। सभी धर्म सच्चे हैं। कोई रास्ता यहां छोड़ा नहीं गया है। इसलिये हिन्दू धर्म का रास्ता हो या इस्लाम धर्म का, ईसाई धर्म का रास्ता हो या दूसरे किसी धर्म का, सभी अपनी २ जगह पर बिल्कुल ठीक हैं।

उनमें से कोई किसी दूसरे से छोटा बड़ा नहीं। कोई ऊँचा नीचा नहीं। सभी ईश्वर के पास पहुँचाने वाले रास्ते हैं। सभी उसीके हैं। रास्ते बहुत हैं, पर लक्ष्य सबका एक है।

फिर आदमी को कितनी आज़ादी है! जिसे जो धर्म या रास्ता जँचे, वह उसी रास्ते से चले। वही उसके लिये ठीक है। इसमें ज़ोर ज़बर्दस्ती या दबाव की कोई जगह नहीं।

एक बात और देखिये। इस श्लोक से तसल्ली कितनी मिलती है! हिम्मत कितनी बढ़ती है! हर आदमी—चाहे वह कोई हो—भगवान के पास ज़रूर पहुँचेगा। देर भले ही हो, पर कोई छूट नहीं सकता।

अल्-क़ोरान

"तुममें से हर किसी को हमने क़ानून दिया है और सीधा रास्ता बतलाया है। अगर खुदा चाहता तो सबों को ज़रूर एक ही क़ौम का बनाता। लेकिन उसने यह मुनासिब समझा कि तुमको दूसरा २ क़ानून दे, ताकि जिसको जो क़ानून उसने दिया है, उसकी जाँच वह उसी क़ानून से कर सके। इसलिये अच्छे कामों में एक दूसरे से आगे बढ़ने की कोशिश करो। तुम सभी ईश्वर के पास वापस जाओगे; और तब वह तुम्हें उन बातों को बतलायेगा, जिनके बारे में तुम्हारी एक राय नहीं है।"

कैसा सुन्दर और व्यापक उपदेश है! इससे हम ये सबक़ सीख सकते हैं :—

(१) यह खुदा की मर्जी के मुताबिक़ है कि दुनिया में कई क़ौमों के लोग रहें।

(२) हर क़ौम के लिये उसने दूसरा दूसरा क़ानून या धर्म दिया है।

(३) जिस क़ौम को जो क़ानून या धर्म दिया गया है, उसके लिये वही सीधा रास्ता है।

(४) सभी ईश्वर के पास पहुँचेंगे। यह बात सबों के लिये कही गई है, चाहे वे मुस्लिम हों या ग़ैर-मुस्लिम।

(५) आगे चलकर हम आपस के भेद की बातों को समझ सकेंगे। खुलासा यह कि हमें अपने २ धर्म के मुताबिक़ चलना चाहिये, लेकिन दूसरे धर्मों का भी हमें आदर करना चाहिये।

इस तरह धर्म विरोध को जन साधारण की भाषा द्वारा मिटा कर समाज को जगाने में कबीर का नाम सबसे आगे है। उन्होंने दोहे, चौपाई और छन्दों में अपने विचार बड़ी सरलता के साथ प्रगट किये हैं। 'कोइ हिन्दू कोइ तुरक कहावे, एक ज़मीं पर रहिये।' कबीर का ईश्वर एक ही, आकार, रूप रहित है। कबीर ने हिन्दू और इस्लाम धर्मों के मूल सिद्धान्तों को लेकर अपने पंथ की कल्पना की, जिसकी वजह से हिन्दू और मुसलमानों में आपस का विरोध बहुत कम हो गया था। उनका यह मत है कि जब तक ईश्वर को प्राप्ति नहीं होती, तब तक आत्मा विरहिनी के समान दुःखित रहती है और परमात्मा से मिलने पर आत्मा परम आनन्द में लीन हो जाती है। इसलिये इस दुःख को दूर करने के लिये झगड़े की बातों से बचकर सबे साधे प्रेम और सहनशीलता के मार्ग पर चलने में ही कल्याण है।

हाल ही में सर ज़फरुल्ला साहिब ने अपने एक व्याख्यान में यही कहा कि आपस का भेद भाव मिटाने के लिए यह बड़ा आवश्यक है कि हम सब एक दूसरे के मज़हब को ठीक तौर से समझने की कोशिश करें। जब तक मुसलमान हिन्दुओं को काफ़िर और हिन्दू मुसलमानों को म्लेच्छ कहना न भूलेंगे, तब तक एकता का होना बहुत कठिन है। इसलिये यह बड़ा ज़रूरी है कि हम एक दूसरों के विचारों को अच्छी तरह साफ़ दिल से समझने की कोशिश करके नज़दीक आने का प्रयत्न करें। इसी में हम सब की भलाई है। कबीर की इन महत्वपूर्ण बातों पर हमको विचार कर के लाभ उठाने का हर तरह उद्योग करना चाहिये, ताकि सुख और शान्ति का विस्तार हो।

अछूत

(ले०—प्रो० विश्वनाथ प्रसाद,
एम० ए०, बी० एल०, साहित्याचार्य, साहित्यरत्न)

कौन कहता है इन्हें अछूत ?
इन्हें आज पहचाना—ये हैं
आज़ादी के दूत ॥
कौन कहता है इन्हें अछूत ?
देवालय से दूर इन्हें जो
करते समझ अपूत।
छुआछूत यह नहीं, चढ़ा है
उनके सिर भ्रम-भूत ॥
कौन कहता है इन्हें अछूत ?
माँ समान जो साफ़ स्नेह से
करते हैं मल-मूत।
घृणा उन्हीं से इतनी !—छी-छी !
यह कृतघ्न करतूत ॥
कौन कहता है इन्हें अछूत ?
ऐ द्विज ! नाहक द्वेष न कर, हैं
ये हरि-चरण-प्रसूत।
चेतो रे ! क्या निर्दयता के
होंगे शास्त्र सबूत ?
कौन कहता है इन्हें अछूत ?
सुनले सब संसार, एक माँ
के हैं हम सब पूत।
गले लगाकर एक दूसरे
को होंगे मज़बूत ॥
कौन कहता है इन्हें अछूत ?
इन्हें आज पहचाना—ये हैं
आज़ादी के दूत ॥

कबीर और एकता

(ले०—श्री हृदय नारायण अग्रवाल मैनपुरी)

बड़े हर्ष की बात है कि "मेल-मिलाप" नामक पत्र हर तरह के भेद भाव को हटाने के लिये निकाला जा रहा है।

असल में एक दूसरे को ठीक ठीक न समझना और अपने स्वार्थ पर चलना सब प्रकार के भेद भाव की जड़ है। भारत में हिन्दू मुसलमानों और दूसरी थोड़ी संख्या वाली जातियों में लड़ाई झगड़े बढ़ते जा रहे हैं। इस विषय में कबीर ने हिन्दू मुसलमानों में एकता लाने के लिये क्या विचार और कोशिश किये, उस पर यहां कुछ विचार किया जाता है।

कबीर के समय में हिन्दू मुसलमानों में धर्म विरोध के कारण तरह २ के आडम्बर फैल गये और झगड़े बढ़ने लगे। कबीर ने खुद अपने अनुभव से देखा कि हर आदमी में एक ही ईश्वर की जीवन-धारा का संचार हो रहा है, पर रूप और स्वभाव अनेक हैं। वह कहते हैं: "मैं कहता हूं आँखिन देखी, तू कहता कागद की लेखी।" इसलिये इन्होंने बताया कि आपस में विरोध बढ़ाना निरा मूर्खता है।

हिन्दू शास्त्रों के अनुसार आत्मा विश्वव्यापी है। सूफ़ियों का भी यही कहना है कि सब आत्मायें ईश्वर से निकली हैं और अन्त में फिर वहीं लौट जायेंगी। जो कुछ उसने बनाया है, सबमें उसीकी आत्मा है। वही सबमें मौजूद है।

पर देखने में यह आता है कि अपने २ धर्म की बाहरी बातों पर अधिक ज़ोर देकर और सत्य बातों के ग़लत मानी लगाकर अक्सर धर्म के नाम में लड़ाई झगड़े पैदा किये जाते हैं। असली सिद्धान्त को भूल कर इस तरह बाहरी असत्य बातों में स्वार्थ-वश लोग अपने धर्म की उच्चता की डींग मार कर व्यर्थ झगड़े में पड़ जाते हैं। यह बिल्कुल भूल है। एक बकरी काटता है और दूसरा गाय; यह पाखण्ड नहीं तो क्या है?

सब से पहली बात यह है कि क़ुर्बानी या बलिदान में पवित्रता का होना ज़रूरी है। वह पवित्रता तभी आ सकती है जब क़ुर्बानी सच्चे मानों में ईश्वर के लिये की जाय, ईश्वर के नाम पर, ईश्वर के काम के लिये की जाय। उसमें स्वार्थ या ख़ुद-ग़र्ज़ी का धब्बा ज़रा नहीं लगने देना चाहिये। ख़ुदी के रहते पाक क़ुर्बानी नहीं हो सकती।

दूसरा सबक़ यह है कि क़ुर्बानी किसकी करनी चाहिये। उसमें सबसे पहले अपनी जगह आती है। जो अपनी क़ुर्बानी नहीं कर सकता, वह क्या क़ुर्बानी करेगा? दूसरों के गले काट कर, कटवा कर क़ुर्बानी की मन-मानी तशरीफ़ भले ही कर ली जाय, पर असल में वह पाक क़ुर्बानी नहीं।

अपने बाद अपने प्यारों और प्यारी चीज़ों की बारी आती है। यह नहीं कि जो चीज़ सस्ती मिले उसी की बलि दें। अपने दिल को भले ही हम धोखा दे लें, पर ईश्वर के यहाँ धोखा नहीं चल सकता।

उसके बाद ग़ैरों के बलिदान की जगह आती है। लेकिन उसमें एक भारी शर्त यह है कि बलिदान चढ़ने वाले ख़ुद अपनी ख़ुशी व रज़ामन्दी से अपने आपको बलिदान करने के लिये तैयार हों।

जब दुश्मनों ने इमाम साहब को घेर लिया, तो आपने अपने साथियों को जोश देकर डटे रहने के लिये नहीं कहा। आपने कहा, "ये मेरे ख़ून के प्यासे हैं। आप लोग चले जायँ, आपको ये कुछ न कहेंगे।" लेकिन वे लोग भला कब हटने वाले थे? ख़ुशी से डटे रहे और क़ुर्बान हुए।

फिर क़ुर्बानी के मौक़े पर दिल में किसी के प्रति किसी क़िस्म का बुरा भाव नहीं आने देना चाहिये। दुश्मनों के लिये भी प्रेम दिल में भरा रहना चाहिये।

देखिये इमाम साहब के पास अपनी ज़रूरत के लायक थोड़ा पानी था। लेकिन जब आपने देखा कि दुश्मन के सिपाही और घोड़े प्यास से परेशान हैं, तो आपने पहले सिपाहियों को, बाद में घोड़ों को पानी पिलाया। फिर उन्हीं लोगों ने एक क़तरा पानी आपको और आपके बच्चों को न पीने दिया।

फिर जब वह शैतान आपका गला काटने के लिये आप के सीने पर सवार था, तो उसने देखा कि आप कुछ बुदबुदा रहे हैं। कान लगाकर सुना तो देखा कि सभी मुसलमानों की सलामती के लिये, जिनमें दुश्मन भी शरीक थे, दुआ माँग रहे हैं।

इस तरह क़ुर्बानी में ज़ाहिरा बहुत तकलीफ़ें ज़रूरी उठानी पड़ती हैं। लेकिन असल में उसी की जीत होती है। इमाम साहब मरे, लेकिन इस्लाम को सदा के लिये ज़िन्दा कर गये।

क़ुर्बानी का यह सबक़ दुनिया के सभी लोगों के लिये है। आज इसके अमल की बड़ी ज़रूरत है। इसी के अमल से धर्म की रक्षा हो सकती है, मनुष्य जाति और हर जाति और हर सम्प्रदाय का कल्याण हो सकता है। क्या हम इसे न सीखेंगे?

—सम्पादक।

हज़रत इमाम हुसेन और क़ुर्बानी

अभी मुहर्रम का ज़माना गुज़रा है। किसकी यादगार में यह त्योहार इतनी धूम-धाम से मनाया जाता है?

इस दिन दुनिया के एक बड़े शख़्श, ईश्वर के सच्चे भक्त, हज़रत इमाम हुसेन ने ईश्वर के नाम पर, धर्म की हिफ़ाज़त के लिये, कर्बला के मैदान में अपनी क़ुर्बानी की।

हाँ, अपनी क़ुर्बानी की! सख़्त तकलीफ़ों और मुसीबतों के बीच अपनी हस्ती बुरे तौर से मिट जाने दी! असल में हस्ती मिटी नहीं, सदा के लिये अमर हो गई!

ख़ैर, इस तरह आपने धर्म की हिफ़ाज़त की। दुनिया के सामने क़ुर्बानी का नमूना पेश किया। लोगों को क़ुर्बानी के सबक़ सिखलाये। इसलिये मुहर्रम का दिन इतना पवित्र समझा जाता और इतनी धूम-धाम से मनाया जाता है।

आपकी क़ुर्बानी का क़िस्सा बहुत तूल है, कलेजे को चूर करने वाला है। ख़ुलासा यह कि आज से तेरह सौ वर्ष पहले अरब की बहुत ही बुरी हालत थी। लोग ईश्वर और धर्म को बिल्कुल भूल गये थे। चोरी डकैती, लूट-मार, झूठ, व्यभिचार, दग़ा, फ़रेब—यही लोगों की ज़िन्दगी थी।

हज़रत मुहम्मद साहेब ने ऐसी गिरी हुई हालत से उनको निकाला और उनको इस्लाम का सच्चा और सीधा रास्ता दिखलाया। पर यह काम हल्का नहीं था। इसके लिये उन्हें बहुत ज़हमतें उठानी पड़ी थीं। लेकिन दुश्मनों और मुश्किलों का कुछ ख़्याल न कर उन्होंने इस्लाम का झण्डा फहराया और अच्छी तरह फहराया।

आपके बाद भी कुछ दिनों तक यह सिलसिला जारी रहा। लेकिन दुश्मन बदला चुकाने की ताक में हमेशे लगे हुए थे। कुछ दिनों के बाद यज़ीद के हाथ में ख़िलाफ़त आई। वह बड़ा ज़ालिम था और बड़ा शोहदा।

उसे भला मज़हब से क्या सरोकार? लेकिन वह चाहता था कि लोग उसी को मज़हबी लीडर समझें। वह फिर धर्म के नाम पर पुरानी गुमराहियों को जारी करना चाहता था। वह ज़बर्दस्ती लोगों से अपनी बातें मनाता था।

हज़रत इमाम हुसेन उसी के ज़माने में थे। आप बड़े नेक और भक्त आदमी थे। आपके दिल में इस्लाम की सच्ची तालीम गहरी जगह बना चुकी थी। आप भला उसे छोड़ कर यज़ीद की अतायत कैसे करते?

हज़ार धमकी और लालच देने पर भी आपने यज़ीद को अपना पेशवा या लीडर नहीं माना। आपकी क़ुर्बानी की यही वजह हुई। अख़ीर में आपने अपने बाल बच्चों को साथ ले उसके एलाक़े से अलग हट जाने की बात तय की। आप रवाने हुए। रास्ते में कुछ और लोग साथ हो गये।

लेकिन यज़ीद उनको इतनी आसानी से कैसे छोड़ देता। उसने फ़ौज भेज कर कर्बला के मैदान में आपको रोक लिया। गर्मी का ज़माना, ऊपर से कड़ी धूप, नीचे जलता हुआ बालू—ऐसी हालत में दुश्मन की फ़ौज ने आपको घेर कर रखा और एक बूँद पानी तक न पीने दिया।

फिर तीर चलने लगा। आपके लोग धड़ाधड़ गिरने लगे। भाई, भतीजे, बच्चे, दोस्त, सब मरे। आम

हमारे पड़ोसी जापान पर रंग की पिचकारी की दनादन मार, जो अहिंसा प्रचारक बौद्ध का भक्त होकर भी चीनियों को चींटी की तरह मसल रहा है।

* * *

दलित एबिसिनिया, जेक, फिन्स, चीन आदि के ऊपर भी रंग के काफ़ी फौआरे, ताकि घोर दुःख के बीच उन्हें शान्ति मिले और उनके दिलों में वह साहस और वह बल पैदा हो कि अपनी बहादुरी से वे सदा के लिये ज़ुल्म और अत्याचार को संसार से विदा कर दें।

* * *

होली के दिनों में मस्त नशाखोरों पर दो तीन पिचकारियां, जो लाखों की सम्पत्ति नशा में बरबाद कर अपने घर के व्यक्तियों को दाने दाने का मुहताज बना डालते हैं।

*

ब्राह्मण-अब्राह्मण का भेद भाव रखने वाले हमारे मद्रासी भाइयों पर एक लोटा रंग, जिनका पवित्र शरीर अब्राह्मण की छाया मात्र से अपवित्र हो जाता है।

* * *

'हरिजन' भाइयों पर एक पिचकारी रंग, जिन्हों ने अपनी गिरी हुई अवस्था से उठने का कमर कस ली है।

*

कांग्रेस के प्रेसिडेन्ट, मौलाना अब्बुल कलाम आज़ाद, की शिरवानी पर भी थोड़ा-सा रंग जो भारत की राजनैतिक बागडोर को एक साल के लिये अपने हाथों में ले रहे हैं।

* * *

नवयुवक-हृदय, सदा-मस्त पं० जवाहरलाल नेहरू की जवाहर-जैकेट की दोनों ओर रंग बिरंगे छींटे, जो जातीय तिवहारों को सुचारु रूप से मनाने की सदा सलाह देते आते हैं।

* * *

संसार में भ्रातृ-भाव का प्रचार करने वाली थियोसौफिकल सोसाइटी के नेताओं और सदस्यों पर एक पिचकारी रंग जो संसार से भेद-भाव को सदा के लिये दूर करने का अथक परिश्रम कर रहे हैं।

* * *

बिहार थियोसौफिकल फ़ेडरेशन के नवजात शिशु 'मेल-मिलाप' के ललाट पर सूखे गुलाल का टीका - तर रंग से उसे कहीं जुकाम न हो जाय!— जिसने अपने जीवन के केवल पाँच मास के समय में अपनी होनिहारी के काफ़ी सबूत दिये हैं।

* * *

दो एक पिचकारियां और कुछ सूखे रंग 'मेल-मिलाप' के सम्पादक, 'जगत जान' की युगल-जोड़ी की दाढ़ियों पर, जिन्हों ने एक ओर से लम्बी दाढ़ी बढ़ा कर और दूसरी ओर से दाढ़ी-मूँछ सफाचट कर के 'मेल-मिलाप' की अच्छी सूरतें खड़ी की हैं।

❀ ❀ ❀

[दो चार पिचकारियां 'मेल-मिलाप' के संचालकों और सहायकों—लेखकों, प्रकाशक, मुद्रक, मनेजर, प्रचारक, ग्राहकों, पाठकों और दान देने वालों और दान दिलाने वालों पर, जो सबके सब मिल कर मेल-मिलाप की कठिन समस्या हल करने की कोशिश में लगे हैं।

* * *

बचा-खुचा रंग लेखिका महोदया की रंगीन साड़ी पर, जिनकी लेखनी आज रंग के छींटे सारी दुनिया में सभी प्राणियों पर फेंक कर सब पर विश्व-प्रेम का गाढ़ा रंग चढ़ा रही है।

—सम्पादक।]

रंग के छींटे

(ले०—श्रीमती बख्शी जी, पटना)

आई है होली, लाई है अपने साथ मस्ती। खेलना है रंग और बचाना है जंग। ऐसी हालत में यदि क़लम बहक जाय तो पाठकगण मुआफ़ फ़र्मावेंगे। रंग के छींटों से जिन्हें परहेज़ है, वे आज भर मेरी ख़ता को ख्याल में न लावेंगे।

* * *

सबसे पहले मैं बालटी का रङ्ग उस परम पिता परमात्मा के चरणों पर चढ़ाता हूँ जिन्हें हिन्दू ईश्वर, मुसलमान ख़ुदा, क्रिश्चियन गॉड, जैनी जिन तथा भिन्न २ मज़हब वाले भिन्न २ नामों से पुकारते हैं; जो बहु-नाम-धारी बहु-रूपिया होकर भी असल में एक ही है; जो साकार और निराकार दोनों है; जो सारे संसार के सभी लोगों को अपनी प्रिय संतान मानता है; जो धार्मिक भेद-भावों से परे है।

* * *

डरते डरते एक चिल्लू रंग उन लोगों पर जो तुलसीदास की भाषा में 'जे बिनु काज दाहिने बायें' रहते हैं; जो दो फिरक़े वालों को लड़ाकर आप दूर से तमाशा देखते हैं; जो दूसरों की झोंपड़ी में आग लगा कर खुशियां मनाते हैं।

* * *

एक पिचकारी रंग उन लोगों पर जो हिन्दू-मुसल्मान एकता के हामी हैं, जो इसके लिये सर तोड़ परिश्रम कर रहे हैं।

* * *

'सेगांव के महात्मा' की कमर से लटकती हुई खद्दर की लुंगी पर रंग के कुछ छींटे, जिनका जीवन-ध्येय 'मेल-मिलाप' है।

* * *

बड़े संकोच के साथ, जिन्ना साहब के चमचमाते बूट पर एक चुटकी सूखा गुलाल—सूखा इसलिये कि कहीं आप को तर-रंग से परहेज़ हो, सूखा तो बात की बात में आपके बूटों से झड़ पड़ेगा।

* * *

बेश-क़ीमती रंग (ख़ून) का पनाला बहाने वाला अत्याचारी हिट्लर की स्वस्तिका पर एक पिचकारी रंग, जिसने अपने अत्याचारों के आगे रावण के अत्याचारों को भी फीका बना डाला है। शायद इस प्रेम भरे रंग से उसके दिल में भी इन्सानियत के भाव जाग उठें!

* * *

बहादुर अंगरेज़ और फ्रेंच जातियों पर एक २ चिल्लू रंग, जिन्हों ने संसार से ज़ालिमों को नेस्तो-नाबूद कर देने का बीड़ा उठाया है। यह रंग उनके दिलों को इस तरह रंग दे कि उनमें संसार के कल्याण का जीता जागता भाव भर जाय, ताकि जो कुछ वे अभी सिर्फ़ युरोप के लिये करना चाहते हैं, वही वे सारे संसार के लिये चाहें और करें।

* * *

रण-मद-मत्त रशिया के स्टैलिन पर एक लोटा रंग, जो केवल सिधान्त-रूप से संसार के सभी लोगों को समानता का अधिकार देने का एलान करता है, किन्तु व्यवहार में जंगली जानवरों से भी बढ़कर जंगलीपन दिखलाता है।

* * *

ख़ुद मुसलमानों को देखिये कि इनका मज़हब "इस्लाम" कहलाता है और "इस्लाम" के मानी "सुलह" और "सलामती" के हैं। क़ुरान मजीद की एक आयत की रू से कोई शख़्श सच्चा मुसलमान उस वक़्त तक नहीं समझा जा सकता है जब तक वह आँ हज़रत (यानी, हज़रत मुहम्मद साहब) को आख़िरी पैग़म्बर मानने के साथ २ तमाम पिछले नबी और अल्लाह के भेजे हुए पेशवा पर भी ईमान न लाये और उनकी इज़्ज़त न करे।

फिर क़ुरान मजीद में ही कहा गया है कि "हर इन्सानी जमात की हेदायत के लिये हादी या उपदेशक मुक़र्रर किये गये हैं, जिससे दूसरे धर्मों की बुनियाद डालने वालों और उपदेश देने वालों की इज़्ज़त ज़रूरी क़रार दी गई है।

इस तालीम में कैसी अच्छी नीति और तहज़ीब भरी हुई है और कुल इन्सान इस ओसूल पर अमल करके कैसी ख़ुशी और मेल-मिलाप की जिन्दगी बसर कर सकते थे! थियोसौफ़िकल सोसाइटी का सिद्धान्त भी यही है।

मगर ऐसी अच्छी तालीम के रहते हुए भी मुसल्मान दूसरे दीन वालों से प्रेम क्या करते और दूसरे २ मज़हबों के बुज़ुर्गों की इज़्ज़त क्या करेंगे, कि अपने ही दीन वालों को मामूली भेद-भाव के लिये बिना संकोच के काफ़िर वग़ैरह कह कर तकलीफ़ पहुँचाते हैं और समझते हैं कि हम इस्लाम की तालीम के मुताबिक़ चल रहे हैं।

हर मज़हब वालों के ख़ूनी इतिहास को पढ़ कर परीशान होकर कुछ मुल्की लीडरान इस नतीजे पर पहुँचे हैं कि मज़हब ही ख़ुद झगड़े फ़साद की जड़ है। इसलिये दुनिया में अगर कोई मज़हब ही बाक़ी न रहे तो अमन चैन क़ायम हो जाय।

इसमें बहुत मत-भेद की जगह है। ख़ुलासा यह कि हर समझदार आदमी इस बात को मानेगा कि जो जमात किसी क़ानून के पाबन्द रहकर चलना चाहती है, उससे दूसरों को उतना नुक़सान नहीं पहुँच सकता, जितना उस जमात से जो आज़ाद हो और किसी क़ानून के पाबन्द न हो। ऐसी दो जमातों में वही फ़र्क़ पाया जायगा जो इस ज़माने में हिट्लर और चेम्बरलेन में है।

सच्ची बात यह है कि कोई मज़हब भी हो, अगर सही मानों में उसकी पाबन्दी की जाय और उसके मुताबिक़ चला जाय, तो इन्सान का क्या ज़िक्र, जानवरों और पौधों तक को नुक़सान पहुँचाना ना-जायज़ पाया जायगा। ख़ूंख़ारी, बे-रहमी, बे-ईमानी, वग़ैरह सिफ़तें मिट जायेंगी। अमल करने वाला ऐसे ऊँचे मुक़ाम पर पहुँच जायगा जहाँ से कुल इन्सान, कुल प्राणी, एक सतह पर दिखाई देंगे। हर काम में ख़ुदा की मर्ज़ी नज़र आयेगी। ख़ुदी का नाश हो जायगा।

इस तरीक़े से मज़हब के साँचे में ढला हुआ इन्सान ज़रूर इन्सानी सूरत में नज़र आता है, मगर बेहतरीन बन जाता है और दुनिया के झंझटों में फँसे रह कर भी फ़िरिश्ते की ज़िन्दगी बसर करता है।

यह कोई ख़्याली बात नहीं है, कोई नई या बनावटी बात नहीं है। ऐसे बहुत-से इन्सान पहले हो चुके हैं। इतिहास उनका सबूत है। वे इन्सानियत के फ़ख़्र थे। अगर उनकी राह पर आज भी दुनिया के रहनेवाले चलें, तो दुनिया बहिश्त या स्वर्ग बन जाय।

मज़हब की असली सूरत

(ले०—जनाब सैयद आबिद हुसेन, बी० ए०, बी० एल०, एडिटर, मुस्लिम रिविउ, लखनऊ)

[कुछ बदल कर—सम्पादक]

'मेल-मिलाप" के टाइटिल पेज पर तीन मजहब के इबादतगाहों की तस्वीरें छपी हुई हैं। मस्जिद भी है, मन्दिर भी है और गिरजा भी। क्या खूब होता अगर इसी तरह हिन्दुस्तान में इन तीनों इबादतगाहों के मानने वाले भी मेल-मिलाप की ज़िन्दगी बसर करते!

आज उन्नीस सौ चालीस साल से मसीही (ईसाई धर्म के मानने वाले) कहते आ रहे हैं कि खुदा तीन जलवों में रूनुमा है, यानी, तीन स्वरूपों में प्रगट होता है: एक रूप बाप का, एक लड़के का, एक रूह पाक का। तीनों एक हैं और जुदा भी हैं। कितना अच्छा होता अगर इसी तरह हिन्दू, मुसल्मान, ईसाई, अपने २ धर्म पर क़ायम रह कर सेयासी (राजनैतिक) ज़िन्दगी में मेल-मिलाप से रहते!

खुद इलाहाबाद में त्रिवेणी हैं, जहाँ गंगा, यमुना और सरस्वती एक दूसरे में मिलती हैं। तीनों दरियाओं का पानी बावजूद मिलने के भी अपने २ रंग का इलहदा है। क्या इसी तरह हिन्दू, मुसल्मान और दूसरे २ लोग अपने २ कलचर या संस्कृति को बाक़ी रखते हुए मेल-मिलाप से ज़िन्दगी बसर नहीं कर सकते थे?

थियोसौफ़िकल सोसाइटी ने मेल-मिलाप का एक ओसूल क़ायम किया है कि हर मजहब की बुनियाद डालने वाले पेशवा या महा-पुरुष की इज्ज़त की जाय और किसी से कोई झगड़ा अच्छा न समझा जाय। यह भी दुनिया में मेल-मिलाप फैलाने की बहुत खूब तदबीर है।

ब्रह्मो समाज ने भी ऐसा ही अमल पेश किया है। इसका भी मक़सद लोगों की भलाई करना रहा है। इन्सान में खुद मुहब्बत का माद्दा क़ुदरत की तरफ़ से मिला है।...

तेरह सौ अन्ठावन वर्ष से खुद क़ुरान मजीद ने "तुमको तुम्हारा दीन मुबारक हो, मुझे मेरा दीन" के ओसूल की तालीम की। लेकिन इस्लाम की दुनिया में मार-काट जारी रहा।

इन्जील पाक में यह अच्छा सबक़ मसीह का मौजूद है कि "अगर एक गाल पर कोई मारे, तो दूसरा गाल भी उसकी ओर फेर दो।" लेकिन ईसाई दुनिया का इतिहास खुद लूट-मार की घटनाओं से भरा है, जिसमें, ग़ैर तो ग़ैर, अपनों को मजहबी भेद-भाव की वजह से ज़िन्दा जलाया गया, क़त्ल किया गया।

वैदिक धर्म में, जहाँ अहिंसा की तालीम मौजूद है, आपको मजहबी लड़ाइयों और लूट-मार का तूल के साथ बयान हिन्दुस्तान के पुराने इतिहास में पढ़ कर तअज्जुब हो जायगा। लोग, जो अहिंसा के मानने वाले थे, इन्सान की ज़िन्दगी को इस क़दर सस्ती समझ कर बरबाद करते थे।

आज भी आप हिन्दुस्तान में देख रहे हैं कि पीपल के पेड़ पर, जानवर पर, जमीन से किसी पत्थर के नमूदार हो जाने पर, किस तरह इनको पवित्रता की चादर ओढ़ा दी जाती है और जो ऐसा नहीं समझते उनकी गरदन काट डालने के लायक़ समझी जाती है।

होली

(ले०—श्री रमेश प्रसाद, बी० एस-सी०)

आती है होली हर साल ! लाती है अपने साथ ख़ुशी, आनन्द, उमङ्ग ! सिखाती है दुनिया को परम पवित्र पाठ ! इसके आने की ख़बर मिलती है कोयल की कूक से, भौंरों के गुंजार से, पेड़ों के नये २ कोमल पत्तों से। समय होता है मात दिल। न तो रहती है गरमी की परेशानी, न जाड़े का ठिठुरन। सब जगह छाई रहती है मस्ती। मन में आनन्द, हृदय में उमङ्ग की लहरें उठती रहती हैं। ऐसे समय में होली हमें शिक्षा देती है—सत्य पर डटे रहने की, अहिंसा को अपनाने की, 'मेल-मिलाप' के रहस्य को समझने की और प्राणी-मात्र के प्रति प्रेम में अपने को पागल बना डालने की।

किस पुरानी घटना की यादगार में हम इस त्योहार को मनाते हैं—इसके बारे में मत-भेद है, किन्तु सभी घटनाओं की तह में होली की उच्च शिक्षायें मौजूद हैं। प्रहलाद की कहानी कौन हिन्दू नहीं जानता ? उसकी आदर्श जीवनी सभी मनुष्यों के लिये राह दिखाने का काम कर सकती है। प्रह्लाद एक बड़े प्रतापी राजा का बेटा था। राजा था ज़ालिम; उसके अत्याचारों से उस समय के लोग ऊब गये थे। चारों ओर से त्राहि त्राहि की आवाज दबी ज़बान उठ रही थी, किन्तु किसी का साहस नहीं पड़ता था बादशाह का विरोध करने का। ऐसे समय में प्रह्लाद की पैदाइश हुई। उसने सारी दुनिया को राम-मय, ब्रह्म-मय देखा। अपनी ग़रीब प्रजा के गन्दे बच्चों के साथ गल-बहियाँ देकर खेलने में भी उसे शर्म नहीं आती थी। सभी झूठे भेद-भावों को छोड़ ग़रीब-से-ग़रीब और नीच-से-नीच लोगों को भी उसने अपनाया।

वह था सत्य का प्रेमी। बादशाह के अत्याचारों को वह साफ़ शब्दों में प्रकट करने लगा। बादशाह को यह बात बुरी लगी। उसने प्रह्लाद को मार डालने के कितने ही उपाय किये, किन्तु सभी बेकार हुये। प्रह्लाद के मन में अपने पिता और उसकी आज्ञा से उसे कष्ट पहुँचाने वालों के प्रति तनिक भी हिंसा का भाव नहीं था। सब किसी के साथ प्रेम करने ही का वह सदा उपदेश देता रहा।

प्रह्लाद की नज़रों में सभी बराबर थे—कोई नीचा नहीं, कोई ऊँचा नहीं। वह संसार में आया था 'मेल-मिलाप' का पाठ पढ़ाने के लिये, सब लोगों को प्रेम के धागे में बाँधने के लिये। हर साल होली इसी प्रेम के पाठ की फिर से याद दिलाने के लिये आती है, किन्तु हम इस पाठ को न सीखने की क़सम खाये बैठे हैं और इसका फल हम हाथों हाथ पा रहे हैं।

इस ढाई अक्षर के पाठ को यदि आज हम अपना लें तो हमारी सभी तकलीफें दूर हो जायँ। यदि हम हिन्दू-मुसलमान, ब्राह्मण-अब्राह्मण, राजा-प्रजा, ज़मीन्दार-किसान, विद्वान-मूर्ख, शिया-सुन्नी, आदि की झूठी मर्यादा को दूर कर सब को गले से गले लगावें तो हमारा बेड़ा पार है।

ठंढे दिल से विचार करने पर हम देखेंगे कि हमारे झगड़े की तह में कोई भी बुनियाद नहीं है। इसलिये इस होली के अवसर पर हम यह निश्चय करलें कि आज से हम कोई भी ऐसा काम न करेंगे जिस से दूसरे के दिल पर चोट पहुँचे। इस प्रकार हम आपस की ना-समझी को दूर कर डालेंगे और हममें सद्भाव का संचार होते देर न लगेगी।

ईश्वर का प्यारा

(ले०—"दुःखित हृदय")

भगवान के प्यारे कौन हैं? उत्तर के लिये नीचे दिये गीता के बारहवें अध्याय के श्लोकों के भाव पढ़िये, सोचिये और देखिये कि आप भगवान के प्यारे हैं या नहीं।

* श्लोक १३ *

जो किसी के साथ द्वेष भाव नहीं रखता, जो मित्रता और दया के भाव से भरपूर है, जो अहङ्कार और ममता को छोड़ चुका है, जो सुख और दुःख में एक भाव से रहता है और जो क्षमा करने वाला है;

* श्लोक १४ *

जो सदा सन्तुष्ट है, योगी है, अपने आपको वश में रखे हुए है, इरादे का पक्का है, जिसने अपने मन और बुद्धि को मुझमें (यानी ईश्वर में) समर्पित कर दिया है; वह मेरा भक्त मेरा प्यारा है।

* श्लोक १५ *

जिससे संसार अलग नहीं हटता है, जो संसार से अलग नहीं भागता है; जो हर्ष, क्रोध और भय के वेग से मुक्त है, यानी, जो ख़ुशी के मारे फूल नहीं जाता, जो कभी गुस्सा नहीं होता, और जो किसी से डरता नहीं है; वह मेरा प्यारा है।

* श्लोक १६ *

जो किसी चीज़ की ख्वाहिश नहीं करता, जो पवित्र है, जो काम करने में प्रवीण या क़ाबिल है, जो उदासीन है, यानी, जिसे किसी चीज़ से अनुराग नहीं, जिसे किसी बात की फ़िक्र नहीं, जिसने सभी कामों को त्याग दिया है; वह मेरा भक्त मेरा प्यारा है।

* श्लोक १७ *

जो न किसी के साथ प्यार करता है, न किसी के साथ घृणा; जो न किसी बात की फ़िक्र करता है, न किसी चीज़ की इच्छा; जो शुभ अशुभ यानी, अच्छे बुरे का ख़याल नहीं रखता; जो भक्ति के भाव से भरा है; वह मेरा प्यारा है।

* श्लोक १८ *

जो दोस्त और दुश्मन के साथ एक भाव से रहता है, जो मान और अपमान को एक भाव से लेता है, जिसके लिये सर्दी गर्मी और सुख दुःख बराबर है, जो किसी चीज़ के साथ नहीं लिपटता;

* श्लोक १९ *

जो तारीफ़ और शिकायत को एक भाव से लेता है, जो मौनी है यानी चुप रहता है, जो जो कुछ मिल जाय उसी से सन्तुष्ट रहता है, जिसका कहीं घर नहीं, जो विचार का पक्का है, जो भक्ति से भरा है; वह मेरा प्यारा है।

* श्लोक २० *

जो उस अमृत-धर्म को मानते हैं, यानी, जो उस जीवन को अमर बनाने वाले ज्ञान को अपनाते हैं, जिसका वर्णन यहाँ किया गया है; जो श्रद्धा रखने वाले हैं, जो मुझको अपना परम लक्ष्य समझते हैं, जो भक्त हैं; वे मेरे सब से बढ़कर प्यारे हैं।

मुसल्मान आदि मन्दिर में जायँ—इसमें सब का लाभ है, प्रेम है और सत्य की प्राप्ति है।

हाँ, मुसल्मानों को यह बात खटक सकती है कि हिन्दू मन्दिरों में तो मूर्त्तियाँ रहती हैं और इस्लाम मूर्त्ति-पूजा का खंडन करता है, तो हम कैसे मन्दिरों में जायँ! ठीक बात है; लेकिन ठीक से सोचने से इसमें खटके की कोई बात नहीं।

हज़रत मुहम्मद साहब ने जिस कारण से मूर्त्ति पूजा की शिकायत की थी, वह तो बिलकुल ठीक था। लोग मूर्त्तियों के कारण ईश्वर को भूल गये थे। काबा स्वार्थी पुजारियों का अड्डा बन गया था—यहाँ तक कि आदमियों तक की कुर्बानी वहाँ की जाती थी। उन्होंने सोचा, "न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी।" मूर्त्ति ही नहीं रहेगी, तो यह पाप कैसे होंगे? इसी लिये उन्होंने मूर्त्ति पूजा की इतनी ज्यादे शिकायत की।

भारतवर्ष में भी जहाँ मूर्त्ति-पूजा के नाम पर ऐसे अत्याचार होते हों, वहाँ जरूर उसका पूरा निषेध करना चाहिये। लेकिन जहाँ मूर्त्ति पूजा ऐसे किसी दोष से पाक हो, और प्रेम, भक्ति और दूसरे ऊँचे भावों के ज़ाहिर करने का ज़रिया हो, जहाँ मूर्त्ति-पूजा सिर्फ़ महा-पुरुषों या बुज़ुर्गों की याद और इज़्ज़त के लिये हो, वहाँ उससे घबड़ाने की कोई ज़रूरत नहीं।

एक मुसल्मान भी अपने बाप का चित्र रखता है और उसमें ख़ुश भी होता है। चित्रों को काग़ज़ समझता हुआ भी उसमें से कुछ विशेष भाव ग्रहण करता है। उसी तरह जहाँ मूर्त्ति-पूजा से कोई ख़ास भाव प्रगट हो, वहाँ उससे घृणा या नफ़रत करना ठीक नहीं।

एक सच्चे मुसलमान के दिल का यह उमङ्ग है कि –

आता है वज्द मुझको, हर दीन की अदा पर।
मस्जिद में नाचता हूँ नाक़ूस की सदा पर॥

यानी, "धर्म की एक २ बात पर मुझे मस्ती हो आती है। मस्जिद में जब शंख की आवाज़ मेरे कानों में पहुँचती है तो मैं (मस्ती में) नाचने लगता हूँ। कैसी अच्छी बात है!"

दूसरी बात यह है कि आज तो मुसल्मानों में भी मूर्त्ति-पूजा भरपूर है। मस्जिद की एक एक ईंट का ख़ास तौर से आदर किया जाता है। क़ब्र, ताज़िया और काबा का पत्थर आज कितनी इज़्ज़त की नज़र से देखा जाता है।

इस तरह जब दिल की माँग किसी न किसी तरह पूरी की जा रही है, तब दूसरे धर्म के कामों में साथ देने में सिद्धान्त या ओसूल की कोई अड़चन भला क्यों आनी चाहिये? एक दूसरे के धर्मों की कथा में शरीक होना चाहिये।

मतलब यह है कि आज हमें आपस में थोड़ा त्याग कर के—कुछ घट-बढ़ कर, कुछ दे-ले कर—इस तरह मिल-जुल जाना चाहिये जिससे हम सब की एक संस्कृति ढल जाय।

ख़ुलाशा यह कि हम अपनी अपनी रुचि या पसन्द के मुताबिक़ कुछ भी आचार-विचार रक्खें, पर प्रेम और भाईचारा जो सब धर्मों का मूल है उसे न भूलें।

किसी को पूड़ी पसन्द है तो पूड़ी खाय, भात पसन्द है तो भात खाय, साफ़ा पसन्द है तो साफ़ा पहने, पगड़ी पसन्द है तो पगड़ी। लेकिन पूड़ी सम्प्रदाय, भात सम्प्रदाय, साफ़ा सम्प्रदाय और पगड़ी सम्प्रदाय बना कर हम आपस में लड़ें झगड़ें क्यों?

स्थायी या मुस्तक़िल समझौता

(ले०—श्री सूरज-चन्द सत्य प्रेमी, "डोंगीजी", वर्धा)

मेरा यह दृढ़ विश्वास हो चला है कि राजनैतिक आधार पर समझौते रूप एकता की जो कोशिशें की जाती हैं, वे कभी स्थायी नहीं हो सकतीं। वजह यह है कि उनकी बुनियाद स्वार्थ या ख़ुद-ग़र्ज़ी पर होती है।

इसलिये ज़रूरत इस बात की है कि धार्मिक आधार पर आपस के मेल-मिलाप द्वारा सांस्कृतिक या तहज़ीबी एकता की कोशिश की जाय। यह मानता हूँ कि उसमें समय काफ़ी लगेगा। पर ठोस और स्थायी शान्ति का स्वाद उसी से आयगा और तभी हम मज़े के साथ मिल जुल कर आज़ादी का सुख भोग सकेंगे।

धार्मिक, सामाजिक और राष्ट्रीय या क़ौमी क्षेत्रों में हिन्दू मुसलमान आदि में जो भेद-भाव है, उसे बदलने की बड़ी ज़रूरत है। सबको आपस में कुछ दे-ले कर मिल-जुल कर रहना चाहिये—हाँ, विवेक या तमीज़ ज़रूरी है।

सभी धर्म आदमी की भलाई के लिये हैं। इस्लाम एक लाख पैंतीस हज़ार पैग़म्बर मानता है और क़ुरान में यह भी साफ़ लिखा है कि दुनिया में ऐसी कोई भी क़ौम नहीं है जिसमें ख़ुदा ने पैग़म्बर न भेजे हों।

हज़रत ईसा आदि की तारीफ़ में तो ख़ूब विस्तार किया गया है। अख़ीर में ऐसा कहा गया है कि सब पैग़म्बरों के नाम यहाँ नहीं दिये जा सकते, लेकिन हर एक मुसल्मान का फ़र्ज़ है कि वह हर एक पैग़म्बर को माने। ऐसी हालत में म० ईसा की तरह म० राम, म० कृष्ण, म० बुद्ध आदि को भी हर एक पैग़म्बर मानना सच्चे मुसलमान का फ़र्ज़ हो जाता है।

कोई भी मुसलमान, अगर वह सच्चा मुसलमान है तो, किसी भी मज़हब की निन्दा नहीं कर सकता। और न किसी धर्म स्थान का अनादर कर सकता है। इतना ही नहीं, हज़रत मुहम्मद साहेब की तरह म० राम आदि में सम्मान या ताज़ीम का भाव एकसा होने से हर एक धर्म-स्थान का वह आदर या इज़्ज़त करेगा।

यही बात हिन्दू धर्म के विषय में भी कही जा सकती है। गीता के विभूति योग को पढ़ने से मालूम पड़ता है कि सच्चा हिन्दू तो दुनिया की हर एक विभूति में भगवान को देखता है।

एक ईश्वर को मान कर भी उसने अवतारों के रूप में अनेक महात्माओं की स्तुति या तारीफ़ की है। इसलिये दूसरे महा-पुरुषों के समान उसे हज़रत मुहम्मद, म० ईसा, म० जरथुस्त आदि की स्तुति करने में भी कोई एतराज़ नहीं होना चाहिये।

जब हम सब को मिल कर एक ही देश में रहना है और हमेशे के लिये रहना है—हिन्दू चाहें कि हम सब मुसलमानों को अरब समुद्र में फेंक दें और मुसलमान चाहें कि सब हिन्दुओं को हिन्द महासागर में ढकेल दें, तो दोनों पागल हैं—और हम सब के धर्म आपस के प्रेम भाव और आदर की सलाह ही नहीं देते, बल्कि इन पर बहुत ज़ोर भी देते हैं, तो क्यों न हम एक दूसरे के प्रति आदर से पेश आवें? हिन्दू, मस्जिद और गिर्जाघर आदि में जायँ और

इस चमकीली मिल्लत की ताक़त से भरपूर हो कर अपने आपको इसके बहाव के लिये एक २ साफ़ सुथरा और खुला नाला बना देना चाहिये। उस नाले के ज़रिये, अपने अन्दर से हो कर, ममता मोह छोड़ कर, निष्काम भाव से इस शक्ति को चारों ओर दूर २ तक बहने देना चाहिये, ताकि सारा हिन्दुस्तान समझदारी और मिल्लत की शक्ति की धारा से तर हो जाय।

भारत माता अपने सभी बच्चों को पुकार २ कर कह रही हैं; "अपने सारे भेद-भावों को भूल जाओ।" आइये, कल्पना की शक्ति के ज़रिये हम सब के सब अपने आपको उसकी सन्तान के रूप में देखें। कल्पना के ज़रिये हम जैसा चित्र चाहें बना सकते हैं। जिन्हें चाहें मिला सकते हैं। आइये, उस शक्ति के ज़रिये हम एक ऐसा प्याला तैयार करें जिसमें लोगों में ताज़गी और नई ज़िन्दगी लाने वाले भाव का आशीर्वाद भरा जा सके।

नोट—डा० अरण्डेल एक बड़े योगी भी हैं। आपने अपने योग के अनुभवों पर कई किताबें लिखी हैं; जैसे, "निर्वाण" ("Nirvana"), "एवरेस्ट की चोटी" ("Mount Everest"), आदि। हाल में आपकी एक बड़ी मोटी किताब योग पर निकली है—उसका नाम है "कमलाग्नि" ("The Lotus Fire" ये किताबें अङ्गरेज़ी में हैं। ऊपर आपके ही एक लेख का भाव हिन्दुस्तानी में दिया गया है।

थियोसौफ़िकल सोसाइटी में और भी बड़े २ योगी गुज़रे हैं और मौजूद हैं। सोसाइटी की बुनियाद डालने वाली एक रूसी महिला, मैडम एच० पी० ब्लैवैट्स्की थीं। उन्होंने बड़ी २ करामातें दिखाईं। लेकिन उनकी सब से बड़ी करामत यह थी कि उन्होंने दिखलाया कि योग के रास्ते पर चलने से आज भी यह मुमकिन है कि आदमी अपने अन्दर की छिपी ताक़तों को ज़ाहिर कर सके और उनके सहारे प्रकृति के छिपे भेदों को जान सके। वह थोड़ी ही पढ़ी लिखी थीं। लेकिन "गुप्त रहस्य" ("The Secret Doctrine") नामक उनकी किताब कई जिल्दों में छपी है, जिसे पढ़ कर बड़े से बड़े विद्वानों के दिमाग़ भी चक्कर खाने लगते हैं।

वह ज्ञान का अथाह भण्डार है। उनके बाद डा० एनी बेसेन्ट और बिशप सी० डब्ल्यू० लेडबीटर की भी पहुँच योग के मैदान में बहुत ऊँचे दर्जे की थी। अपने योग बल द्वारा लोक-लोकान्तरों में भ्रमण करके इन लोगों ने गुज़री हुई और आगे आने वाली बातों का बहुत कुछ पता लगाया, मरने के बाद की दशाओं को दिखलाया, जन्म-जन्मान्तरों के हाल बयान किये और ज़िन्दगी के रास्ते पर बहुत रौशनी डाली। योग और योग के ज़रिये की गई खोजों पर इनकी लिखी बहुत सी किताबें छप चुकी हैं।

ख़ैर, यहाँ जिस हल्के योग का ज़िक्र किया गया है, उसका सरोकार कल्पना से है। आम तौर से लोग समझते हैं कि कल्पना कोई टिकाऊ चीज़ नहीं। यह भारी भूल है। कल्पना में बड़ी ताक़त है। सच्ची बात यह है कि जो जैसा सोचता है वैसा ही हो जाता है। इसलिये इसके महत्त्व को याद रख कर इस साधारण योग में जितने ज्यादे आदमियों से हो सके योग देना चाहिये। इससे दुनिया का मानसिक वातावरण दुरुस्त होगा, जिससे ज़ाहिरा तौर पर मेल मिलाप होने में बहुत मदद मिलेगी।

—सम्पादक

एक सहज योग

(ले०—डा० जी० एस० अरण्डेल, प्रेसिडेन्ट, थियोसौफ़िकल सोसाइटी)

मैं एक सीधा सादा योग बताना चाहता हूँ, जिससे हिन्दू-मुस्लिम मेल में बहुत मदद मिल सकती है। इसके लिये बहुत तैयारी की ज़रूरत नहीं। हर आदमी जो कल्पना (क़यास, imagination) की शक्ति को कुछ भी जानता है, वह इसे कर सकता है। अगर ऐसे लोग सिर्फ़ चन्द मिनट हर रोज़ इस योग में लगावें, तो वे देखेंगे कि इससे इन दोनों जातियों के साथ मिलाने में कितना गहरा असर पड़ता है।

पहले महान् हिन्दू जाति की ओर ख्याल ले जाइये। देखिये, पहले की इसकी शान कितनी ऊँची थी। तब महान् मुस्लिम जाति की तरफ़ ख्याल फेरिये। देखिये, पहले की इसकी भी शान कैसी अच्छी थी। फिर दोनों को एक साथ मिला कर उन्हें एक जाति, "हिन्दुस्तानी", के रूप में देखिये।

ऐसा चित्र विचार का बनाया जा सकता है, या भावना या इच्छा का। कुछ लोगों को इच्छा-शक्ति से काम करना सहज होता है, कुछ को मन से और कुछ को भावना से। अपने अपने स्वभाव के मुताबिक़ जिस को जिस तरह का चित्र बनाना सहज हो, उसे वैसा ही बनाना चाहिये।

खैर, इस तरह हिन्दू-मुसलमान को "हिन्दुस्तानियों" की शक्ल में एक बनाइये। फिर उनको इसी एकता के रूप में दो एक क्षण के लिये रखिये। यह ज़रूरी नहीं है कि बहुत देर तक यह चित्र सामने रखा जाय।

इस एकता को इच्छा की चमक के रूप में रखिये, या मन के विचार के रूप में या भावनाओं के बहाव के रूप में। यानी, इसे बिजली की शक्ल में देखिये, या एक शक्ल से बदल कर दूसरी शक्ल धारण करती हुई दशा में या हृदय से उठती हुई अभिलाषा के रूप में।

[खुलासा यह है कि दोनों जातियों के चित्र अलग अलग तो बनाये गये। फिर दोनों को मिला कर "हिन्दुस्तानी क़ौम" के रूप में एक कैसे किया जाय? इसकी तीन तरकीबें यहाँ बताई जाती हैं।

कुछ लोगों के लिये आसान होगा कि दोनों जातियों को अलग २ देखने के बाद उनको एक-ब-एक बिजली की चमक की नाईं एकता के रूप में देखें। लेकिन सब के लिये यह मुमकिन नहीं होगा। कुछ दूसरे लोगों के लिये यह आसान होगा कि दोनों जातियों को अलग २ देखने के बाद देखें कि किस तरह धीरे २ दोनों एक दूसरे के साथ मिलते जुलते एक हो जाते हैं। लेकिन ऐसा करना भी सब के लिये मुमकिन नहीं होगा। कुछ लोगों के लिये यही आसान होगा कि दोनों जातियों को अलग अलग देखें, फिर उनके एक होने की अभिलाषा की तेज़ धारा बहाकर उसमें ग़ोते लगायें। – सम्पादक]

अगर आप इस कोशिश में सफल होंगे, तो ज़िन्दगी की इन दोनों बड़ी धाराओं (हिन्दू और मुसल्मान जातियों की धाराओं) की शक्ति आपके अन्दर लहराने लगेगी। इस शक्ति के बहाव के संस्कार से आपके अन्दर ताज़गी भर आयेगी, आप अपने अन्दर बल महसूस करने लगेंगे और सारी दुनिया को एक दूसरी ही शक्ल में देखने लगेंगे।

ये कहानियां छोटे बच्चों की किताबों की हैं। लेकिन हमारे लिये भी ये कुछ कम काम की नहीं। बच्चे इन्हें पढ़ लेते हैं। दिल बहला लेते हैं। उनके दिल पर इन कहानियों के सुन्दर उपदेशों का कुछ असर ज़रूर पड़ता होगा।

लेकिन पढ़ना एक चीज़ है और उसके मुताबिक़ चलना बिल्कुल दूसरी चीज़। आज-कल स्कूल कालेजों में पढ़ी हुई बातों के मुताबिक़ चलने पर कहाँ जोर दिया जाता है? इसी अमल की कमी से पढ़ लिख कर भी हम असल में मूर्ख के मूर्ख ही बने रहते हैं।

इसलिये हमें इन सुन्दर पाठों को अपनाना चाहिये। अपने स्वभाव के मुताबिक़ हमें चलना चाहिये। बड़े को अपना बड़प्पन हर्गिज़ नहीं छोड़ना चाहिये। दूसरे अगर उसकी बुराई भी करें, तौभी उसको उनके साथ भलाई ही करनी चाहिये।

आज सबको प्रेम के धागे में एक साथ बाँधना बहुत ज़रूरी है। इसलिये अगर दूसरे अपनी ना-समझी की वजह से हमारे साथ दुश्मनी करें, हमसे अलग होना चाहें, हमारा बिगाड़ें, तौभी उनके भी साथ हमको प्रेम का ही भाव रखना चाहिये। इसका नतीजा यह होगा कि उनके ख़्याल, उनके भाव ज़रूर बदलेंगे और वे हमारे परम मित्र बन जायेंगे।

ज़रूरत है ज़रा उदार भाव से काम करने की। उलझनें तमाम छाई हुई हैं। उनके सुलझने की कोई सूरत नज़र नहीं आती। चारों ओर घोर अंधकार छाया हुआ है। इसका यह मानी नहीं कि सूरज का नाश हो गया। सूरज है, लेकिन बादलों में छिपा है। अभी २ बादल फटेंगे और चमकता हुआ सूरज फिर प्रगट हो जायेगा। अंधेरा दूर होगा और तमाम रौशनी फैल जायगी।

उसी तरह थोड़े ही दिनों में हमारी आज की उलझनें भी सुलझ जायेंगी। लड़ने वाले अपने हथियारों को रख छोड़ेंगे। दुश्मन दोस्त होंगे पराये अपने होंगे। ज़ुल्म करने वाले और ज़ुल्म सहने वाले गले से गले मिलेंगे, भाई भाई बनेंगे; अपनी भूलों के लिये पछतायेंगे और आइन्दे मिल-जुल कर रहेंगे। मज़बूत कमज़ोर की रक्षा करेंगे, कमज़ोर मज़बूत के सहारे वली होंगे। लड़ाई झगड़े दूर होंगे, तमाम अमन चैन का राज फैल जायेगा।

वह दिन ज़रूर आयेगा आ चला है, बहुत जल्द आ रहा है। उस आने वाले दिन की याद रखकर उसे आज की ज़िन्दगी में नीचे उतारने की कोशिश करनी चाहिये। यह सुन्दर अवसर अभी हमारे सामने है।

इसके लिये ज़रूरत है त्याग की। उस त्याग के लिये हमें तैयार हो जाना चाहिये। त्याग करना कोई खोटा काम नहीं। त्याग करना बड़ों का काम है। त्याग पर ही यह सारी दुनिया क़ायम है। मेल-मिलाप के लिये, अमन चैन के लिये, कोई त्याग बहुत बड़ा नहीं।

इस लिये हमारी तो ख़ास अपील सभी समझदार लोगों से है कि आज दिल खोल कर काफ़ी त्याग कर के भी सब को अपनायें। सब के ऊपर प्रेम की वर्षा बरसायें। जिस किसी का हमारे साथ संसर्ग हो वह प्रेम के भाव से ओत प्रोत हो कर हटे। जो चीज़ हम छूएँ उसे प्रेम से भर दें। खुलासा यह कि हर समय, हर जगह, हर हालत में, हमें अपने जीवन द्वारा प्रेम की धारा बहाते रहना चाहिये।

—सम्पादक।

प्रेम की वर्षा

आज संसार प्रेम का भूखा है। प्रेम की माँग चारों ओर से हो रही है। इसलिये सभी समझदार आदमियों को इस समय विशेष रूप से प्रेम की वर्षा करनी चाहिये।

प्रेम करने वाला आदमी एक छोटे सूरज की नाईं है। सूरज अपनी ज्योति को चारों ओर एक भाव से फैलाता है। वह न हिन्दू के लिये ज्यादा चमकता है, न मुसलमान के लिये कम; न विद्वान या धनी के लिये ज्यादे, न मूर्ख या ग़रीब के लिये कुछ कम।

इसी तरह प्रेम करने वाला भी अपने प्रेम की धारा चारों ओर एक भाव से बहाता है। अपना पराया, देशी विदेशी, दोस्त दुश्मन, सबको उस धारे में तर कर डालता है। सच्चा प्रेम किसी तरह का भेद-भाव नहीं जानता।

कुछ लोग सोचते हैं कि प्रेम एक ओर से नहीं हो सकता, दोनों ओर से होना चाहिये। मेल-मिलाप के लिये दोनों को झुकना ज़रूरी है। इसलिये जो हमारे साथ घृणा या दुश्मनी करते हैं, उनके साथ भला हम प्रेम कैसे करें?

इस दलील में बहुत सी भूलें हैं। ऐसी दलीलें वही पेश करते हैं जो प्रेम का रहस्य नहीं जानते। सच्चा प्रेम कभी बदले का ख़्याल नहीं करता। साथ ही प्रेम के अन्दर वह ताक़त है जो सख़्त से सख़्त दिल को भी पिघला सकती है। प्रेम सब कुछ जीत सकता है।

यहाँ पर दो छोटी छोटी कहानियां हमें याद आती हैं। चन्दन के पेड़ को लीजिये। प्रकृति ने उसकी लकड़ी में सुगन्ध भर रक्खा है। जो कोई उसके नज़दीक से गुज़रता है उसको वह अपनी ख़ुश-बू से तर कर देता है। जो चीज़ उससे छू जाती है, उससे भी ख़ुश-बू निकलने लगती है।

जङ्गल में रहने वाले लोग चन्दन की लकड़ी कुल्हाड़ी से काट लेते हैं। कुल्हाड़ी उस पेड़ को काटती है—उसके साथ कैसी बे-रहमी करती है! लेकिन चन्दन इस ज़ुल्म का जवाब कैसे देता है? वह उस कुल्हाड़ी में भी ख़ुश-बू भर देता है।

दूसरी कहानी एक साधु और एक बिच्छू की है। साधु नदी में नहाने गये। उन्होंने देखा कि एक बिच्छू उसी पानी में डूब उतरा रहा था, छट-पटा रहा था। उनको उस पर दया आई। उन्होंने उस बिच्छू को बाहर निकालने के लिये अपने हाथ पर उठाया। लेकिन बिच्छू ने डंक मार दिया। साधुजी का हाथ हिल गया। वह फिर पानी में गिर गया।

साधु ने उसे फिर उठाया। फिर उसने डंक मारा और हाथ पर से नीचे गिर गया। तीसरी बार साधु ने उसे हाथ पर उठाया और उसे बाहर निकाल ही कर चैन लिया।

किनारे पर लोग तमाशा देख रहे थे। उन्होंने पूछा, "महाराज, डंक मारने पर भी आपने बिच्छू को छोड़ क्यों नहीं दिया?" साधु ने जवाब दिया, "बिच्छू का स्वभाव है डंक मारने का, उसने डंक मारा। एक कीड़ा होकर भी उसने अपना स्वभाव नहीं छोड़ा। फिर आदमी होकर मैं अपना स्वभाव क्यों छोड़ देता? साधु का धर्म है जीव पर दया करना। इसलिये अपने स्वभाव के मुताबिक़ मैंने उस पर दया की।"

आशीर्वाद

मि० सी० जिनराजदास

थियोसौफ़िकल सोसाइटी के मशहूर नेता

मुझे आपका नया मासिक पत्र मिला। आजकल के फूट और दल-बन्दी के ज़माने में जो कुछ कार्रवाई भिन्न २ सम्प्रदायों को एक साथ मिलाने के लिये की जा रही है, उससे हिन्दुस्तान के उस भविष्य के निर्माण में सहायता पहुँचती है, जिसकी तैयारी ऋषि, महात्मा-गण कर रहे हैं।

धर्म के लेहाज़ से असल में कोई ऐसा भेद नहीं है जो हिन्दू को मुसल्मान से अलग रखे। हर धर्म ईश्वर के ज्ञान के एक २ अङ्ग का वर्णन करता है और दूसरे धर्मों के साथ २ ईश्वर के पाने का एक नया रास्ता दिखलाता है।

हिन्दू मुसल्मान अग़ल बग़ल पूजा कर सकते हैं। अगर वे समझ जायँ कि पूजा सिर्फ़ अपने फ़ायदे के लिये नहीं होनी चाहिये, बल्कि इस लिये कि उसके ज़रिये समाज पर ईश्वर का आशीर्वाद पहुँचे, तो हर आदमी सिर्फ़ अपने पड़ोसियों के ही साथ चैन से नहीं रहेगा, बल्कि सारे समाज पर आशीर्वाद फैलाने का एक अच्छा केन्द्र बन जायगा।

मेरी दिली इच्छा है कि आपकी यह कोशिश पूरे तौर से सफल हो।

शायद आपके पाठक यह सुन कर ख़ुश होंगे कि थियोसौफ़िकल सोसाइटी के हेड-क्वार्टर्स, अड्यार, में एक छोटा सुन्दर बौद्ध मन्दिर बनवाने में तो मेरा हाथ ख़ास तौर से था ही, उसी तरह एक छोटी सुन्दर मस्जिद बनवाने का काम भी मैंने शुरू किया था। १९३७ के अख़ीर से उस मस्जिद में मुसल्मान लोग नमाज़ पढ़ने लगे हैं।

शुभ सन्देश

मि० सैयद अब्दुल अज़ीज़

सलाहकार, एच० ई० एच० निज़ाम, हैदराबा

आप के ख़त के लिये धन्यवाद! मैं दिल से "मेल-मिलाप" की कामयाबी चाहता हूँ।

आप अच्छी तरह जानते हैं कि जिस काम में आपकी सोसाइटी ने इस ख़ूबी से हाथ लगाया है, उसकी कितनी बड़ी क़द्र मेरे दिल में है। मैं आपको पिछले साल के उस पहले जलसे की याद दिलाऊंगा, जिसका इन्तज़ाम आपकी सोसाइटी से हुआ था और जिसकी सदारत मेरे सुपुर्द थी।

जब तक लोग मज़हबी पक्षपात और अन्ध-विश्वास से छुटकारा नहीं पायेंगे और सबके साथ प्रेम से मिल-जुल कर रहना नहीं सीखेंगे, तब तक किसी क़िस्म की सर्कार क़ायम करने से या कोई धन या अख़्तियार हासिल करने से वह आनन्द नहीं मिल सकता जिसे हर आदमी चाहता है।

दुर्भाग्य-वश अब तक उन उपदेशों से जो भिन्न २ धर्मों के नाम पर दिये गये हैं या दिये जा रहे हैं, सभी आदमी या कुछ थोड़े लोग भी बहुत रूहानी या आध्यात्मिक फ़ायदा नहीं उठा सके हैं। वजह यह है कि हम जो उपदेश करते हैं, उसके मुताबिक हम ख़ुद नहीं चलते।

ख़ैर, ख़ुशी की बात है कि भिन्न २ धर्मों के लोगों में आपस का रिश्ता ठीक करने के लिये कुछ कोशिशें - गरचे वे अभी बहुत थोड़ी हैं—हो रही हैं; और आपकी संस्था इस काम में पीछे नहीं है। बल्कि सच्ची बात तो यह है कि इसने लोगों की भलाई का आम मक़सद हासिल करने में आगे बढ़कर बहुत अच्छा भाग लिया है।

मेल-मिलाप

भाग १ | पटना, १७ मार्च, १६४० | संख्या ५

सभी को आप खिलाते भात

(र०—श्री भगवती प्रसाद सिंह, "शूर," छपरा)

भजन—धुन: भैरवी, पीलू, विहाग, आदि

सभी को आप खिलाते भात।
जग नायक का नाम पुकारें
सब होकर एक जात॥
सभी को साथ खिलाते भात॥ (टेक)

नीच-ऊँच है नहीं, नहीं है
नेम-टेम की बात।
छूत-अछूत सभी के आश्रय,
अच्युत हो, हे तात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

वैर, विरोध, कपट की छाई,
अंधकार सी रात।
मोह हरो, प्रतिभा दरसाओ,
दिशि दिशि करो प्रभात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

तुमसे नहीं कोई दिन खाली,
हफ़्त कहें या सात।
चाहे जाड़ा, चाहे गरमी,
चाहे हो बरसात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

कहें मुसल्मां ईश वन्दना,
हिन्दू हम्द औ नात।
नहीं फ़रक़ है इसमें उसमें,
दोनों हक़ की बात।
सभी को आप खिलाते भात॥

उठो, मुसाफ़िर, इस जीवन का
दो दिन नहीं सबात।
पड़ी अजां मस्जिद में, प्रभु का
सुमिरन कर लो प्रात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

यहाँ सत्य की बाज़ी खेलो,
दुनिया अजब बिसात।
धर्म गया तो दीन गया, बस्
एक चाल में मात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

गिरजा-घर में, हर मन्दिर में,
घण्टे का आघात।
सुनो, सुनो, सन्देश एक है,
ले लो मुक्ति नेजात॥
सभी को आप खिलाते भात॥

گورنمنٹ بہار، اڑیسہ، سی۔ پی۔ یو۔ پی و سندھ کے محکمہ تعلیمات سے منظور شدہ

پیامِ تعلیم

دہلی

جلد ۱ | اکتوبر ۱۹۴۰ء | نمبر ۱۱

صاف کہنا چاہیے جو بات ہو ایمان کی

خانبہادر ابو نصر محمد عمر صاحب۔ ڈپٹی سکریٹری۔ لوکل سلف گورنمنٹ ڈیپارٹمنٹ، بہار گورنمنٹ

پوچھتے ہیں ہم یہ ہندوستان کی ہر قوم سے
جانتے ہیں آپ دنیا میں ہے کیسا خلفشار
ایک ہٹلر کی شیطانی سے یہ اندھیر ہے
ہم نے یہ مانا بدیسی ہے ہمارا امپیریہ
پھر بھی تم لڑتے ہو اس سے روز آزادی کی جنگ
جرمنی بھی یہ نہ ہٹلر سے ہرگز کہہ سکے
رفتہ رفتہ تمکو آزادی کے حصے مل چکے
کان ہوں شیطان کے بہرے جو ہندوستان میں
پھر یہ جمہوری حکومت کا رہیگا رنگ ڈھنگ؟
پھر کبھی سوراج کا دیکھو گے تم رہ رہ کے خواب؟

آپ رکھتے ہیں محبت دل میں ہندوستان کی
کیسی یورپ میں لڑائی ہے چھڑی گھمسان کی
خیریت اب جان کی ہے اور نہ ہے ایمان کی
اور یہ جاری ہے حکومت ہم پہ انگلستان کی
مجلسوں میں لیتے ہو تم کے باتیں شان کی
تم تو انگریزوں سے کہتے ہو کھلے میدان کی
اور وعدہ ہے جو ساعت آئے اطمینان کی
آئے ہٹلر تو یوں ہوگی باتیں شان کی؟
پھر یہ آزادی رہیگی فطرت انسان کی؟
پھر کبھی آئیگی دل میں یاد پاکستان کی؟

یاد رکھو! ہے یہ انگریزی حکومت ہی کا فیض
چین سے سوتے نہیں انگلینڈ والے کوئی رات
یا د روٹی تک نہیں انگلینڈ والوں کو نصیب
جرمنی کا ہوتا ہندوستان۔ تو تم دیکھتے
ایک ڈکٹیٹر جو منہ سے بول دے قانون ہو
جس جگہ ہٹلر کی ہو پہنچی تباہی آ گئی
مل کے ہندوستان والو دیس کو اپنے بچاؤ
کانگریس و لیگ کی ساری لڑائی چھوڑ کر
یاد رکھو تم اگر آپس میں لڑتے ہی رہے
ہند پھر ہوگا۔ نہ ہندو اور نہ پھر ہندو دھرم

آج جو تم لے رہے ہو سانس اطمینان کی
بھیڑوں میں کٹتی ہے شب اہل ہندوستان کی
آپکے گھر آ رہی ہے روز ڈھولی پان کی
عورتیں رکھنے نہ پاتیں بالیاں تک کان کی
کام اُسکے راگ میں سُر کا۔ نہ حاجت تان کی
فوج ہو اُس ظالم کی گویا فوج ہے شیطان کی
کب تلک لڑتے رہینگے حنبلی اور جانکی
تم بچاؤ جان ہٹلر سے ہندوستان کی
اور نہ کی امداد گر سچے دل سے انگلستان کی
اور نہ دیکھینگے مسلماں شکل تک قرآن کی

نوح کی کشتی بنا لو۔ دیکھ ساتھ انگلینڈ کا
ہے خدا شاہد کہ یہ باتیں خوشامد کی نہیں

دے رہے ہیں ہم خبر ہٹلر کی طوفان کی
صاف کہنا چاہیے جو بات ہو ایمان کی

پنڈت مالویہ — کیا ہندستانی دنیا میں قتل و غارت ہونا پسند کرینگے؟

اسوقت جو زمانہ گذر رہا ہے وہ دنیا کو معلوم ہو کہ نہایت خطرناک ہو اور اسکی اگلی منزلیں بھیانک ہیں۔ ابھی تک جنگ کا خاتمہ نہیں ہوا۔ یورپ میں حرص و ہوس کا سیلاب ہو۔ ایکطرف شیطانی طاقت اپنے دامن میں بغض۔ عناد و ظلم۔ خود غرضی اور جہاں گیری کی ہوس لیکر ہٹلر اور مسولینی ایسے شخص کے ذریعہ سے نمائندگی کر رہی ہو۔ یہ دونوں اپنی غرض میں اندھے ہو کر جو جو نہ کرنا چاہئے وہ کرنے پر امادہ ہو گئے ہیں۔ دوسری طرف برطانیہ کو تنہا اس شیطانی طاقت کا مقابلہ کرنا پڑ رہا ہے۔ ہٹلر اور مسولینی صرف یورپ ہی نہیں بلکہ دنیا میں قتل و غارت اور لوٹ مار مچانے کی ٹھان بیٹھے ہیں۔ اور برطانیہ بھی اس بات پر پوری طور سے امادہ ہو چکی ہو کہ تنہا دنیا کو ظلم اور قتل و غارت سے نجات دلاکر رہیگی۔ برطانیہ کو اسوقت جن مشکلات کا سامنا کرنا پڑتا ہو اسکو انگلینڈ کے باشندے ہی خوب جانتے ہیں۔ لندن پر مسلسل بمباری اور ہیبتناک ہوائی حملے ایسے ہوتے ہیں کہ اگر کسی دوسرے ملک پر ہوتا تو وہاں کے سول باشندوں میں ہیجان پیدا ہو جاتا اور سول انتشار کے باعث ملک میں بغاوت اور بزدلی کا سیلاب آ جاتا۔ تعریف ہو بہادر انگریزوں کی جس طرح سے وہ لوگ مرد۔ عورت اور بچے انسانیت کے دشمن کا مقابلہ کرتے ہیں اور انسانیت کو مردہ ہونے سے بچا رہے ہیں۔ خدا انکو استقلال عطا فرمائے اور انکے عزم و ارادے پختہ رہیں۔ اسی بہادری اور فولادی عزم کا نتیجہ ہو کہ جنگ نہایت دور اندیشی سے برطانیہ لڑ رہی ہو۔ اگر جرمنی اور اٹلی سے برطانیہ دلیرانہ مقابلہ نہ کرتی اور برطانیہ کی عظیم الشان بحری طاقت سمندر میں موجود نہ ہوتی تو ہندوستان کا خطرہ سے محفوظ رہنا مشکل و دشوار تھا۔

یہ وہ وقت نہیں ہو کہ ہم برطانیہ سے آزادی حاصل کرنے کے لئے موّل جول اور بھاؤ بٹہ کریں۔ سب سے پہلے میرا فریضہ ہے کہ ہم اپنے ملک کو بیرونی حملہ سے محفوظ رکھنے کی انتہائی کوشش کریں۔ ہم ہندوستانی ہیں ہملوگ کبھی یہ پسند نہیں کرسکتے ہیں کہ دنیا میں قتل و غارت ہو۔ ہندوستان میں ابھی تک مذہبیت اور روحانیت بہت کچھ باقی ہے۔ کسی پولیٹیکل مصلحت سے ہندوستانی مذہب کو خیرباد نہیں کہہ سکتے ہیں۔ دو چار سو اگر ایسے لامذہب ہندوستان میں نکل آئیں کہ اونکے لئے دنیاوی طاقت اور پولیٹیکل اقتدار مذہب سے بالاتر ہو تو ہو۔ مگر سارے ہندوستانی خواہ کسی مذہب کے ہوں ایسا نہیں سمجھ سکتے ہیں۔

جنلوگوں کے دل میں مذہب کی محبت اور عزت ہو وہ جانتے ہیں کہ دوسرے انسانوں کے ساتھ ہمدردی کرنا۔ دوسروں کو خطرہ سے بچانا جس پر ظلم ہو رہا ہو اوسکی مدد کرنا اوسی طرح سے لازم ہے جس طرح سے خدا کی عبادت یا ایشور

کی پرستش کرنا ہے۔ کسی مذہب کی تعلیم جھگڑے فساد۔ جنگ و جدل پھیلانے کی نہیں ہے بلکہ دنیا میں امن قائم کرنے کی ہے۔ یہ بڑی خدمت اور بڑا مذہبی فریضہ ہے کہ ہم دنیا کو ظلم سے پاک رکھیں ظالم سے علیحدہ اور مظلوم کے ہمدرد اور دوست بنیں۔

یہ دیکھکر بڑا افسوس ہوتا ہے کہ ایسے نازک وقت میں ہندوستانی متحد نہیں ہیں۔ آپس کی خانہ جنگی اور تو تو میں میں۔ میں اپنا عزیز وقت برباد کر رہے ہیں۔ ہندوستانیوں کو سمجھنا چاہیئے کہ ایک ایک روز وقت کا برباد کرنا انسانیت کے دشمنوں کی ہمت افزائی کرنا ہے۔ ہمارا فریضہ تو یہ ہے کہ بڑے بڑے جلسے کر کے ڈنکے کی چوٹ پر جنگی جدوجہد میں معین و مددگار رہوں اور جس سے جو خدمت ممکن ہو سکے اوسے اپنے ذمہ لیکر انجام دینے کے لئے کمربستہ ہو جائے۔ ہماری یہ مستعدی اور تیاری ہی دشمنوں کی بڑھتی ہوئی اُمنگ پر پانی پھیر دیگی اور وطن کے نادان دشمن جو خلاف پروپیگنڈا کرنے پر تلے ہوئے ہیں اونکی کمر خود بخود ٹوٹ جائیگی۔

میں کیا ہندوستان کا کوئی باشندہ ہندو یا مسلم لیڈروں کے نیک نیتی پر شبہ نہیں کر سکتا ہے۔ ان سبھوں کا مقصد ہندوستان کی بہبودی۔ فلاح۔ آزادی اور اتحاد ہے لیکن باوجود ان مقاصد کے پھر بھی مقصد حاصل ہوتا ہوا نظر نہیں آتا ہے۔ اسکی کیا وجہ ہے ؟

مقصد حاصل نہ ہونے کی وجہ اگر کوئی ہو سکتی ہے تو وہ صرف آپس میں اتحاد اور میل نہ ہونا ہے۔ ہندوستان کے لیڈروں نے ہندو مسلم اتحاد کی طرف سے اسقدر مایوسی اپنے دلوں میں پیدا کر لی ہے کہ اسکا اثر اب پبلک پر بُرا ہو چلا ہے۔ قدیم رشتہ محبت اور خلوص پر سیاہ دھبے نظر آتے ہیں۔ اور اس اتحاد کو اس طرح سے ناممکن سمجھا ہے جس طرح سے ایک پرند اور چارپایہ کی دوستی ناممکن ہو سکتی ہے۔ اگر ایسا ہے تو غلط خیال ہے۔ اگر ہندو اور مسلمان اپنے مقصد میں سچے ہیں اور پبلک و اپنے وطن کے سچے ہمدرد ہیں تو اپنے ذاتی اقتدار و شخصی اصول کی پابندیوں کو چھوڑکر آگے بڑھیں۔ سچے دل سے گلے گلے ملجائیں۔ آپس میں میل محبت کے رشتہ کو سخت بنانے کی کوشش کریں۔ کچھ مسلمان روشن خیالی اور وسیع المشربی سے کام لیں اور کچھ ہندو بھاگوت گیتا کے ارشادات پر نظر رکھتے ہوئے سخاوت سے کام لیں۔ اگر دونوں ملنے پر اور برادرانہ طور سے برادر وطن بنکر زندگی بسر کرنے پر تلے ہوئے ہیں تو پھر کوئی طاقت دنیا کی انکو اتحاد سے نہ روک سکیگی۔ جب آپس میں برادرانہ سلوک پیدا ہو جائیگا تو دنیا پر اس کا اثر ہوگا اور آپکے کل مقاصد خود بخود حاصل ہونا شروع ہونگے ورنہ اس اختلاف باہمی کے زمانہ میں آپکو کسی قسم کے بھی اختیارات ملیں وہ آپکو خوش رہنے اور فلاح و بہبودی حاصل کرنے میں مددگار نہ ہونگے آپ جس جگہ ہیں وہاں بھی ٹھہر نہ سکینگے اور آپس کے جھک جھک بک بک سے دوتو کو چند زینہ نیچے ہی اترنا پڑیگا۔

خدا نے یہاں مختلف مذاہب کے لوگوں کو پیدا کیا ہے۔ یہ خدا کی منشا ہے کہ سب ملکر آباد ہوں کسی طرح کی بھی کوشش ایک دوسرے کو ہندوستان سے مٹا نہیں سکتی۔ آپکو ملکر رہنا ہے اور ایک روز ملکر رہینگے۔

پبلک سے امید ہے کہ وہ جنگی انتظامات میں وارکمیٹیوں میں۔ وار فنڈ کے لئے روپیہ جمع کرنے میں۔ وار بونڈ کی خریداری

میں جہانتک ممکن ہو بڑے سے بڑا حصہ لے اور اسکو کامیاب بنائے تاکہ دنیا سے قتل و غارت اور ظلم کا خاتمہ ہو اور ہندوستان اندرونی ہلچل اور بیرونی حملہ سے محفوظ رہے۔

عام اُخوّت یا انسانی برادری

(UNIVERSAL — BROTHERHOOD)

از ام۔ کے نواب صاحب۔ پٹنہ

انسانی برادری کا تخیل اگرچہ ایک حقیقت ہے پھر بھی اسکی طرف سے جو عام بے پروائی برتی جاتی ہے وہ محتاج بیان نہیں۔ لوگ اسکی صداقت کے قائل تو ہیں لیکن اپنی زندگی کا اصول اسکے موافق بنانے کو تیار نہیں۔ ہر سوچنے والے دماغ کو فطرتاً اس صداقت کا احساس ہوتا ہے۔ لیکن افسوس تو اسکا ہے کہ باوجود اس احساس کے دنیا میں کچھ ایسی ہستیاں بھی موجود ہیں جو انسانی برادری (UNIVERSAL-BROTHER HOOD) کے خلاف آپس میں منافرت کا بیج بونا ہی اپنا فرض جانتی ہیں۔ اور تعصب کے ساتھ ساتھ ذات پات کے جھگڑوں کو قائم رکھنا اپنا دھرم سمجھتی ہیں۔ کیا میرا یہ خیال درست نہیں ہے کہ میرے یہ بے رحم بھائی برادران یوسف کی طرح دور اندیشی سے قطع نظر کرکے صرف اپنی خود غرضی کی بنا پر ارتقائے انسانیت کی راہ میں روڑے اٹکا رہے ہیں۔

گذشتہ دو صدیوں کے عرصہ میں سائنس کی حیرت انگیز ترقیوں کی بدولت دنیا کہاں سے کہاں پہونچ چکی ہے۔ انسان ہر مسئلہ کو سائنٹفک اصول پر جانچنے کا عادی ہوگیا ہے تو پھر اس اُخوت کے نظریہ کو بھی کیوں نہ سائنٹفک اصول کی کسوٹی پر پرکھ لینا چاہیئے۔

علم ترکیب اجسام حیوانات (PHYSIOLOGY) کے ماتحت اگر دیکھا جائے تو ہر فرد انسانی کی ساخت ایک سی نظر آئیگی صرف ظاہری پوست کے رنگ میں بلحاظ آب وہوا البتہ کچھ فرق معلوم ہوگا مگر اصل ڈھانچہ تمام انسانوں کا ایک ہی قسم کا ملے گا۔ چاہے وہ یورپین ہو ہندوستانی۔ افریقہ کا باشندہ ہو یا امریکہ کا۔ عرب ہو یا چینی سبھوں کی نشوونما کے اصول اور انکے انحطاط یا فنا کے اسباب یکساں ہوتے ہیں۔ اسکے علاوہ علم النفس (PSYCHOLOGY) علم حیات (BIOLOGY) یا اس قسم کے جتنے بھی علوم ہیں ان سبھوں کے اصول پر نظریہ اخوت کو جانچنے کے بعد دنیا کے ارباب حل و عقد اسی نتیجہ پر پہونچے ہیں کہ تمام عالم کے انسانوں میں یگانگی موجود ہے۔

اگر اصول فلسفہ کو پیش نظر رکھکر انسانی اُخوت کا جائزہ لیں تو ہمیں ماننا پڑیگا کہ دنیا کی مختلف اقوام کا مبدا ایک ہی ہے اور تقریباً تمام فلسفیوں کا اس پر اجماع ہے مثلاً

ذیل میں زمانہ حال کے چند مستند فلسفیوں کی رائیں پیش کیجاتی ہیں۔

مسٹر اوگسٹ کومٹے (AUGUST COMTE) جنکی تائید میں لندن کے مشہور فلسفی مسٹر جے. اس. مل (MR. J. S. MILL) اور مسٹر ہربرٹ اسپنسر (Mr. HERBERT SPENCER) کے اکثر مضامین نکلتے رہے ہیں بڑے شد و مد کے ساتھ فرماتے ہیں کہ دنیا میں تمام انسانیت کا ایک ہی مذہب ہونا چاہیئے۔ انکے علاوہ مسٹر چارلس براڈاوُ (Mr. CHARLES BRADAUGH.) اور مسٹر انگرسول (Mr. INGERSOLL) جیسے فلسفی جنہوں نے ذات واجب الوجود کے منکر ہونے میں ذرا تامل نہ کیا انہیں بھی اخوت انسانی کی صداقت کا انکار کرنے میں ہمت نہ پڑی یورپ کے مشہور فلسفی ارتھر شوپن ہار (Mr. ARTHER SCHOPENHAUER) کا قول ہے کہ "جب ایک فرد اپنی ہی جنس کی دوسری فرد سے مخالفت کرتی ہے تو مجھے سخت تعجب ہوتا ہے۔ اسلئے کہ انسانی برادری میں دوئی کا کوئی سوال پیدا ہی نہیں ہوتا۔ کیونکہ کثرت ہی میں وحدت کا راز مخفی ہے۔ اور یہ ظاہری تفرقے محض وقت و مقام کی بندشوں سے پیدا ہو گئے ہیں۔"

گذشتہ صدی کے مشہور و معروف مسٹر گائی سپ مزینی (Mr. GIUSEPP MAZZINI) جو کہ اشتراکیت (SOCIALISM) کے مشہور علمبردار تھے انکا قول ہے کہ "نسل انسانی میں باہمی اخوت نتیجہ ہے خدائے واحد کی وحدانیت کا۔ چاہیئے کہ عالم کے تمام بنی نوع انسان اس حقیقت پر ایمان لے آئیں کہ اختلاف نسل و رنگ کے باوجود بھی سب کا مبدا ایک ہی ہے یا یوں سمجھے کہ ایک ہی خاندان کی مختلف فردیں اور انکے اتحاد ہی میں انکی فلاح ہے۔ روح واحد تک رسائی اتحاد روح انسانی پر منحصر ہے اور سبھوں کو ایک نہ ایک دن ارتقائی منزل تک پہونچنا ضرور ہے۔ دراصل ایک انسان دوسرے انسان سے علحدہ نہیں رہ سکتا۔ اگر انصاف کی نگاہ سے دیکھا جائے تو آقا ہو یا غلام۔ راجہ ہو یا پرجا۔ کالا ہو یا گورا سب ہی ایک دوسرے کے بھائی ہیں۔ اور ہم سب کا مبدا اور منتہا ایک ہی ہے۔ ظاہری اختلاف زبان سے کچھ نہیں ہوتا۔ اگر غور سے دیکھا جائے تو رنج و خوشی کے موقع پر ہر شخص چاہے وہ کہیں کا بھی ہو بالعموم ایک ہی طریقہ سے اظہار جذبات کو اختیار کرتا ہے۔ مثلاً غم کے موقعہ پر آنسو بہانا اور خوشی کے وقت مسکرا دینا۔ یہ ہرگز نہ سمجھنا چاہیئے دائرہ انسانیت بہت وسیع ہے لہذا اختلاف انسان کا ایک لازمی عنصر ہے۔ خدا کے نزدیک کثرت و قلت کا کوئی سوال پیدا ہی نہیں ہوتا۔ وہ تمام بنی نوع انسان کو ایک ہی نگاہ محبت سے دیکھتا ہے۔ ہم اسی وقت اسکے سچے بندے ہو سکتے ہیں جب ہم بھی اپنے ہر قول و فعل سے اسکو ثابت کر دیں کہ اتحاد باہمی ہمارا نصب العین ہے۔ حقانیت کے پجاریوں کیلئے عام انسانی برادری پر ایمان رکھنا ایک ناگزیر امر ہے اور جنگ و جدال سے پرہیز انکا اولین فریضہ ہے۔

ابھی تک تو میں نے سائنس کے نقطہ نگاہ سے جو کچھ بیان کرنا تھا بیان کیا لیکن اب ذرا مختلف مذاہب عالم کے دائرہ میں آکر نظریۂ "اخوت عامہ" کی جانچ کیجائے اور اسکو دیکھا جائے کہ پیغمبروں اور اوتاروں نے عام انسانی برادری کی کس طرح تلقین فرمائی ہے۔ قبل اسکے کہ اسکی کچھ مثالیں پیش کیجائیں اسکو اچھی طرح ذہن نشین کر لینا چاہیے کہ جو باتیں مذہب

عالم میں احکامات اور اشلوک کی صورتوں میں بیان کیگئی ہیں انہیں کو علم سائنس اپنے خاص اصول کے ماتحت اپنے انداز میں بیان کرتا ہے یعنے یہ کہ سائنس اور مذہب ایک دوسرے کے معاون ہیں نہ کہ مخالف۔ اسی کے ساتھ یہ بھی اچھی طرح سمجھ لینا چاہئے کہ جسطرح جب کسی فرد انسان کے کسی ایک عضو کو کوئی خاص تکلیف پہونچتی ہے تو اسکے تمام جسم پر اسکا خاص اثر ہوتا ہے بجنسہ اسیطرح اگر ایک بنی نوع انسان پر کوئی مصیبت پڑتی ہے تو فی الحقیقت تمام انسانی برادری موثر ہو جاتی ہے۔ آپ کو چاہیے یہ بات کچھ انوکھی سی معلوم ہو لیکن یہ ایک حقیقت ہے جس سے انکار کی مجال نہیں انسانیت کے دائرہ میں رہکر اپنے کو اس سے علحدہ سمجھنا ممکن ہی نہیں۔ اسوقت دنیا میں تقریبًا گیارہ مذاہب ایسے ہیں جنکو زندہ مذہبوں میں شمار کیا جاتا ہے انہیں سے ہر مذہب میں اخوت عامہ کی تلقین موجود ہے۔ اور کیوں نہ ہو جب ایک ہی خدا نے کل رہبران دین کو مختلف اوقات میں بندوں کی رہبری کیلئے بھیجا ہو۔ اور جب اس کی نگاہ میں بحیثیت مخلوق سب ہی ایکساں ہوں پھر بندوں کو باہم گر مخالفت کا کون ساحق حاصل ہے۔

سری کرشن مہاراج کی تعلیم کو ملاحظہ فرمائیے۔ "خدا موجود کل ہے۔ وہ اپنے منکروں سے بھی علحدہ نہیں۔ البتہ اپنے پجاریوں سے وہ قریب تر ہو جاتا ہے۔" اسکے علاوہ بھگوت گیتا کے چھٹے باب میں جو اشلوک ہے اسکے الفاظ یہ ہیں۔ "انسان مکمل وہ ہے جو اپنے پرائے۔ دوست دشمن۔ جان انجان۔ شہری اور پردیسی۔ سب ہی کے ساتھ ایک سا برتاؤ کرے۔" اسی کتاب کے تیسرے باب میں لکھا ہے "جو تمام دنیا والوں کی بھلائی چاہتا ہے وہ اپنا ہی بھلا کرتا ہے اسلئے کہ نور واحد عالم کے ذرہ ذرہ میں جلوہ افروز ہے" اسی طرح منوسمرتی (MANNUSMIRTI) میں یوں لکھا ہے "وہ جو کہ تمام مخلوق عالم کی دوستی کا دعویدار ہو وہی دراصل "برہمن" ہے اور وہی کثرت میں وحدت حقیقی کا نظارہ کرتا ہے۔ اسی نے درحقیقت خود کو پہچان لیا۔"

اگر آپ ایشا اوپانشاد کی جلد ۱۰ (ISHA UPANISHAD(V.-10)) کو ملاحظہ فرمائیں تو یہ الفاظ ملینگے "جس نے خود اپنے میں دنیا کا جلوہ دیکھ لیا اور دنیا کی تمام مخلوق میں خود کو جلوہ نما پالیا وہ پھر کسی سے بھی نفرت نہیں کرتا" مہابھارت کے شانتی پرو میں اسکی یوں تلقین کیگئی ہے: "جو واقعی بنی نوع انسان کی ہمدردی کا مدعی ہو وہ اپنے ہر قول و فعل کے ذریعہ تمام مخلوق خدا کی بھلائی کرتا رہتا ہے۔ اور اسی پر رموز حقیقی کا انکشاف ہوتا رہتا ہے۔ وشنو پوران کے الفاظ ملاحظہ ہوں"۔ تمام مخلوق عالم میں جو نور خدا کے وجود کا قائل ہے وہی بلا لحاظ تفریق مذہب و رنگ سب سے یکساں محبت رکھتا ہے"۔ اب ذرا زرتشتی مذہب (ZOROASTRIANISM) کے رہبر کی دعا کے الفاظ جو اس مذہب کی مشہور کتاب پتت پشیمانی (PATET.PASHEMANI) میں ملتے ہیں ملاحظہ ہوں"۔ یا خدا۔ اگر میں نے کبھی بھی عام انسانی برادری کے خلاف کوئی گناہ کیا ہو تو میں نادم ہوں۔ تو مجھے بخشدے۔" بودھ مذہب کی مشہور کتاب دھما پدھ (DHAMA PADA) میں فلسفہ اخوت کو یوں بیان کیا گیا ہے "ہمیں ہمہ تن محبت ہونا چاہئے۔ دوست تو دوست دشمن سے بھی نفرت نہیں کرنی چاہئے۔" اسی مذہب کی

دوسری کتاب متاستا (METTASUTTA) کے اشلوک ۵ و ۹ کے یہ الفاظ ہیں" ہم سبھوں کو باہم دگر شیر و شکر ہو کر رہنا چاہیئے۔ ہمارے دل و دماغ میں سوائے محبت ہو لکر بھی نفرت کا شائبہ نہ آنا چاہیئے"۔ اب ذرا عیسائی مذہب کی مستند کتاب انجیل کی کھلی کھلی ہدایتیں ملاحظہ ہوں"۔ خدائے یکتا یعنے ایکا ایشور رہی ہم سبھوں کا مالک حقیقی ہے۔ بنی نوع انسان کی ہر فرد بھائی بھائی کا درجہ رکھتی ہے اور خود مسیح کی ذات بھی اس کلیہ سے باہر نہیں۔ (ملاحظہ ہو۔ باب ۲۳۔ آیتہ ۸) اسکے علاوہ باب ۱۵ کی ۲۴ و ۲۶ و ۲۹۔ ان تینوں آیتوں کو بھی ملاحظہ فرمائے"۔ خدا نے تمام انسانوں کی رگوں میں ایک ہی خون دوڑایا اور ہم سب میں اُسی ذات واحد کا نور جلوہ فگن ہے۔ ظاہری اختلاف رنگ و مذہب سے فی الحقیقت دوئی ثابت نہیں ہوتی۔ خدایا تو انسانی برادری کو برقرار رکھو"۔ دوسری جگہ باب ۱۷ آیتہ ۲۱ و ۲۳ میں ارشاد ہوتا ہے" ایک نور خدا ہم سب میں جلوہ فگن ہے اور نہ ہم اس نور واحد سے الگ ہو سکتے ہیں اور نہ وہ ہم سے علحدہ ہے۔ اسلئے کہ دراصل یہی عین وحدانیت ہے"۔" اگر کسی ایک بنی نوع انسان نے دانستہ دوسرے کو کوئی نقصان پہونچایا تو دراصل اسنے اپنے ہی نفس پر ظلم کیا اور یہ یاد رکھو کہ ظلم بہر صورت خدا کا گناہ ہے" (باب ۵ آیتہ ۱۲) اسی طرح جلد ۱ باب ۴ میں آیتہ ۷ و ۱۱ و ۲۰ و ۲۱ کے زریں الفاظ ملاحظہ ہوں" اے میرے عزیزو۔ آپس میں ایک دوسرے سے سچی محبت قائم رکھو اسلئے کہ محبت صفت الہی ہے۔ محبت کا بندہ ہی خدا کا برگزیدہ بندہ ہے۔ چونکہ خدا سب مخلوق سے محبت رکھتا ہے اسلئے ہمیں بھی آپس میں ایک دوسرے سے محبت ہی رکھنی چاہیئے۔ جس نے دانستہ اپنے بھائی سے محبت نہیں کی وہ بھلا خدا سے کیا محبت کریگا۔ دیکھو یہی خدا کا حکم ہے کہ جو اُس سے محبت رکھنا چاہتا ہے وہ پہلے اپنے ہم جنسوں سے محبت کرے اسلئے کہ خدا بھی ان سبھوں سے محبت کرتا ہے"۔

طوالت کے خوف سے اسلام کی مقدس کتاب قرآن پاک اور احادیث رسول و اقوال ائمہ کو تفصیل کے ساتھ بیان کرنیکے خیال کو ترک کر کے سر دست جمالاً صرف وہی فقرات عرض کئے جاتے ہیں جن سے اسلام کے بچے بچے کے کان آشنا ہیں۔

" اپنے والدین۔ اعزا۔ یتیم۔ غربا۔ ہمسایہ۔ غلام حتی کے راہگیروں سے بھی یہ محبت پیش آؤ۔ یتیموں کو کبھی نہ ستاؤ۔ فقیروں کو کبھی نہ جھڑکو۔ دیکھو ایک انسان یا ایک قبیلہ دوسرے شخص یا قبیلہ کا مضحکہ نہ اُڑائے اسلئے کہ تم کو کیا معلوم کہ خدا کے نزدیک اسکا مرتبہ تم سے بلند تر ہو۔ دیکھو۔ کسی کی عیب جوئی نہ کرو اور نہ کبھی کسی کو تضحیک کے ساتھ مخاطب کرو"۔

" ہرگز وہ انسان کامل الایمان نہیں جو دوسروں کے لئے بھی وہی نعمتیں نہ چاہے جنکا وہ خود متمنی رہتا ہو"۔

" جسکو خدا کی مخلوق اور اپنی اولاد سے محبت نہیں ہرگز خدا اسے دوست نہیں رکھتا"

" مخلوقِ خدا سے محبت رکھنے والا ہی خدا کا برگزیدہ بندہ ہے"

" کل بنی نوع انسان ایک رشتہ اخوت میں منسلک ہیں

اور وہی خدا کا فرمان بردار بندہ ہے جو اس رشتۂ اخوت کو نہیں توڑتا۔"

محتاجوں کی امداد کرنی۔ بیماروں کی عیادت۔ بے قصور قیدیوں کو رہا کرانا۔ مظلوم کی حمایت کرنی۔ چاہے وہ کسی قوم و قبیلہ یا مذہب کا ہو۔ یہی خدا کے سچے بندوں کے طریقے ہیں۔ خدا نے عورتوں کے ساتھ بہترین سلوک کا اسلئے حکم دیا ہے کہ وہ تمہاری مائیں بہنیں اور بیٹیاں ہیں۔"

جب رسولؐ مقبول آخری حج سے واپس آرہے تھے تو یوں تلقین فرمائی" اے لوگو۔ یاد رکھو کہ تم سب آپس میں بھائی بھائی ہو۔ خدا کی نگاہ میں سب ہی بحیثیت مخلوق برابر ہیں۔ کسی حال میں بھی ایک دوسرے کو نقصان پہونچانیکا خیال نہ کرنا۔ آج میں آخری بار تمام فرقہ بندی کے تخیل کو جڑ سے اکھاڑ پھینکنا چاہتا ہوں۔ یہ یاد رکھو کہ تم سب کے سب آدم کی اولاد ہو اور آدمؑ کی خلقت مٹی سے تھی۔"

اسکے علاوہ خلفائے اسلام و ائمہ اطہار۔ حکما اور فلسفیوں کے بہتیرے زریں اقوال سے اسلامی کتابیں بھری پڑی ہیں ان سب کا مقصد واحد صرف اتنا ہی ہے کہ وہ عام اخوت کے فلسفہ کو طرح طرح سے اہل دنیا کے سامنے پیش کر دیں۔ اگر اس کے بعد بھی "انسانی برادری" کے نظریہ کی صداقت میں شک باقی ہو تو یہ اسکا فعل ہے اور خدا اسے راہ راست دکھائے۔ آمین۔ (AMEN) آدم۔

روحانی زندگی

روحانی مدارج اور تصوّف

ایڈیٹر

روحانی مضامین کا سلسلہ میں ملاپ میں برابر جاری ہے اور رہیگا۔ شائقین کی فرمائش ہے کہ میں اس سلسلہ کو جاری رکھتے ہوئے تفصیل سے مزید ہدائتیں تحریر کرتا رہوں۔ ایسا ضرور ہوگا۔ اور نہایت مفید باتیں تحریر ہوتی رہینگی۔ لیکن روحانیات کا موضوع بعضوں کے خیال میں زیادہ مفید نہیں ہے، اس سے کم دلچسپی لیتے ہیں اسلئے میں بہ تدریج لکھنا زیادہ پسند کرتا ہوں۔ تاہم ہماری تحریر پر غور کرتے ہوئے اگر اسکی ہدائتوں پر غور کیا گیا اور عمل کرنے کی کوشش کی گئی تو اُمید ہے کہ ہمارے ناظرین کو بجید فائدہ پہونچیگا اور وہ اپنی روزانہ زندگی میں ایک انقلاب پائینگے۔

آپ خواہ کسی مذہب اور عقیدہ کے انسان ہوں آپکو چاہئے کہ اپنے مذہب کی حقیقی تعلیم پر غور کریں۔ کیونکہ مذہب ہی کی پھوٹتی ہوئی شعاعیں شمع ہدایت بنتی ہیں۔ انسان کو کامل انسان بناتی ہیں۔ اسکا خیال رہے کہ تعصب۔ بغض۔ جھگڑا اور فساد کسی مذہب کی تعلیم نہیں ہے۔ بلکہ فسادی شیطانی اثر میں جلد آجانے والے ہیں مذہب کے نام پر فساد مچاتے ہیں۔ آپ ان فسادیوں سے بھی جھگڑا نہ کریں بلکہ محبت۔ اخلاق اور اپنی خیال کی

طاقت سے انکے خیال کو بدل دیں۔ آپ اسمیں ضرور کامیاب ہونگے۔

دنیا کے کل مذاہب کی جانچ پڑتال کرنے سے معلوم ہوتا ہے کہ خدا نے انسان کو اپنے جوہر ذات سے پیدا کر کے اپنے صفات کا مظہر بنایا۔ مشہور شاعر غالب نے کیا خوب کہا ہے۔

نہ تھا کچھ تو خدا تھا کچھ نہ ہوتا تو خدا ہوتا
ڈبویا مجکو ہونے نے نہ ہوتا میں تو کیا ہوتا

مذاہب عالم کا مقصد یہ ہی ہے کہ انسان اپنے جوہر اصلی سے کام لیکر ارتقائی منزل طے کرے۔ اور اپنے کو انسان مکمل بنائے۔ حیوانیت۔ دنیا کی گندگی، حسد۔ بغض۔ خود غرضی۔ ظلم وغیرہ کو چھوڑ مظہر خدا اچھے معنوں میں بننے کی کوشش کرے۔ سرور ابدی حاصل کرے۔ دنیا کے کسی مذہب کی صحیح طور سے پابندی اوسوقت تک ہونا ممکن نہیں ہے جبتک کہ انسان اصل اصول مذہب اور خدا کی بنائی ہوئی کائنات کا صحیح طور سے علم نہ حاصل کر سکے۔

بعض پرانے خیال کے لوگ یہ سمجھتے ہیں۔ کہ خدا کو سمجھنے کی یا اوسکے کائنات کو سمجھنے کی کوشش کرنا پاپ نہیں بلکہ مہاپاپ ہے۔ خدا اور کائنات سمجھنے کی چیز نہیں ہے۔ میں یہ مانتا ہوں کہ جسقدر خدا کو اوسکی کائنات کے معرفت سمجھنے کی کوشش کی جائیگی اوسیقدر اوسکا سمجھنا مشکل ہوتا جائیگا لیکن آپکی کوشش یہ تو ضرور فائدہ دیگی کہ جسقدر خدا کی کائنات آپنے سمجھا ہے اوسیقدر خدا کی بڑائی اور عظمت آپکے نظروں میں زیادہ ہوگی۔

جہانتک مجھے علم ہو سکا ہے صوفیائے کرام نے توحید حق (UNITY OF GOD) کے چار درجے بتائے ہیں اور اونکی تقسیم اسطرح سے کی ہے۔ شریعت۔ طریقت۔ حقیقت اور معرفت۔ ان چار حصوں کی تفصیل نہایت مختصر طور سے ذیل میں تحریر کرتا ہوں۔

شریعت (KARM MARGA)

یہ ابتدائی منزل ہے اس منزل پر عمل کرنا لازمی ہے۔ بغیر اسکے انسان ارتقائی منازل طے نہیں کر سکتا ہے۔ اسی منزل میں راہ حق کا گم شدہ انسان توحید حق پر ایمان لاتا ہے۔ عبد (داس) و معبود (ایشور یا دیوا) کا فرق سمجھتا ہے۔ خدا کی عبادت اسکا فرض ہے۔ لیکن اس درجہ میں انسان اپنے علم سے کام لیتا ہے۔ اسکے اعتقادات اسقدر پختہ نہیں ہوتے ہیں جسقدر کہ مجاہد حق کے اعتقادات ہونا چاہئے۔ اس درجہ میں انسان کی آنکھیں ظاہر بیں ہوتی ہیں اور باطن پر اسکی نظر نہیں ہوتی۔ اسی وجہ سے اکثر لغزش بھی کھا جاتا ہے۔ اور پابند شریعت کم ہوتا ہے۔

طریقت (BHAKTI-MARGA)

یہ وہ منزل ہے جہاں شریعت کو طے کر کے اس منزل پر انسان پہونچتا ہے اس درجہ میں ایمان کا اثر دلپر ہوتا ہے شکوک ظاہری و باطنی اسکے دل سے نکل جاتے ہیں نفاق اور خود غرضی کا پتہ بھی نہیں رہتا ہے۔ کائنات پر گہری نظر ڈالتا ہے اور راز کچھ کچھ سمجھ میں آنا شروع ہوتے ہیں۔ کائنات کے خالق پر ایمان لانا اور اوسکی محبت کرنا شروع کرتا ہے۔ یہ ہی وہ مقام ہے جہاں الفاظ نہیں ملتے اور علم کلام اپنے کو بے بس پاتا ہے۔ اسی درجہ پر انسان ایمان والا سمجھا

جاتا ہے۔ اور اوسکے دل میں ایک تڑپ اور ذوق محبت الٰہی پیدا ہوتی ہے۔ اسی میں فنا ہو کر حیات جاویدانی کا خواہاں ہوتا ہے اس سے آگے کی منزل اور بھی دشوار گذار ہے۔ اور بغیر سچے ہادی کے اس اگلی منزل میں قدم رکھنا خطرہ سے خالی بھی نہیں۔

اکثر انسان اسی درجہ تک پہونچنے کے بعد آئندہ ترقیوں کے مدارج سے ہمیشہ کے لئے محروم ہو جاتا ہے اسلئے کہ اوسنے اپنے مرشد کا انتخاب ظاہری شان شوکت دیکھکر یا دلالوں کے پھیر میں پڑ کر پیشہ ور مرشد کا دامن پکڑا تھا۔ مرشد کے روحانی طاقت کا اندازہ لگانا مشکل ضرور ہے۔ لیکن ظاہری نیک نفسی۔ لالچ اور خود غرضی سے پاک ہونا بھی ایک حد تک آئندہ ترقیوں کیلئے مفید ہو سکتا ہے اگر غلطی سے مرشد کا انتخاب غلط ہو جائے اور آئندہ مدارج نہ حاصل ہو سکیں تو سمجھ بوجھکر بہتر مرشد کا انتخاب ضروری ہے۔

حقیقت (JNANA - MARGA)

اس منزل میں مرشد کی توجہ سے عرفانی روشنی قلب میں پیدا ہوتی ہے۔ ذات واحد اور اوسکی قوت تخلیق کا پورا احساس شروع ہوتا ہے۔ اعتقاد کی کڑیوں میں مزید گرہ لگتی ہے۔ انسان کی باطنی نگاہ کھلنے لگتی ہے ایک چکا چوند سا ہوتا ہے۔ کچھ ایسے مناظر اور سماں دیکھتا ہے جسکی اوسکو پہلے خبر بھی نہ تھی۔ اس درجہ میں پہونچکر انسان بہک بھی جاتا ہے۔ اور اپنے کو ولی اللہ یا فقیر کامل تصور کرنا شروع کرتا ہے۔ اگر مرشد کامل ہے تو خطرات سے بچا لیتا ہے۔ ورنہ وہ انسان کھو جاتا ہے۔ اور پھر صحیح راہ پر آنا اوسکے لئے مشکل ہو جاتا ہے۔ اس درجہ میں انسان دنیاوی پابندیوں کا پابند ہوتا ہے۔ ہر ذرہ میں قدرت کا کرشمہ نظر آتا ہے۔ پھر بھی وحدت کی نشانیوں سے دور اور خالق و مخلوق میں دوری رہتی ہے۔

معرفت (NIRVANA)

یہ درجہ توحید کامل کا ہے۔ خودی و انانیت جاتی رہتی ہے۔ انسان فنا فی التوحید ہو جاتا ہے۔ اسکا مقصد یہ نہیں کہ خدا تک اپنے کو پہونچا کر جہاں عدم و وجود۔ حدوث قدم۔ لوح و قلم۔ عرش و فرش۔ خیر و شر۔ عبادت و اشارت۔ دل اور دلبر کچھ نہیں رہتا ہے۔ لیکن پھر بھی روحانی کمالات سے انسان خدا نہیں کہا جا سکتا ہے۔ مخلوق ہے خالق کی نوازشوں سے اس درجہ کو حاصل کرتا ہے۔

ان مدارج کے بعد بعض اور بھی درجے ہیں جو کہ انسان کو خود عطا ہوتے ہیں اور اونکا ذکر عام طور سے نہیں کیا جا سکتا ہے۔

ان ہی درجات کو عالم ناسوت۔ عالم ملکوت۔ عالم جبروت۔ عالم لاہوت اور سب سے آخری درجہ کو عالم ہاہوت بھی تصوف میں کہتے ہیں۔ بغیر ان مدارج کو سمجھے ہوئے انسان روحانی ترقیوں سے بے بہرہ رہتا ہے۔

تھیاسوفیکل سوسائٹی بھی ان ہی تصوف کے مسائل اور علوم روحانی کو سائنس اور فلسفہ سے مطابقت کرتے ہوئے عوام کے سامنے پیش کرتی ہے

واضح رہے کہ علم روحانی کی بنا تصوف سے نہیں

ہوئی ہے بلکہ یہ تصوف سے کئی ہزار سال پہلے ہندوستان میں رائج تھا۔ موجودہ سائنس نے تجربہ اور تحقیقات کر کے ایک آسان اور نہایت خوشگوار اصول نکال دیا ہے جسکی ہر مذہب والا اپنے مذہبی پابندیوں کے باوجود بڑی خوبی سے پیروی کر کے روحانی مدارج حاصل کر سکتا ہے۔ یہاں ہر بزرگ شخص مرشد نہیں بن سکتا ہے بلکہ ایک دوسرے کے بھائی ہوتے ہیں۔ اور اپنے روحانی کمالات کو بڑھا کر مرشد اعلیٰ تک پہونچتے ہیں۔ اوس مرشد تک رسائی معمولی طاقتوں والے شخص کی نہیں ہوتی ہے۔ مرشد کا ذکر ایک طولانی بحث ہے اسلئے اسکو کسی دوسرے موقع کے لئے چھوڑ دیا جاتا ہے۔

مظفرپور میں میل ملاپ کانفرنس

میل ملاپ کی محبوبیت اور ہر دلعزیزی ایک سال کے اندر ہی اندر اسقدر زیادہ ہوتی جارہی ہے جس سے امید ہوتی ہے کہ میل ملاپ اپنے مقصد میں ضرور کامیاب ہو کر رہیگا۔ ہندوستان میں میل ملاپ ہی ایک رسالہ ہے جسکا مقصد بلند پایہ اور آپس میں ہر ایک کے محبت و میل ملاپ پیدا کرانا ہے۔ کسی پارٹی کا مخالف نہیں ہے مگر نہایت دلیرانہ طور سے ہر پارٹی کو نیک مشورہ دینے کے لئے ہر وقت تیار ہے۔ کسی پارٹی کی نکتہ چینی اسلئے نہیں کی جاتی ہے کہ اوسکو ہلکا دکھائیں بلکہ محبت کے پیرایہ میں اصلاح مقصود ہے۔

مظفرپور کے تھیاصوفیکل لاج نے اپنے لاج کے گولڈن جبلی کے موقع پر میل ملاپ کانفرنس کا بھی پروگرام رکھا تھا۔ مظفرپور لاج نے پبلک لائبریری اور عزیبوں کے پناہ کے لئے مکان کی تعمیر کرا کر مقامی لوگوں کی بہت بڑی خدمت انجام دی ہے۔ اور اسکے لئے برادرم رام چندر پرشاد صاحب انریری سکریٹری کو ہمارے جہاں تک مبارکباد دیں وہ کم ہے۔ مشکل سے مشکل اسکیم کو آسانی سے انجام دینے کی جو صلاحیت آپ میں موجود ہے وہ بہت کم پبلک خدمت کرنے والوں میں ہوتی ہے۔ آپ شہرت پسند نہیں کرتے بلکہ نہایت خاموشی سے اپنے فرائض انجام دیتے ہیں۔

۲۹ ستمبر سنہ ۴۰ء کے شام کو مظفرپور ٹاؤن ہال میں عالیجناب مسٹر ام۔ ذ۔ خاں۔ ڈسٹرکٹ مجسٹریٹ نے میل ملاپ کانفرنس کی افتتاح کی جسمیں قابل مقررین نے جیسے پنڈت جگت نارائن۔ مولانا محمد شفیع داؤدی۔ پروفیسر اجتبیٰ رضوی وغیرہ وغیرہ نے آپس میں اتحاد رکھنے کی پرزور تقریریں فرمائیں۔ اور مختلف مذاہب میں محبت دیرادرانہ سلوک کی اہمیت دکھائی۔ حاضرین جلسہ کی تعداد کافی تھی۔ پبلک نہایت متاثر ہوئی۔

امید کی جاتی ہے کہ ہر ضلع اور سب ڈویزن میں میل ملاپ کانفرنس قائم کر کے ہندوستان کو پُرامن اور لوگوں کو خوشحال بنانے کی کوشش کی جائیگی تاکہ پبلک غلط فہمیوں میں نہ پڑے اور ہر طرح کے بلوہ فساد و مذہبی تکرار کا مقامی طور سے وہیں صلح و امن کے ساتھ خاتمہ کر دے۔ (اڈیٹر)

اتحاد

از عالیجناب عبدالرشید صاحب۔ عرفان عظیم آبادی پٹنہ

(۱)

من موہن ساجن! لوگ کہتے ہیں برکھا کی رات بڑی
سہاون ہوتی ہے!
پر میرے پریتم! مجھے تو ان متوالے کالے کالے بادلوں
سے اُوداسی ٹپکتی اور سوگواری برستی معلوم ہوتی ہے۔۔۔!!
ساجن! مجھے تو یہ کالی کالی گھٹائیں ہمیشہ دُکھ پہنچاتی
ہی رہتی ہیں۔۔۔!!!
میں نے انکا کیا بگاڑا ہے میرے پریتم، جو وہ مجھے اسطرح
ستاتی رہتی ہیں۔ ؟
بولو میرے ساجن تم چپ کیوں ہو۔۔۔ ؟؟
میں جھوٹ تھوڑے ہی کہہ رہی ہوں، تم بھی آکر دیکھ
لو۔۔۔ تب تو تمہیں یقین ہو جائیگا۔۔۔ ؟

(۲)

سجنی! لوگ کہتے ہیں برکھا کی رات سہاون ہوتی ہے۔
لیکن۔۔۔ ایک برہا کی ماری کیلئے نہیں!۔۔۔!!
برہا کی ماری کیلئے نہیں!۔۔۔ !!
برکھا کی رات ہوتی تو ہے سُندر پر تو تنہائی میں نہیں میری
بھولی سجنی!
ایک دل کی گرمی سے یہ اُودے اُودے ٹھنڈے بادل
نہیں گرما سکتے، اسمیں دو دلوں کے مجموعی سانسوں کی ضرورت
ہے میری بھولی رانی!
آؤ ہم تم ملکر دیکھیں!۔۔۔ آؤ سجنی ملجائیں!!
دیکھو سجنی اب برکھا کی رات کتنی سہاون اور تراوٹ بخش ہے؟؟
ٹھیک ہے ساجن۔۔۔ ہر چیز میں اتحاد کی ضرورت ہے

مُحبّت کے گُل

از عالیجناب ڈاکٹر محمد مصطفےٰ۔ ایچ۔ ایم۔ پی۔ کمالؔ عظیم آبادی

شام کا وقت ہے۔ جمنا کے کنارے اونچے اونچے درخت ہوا میں جھوم رہے ہیں۔ کھڑکیوں سے چھن چھن کر سورج کی

آخری کرنیں منشی جی کے کمرہ میں آرہی ہیں۔ گھڑیال نے سر اُٹھایا اور مسلسل ۵ کی گھنٹی ماری۔ منشی جی! رام رام کرتے ہوئے اُٹھے، بہت دیر ہوگئی۔ ادھر اُدھر دیکھ کر کوئی نہیں ہے۔ ارے بدھو۔ سدھو۔ جھگو۔ ہائے کمبخت کسی کا پتہ نہیں ہے۔ بدھو۔ بدھو۔ حضور آیا۔ کیا ہے سرکار۔ ابے کہاں چلا گیا تھا! کتنی دیر سے چلا رہا ہوں۔ باہر ہی برآمدے میں تو تھا۔ ارے بیٹھا بیٹھا کھانے کو ہے یا کچھ کریگا۔ حضور میں کب بیٹھا رہتا ہوں جو کہتے ہیں کرتا ہی تو رہتا ہوں۔ ابھی تھوڑی دیر ہوئی کہ بیل کو جوئی بھوسی کھلائی ہے۔ ارے اساموں کا کیا ہوا گیا تھا، کتنا لائے۔ حضور گئے تھے لیکن ان سبھوں نے کہا کہ فصل خراب ہوگئی ہے اسلئے ایک مہینہ کی مہلت چاہئی۔ ارے کمبخت تجھے تو میں کہتا ہوں کچھ کرتا ہے کچھ۔ ارے نہ دیا تو ایسے دینگے سبھوں کا پلنگ برتن۔ وغیرہ وغیرہ لے آنا۔ حضور منت کر کے کہا ہے ایک ماہ کی فرصت دیں وصول کر دیگا۔ جا کمبخت وصول کر دیگا ابھی سدھو جھگو وغیرہ کو لیجا کر ان سب کو لے آ۔ تھوڑے ہی دیر میں سبھوں کو لیکر حاضر ہوا۔ آداب سرکار! آداب ارے روپیہ اساموں کا دیگا یا نہیں کہ نالش کر دوں۔ حضور ابھی فصل خراب ہوگئی ہے ایک مہینہ کی مہلت دیں سب روپیہ چکا دونگا۔ منشی جی غصہ ہو کر، تو ہم کیا کریں۔ روپیہ چھوڑ دیں۔ ایسا نہیں ہوگا۔ اس اثنا میں نادر آ پہونچا۔ یہ بھی پیادہ تھا "منشی جی" نادر! حضور! تمہیں ان سب سے لگان وصول کرنے کا حکم دیا جاتا ہے؟ جس صورت سے ہو وصول کر لاؤ۔ کیا کہا حضور جس صورت سے ہو وصول کرلاؤں لیکن میں نہیں سمجھا حضور۔ ارے روپیہ نہ دیں تو برتن پلنگ چوکی وغیرہ وغیرہ ہی اُٹھا لاؤ۔

حضور رحم! رحم۔ ایک مہینہ کی مہلت دیجئے سب ادائے کر دینگے۔ نادر، حضور مہلت مانگتے ہیں دے دیجئے دے دینگے۔ ارے نادر جا! لے آ! بگڑ کر میں کچھ نہیں سن سکتا ہوں بس جاؤ دے دو ورنہ کاہے کو جھن جھٹ پسارتے ہو۔ نادر جاؤ! حضور یہ مجھ سے نہ ہونیکا۔ کیا کہا نہ ہونے کا۔ سبب آپ ہم بلکہ ساری دنیا جانتی ہے۔ کہ فصل اساموں خراب ہو گئی ہے۔ پھر ہم کس طرح انپر ظلم کریں۔ انکے اسباب اُٹھا لائیں۔ تو یہ غریب رہینگے اوڑھینگے کھائیں گے پہنینگے کہاں سے۔ حضور یہ کام مجھ سے نہ ہونیکا، کیا کہا نہ ہونیکا۔ چلا جا کمبخت نکل جا! خبردار پھر قدم رکھا تو۔ حضور اچھا لیکن ۲ ماہ کا مشاہرہ ہے اسے دے دیجئے۔ حساب مانگتے تجھے شرم نہیں آتی ہے کیسا حساب! میرے یہاں تیرا حساب و ساب کچھ نہیں ہے۔

نادر اچھا حضور۔ آداب۔ منشی جی خوش ہو کر نادر۔ نادر۔ جی حضور۔ سُن بیوقوف ارے ناحق اپنی نوکری کیوں گنواتا ہے جانتے ہو آجکل نوکری سے بڑھکر بیش قیمتی دنیا میں کوئی چیز نہیں ہے ٹھیک ہے حضور لیکن۔ ایسی نوکری سے تو بھوکے مرنا بہتر ہے۔ ارے بیوقوف یہ سب ہندو ہیں تو مسلمان ہے تو کیوں انکے لئے اپنی نوکری خراب کرتا ہے۔ کیا کہا حضور ہندو ہندو اور مسلمان دونو کا مالک ایک ہے رام و رحیم ایک ہے یہ اور ہم ایک ماں کے اولاد ہیں یہ ہمارے بھائی ہیں۔ ایک بھائی کو دوسرے بھائی کی مدد کرنی چاہیئے

نہ کر اور تکلیف پہونچاؤں یہ ہم سے کبھی نہ ہوگا۔ چپ نمک حرام؟ بکواس بند کر۔ بڑا بھائی والا آیا ہے۔ ایسے اگر بھائی کہلانے کو بیٹھے تو ہمارے جسم پر کا ایک ایک ٹکڑا تک بٹ جائے آج ہندوستان بھر بھائی کہلائیں ٹھیک ہے حضور ہم سب بھائی ہیں۔ چپ بیہودہ بکواس بند کر۔ بابوجی آپ کے دل میں ذرہ برابر بھی ترس۔ رحم۔ محبت۔ نہیں ہے۔ کاشکہ بابوجی آپکے دل میں محبت رحم۔ ترس ذرہ برابر بھی رہتا تو آج ان کی مجبوریوں کو سمجھتے ان کے درد دکھ آپ کیا جانے آپ کی زندگی انکی زندگی میں زمین آسمان کا فرق ہے آپ روپیہ کی گود میں پیدا ہوے بڑھے جوان ہوئے اور یہ غریب ......

منشی جی غصہ میں آگ بگولہ ہو گئے اور ادھر اُدھر دیکھ کر کوئی ہے جب کسی کا بھی پتہ نہ پایا تو آپ ہی تن گئے اور مارنا ہی چاہتے تھے کہ رعیتوں نے اِردگرد ہو کر نادر کو بچالیا۔ اب منشی جی نے دیکھا کہ بغیر معاف کئے چھٹکارا نہیں ہے تب کہا اچھا بابا معاف کرتا ہوں۔ تب کہیں انکے جان کو چھٹکارا ملا اور نادر نے ایک کاغذ پر قلم فرسائی کی اس کے بعد دستخط لی منشی جی سے اب سب پریم اور محبت کی منڈ میں اتحاد کی دیوی بیٹھا کر اتحاد کی پوجا کرتے تھے! چین کی نیند سوئے۔

اگر قدم نہ محبت کا درمیاں ہوتا

اگر قدم نہ محبت کا درمیاں ہوتا — تو یہ زمین ہی ہوتی نہ آسماں ہوتا
نہ چھیڑتی اگر انسانیت ترانۂ شوق — زمانہ کشتۂ تسبیح قدسیاں ہوتا
نہ یہ بہار طرب خیز و غم ربا ہوتی — نہ یہ فروغ مئے تند و ارغواں ہوتا
نہ یہ خرام نسیم بہار کو ملتا! — نہ یہ نظام ستاروں کے درمیاں ہوتا
نہ کوئی زمزمۂ عمر جاوداں سنتا! — نہ کوئی بہرہ ور مرگِ ناگہاں ہوتا
نہ عقل، عشق و جوانی کے بھید پا سکتی — نہ علم، لالہ رخوں کا مزاج داں ہوتا
نہ آہ سرد لب زندگی پہ آ سکتی — نہ خون گرم رگ و پے میں دواں ہوتا
خدائی قلب کا ہلکا سا وسوسہ ہوتی — خدا، ضمیر کا دھندلا سا اک گماں ہوتا

خدا نکردہ جو ہوتا یہی مزاج حیات
نہ جانے جوش ٹھکانا مرا کہاں ہوتا

(حضرت جوش)

کیوں نہ مجھے بےنفس بنایا؟

از ڈاکٹر سید قمر الدین حیدر صاحب
(محمد آبادی) پٹنہ

بھرپور جوانی کی مالک رانی دھن دئی، لدی ہوئی ناؤ کیطرح ڈولتی، اٹھلاتی، بل کھاتی پائیں باغ میں آئی۔ پھولوں سے بسی ہوئی صبح کی ہوانے دماغ معطر کردیا۔ بلبلوں کی چہکار اور پپیہے کی "پی کہاں" کی صدانے دل و دماغ میں گرمی پیدا کردی۔ سوئے ہوئے جذبات جاگ اٹھے۔ رگ رگ میں خون دوڑا۔ دلکی دھڑکن محسوس ہوئی۔ چہرہ کا رنگ شفق کو شرمانے لگا۔ رخساروں کے دونوں جانب گرم گرم بھپھارے نکلنا شروع ہوئے۔ دماغ کیساتھ ساتھ ہاتھ پیر بھی چل نکلا۔ دوڑی دوڑی گلاب کے پاس پہنچی ایک پھول کو پیار کرتے ہوئے جوش میں پوچھنے لگی "سچ بتا! تجھے پیدا کرنے والی کی قسم! تیرا رنگ و بو، تری لچک، تری مسکراہٹ کیا مجھ سے بڑھکر ہے! بتا! بتا! مرے دھڑکتے دلکو تسکین دے! بول! بولتی کیوں نہیں؟ —— ہاں! تو نہیں بول سکتی۔ تو بےنفس ہے" سنبل کو اپنے ہاتھوں پر لیکر "کیوں ری سنبل! کیا مرے بل کھائے ہوئے بال تجھ سے بہتر نہیں ہیں؟ پھر تو کس گھمنڈ میں ہے جو نہیں بولتی! بتا! کیا میں غلط کہتی ہوں —— غور کرکے "ہاں بالکل غلط! گھمنڈ و غرور نفس کی خواہشیں ہیں اور تو بےنفس ہے"۔

وہاں سے دوڑی ہوئی نرگس کے پاس پہنچی! اسکو پیار کرکے پوچھنے لگی "سچ بتا! اللہ نے تجھے آنکھیں دی ہیں! مری ایسی آنکھ تونے کہیں دیکھی ہے؟ چشمک زنی کبھی تونے کی ہے؟ کبھی تری آنکھوں سے بھی جذبات کی کیفیات نمایاں ہوئی ہیں؟ اگر تری آنکھوں میں کشش ہو تو کہدے۔ نہیں! نہیں کہسکتی کیونکہ تو بےنفس ہے"، صندل کے درخت کے پاس جاکر "شاید تجھکو ناز ہو کہ مرا بائرا بہت صاف ستھرا ہے، خوشبودار ہے، چکنا اور بےعیب ہے! اگر تو کہے تو میں اپنا بدن عریاں کرکے دکھاؤں! دیکھ تناسب، صباحت، ملاحت اسے کہتے ہیں! ہیں! تو ہنستا بھی نہیں بولتا بھی نہیں! مرا ساتھ بھی نہیں دیتا۔ ٹھیک ہے! تجھی ناز، خود آرائی نفسانیت ہے اور تو بےنفس ہے"

چاروں طرف سے تھک کر ایک درخت کی شاخ پر بیٹھ گئی جس پر طرح طرح کے جانور میٹھی میٹھی بولیاں بول رہے تھے انکو مخاطب کرکے کہنے لگی "بلبلو! آؤ مرے کندھے پر بیٹھو! مرے گالوں کی سرخی دیکھکر چہکو! میں تم سے پیار کروں گی! تم اپنا چونچ مرے منہ پر رکھدینا! ہیں! میں بلاتی ہوں اور تم آتے نہیں! تم نہیں جانتے کہ میں تمہاری مالک ہوں! تم مرے لئے خلق ہوئے ہو! آؤ کہا مانو۔ اپنی میٹھی بولیوں سے مجھے مسرور کرو! اس صحرا کے تمام پرندو مرے قریب آؤ! مرے سر پر بیٹھو! مرے تمام جسم پر دوڑو! مجھے تمہاری دوڑ دھوپ، تمہارے میٹھے گیت، تمہارا چہچہانا بہت پسند ہے! کہنا مانو چلے آؤ! میں تمہاری ملکہ ہوں! ہیں! اب بھی نہیں آتے! میں تمہاری دوست ہوں دشمن نہیں! آؤ! پیار کرونگی! پیار کرونگی! بہت پیار کرونگی! نہیں آؤگے! اُف! ہے پرماتما مری کوئی نہیں سنتا! مری خوشامد پر بھی دھیان نہیں دیتا مرا اعتبار نہیں کرتا! ڈرتا ہے! ہاں پرماتما مجھی ڈرتا ہے اسلئے کہ میں انسان ہوں! خوف کھاتا ہے اسوجہ سے کہ میں بےنفس نہیں ہوں! کیوں نہ مجھے بےنفس بنایا مالک! ہاں! اسلئے کہ تو نفس کیساتھ بےنفسی چاہتا ہے"۔

کس چیز کیساتھ کیا کھانا منع ہے

(۱) مولی۔ دہی۔ پنیر ایک ساتھ کھانے سے درد قولنج کا خطرہ ہے۔

(۲) دودھ کے ساتھ ترشی کھانے سے درد معدہ اور خون جل جانے کا خوف ہے۔

(۳) مچھلی کے ساتھ دودھ یا نیشکر کا رس پینا یا شہد کھانا۔ جذام برص۔ درد قولنج۔ بواسیر اور داڑھ درد کے پیدا ہونے کا ڈر ہے۔

(۴) جانوروں کے گوشت کے ہمراہ دہی کھانے سے فالج وغیرہ کا خوف ہے۔

(۵) چاول کے ساتھ سرکہ کھانے سے درد معدہ پیدا ہوتا ہے۔

(۶) انگور کے بعد شہد کھانے سے بھی درد معدہ کا خوف ہے۔

(۷) گوشت کبوتر کیساتھ پیاز تھوم اور رائی کھانے سے درد شکم ہوتا ہے۔

(۸) کیلے کے ساتھ لسی کا پینا ہیضہ پیدا کرتا ہے۔

(۹) لہسن۔ پیاز۔ اخروٹ اور بادام کے مغز چاروں باہم ملا کر کھانے منع ہیں۔

(۱۰) لہسن، شہد اور خربوزہ کا اکٹھے معدہ میں جانا درد شکم کا باعث ہے۔

(۱۱) دودھ اور شراب کا ایک وقت معدہ میں جمع ہونے سے مرض نقرس کا خوف ہے۔

(۱۲) خربوزہ کھانے کے بعد دہی کا استعمال کرنا سخت منع ہے۔

(۱۳) گرم روٹی کے ساتھ دہی کھانا معدہ کو خراب کرتا ہے۔

(۱۴) کھچڑی کے ساتھ کھیر کھانے سے قولنج کا خوف ہے۔

(۱۵) شہد اور گھی ایک ساتھ کھانے سے فالج پیدا ہوتا ہے۔

(۱۶) گوشت مرغ کیساتھ مولی اور باسی غذا کا کھانا مضر صحت ہے۔

تمباکو

(۱) تمام دل کی بیماریاں تمباکو سے ہوتی ہیں . . . . (موکس)

(۲) امریکہ میں سب سے زیادہ پاگل تمباکو کے مرض سے ہیں . . . . . (بیروٹی)

(۳) تمباکو کا استعمال انسان کو کمزور کرتا ہے۔ جسمانی طاقت کم کرتا ہے۔ . . . . (گورماس)

(۴) تمباکو سے مرگی اور سکتہ کا نامراد مرض ہو جاتا ہے ۔ ۔ ۔ ۔ ۔ ۔ (چارلس)

(۵) تمباکو کی تعریف کرنا گناہ ہے۔ جس میں غذائیت نہیں ہے۔ جو دماغ کمزور کرتا ہے۔ ۔ ۔ (ہمفری)

(۶) تمباکو سے قوتِ ہاضمہ خراب ہو جاتی ہے۔ . . . . (ایڈورڈ)

(۷) سرطان لب اور سرطان زبان تمباکو سے ہوتا ہے . . . . . (سر جان ارن)

(۸) تمباکو میں نکوٹین زہر ہے اور زہر مار دیتا ہے۔ . . . . (نوکس)

(۹) تمباکو پینے والوں کے بچوں کے دماغ کمزور ہوتے ہیں . . . . . (کلبر)

(رتن)

कुछ इधर उधर की

(ले०—श्रीमती बख्शीजी, पटना)

बड़े लाट का बयान

कुछ ज़माना हुआ, बड़े लाट का बयान भारतवर्ष के राजनैतिक विधान के संबन्ध में प्रकाशित हुआ था। उसे पढ़ कर सभी लोगों को बहुत दुःख हुआ। आशा की जाती थी कि आज संसार की अत्यन्त नाज़ुक परिस्थिति में भी, जिसमें ब्रिटेन के लोग आज़ादी और न्याय की रक्षा के लिये बड़ी बहादुरी के साथ लड़ रहे हैं और इतनी ज्यादा क़ुर्बानियां कर रहे हैं, वे समय की पुकार ज़रूर व्यापक भाव से सुनेंगे। पर अफ़सोस कि अभी तक उनकी संकीर्णता दूर नहीं हुई। अफ़सोस कि अभी तक वे नहीं देख पाये कि यूरोप के छोटे २ देशों की जिस आज़ादी और न्याय के लिये वे इतना त्याग कर रहे हैं, उस आज़ादी और न्याय की हिन्दुस्तान जैसे एक बड़े देश क्या, महादेश, के लिये उनकी अपेक्षा किसी क़दर कम ज़रूरत नहीं। बल्कि यहाँ और भी ज्यादे इनकी ज़रूरत है, क्योंकि हिन्दुस्तान की आज़ादी में और हिन्दुस्तान और ब्रिटेन के, बराबरी की हैसियत से, एक साथ मिल कर चलने में ही इनका तथा सारे संसार का कल्याण है।

ईन्डो ब्रिटिश यूनियन

कुछ रोज़ पहले इङ्गलैन्ड के प्रधान मन्त्री ने फ्रैंको-ब्रिटिश यूनियन या संघ की योजना की थी। यह एक बहुत मार्के की योजना थी। इससे इस बात का पता चलता था कि इङ्गलैन्ड के वर्त्तमान प्रधान मन्त्री में दूरंदेशी की माद्दा मौजूद है। फिर वे उसी दूरंदेशी को हिन्दुस्तान के संबन्ध में क्यों नहीं लगाते? वे इन्डो-ब्रिटिश यूनियन की योजना क्यों नहीं पेश करते?

डा० जी० एस० अरण्डेल, प्रेसिडेन्ट, न्यू इण्डिया लीग, ने फ्रैंको-ब्रिटिश यूनियन की योजना के लाईन पर ही इन्डो-ब्रिटिश यूनियन की एक मस्विदा तैयार की है। उसका संक्षिप्त सारांश यह है कि हिन्दुस्तान और ब्रिटेन दोनों क़ौमें मिलकर एक क़ौम हो जायँ, दोनों को हर क़िस्म के अन्दरूनी और बाहरी मामलों में अपने तरीक़े से इन्तज़ाम करने की पूरी आज़ादी रहे, इत्यादि।

आपका कहना है कि ऐसी यूनियन या संघ के क़ायम होते ही इसका प्रभाव जादू के ऐसा सर्वत्र फैल जायगा। इससे न सिर्फ़ हिन्दुस्तान की ही हालत बदलेगी, बल्कि वर्त्तमान महा-युद्ध के शीघ्र ख़तम करने का भी यह एक प्रधान अङ्ग होगा।

क्या अधिकारी वर्ग इधर ध्यान देंगे?

शान्ति की योजना

थियोसौफिकल सोसाइटी के प्रेसिडेन्ट ने सोसाईटी के अड्यार हेड-क्वार्टर्स में शान्ति की योजना करने के लिये एक "पीस डिपार्टमेन्ट" ("Peace Department") या "शान्ति विभाग" की स्थापना की है। इसका प्रधान कार्य होगा शान्ति के संबन्ध में हर तरह की बातों पर सोच विचार करना, हर तरह की सामग्री इकट्ठी करना। आज तो संसार घोर लड़ाई में फँसा हुआ है। पर यह लड़ाई बहुत दिनों तक चलने वाली नहीं। इसका शीघ्र अन्त होगा। इस लड़ाई के बाद सारे संसार का सिलसिला भी एकदम बदल जायगा। फिर उस समय कैसी शान्ति रहनी चाहिये। उसके बारे में अभी से ही सोचना ठीक है। ठीक है नये युग के अग्रगामियों का तो ज़रूर यह काम है।

वारंगल की साम्प्रदायिक समझौता

मि० सैयद अब्दुल अज़ीज़, बार-ऐट-लॉ,

मेम्बर, एच० ई० एच० निज़ाम सरकार, हैदराबाद, की कीर्ति

वारंगल आन्ध्र लोगों की प्राचीन राजधानी है। यह एच० ई० एच० निज़ाम, हैदराबाद, के राज में है। गत वर्ष यहाँ हिन्दु मुसलमानों के बीच सख्त तनाव पड़ गया, जिसकी वजह से ये दोनों एक दूसरे के खेलाफ़ बेतरह उलझ पड़े थे। दिनोंदिन उनका मनोमालिन्य बढ़ता ही जा रहा था।

अन्त में मि० सैयद अब्दुल अज़ीज़, बार-ऐट-लॉ, मेम्बर, एच० ई० एच०, निज़ाम सरकार, हैदराबाद, ने बड़ी कोशिश कर के बहुत होशियारी से इनके बीच हाल में मेल कराया। अब दोनों जातियां फिर अमन-चैन से एक साथ रह रही हैं।

इसी मेल मिलाप की खुशी और यादगार में वारंगल के हिन्दू मुसलमानों ने मिल कर मि० अज़ीज़ को एक दावत दी थी। उस समय उनकी खुशी का हद न था। कैसे प्रेम के साथ उस दिन हिन्दू मुसलमानों के साथ और मुसलमान हिन्दुओं के साथ मिले-जुले, यह नज़ारा देखने ही लायक़ था।

वारंगल की यह समझौता अपने ढंग की निराली है। यह एक सुन्दर उदाहरण है जिसका अनुकरण सारे देश में होना चाहिये। इससे हम यह सबक़ सीखते हैं कि मान मर्यादा का झूठा ख्याल छोड़ कर बुद्धि विचार से काम लेने से कठिन से कठिन साम्प्रदायिक समस्या भी अच्छी तरह सुलझाई जा सकती है।

दावत के मौक़े पर मि० अज़ीज़ ने एक भावपूर्ण जोरदार भाषण दिया, जिसका सारांश यों है:—

इस समझौते को ऐसा समझना कि इस में किसी पार्टी को हारना पड़ा है बहुत खतरनाक भूल होगी। इस में हार जीत की कोई बात नहीं। समझौते में दोनों पार्टियों को कुछ देना लेना, घटना बढ़ना, ज़रूरी होता है। ठीक इसी भाव से यहाँ दोनों जातियों के बीच यह समझौता हुई है।

हिन्दू मुसलमान इस राज रूपी माता की दो आँखें हैं। अगर एक आँख को चोट लग जाय तो दूसरी भी कभी चैन से नहीं रह सकती।

ज़रा गौर कीजिये। अगर सरकार, आज यहाँ कल वहाँ, साम्प्रदायिक झगड़ों के तय करने में ही लगी रहे, तो लोगों के हित के लिये रचनात्मक कार्य करने का समय अथवा रुपया कहाँ से आयगा?

फिर सोचिये कि साम्प्रदायिक दंगों के रोकने में जो रुपये खर्च होते हैं वे कहाँ से आते हैं। क्या ये रुपये आप ही के नहीं हैं?

इसलिये आपने ईश्वर के सामने जो अपने पड़ोसियों के साथ अमन चैन से रहने का प्रण किया है, उसे आपको हमेशे याद रखना चाहिये।

फिर उन्हों ने दिखाया कि आली जनाब निज़ाम साहब के खानदान में बराबर से ही अपनी सारी प्रजा की ओर उदारता का भाव रहता आया है। यह सभी जानते हैं कि यह मुस्लिम रियासत है। लेकिन यहाँ बराबर से हिन्दू मन्दिरों आदि में बहुत जागीरें दी गई हैं। एच० ई० एच० निज़ाम साहब अपनी हिन्दू तथा मुस्लिम रियाया को एक नज़र से देखते हैं। जब कभी उनके बीच कुछ तफ़रक़ा पड़ता है तो आपको बहुत दुःख होता है।

पिता के साथ एक ओर खड़ा हो मुस्कुरा रहा था।

नसीर एक कवि था। उसने कविता द्वारा सरला देवी की प्रशंसा पत्र-पत्रिकाओं में करना चाहा। परन्तु वह अपनी कविता के ऊपर सरला देवी का चित्र भी अंकित करना चाहता था।

× × × ×

"देखिये, मिस्टर नसीर, ये सभी चित्र हमारे बचपन से अब तक के हैं। आप जिसे चाहें उसे पसन्द कर लें", सरला ने कहा। वीरेन ने भी हाँ में हाँ मिला दिया।

परन्तु, एक चित्र देख कर नसीर चौंक गया। वह एकाएक उतावला हो बोल उठा, "क्या यह सरला हमारी बहन नर्गिस तो नहीं हैं, जो आज बारह साल हुए गंडक में बह गई थी?"

उसका हृदय प्रेम से भर आया और आँखों से आँसू बहने लगे। पुरानी बातें याद आईं। उसने समझा—बहुत दिनों की खोई हुई अत्यन्त प्यारी चीज़ आज फिर मिली। खैर, दिल को संभाल कर उसने कहा, "चलो वीरेन, चलो नर्गिस; मैं ऐसा ही एक दूसरा चित्र दिखाऊँ! इतने दिनों का संयोगा चित्र आज काम आया!"

× × + ×

द्वारका बा०—"सरला आज तुम मुझसे अलग हो क्यों खाती हो? नसीर और तुम दोनों मेरे साथ आ जाओ।"

सरला—"क्योंकि अब मैं मुसलमान हूँ, और आपका धर्म नष्ट न करूँगी।"

द्वारका बा०—"बेटी! क्या तू समझती हो कि मैं मुसलमान से घृणा करता हूँ? अगर मुझको यह शक होता तो तुझे पाल पोस कर इतनी बड़ी क्यों करता। जिस समय तू यहाँ आई थी, उस समय तू मुस्लिम कन्या की तरह वस्त्र पहनी हुई थी और तू "मुर्गी" और "गोश" तुतला कर बोलती थी। मैंने तो तुझे मुसलमान जान कर साथ रखा था।

"तुम हिन्दू हो या मुसलमान, परन्तु हो तो भारत-सन्तान; फिर एक स्थान के रहने वाले तथा एक ही आहार करने वाले में भेद क्या? एक साथ रहने वाले जानवरों में भी छूआ-छूत नहीं, तो हम और तुम एक ही भारत के रहन वालों में छूत क्यों? क्या मैं पशु से भी गया गुज़रा हूँ?"

सरला—"क्या सचमुच आपका भाव ऐसा है?"

द्वारका बा०—"अगर तुम हमारे हिन्दू-मुस्लिम प्रेम पर शक करती हो, तो लो वीरेन का हाथ अपने हाथ में लो और नसीर तुम अपना हाथ हमारी छोटी लड़की कुसुम को पकड़ा दो।"

नसीर—"हमारे माता-पिता तो चल बसे; अब नर्जिस के धर्म-पिता ही मेरे पिता हैं। इसलिये, जो आपकी आज्ञा। आज से मैं कविता द्वारा हिन्दू-मुस्लिम प्रेम की ही गुरुता का वर्णन किया करूँगा।"

(शेष पेज १८७ से आगे)

और अविश्वास का साम्राज्य होता है। पिता-पुत्र, गुरु-शिष्य, मालिक-नौकर, राजा-प्रजा, इत्यादि, किसी को किसी पर विश्वास नहीं होता। अराजकता छाने लगती है, और दैवी प्रतिकार (reaction) के रूप में किसी डिक्टेटर या चीफ़ का मार्शल लौ (martial law) जारी हो जाता है।

यदि हम इससे देश को बचाना चाहते हैं, तो प्रत्येक प्रजा या जनता (citizen) का आर्थिक, और धार्मिक स्वत्व, चाहे वह किसी जाति या वर्ग का हो, बचाने की चेष्टा करें और मेल-मिलाप का सबक़ सीखें।

क्या मैं पशु से भी गया गुजरा हूँ।

(ले०—श्री चक्रधर "ताजपुरी," लंगरटोली, पटना)

गंडक नदी में ज़ोरों की बाढ़ आई थी। क्या पशु क्या मनुष्य, सबों पर आफ़त छाई थी। आफ़त अकेली नहीं थी; यह मौत को भी साथ लिये आई थी।

शेखोपुर के ज़मींदार बाबू द्वारका सिंह बाढ़-पीड़ित मनुष्यों की यथा-शक्ति सेवा कर रहे थे। उन्होंने अपनी प्रजा को इस साल के लगान से बरी कर दी। इसके लिये प्रजा उनको हृदय से धन्यवाद दे रही थी। द्वारका बाबू अपने कालेजी जीवन से ही बहुत उदार थे और किसानों के लिये इन्हें हार्दिक सहानुभूति थी। अगर इनको किसानों से तथा खेती से प्रेम नहीं रहता तो एम० ए० पास कर ज़माने के तक़ाज़े के मुताबिक़ ये भी कोई अफ़सर बनने की कोशिश क्यों नहीं करते?

प्रातः काल का समय था। हमारे द्वारका बाबू नदी किनारे टहल रहे थे और हृदय से सर्व-पाप-हारी तथा किरण-ज्वाला-धारी, उदय होते हुए, तपे हुए सोने के समान, सूर्य-देव से बाढ़-पीड़ितों के कल्याण के लिये प्रार्थना कर रहे थे। सूर्य-देव अपनी ज्योति की झलक से अंधकार तथा कुहेसा का नाश कर चुके थे। इनकी लाल किरणें नदी की धारा के ऊपर अत्यन्त शोभायमान दीख पड़ती थीं।

इन्हीं सुनहरी किरणों के बीच द्वारका बाबू ने नदी की धारा के साथ एक श्वेत वस्तु बहते देखी। तैराक द्वारका बाबू ठहरते क्यों? वे शीघ्र तैर कर एक श्वेत-वस्त्र-धारी बालिका के निकट जा पहुँचे और शीघ्र ही उसे किनारे पर ले आये। देखने में बालिका ४-५ वर्ष से अधिक की न थी। उसने बहुत पानी पी लिया था, परन्तु अभी उसकी साँस धीरे २ चल रही थी। द्वारका बाबू के उपचार से उसकी साँस ठीक से चलने लगी और वह होश में आ गई।

जब द्वारका बाबू कालेज में पढ़ते थे तो उन्होंने फोटो खींचने का कैमेरा खरीदा था। उसके द्वारा वह आज बाढ़ पीड़ित मनुष्यों के चित्र खींचा करते थे। उस बालिका का भी एक चित्र उन्होंने लिया।

लड़की के परिवार वालों का पता लगाना बहुत मुश्किल था। इसलिये उन्होंने उस बालिका को अपने यहाँ रख लिया। लकीर के फ़क़ीर ग्राम-वासियों को इस अज्ञात जाति-पाँति वाली बालिका को उनका अपने यहाँ रहने देना नहीं सुहाता था।

परन्तु बीरेन—हाँ वही बीरेन, द्वारका बाबू का सात वर्ष का पुत्र, बीरेन का क्या कहना? वह तो सरला (बालिका का द्वारका बाबू द्वारा रखा गया नाम) को एक मित्र बनाकर उसके साथ खेलता, कूदता, आनन्द सागर में हिलोरे लेता रहता था। द्वारका बाबू दोनों को क्रीड़ा करते देख एक विचित्र आनन्द का अनुभव करते थे। सरला इन्हें पिता कह कर पुकारा करती थी।

× × × ×

आज कालेज के संगीतोत्सव के अवसर पर सरला देवी ने कमाल कर दिखाया। उसकी सुरीली तान से दर्शक-गण तलमला उठे। खैर, संगीत समाप्त हुआ और सभी लोग सरला देवी की चर्चा करते घर चले।

जितने थर्ड इयर के विद्यार्थी थे सभी नज़दीक जा कर सरला देवी को धन्यवाद देने लगे। परन्तु, फोर्थ इयर का बीरेन नामक विद्यार्थी अपने

(पेज १८० से आगे)

है, दूसरी ओर इस संसार-व्यापी लड़ाई का। हिन्दुस्तान का आज़ाद होना अत्यन्त आवश्यक है। उसी तरह संसार के हर देश का आज़ाद होना भी अति आवश्यक है। इसीलिये तो यह लड़ाई हमारे सामने है। इसलिये इस लड़ाई मे भाग लेना भी सबका कर्त्तव्य है।

इन सभी मामलों में हिन्दुस्तान को कुछ अनुपम संदेशा सारे संसार को सुनाना है। हिन्दुस्तान आज़ाद होगा, ज़रूर आज़ाद होगा। कोई अब इसकी आज़ादी को रोक नहीं सकता। लेकिन हिन्दुस्तान की आज़ादी अपने ढङ्ग की निराली होनी चाहिये। इसके ज़रिये हिन्दुस्तान की असली आत्मा का प्रकाश व्यक्त होना चाहिये।

फिर, आज़ादी या स्वतन्त्रता का मानी दूसरे राष्ट्रों से बे-सरोकार रहना नहीं होना चाहिये। इसी लिये तो हिन्दुस्तान का सम्बन्ध ब्रिटेन तथा दूसरे देशों के साथ पहले से ही जुटा हुआ है। ग़ौर करने से मालूम होगा कि यह कोई आकस्मिक घटना नहीं है; बल्कि इसमें ईश्वर का कुछ ख़ास हाथ है। यह संयोग सारे संसार के हित के लिये है।

यह देख कर बहुत दुःख होता है कि आज़ादी के लिये हर तरह का त्याग करते हुए भी ब्रिटिश लोगों की आँखों पर अभी तक ऐसा परदा पड़ा हुआ है कि वे नहीं देखते कि हिन्दुस्तान को भी उसी आज़ादी की ज़रूरत है।

हमारे यहां के लोगों की आँखों पर भी कुछ कम परदा नहीं। इस समय ब्रिटेन ख़तरे में पड़ा है। जीने मरने का विकट प्रश्न उसके सामने उपस्थित है। ऐसे मौक़े पर हमारे यहाँ के लोग लड़ाई में मदद देने में उसके साथ शर्त शरायत करना चाहते हैं। यह कितना खोटा काम है? हिन्दुस्तान की ओज के मुवाफ़िक़ यह कार्रवाई नहीं। हिन्दुस्तान की बहादुरी का यह स्टैन्डर्ड नहीं।

अतः हम ज़ोरों के साथ अपील करेंगे कि इस समय हमें बहुत ऊँचे भावों से काम लेना चाहिये। आज हमें इस लड़ाई में दिल खोल कर ब्रिटेन की मदद करनी चाहिये, ताकि इस दुनिया में राक्षस राज क़ायम न होने पाये।

भगवान की लीला पर ग़ौर कीजिये। देखिये, आज इस लड़ाई में भगवान हमें किधर भाग लेने का इशारा कर रहे हैं। उस परम कर्त्तव्य के पालन करने में हमें हर्गिज़ नहीं रुकना चाहिये।

इस आदर्श की पूर्ति के लिये हमें कोई त्याग बहुत बड़ा नहीं समझना चाहिये। ऐसे त्याग में अगर प्रत्यक्ष में कोई क्षति नज़र भी आये, तो उसे असल में क्षति नहीं समझना चाहिये। त्याग से कदापि नुक़सान नहीं होता, बल्कि हमेशे उन्नति ही होती है। त्याग हमेशे, हर हालत में, हर क्षेत्र में, आदमी को ऊपर ही उठाता है।

अतः अगर आज सारी मनुष्य जाति के नाम पर राष्ट्रीयता का कुछ त्याग करना पड़े तो उसे ख़ुशी से करना चाहिये। उसके ज़रिये ज़रूर ही राष्ट्र उत्कृष्टता की अधिक ऊँचाई पर चढ़ सकेगा।

आज सभी राष्ट्रों को यह सबक़ सीखना है कि मनुष्य जाति की एकता और कल्याण के लिये उन्हें कुछ न कुछ त्याग करना चाहिये। हिन्दुस्तान के सामने आज यह मौक़ा है कि वह इस मामले में भी अग्रसर होकर—एक उच्च कोटि का आदर्श दूसरे राष्ट्रों के सामने रख सकता है।

असल में अत्यन्त ही उत्तम और सुन्दर अवसर आज हमारे सामने मौजूद हैं। क्या हम इन्हें छोड़ देंगे?

—सम्पादक।

एक नीति की बात

(ले०—श्री भगवती प्रसाद सिंह, छपरा)

जहाँ जहाँ सदाचार और लोक हित की बातों पर प्रकाश डालने की जरूरत है, वहाँ वहाँ "मेल-मिलाप" का क्षेत्र है। बिना सदाचार के मेल-मिलाप संभव नहीं। कलह या झगड़ा, दुराचार का आवश्यक परिणाम है। जहाँ कुमति है, वहाँ फूट और विपत्ति है।

सदाचार-शास्त्र (Ethics), समाज-शास्त्र (Sociology), धर्म-शास्त्र (Religion and Law) और नीति-शास्त्र (Politics) सभी का सिद्धान्त एक है। ये सब लोक-हित के लिये ही निर्माण किये जाते हैं। जिस देश की जनता सदाचारी है, जहाँ अधिकतर प्रजा-वर्ग में सुमति है, उस देश का भविष्य उज्ज्वल है। इसलिये दार्शनिकों और नीतिज्ञों को सदाचार और मेल-मिलाप पर खास कर अधिक जोर देना चाहिये। चाहे राज-सत्तात्मक शासन हो, चाहे प्रजा-सत्तात्मक, कोई भी उसी हालत में सफल या लाभ-दायक हो सकता है जब जनता में सुमति और सद्भाव हों।

जहाँ शासन है, वहाँ तीन भाव अवश्य ही प्रकट होते हैं, यानी शासक, शासित और शासन (The Ruler, the Ruled and the Rule)। किसी भी प्रकार का शासन हो, चाहे आप इसे जिस नाम से पुकारें, इन तीनों भावों से वह बरी नहीं हो सकता। ये तीनों बिल्कुल एक साथ मिले-जुले हैं। इनमें से कोई एक दूसरे से अलग नहीं किया जा सकता। एक के अच्छा होने ही से दूसरा अच्छा हो सकता है, अन्यथा नहीं।

उदाहरण के लिये डिमौक्रेसी को लीजिये। अपने अपने स्वार्थ में लगी हुई बहुत-सी दलबन्दियों के रहते डिमौक्रेसी का वही हाल है जैसे "बहुत योगी मठ का उजाड़"। सभी को सभी पर अविश्वास है, तो विश्वासपूर्ण शासन कैसे चल सकता है?

मतलब यह कि जिसको आप शासक बना कर भेजते हैं और जिसके हाथ में अधिकार सौंपते हैं, वह यदि न्यायशील और समदर्शी है, और प्रत्येक जनता, और प्रत्येक व्यक्ति का हित पालन अपना धर्म समझता है, तो शासन ठीक से चल सकता है; नहीं तो नहीं।

पतन काल के कितने नीतिज्ञ उपयोगिता-वाद (utilitarianism) की ओट में निर्दोष जनता का शिकार खेलना चाहते हैं। वे कहते हैं कि सौ प्राणियों की रक्षा करने के लिये अगर दस निर्दोष प्राणियों की हत्या कर दी जाय तो इसमें कोई हानि नहीं; अथवा, अपने कमजोर पड़ोसी का जबर्दस्ती धन छीन लेने में कोई हानि नहीं। परन्तु हमारे मत से ऐसा नीच सिद्धान्त और कोई भी नजर नहीं आता।

इन्सानियत का तक़ाज़ा तो यह है कि एक बे क़सूर ग़रीब की जान बचाने के लिये अगर हज़ारों जानें क़ुर्बान हों तो कोई अन्देशा नहीं। यही वीरता या बहादुरी है। हमारे भगवान का भी यही उपदेश है कि सारा ब्रह्माण्ड एक तरफ़ और एक भक्त की जान एक तरफ़। जहाँ इस सिद्धान्त के विपरीत क्रम चलने लगता है, वहाँ अन्याय, कलह

(शेष पेज १६०, कॉलम २ पर)

पारस्परिक मेल-मिलाप

(ले०—मु० यासीन "अन्सारी", साँढोखोर)

संसार की रचना इस भाँति है कि बिना एक दूसरे की मदद के कोई काम सुचारु रूप से नहीं चल सकता। अणु अणु तथा जर्रे जर्रे में मेल-मिलाप की आभा झलकती है।

भला कौन सी ऐसी वस्तु है जो एकाकी है और जिसमें किसी तरह की मिलावट नहीं? हवा जिसे हम स्पर्श करते हैं, जल जो तरल पदार्थ है, वह इससे शून्य नहीं। हमारा साढ़े तीन हाथ का साइन-बोर्ड (शरीर) भी इससे परे नहीं। एक के सहारे एक चलता है और एक के बिना एक पङ्गु दिखाता है।

पतली २ रस्सियों के मिलने से एक मजबूत रस्सा तैयार हो जाता है तथा एक भी कमजोर पड़ने से सारा रस्सा नष्ट भ्रष्ट होता दिखाई पड़ता है। मेल-मिलाप में ढीलापन ही तो खतरनाक है। एक और एक मिलकर ११ बनता है; पर एक हटते ही पुन: एक हो जाता है।

इसी तरह जब सारी सृष्टि ही इस प्रकार है तो हमारी क्या शक्ति है कि हम आपस में बैर विरोध रखें? यदि हम ऐसा करते हैं तो प्रकृति के नियमों की अवहेलना करते हैं और अपने आप को कीचड़ में फँसाते हैं।

अत: हमारा कर्त्तव्य है कि हम अपनी चारों तरफ़ देखें और एक २ प्राणी और वस्तु से शिक्षा ग्रहण करें। जिस दिन हम इनका अनुकरण करने लग जायेंगे, उसी दिन से सारे मत-भेद, सारे बैर विरोध तथा सारी कुभावनायें एवं कुप्रवृत्तियाँ समूल नष्ट हो जायेंगी।

प्राणी मात्र में मानव जाति श्रेष्ठ है; पर सब से अधिक उलझी हुई वही दिखलाई पड़ती है। इसका एक मात्र कारण है हममें मेल-मिलाप का अभाव हम अपना कर्त्तव्य समझते नहीं। मेल-मिलाप का पाठ पढ़ते नहीं। उसके मेम्बर होते नहीं, एवं उसका प्रचार करते नहीं।

तरह २ के धर्मों के बखेड़े में अपना समय नष्ट करते हैं। हिन्दू, मुसलमान, ईसाई, आदि के भाव पैदा करते हैं। जाति के बन्धन में पड़ते हैं और बैर विरोध के शिकार होते हैं।

चाहे हम मुसलमान हों, चाहे हिन्दू, पर हम एक जाति अर्थात् मानव जाति के तो हैं। जिस समय हम यह समझ लेंगे कि सारे मनुष्य हमारे मित्र हैं, उसी समय हम विश्व-बन्धुत्व का राज्य स्थापित कर सकेंगे और तरह २ के मत-भेदों का अन्त कर सकेंगे। किसी भी दो अबोध बच्चों को एक साथ रख दिया जाय तथा उनमें हिन्दू मुसलमान का भाव पैदा नहीं होने दिया जाय, तो वे सच्चे मित्र हो सकते हैं और आदर्श उपस्थित कर सकते हैं।

अत: हमें क्या करना चाहिये? हमें ऐसे २ स्थानों का निर्माण करना चाहिये जो विश्व-बन्धुत्व की शिक्षा दें, प्रेम उत्पन्न करें, आपस में मेल-मिलाप सिखावें। हमारी सभी संस्थाओं का भी यही मुख्य उद्देश्य होना चाहिये।

चाहे हम खुदा कहें या राम, किन्तु प्रार्थना यही रहे कि हममें बैर विरोध न हो। उसी राम का खुदा एवं खुदा का राम, नाम रख कर हम किस तरह का अनर्थ करते हैं। खुदा! हमें सुबुद्धि दे, ताकि हम सबका प्रेम-भाजन बन सकें!

"पथिक"

(र०—श्री राम अयोध्या सिंह, अध्यापक)

क्या बताऊँ कौन-से सं-
सार से मैं आ रहा हूँ।
जानता कुछ भी नहीं किस
देश को फिर जा रहा हूँ॥
देख कर मुझ को अकेला
वह अमा की रात आई।
दामिनी कादम्बिनी के
साथ वह बरसात आई॥
मधुर रस में डूब कर जब
खिल गये ये कुमुद मेरे।
थिरकने से लग गये बन
बाग में केकी घनेरे॥
पी रहे हैं प्राण कब से
माधुरी की मधुर ज्वाला।
खेलता है वेदना से
प्रेम यह कैसा निराला॥
सैर को निकला मुसाफ़िर
प्राण का पाथेय ले कर।
बन गया बन्दी पिपासित
नव सुधा का मूल्य दे कर॥
प्रकृति का प्यासा पथिक
बाजार में किस भाँति आया?
हास्य-क्रन्दन का गरल-
पीयूष का व्यापार पाया॥
नियति-परिचालित तरी मँझ-
धार में सब झेलने को।
आ गई है आज झँझा-
वात से ही खेलने को॥

आँख वाले पढ़ सकेंगे
यह अमर इतिहास मेरा।
उधर है सन्ध्या खड़ी तो
इधर है हँसता सबेरा॥
क्या बताऊँ कौन-से सं-
सार से मैं आ रहा हूँ।
जानता कुछ भी नहीं किस
देश को फिर जा रहा हूँ॥

सुखी संसार

(र०—श्री कुमारी सुनैना, बी० ए०)

चिर-सुखद संसार होगा।
जो यहाँ दो भाइयों में,
प्रेम का संचार होगा!!
चिर-सुखद संसार होगा!!
एक अवनी, एक अम्बर—
एक शशि, फिर एक दिनकर!
एक शीतल मलय मारुत—
एक गंध पराग मनहर!!
जब यहाँ इन्सान से इन्सान
का व्यवहार होगा!!
चिर-सुखद संसार होगा!!
भेद अपने बीच के जब—
हम मिटा कर यह कहेंगे!
यह हमारा मुल्क है, हम—
एक ही हरदम रहेंगे!!
स्वर्ग से भी उच्च उस दिन,
तब हमारा प्यार होगा!!
चिर-सुखद संसार होगा!!

आप इस लड़ाई के बारे में सोचें और इस दुष्ट राक्षस के खेलाफ़ ऋषियों के पक्ष में अपने दिल से खड़े हो जायँ।

जिस तरह हज़ारों वर्ष पहले ऋषियों ने हिन्दुस्तान में सिपाहियों की मदद की थी, वैसे ही वे आज भी यूरोप में अपने सिपाहियों की मदद करेंगे। आज ऋषियों के अधिकांश सिपाही मेरे जैसा उजले या गोरे रंग के हैं। लेकिन उनमें कुछ भूरे रंग के सिपाही भी शामिल हैं, क्योंकि हिन्दुस्तान से भी बहुत-से लोग वहाँ भेजे गये हैं।

इस तरह आज फिर संसार सुरक्षित होने जा रहा है जैसा हज़ारों वर्ष पहले हुआ था। हममें से किसी को डरने की कुछ ज़रूरत नहीं। हमारी निगहबानी ज़रूर की जायगी। हमारी रक्षा ज़रूर की जायगी। हमारी ज़िन्दगी, हमारे घर, हमारी कार्रवाइयाँ, पहले सी ही चलती रहेंगी। लेकिन अगर ऋषियों के लाखों करोड़ों सिपाही हमारे लिये लड़ रहे हैं, तो कम से कम हमें इतना उनके लिये ज़रूर करना चाहिये कि हम उनके पास अपनी सदिच्छायें और भारत-माता का आशीर्वाद भेजें।

हर हिन्दुस्तानी जानता है कि आत्म-बल दूसरे किसी क़िस्म की शक्ति के मुक़ाबले कहीं ज्यादे मज़बूत है। बुराई की शक्ति के ऊपर भलाई की शक्ति की जीत ज़रूर होगी। हिन्दुस्तान में भलाई की अगाध शक्ति मौजूद है। वह शक्ति आप लोगों में से हर किसी के अन्दर है। अगर आप कृतज्ञता या एहसान के साथ उन लोगों के बारे में सोचें जो आपके लिये लड़ रहे हैं, अगर विचार-शक्ति द्वारा आप उनमें बल बढ़ाते रहें, अगर आप बहुत ज़ोरदार ख्वाहिश करें कि ऋषियों की ज़रूर जीत होगी, तो निस्सन्देह यह जीत बहुत जल्द हासिल होगी।

इसका हासिल होना ज़रूरी है। इसे कोई रोक नहीं सकता। हिन्दुस्तान ग़ुलाम नहीं बनाया जा सकता। उसके घरों में गड़बड़ी नहीं फैलने दी जायगी। जैसे २ वक्त गुज़रता जायगा, वैसे २ उसके लोग ज्यादे से ज्यादे सुखी बनते जायेंगे।

ऋषियों के सिपाहियों की जीत ज़रूर होगी। लेकिन आप, अपने साधारण कामों में लगे रहते हुए भी, इन सिपाहियों के साथ मिल कर लड़ सकते हैं—उनकी जीत के लिये प्रार्थना कर के। शायद आप कभी कभी मन्दिरों में जाते हैं। उन पवित्र स्थानों में आप ऋषियों के सिपाहियों की जीत के लिये प्रार्थना कर सकते हैं। आपकी प्रार्थनाओं को वे महा-पुरुष ज़रूर सुनेंगे और पूरी करेंगे, जिनके पवित्र आश्रय में भारतवर्ष विराजमान है।

(शेष पेज १८२ से आगे)

और बाढ़ पर बाढ़ आवे, और समय समय पर जहाँ तहाँ धार्मिक तथा साम्प्रदायिक दंगे हों? सारे हिन्दुस्तान को एक-न-एक दिन किसी बहुत ही बड़ी और भयङ्कर आफ़त में पड़ने से बचाने के लिये यह बहुत ज़रूरी है कि इस बुराई के ख़ज़ाने की बहुत ऊँची सतह किसी सूरत से नीचे उतारी जाय।

भिन्न भिन्न राष्ट्रों और सारी मनुष्य जाति द्वारा धीरे धीरे जमा किये गये इस बुराई के ख़ज़ाने के खेलाफ़ महात्मा-गण सदैव ही भलाई के ख़ज़ाने को भरते रहते हैं। गत सौ वर्षों के अन्दर सबसे बड़ी कोशिश जो उन्होंने इसके लिये की है, वह थियोसौफ़िकल सोसाइटी की संस्थापना है। क्योंकि सोसाइटी का कर्त्तव्य है बुराई के कारणों को समझाना और भलाई बढ़ाने का उपाय बतलाना।

ऋषियों के पक्ष में

(ले०—डा० जी० एस० अरण्डेल, प्रेसिडेन्ट, न्यू इन्डिया लीग)

लड़ाई के पहले वर्ष-गाँठ के अवसर पर दिये भाषण का अनुवाद—सम्पादक।

आज लड़ाई चलते पूरा एक साल हो गया। आप सभी लोगों ने आज से कई हज़ार वर्ष पहले बीते महाभारत के महायुद्ध के बारे में सुना है। आज यह दूसरा महाभारत हमारे सामने है।

आज इसका केन्द्र भारतवर्ष में नहीं है, जैसा उस बार था। अभी इसका केन्द्र यूरोप के महादेश में है, जो यहाँ से सात हज़ार मील की दूरी पर है। उस विशाल महादेश में एक राक्षस है और उस राक्षस से लड़ने वाले भी हैं। यानी, आज भी एक ठीक वैसी ही लड़ाई हमारे सामने है जैसी आज से कई हज़ार वर्ष पहले हुई थी।

जो इस राक्षस से लड़ रहे हैं उनको मदद और आशीर्वाद देने वाले संसार के महान् ऋषिगण हैं। यह ठीक है कि यह राक्षस राक्षसों में सब से बड़ा नहीं है। लेकिन यह भी बहुत मज़बूत है। राक्षस हमेशे बहुत बली हुआ करते हैं और उनके नाश करने में काफ़ी वक्त भी लगता है। यह ख़ास राक्षस, जिसका नाम हिटलर है, ऋषियों के सिपाहियों से कई लड़ाइयां जीत चुका है। लेकिन मैं उम्मीद करता हूँ और मेरा विश्वास है कि ये जीतें अब आगे क़ायम रहने नहीं पायेंगी।

लेकिन हमारी इस मातृ-भूमि को भी एक भारी ख़तरा है। क्योंकि यह राक्षस सारी दुनिया पर अपना राज जमाना चाहता है। वह सभी लोगों को ग़ुलाम बनाना चाहता है। वह स्त्रियों की इज्ज़त प्रतिष्ठा का हरण करना चाहता है। वह बच्चों को क़त्ल करना चाहता है। यहाँ से सात हज़ार मील दूर के महादेश में उसने ये सब कर्म किये हैं। वह ऐसा ही यहाँ हिन्दुस्तान में भी करना चाहता है।

उसे ऐसा करने नहीं दिया जायगा। उसके और उसकी संसार-व्यापी जीत के बीच में ब्रिटिश साम्राज्य खड़ा है। ब्रिटिश साम्राज्य भी जहाँ तहाँ जीत हासिल करने लगा है। ग्रेट ब्रिटेन हथिआर-बन्द आदमियों से भरा है। वहाँ की स्त्रियां भी देश की रक्षा करने में मदद दे रही हैं। उसकी जल-सेना भी बहुत बड़ी और मज़बूत है। उसके पास हवा में उड़ने वाले हवाई जहाज और पानी में डूब कर चलने वाले पनडुब्बी जहाज़ भी हैं। इन बलों के साथ उसने धीरे धीरे राक्षस को हराना शुरू कर दिया है। इसलिये हमें पक्का विश्वास है कि यह राक्षस दुनिया को जीत कर उसे अपना ग़ुलाम न बनाने पायेगा।

लेकिन ब्रिटेन को हिन्दुस्तान के आशीर्वाद की ज़रूरत है। ब्रिटेन ने अब तक बहुत सुन्दर २ काम कर दिखाये हैं। उसके पुरुष वीर हैं और उसकी स्त्रियां वीराङ्गनायें। लेकिन उसे ज़रूरत है मदद की, आशीर्वाद की, हिन्दुस्तान के आत्म-बल की।

आज लड़ाई के इस वर्ष-गाँठ के दिन हम आपसे यही आशीर्वाद देने की प्रार्थना करते हैं। हम आप से रुपया नहीं माँगते। मैं समझता हूँ कि आपमें से बहुतों के पास रुपया है ही नहीं, जो आप देगें। हम आपसे फ़ौज में भर्ती होने के लिये भी नहीं कहते। लेकिन हम ज़रूर आपसे चाहते हैं कि

मनुष्य के ज़रिये पैदा की गई शक्तियों के ही ज़रिये कार्य कर सकते हैं। वे कहीं बुरे कर्म के सोते को रोक सकते हैं, तो कहीं भले कर्म के सोते का मुँह कुछ ज़्यादा चौड़ा कर दे सकते हैं। वे कुछ कमी बेशी कर सकते हैं और मिला-जुला कर कुछ काम निकाल सकते हैं। लेकिन कर्म का एक छोटा कण मात्र भी वे नाश नहीं कर सकते।

वे बुराई के ख़ज़ाने का मिलान भलाई के ख़ज़ाने में अधिक भलाई मिलाकर करने की कोशिश करते हैं। धर्मों के संस्थापक उन्हीं में से आते हैं। हर धर्म आदमी के अन्दर भलाई करने की शक्ति बढ़ाने की कोशिश करता है। लेकिन कुछ थोड़े ही दिनों तक धर्म का पूरा काम ठेकाने से चलता रहता है। बहुत जल्द धर्म के अन्दर कड़ापन या ऐंठन आ जाती है। तब अन्दरूनी ज़िन्दगी को छोड़कर बाहरी शक्ल यानी रस्म रेवाजात पर ही विशेष ज़ोर पड़ने लगता है, और धर्म के पुजारियों का स्वार्थ उसे एक निर्जीव क्रीड बना देता है।

जैसे २ धर्म में कट्टरता आती जाती है, जैसे जैसे धर्म हृदय और मस्तिष्क का जीवन न रह कर सिर्फ़ एक रस्म निबाहने की चीज़ रह जाता है, वैसे वैसे बुराई का ख़ज़ाना बढ़ता जाता है। ऐसी कोई बात नहीं कि धर्म के ज़रिये बुराई पर ज़ोर दिया जाता हो। लेकिन जब बुराइयों के रोकने की कोशिश नहीं की जाती है, तो उसका यही नतीजा निकलता है। सभी क़िस्म की बुराइयां जिनसे बुराई का ख़ज़ाना बढ़ता है, उन्हें हम एक शब्द में कह सकते है—क्रूरता या बे-रहमी।

एक दूसरे को चोट पहुँचाने और सृष्टि के छोटे छोटे प्राणियों के साथ बे-रहमी करने के अनगिनत रास्ते निकल चुके हैं। डा० जी० एस० अरण्डेल, प्रेसिडेन्ट, थियोसौफ़िकल सोसाइटी, ने हाल में बे-रहमी के अनेकों कारण दिखलाये हैं। उन्होंने ख़ास कर मांस भक्षण के लिये जानवरों और सजावट के लिये जानवरों और चिड़ियों की हत्या की बे-रहमी पर बहुत ज़ोर दिया है।

हाल में मैं लण्डन के एक मशहूर फ़ैशनेबुल दूकान से होकर गुज़रा, जहाँ धनी लोगों को अपने मन के मुवाफ़िक़ चीज़ें मिलती हैं। वहां मैंने एक ख़ास नुमाइश देखी जिसमें क़रीब तीन सौ लोमड़ियों के चमड़े सजे गये थे। ख़रीदारों का ध्यान आकर्षित करने के लिये जानवरों के चमड़े चारों ओर फैलाये और टांगे गये थे। मुझे तो वह दूकान एक बड़ा क़साई घर सा दीख पड़ा। लेकिन मुझे संदेह है कि कोई भी औरत, जो लोमड़ी के चमड़े को अपने गले में लपेटने और उसे गर्म रखने के लिये ख़रीदती है, वह शायद कभी नहीं सोचती होगी कि इन चमड़ों के हासिल करने में कितनी भयङ्कर बे-रहमियां करनी पड़ी होंगी।

जहाँ कहीं भी घृणा और विरोध के भाव प्रगट किये जाते हैं, तो उनसे बुराई और मुसीबत का भण्डार बढ़ जाता है। ज़रा हिन्दुस्तान में बड़ी जातियों की ओर छोटी या अछूत जातियों के जो रंज और मलाल हैं, उनके बारे में आप सोचें। आप देखेंगे कि कई हज़ार वर्षों से बड़ी जातियों के करोड़ों आदमियों के ख़िलाफ़ करोड़ों अछूतों के जो दुःख के भाव प्रगट होते रहे हैं, उनकी वजह से हिन्दुस्तान की बुराई का ख़ज़ाना कितना ज़्यादे बढ़ गया है।

ऐसी हालत में क्या, इसमें कोई तअज्जुब की बात है कि हिन्दुस्तान में अकाल पर अकाल पड़े

(शेष पेज १८४ कॉलम २ पर)

भलाई और बुराई के ख़ज़ाने

(ले०—मि० सी० जिनराजदास, एम० ए०)

जब कोई पानी का हौज़ कुछ ऊँचाई पर रखा जाता है, तो उसमें से पानी ज़मीन पर दो ही तरीक़े से आ सकता है। या तो उस में लगे हुए छोटे २ नलों के ज़रिये धीरे २ पानी आ सकता है, या उस हौज़ में छेद हो जाने से बाढ़ के समान पानी नीचे बह जा सकता है।

जब तक यह छोटे २ नल सुचारु रूप से काम करते रहते हैं, तब तक सब कुछ ठीक रहता है। लेकिन अगर ये नल बन्द हो जायँ, और ख़ास कर के अगर एक-ब-एक बहुत पानी बरसने से हौज़ में पानी भर जाय या बहुत ऊँचा उठ जाय, तो हौज़ फट जाता है और पानी का सैलाब बह चलता है। जो लोग उस सैलाब के रास्ते में पड़ते हैं उनके भाग्य में बहुत दुःख झेलना पड़ जाता है।

दुर्भाग्य वश बहुत ज़माने से जमा होते होते मनुष्य जाति के बुरे कर्मों का ख़ज़ाना बहुत बढ़ गया है। हर पीढ़ी में इस ख़ज़ाने की सतह कुछ कम होती रहती है। यह कमी उन आफ़तों और मुसीबतों के ज़रिये होती है जो समय २ पर आदमी के सामने आती हैं। लोग भूल से समझते हैं कि ये आफ़तें ईश्वर की बे-दिली और निर्दयता की वजह से आती हैं। पर असलियत कुछ और ही है।

सोचने की बात है कि जैसे जैसे विज्ञान रोगों को रोकता जाता है, वैसे २ नये नये रोग क्यों पैदा होते जाते हैं। अगर थाइसिस या तपेदिक़ की कमी होती है, तो कैनसर या नासूर की बढ़ती।

ऐसा वक्त पहले कभी नहीं था जब प्रकृति पर इतना अधिकार मनुष्य का रहा हो जितना आज है। संसार का धन बढ़ गया है। फिर भी क्या वजह है कि आख़िरी चन्द सालों से लाखों करोड़ों आदमी बेकारी से इस क़दर दुःखी हो रहे हैं?

आज मनुष्य को पहले से ज़्यादे धन है, पहले से ज़्यादे स्वास्थ्य है, पहले से ज़्यादे स्कूल हैं, पहले से ज़्यादे किताबें हैं, पहले से ज़्यादे सुख के तरह तरह के सामान हैं। फिर भी, साथ ही साथ, घृणा की वजहें भी पहले से ज़्यादे बढ़ी हुई हैं और घृणा ज़ाहिर करने के मौक़े भी पहले से कहीं ज़्यादे बढ़ गये हैं।

ख़ुलासा यह कि जैसे जैसे ख़ज़ाने की सतह हमारी मामूली आफ़तों के ज़रिये कम होती है, वैसे ही मनुष्यों की घृणा की वजह से उसकी सतह बराबर ऊपर भी उठती रहती है।

लड़ाई सिर्फ़ दो क़ौमों के बीच हो सकती है। उस हालत में सिर्फ़ उन्हीं दो क़ौमों की आपस की कार्रवाइयों से सरोकार रहता है। लेकिन कभी २ बहुत-सी क़ौमें शामिल हो जाती हैं, जैसे १९१४—१८ की लड़ाई में हुई थीं। उस समय एक ओर सत्ताइस क़ौमें साथ थीं और दूसरी ओर चार। फिर, लड़ाई में नहीं भाग लेने वाली क़ौमें भी उस लड़ाई के असर से अलग नहीं रह सकी थीं, क्योंकि तेजारत की बर्बादी से सारी दुनिया को दुःखी होना पड़ा था।

महात्मा लोग भी सर्व-शक्तिमान नहीं हैं। उन की दया विशाल है और सभी दुखियों के लिये एक समान है। वे अपनी दया के सञ्चार में किसी जाति या धर्म का कुछ भेद नहीं करते। लेकिन वे

वाले ये तपस्वी आगे चलकर उनके परम शिष्य बने।

अस्तु, इस कहानी से एक बहुत सुन्दर सबक़ हासिल होता है। तपस्या बहुत ऊँचे दर्जे की चीज है। लेकिन शायद तपस्या की आड़ में इस शरीर को गला कर इस का नाश कर देना उचित नहीं। इसलिये तपस्या के साथ २ खान पान का भी यथेष्ट प्रबन्ध रखना ही उससे भी ऊँचे दर्जे की तपस्या समझनी चाहिये।

इसी तरह अहिंसा के आदर्श के ऊंचे होने के बारे में किसी को कदापि कोई सन्देह नहीं हो सकता। लेकिन भगवान की लीला में हिंसा और अहिंसा दोनों की जगह है। इसलिये हमें बहुत सतर्क रह कर देखना चाहिये कि कहीं ऐसा न हो कि जहाँ हिंसा की जरूरत हो, वहाँ अहिंसा की आड़ मे हम अपने उचित कर्त्तव्य में चूक जायँ।

अहिंसा का सब से ऊँचा भाव है ईश्वर की इच्छा में अपनी इच्छा का लय कर देना और इस प्रकार हर तरह की ममता मोह को छोड़ कर ईश्वर की लीला की पूर्त्ति में अपने आप को लगा देना। अतः दैवी विधान के अनुकूल जहाँ अहिंसा की जरूरत हो वहाँ अहिंसा दिखलाना और जहाँ हिंसा की जरूरत हो वहाँ हिंसात्मक कार्य में लगना ही मनुष्य का परम कर्त्तव्य है। हिंसा की जगह पर अहिंसा दिखलाने में भी असल में हिंसा है।

फिर, एक दूसरे पहलू से इस प्रश्न पर विचार कीजिये। एक सच्चे गुरु का कर्तव्य है कि वह लोगों की अवस्था और योग्यता के अनुकूल आदर्श उनके सामने रखे। तभी किसी आदर्श की सफलता और लोगों की असली सेवा हो सकती है। आदर्श गुरुओं ने हमेशे ऐसा ही किया है। इसके खेलाफ़ चलना समाज को हानि पहुँचाना है और अपने इष्ट आदर्श की कुसेवा करना।

राधा चुप हो गई, मानो वह किसी चिंता में डूब गई। कुछ देर मौन होकर किशोरी ने सोचा, "राधा बच्ची है। सभी बच्चियाँ हँसी खुशी से गोधन करेंगी, एक साथ स्नान करेंगी, लाल पीली साड़ियाँ पहनेंगी, इसी सब से इसका भी जी चाह रहा है गोधन करने का। सचमुच में यह दिन बच्चियों के लिये बड़े आनन्द का दिन है। मेरी यही तो एक बेटी है। इसे ही मैं क्यों इस आनन्द से वंचित रक्खूं।' उसने राधा से कहा, 'अच्छा, बेटी, अगर तुम भी गोधन करना चाहती हो तो करो। प्रसाद अनील को खिला देना। वह तो तुम्हें बहुत मानता है। मुझे भी माता की ही दृष्टि से देखता है।'

राधा का मुँह क्रोध से भर आया। उसने कहा, 'माँ, अनील को कहती हो? तुझे वह माता समझता होगा, पर मुझे उसकी चाल चलन अच्छी नहीं लगती। वह हमेशे बुरी २ गालियां बका करता है और बे मतलब बे-गुनाह बच्चे बच्चियों को तंग किया करता है। तुम्हारे सामने भले ही वह साधु बन कर अच्छा दिखाता हो, पर वह दिल का बड़ा काला है। मैं ऐसे आदमी को भाई नहीं बनाऊँगी।

किशोरी—यह बात है! कलियुग है, राधा; किसी की बातों का कोई एतबार नहीं। मैं नहीं जानती थी, अनील का चरित्र ऐसा है। अच्छा, तुम्हीं देखो, राधा; मुहल्ले के किसी लड़के को भाई मान कर उसी के लिये गोधन कर दो।

कुछ देर सोच कर राधा बोली, "मैं सलीम के लिये गोधन करूँगी, माँ। वह बड़ा भलामानुस है। मैं उसे छुटपन ही से सलीम भैया कहा करती हूँ। वह भी मुझे छोटी बहिन के ऐसा ही प्यार करता है। वह बड़ा नेक आदमी है और हमेशे बहुत लेहाज ख़्याल रखता है। तुम भी तो कहती थी, वह बचपन में मुझे स्नेह से खेलाया करता था। और तुम्हारा भी तो वह बड़ा लिहाज़ रखता है, माँ। कैसी तुम्हारी धारणा है उसके बारे में?

किशोरी—हाँ, है तो बहुत अच्छा; लेकिन वह तो मुसलमान है, राधा! वह क्या जाने गोधन

हेगेल के मतानुसार राष्ट्र (State) का निर्माण ही समाज का सर्वोत्तम सुसंगठित रूप है। इससे राजनीतिक शास्त्र की महान मर्यादा प्रतीत होती है। परन्तु इससे कदापि यह नतीजा नहीं निकाला जा सकता कि प्रत्येक मनुष्य को राजनीतिज्ञ बनना ही चाहिये। सब कोई एक ही काम में दक्ष कैसे हो सकते हैं? और सब कोई अगर एक ही काम करने लगें या एक ही शास्त्र पढ़ने लगें, तो इससे संसार कैसे चल सकता है?

एक वर्ग को चाहिये कि दूसरे वर्ग पर विश्वास करे और उससे सहायता ग्रहण करे, न कि एक दूसरे का काम बिगाड़े। यदि हर एक चाहेगा कि हमी नीतिज्ञ और शासन-करता हों, तो इस अनुचित स्वार्थ से शासन कार्य भ्रष्ट हो जायगा। चाहिये कि जो शासन करने योग्य हों वही शासन करें, परन्तु वे न्याय-शील और उदार हों और दूसरे के हित को अपने हित के समान समझें और पूरी जवाब-देही के साथ उसकी रक्षा करें।

ऐसा होने ही से पार्टी-पॉलिटिक्स या वर्ग-नीति का लोप हो जायगा, जिसके द्वारा आज-कल इतनी अशान्ति देखने में आती है। जब तक वर्ग-नीति रहेगी, तब तक कोई प्रजा-तन्त्र शासन या किसी प्रकार का स्वतन्त्र शासन सफलता से नहीं चलाया जा सकता। इसलिये हमें चाहिये कि देश के स्वास्थ्य को पार्टी-पॉलिटिक्स के विकार से खराब न होने दें।

हर शख्स पालिटिकल या राजनैतिक दायरे में ज़बर्दस्ती घुसने की कोशिश न करे, बल्कि अपने २ मुवाफ़िक़ काम में लगा रहे। हर शख़्स एक दूसरे पर एतबार करे और एक दूसरे के एतबार के क़ाबिल बने।

क्या ज़रूरत है कि हर एक जमायत अपना २ कट्टर रिप्रेज़ेन्टेटिभ या प्रतिनिधि भेजें। इससे तो आपस की बद-गुमानी और सलतनत संभालने वालों में जवाब-देही की कमी सरासर महसूस होती है। वैधानिक सुव्यवस्था के लिये किसी प्रतिनिधि को भी निष्पक्ष विचार का होना चाहिये। न कि अपने दल का ग़ुलाम और अपने ही पक्ष का अन्धा हो, जिससे औरों के साथ बात २ में विरोध और अड़ंगा पैदा किया करे। ऐसा होना वर्ग-विधान के प्रतिनिधित्व (party representation) में संभव है।

वर्ग-वाद के हल्ला में जनता की आवाज़ सुनाई नहीं देती। प्रेस की सुविधा या स्वतन्त्रता भी उन्हीं लोगों को है जो किसी वर्ग के उपासक हैं। जनता का हित चाहने वाले बहुतेरे ऐसे स्वतन्त्र विचार के लोग होंगे जो किसी विशेष वर्ग के उपासक नहीं, तथापि जनता के हित का संदेश सुनाने के लिये कदाचित् इनके पास पर्याप्त साधन नहीं है। इस लिये जनता दुःखी है।

जब तक व्यक्ति-व्यक्ति के सुख का प्रबन्ध न हो तब तक सामूहिक सुख प्राप्त नहीं हो सकता। किसी यंत्र का एक भी पुर्ज़ा ख़राब होने से यंत्र ठीक से नहीं चल सकता। व्यक्ति से ही समाज का निर्माण होता है, इससे पृथक समाज का कोई अर्थ ही नहीं। व्यक्ति में शिष्टता और मिल्लत रहने से समाज अच्छा बन सकता है।

इसलिये व्यक्ति अर्थात् व्यक्ति मात्र की भलाई की नीति उपास्य या मानने योग्य है, किसी विशेष वर्ग या पार्टी की नीति नहीं। अभिप्राय यह कि राष्ट्रीय एकता के लिये व्यक्ति-व्यक्ति को एक इन्सान की नज़र से देखते हुए, बाहरी मिल्लत तथा जनता के सुख और समृद्धि का प्रयत्न करना उचित है।

"एक नीति की बात"

(श्री भगवती प्रसाद सिंह, "शूर," छपरा)

(२)

मनुष्यता क्या है? मिल-जुल कर रहना। मनुष्यों के प्रति मनुष्य का भाव रखना। अपने को मनुष्य समझना तथा औरों की भी प्रतिष्ठा एक मनुष्य की भाँति करना। अपना मान करना, अपनी अन्तरात्मा का मान करना, मनुष्य जाति का मान करना तथा सब प्राणियों का मान करना। केवल स्वार्थ-साधन की चिन्ता न करना, बल्कि उचित और सामाजिक सुविधा के लिये त्याग और उदारता से काम लेना।

लोग कहते हैं कि गुलामी करना बुरा है, परन्तु इस का वास्तविक अर्थ नहीं समझते। गुलामी चाहे बुरी हो पर अपने से श्रेष्ठ की मातहदी करना तो कभी बुरा नहीं कहा गया है। यदि ऐसा हो तो समाज का काम ही चलना असम्भव हो जाय—नौकर मालिक की पाबन्दी न करे, शिष्य गुरु की आज्ञा न माने, फौज कमाण्डर के अधीन न रहे, एवं सभी कार्य-प्रणाली का और नियम का संसार से लोप हो जाय; और तब कदाचित् किसी के शब्दों में पूर्ण स्वतन्त्रता या पाशविक स्वतन्त्रता का राज्य हो। "जिसकी लाठी उसकी भैंस" वाली कहावत चरितार्थ हो।

अस्तु गुलामी का वास्तविक अर्थ क्या है? अपनी अन्तरात्मा को मार कर किसी के प्रलोभन या दबाव में पड़ कर, कोई अनुचित कार्य करना।

गुलामी की वृद्धि युग के दोष से हुआ करती है। किसी किसी ज़माने में गुलामी की प्रथा यद्यपि प्रचलित थी, तथापि प्राय: नाम ही को गुलाम देखने में आते थे। उस समय के गुलाम आज कल के कितने आज़ाद लोगों से बहुत अधिक सुखी और स्वतन्त्र थे।

अच्छे युग में नाम मात्र को गुलामी रहती है, परन्तु बुरे युग में स्वतन्त्रता के नाम पर भी गुलामी ही गुलामी देखने में आती है। महा-भारत का समय भी एक ऐसा ही समय था कि भरी सभा में एक अबला का चीर-हरण हुआ। हम तो कहेंगे कि उस सभा में बहुतेरे बीर नहीं, बहुतेरे गुलाम बैठे थे। तभी तो चीर-हरण मानो संभव हुआ और इसका परिणाम जो हुआ, आप सब जानते ही हैं।

जन-तंत्र, पूँजी-वाद और विज्ञान (democracy, capitalism and science) मनुष्य की भलाई के लिये बने हैं, परन्तु अध्यात्म (spiritualism) तथा उचित मनो-वृतियों (sentiments) के अभाव में इनका उल्टा ही असर देखने में आता है। मेल-मिलाप के साधन का लोप होने से जगत का यह हाल है।

जहां धर्म युद्ध और अधर्म युद्ध का विचार नहीं है, दिन रात लड़ाई होती ही रहती है, सोते-जागते, खाते-पीते, सभी समय, और सशस्त्र-नि:शस्त्र, सभी पर, प्रति दिन आघात हुआ करता है, भला उसका भविष्य क्या पूछना! जिस बात के लिये हम पूँजी चाहते हैं वही बात जब संसार से लोप हो जाय, तो हम पूँजी रख ही कर क्या करेंगे! अन्न, जल, वायु, वस्त्र, गृह, कुटुम्ब और न्याय का जिस सभ्यता में ह्रास हो, वह सभ्यता किस काम की, और वह युग-धर्म किस काम का!

कीर्तन और ज़िक्र

एक सज्जन के अनुभव

इस महीने के आरम्भ में पटना थियोसौफ़िकल हेडक्वार्टर्स में दो रोज़ बनारस के राय बहादुर पण्डा बैजनाथ, रिटायर्ड एक्स्ट्रा ऑसिस्टेन कमिश्नर, सी० पी०, और माता जी (श्री मती भगवान सहाय) की अध्यक्षता में कीर्त्तन और ज़िक्र हुए।

कीर्तन के बाद कुछ हिन्दू तथा मुस्लिम भाइयों ने मिल कर "ला इलाह इल्ला हू" का उच्चारण किया। दस बारह मिनट तक यह उच्चारण जारी रहा। इस बीच में मुझे कई अजीब अनुभव प्राप्त हुए, जिनका ज़िक्र संक्षेप में नीचे करता हूँ।

"ला इलाह" के हर उच्चारण के समय मुझे मालूम होता था कि बहुत बड़े पैमाने में शक्ति ऊपर से नीचे उतरती थी और जिस समय "इल्ला हू" का उच्चारण होता था उस समय वह शक्ति संसार के कल्याण के लिये चारों ओर फैल जाती थी।

इसी बीच में मैंने अपनी खुली आँखों से दो महापुरुषों को उजले चमकीले तख्तों पर नीचे उतरते देखा। तब मेरी आँखें बन्द हो गईं और मैं बेहोश हो गया। मैंने सिजदे में सर झुका लिया। मैं घुटने के बल पर बैठा था, और उनमें से सुन्दर काली दाढ़ी वाले एक महापुरुष, जो नीले रंग की पोशाक पहने थे और सर पर एक बहुत सुन्दर साफ़ा बाँधे हुए थे, वे मेरे पास आ कर ठहर गए और जब मैं गिर गया तो उन्होंने अपने दोनों हाथों से मेरे सर को पकड़ कर आशीर्वाद देते हुए कहा, "मेरे बच्चे, तुम मेरे दूसरे बच्चों के साथ मिल-कर काम करो। मैं तुम्हें मदद दूँगा।"

दूसरे महापुरुष ने, जो गुलाबी रंग की लम्बी पोशाक पहने थे, अपने हाथों को क्रॉस के रूप में एक दूसरे पर रख कर मुझे आशीर्वाद दिया। उनका औरा या तेज-मण्डल बहुत बड़ा था। वे मुस्कुराते थे और अपने हाथों को सबों की ओर फेरते हुए आशीर्वाद देते जाते थे। एक व्यक्ति की ओर उनके हाथ कुछ देर तक रुके रहे। ये महापुरुष पहले अन्तर्ध्यान हो गये।

एक तीसरे महापुरुष भी थे जो पीली पोशाक पहने हुए थे। उनका तेज-मण्डल बहुत बड़ा नहीं था। ये थोड़ी ही देर तक वहाँ ठहरे और अन्तर्ध्यान हो गये।

(पेज ८ से आगे)

बात की बात में सारी बस्ती पुलिस से घिर गई। क्या हिन्दू क्या मुसलमान, सब की ख़बर एक ही डंडे से ली जाने लगी। बस्ती के जितने सरगने थे चुन चुन कर पकड़े और चालान किये जाने लगे। सबके मज़हब भूल गये, होश ठिकाने आने लगे।

आख़िर एक रात को हिन्दू मुसलमान सब एक दालान पर जमा हुए। आपस में बिचार किया— जो होना था हो गया, उसे हम लोग भूल जावें। आगे के लिये फिर हमलोग एक बनें। किसी का कुछ नहीं चलेगा। पुलिस भी किसी का कुछ बिगाड़ नहीं सकेगी। सबने हाथ उठा कर सपथ ली। बाद एक हफ़्ता तक पुलिस दंग फ़ग कर के चली गई। पता न लगा। पक्का सबूत न मिलने की वजह से जो लोग पकड़े गये थे छूट गये। तब से दोनों जातियाँ फिर भाई भाई की तरह रहने लगीं।

साम्प्रदायिकता देवी शान्त हुईं, पर दो परिवार के कुल-दीपकों का बलिदान लेने के बाद !

"बिहार मेरा"

(र०—श्री योगेन्द्र प्रसाद, "योगी", एम० ए०, बी० एल०)

रट रहा है तू बिहारी,
क्यों बिहार बिहार मेरा ?
क्या नहीं है चीन अपना,
क्या नहीं जापान तेरा ?
सोच तो किसका अरब है,
क्या नहीं ईरान तेरा ?
तू बता ब्रीटेन किसका,
और किसका अमरिका है ?
रोम बर्लिन क्या न तेरे,
रूस क्या घर गैर का है ?
क्या नहीं पंजाब अपना,
क्या नहीं बंगाल तेरा ?
इन सबों को खो चला क्यों !
देखा क्या है हाल तेरा ॥
क्या न निज काशी मदीना,
क्या नहीं अडयार तेरा ?
रट रहा है तू बिहारी,
क्यों बिहार बिहार मेरा ?
एक क्या राजेन्द्र अपना,
औ' जवाहर दूसरे का ?
क्या नहीं गांधी भी तेरे,
सरहदी वह खां पराया ?
दास किसके, बोस किसके,
लाजपत थे नाज़ किसके ?
थे तिलक, गोखले किसके,
मालवी, आज़ाद किसके ?
भक्त ईसा क्या न तेरे,
क्या न अपने वह नबी थे ?
क्या किसी के और शंकर,
क्या कपिल भी अन्य ही थे ?
क्या न 'रवि' पर नाज़ अपना,
या रमन से प्यार तेरा ?
रट रहा है ०॥
भूलता है तू बिहारी,
मूर्ख अज्ञानी न बन तू ?
एक सरिता बन बिहारी,
कूप का पानी न बन तू ?
बुद्ध का हामी बना है,
विश्व-व्यापी प्रेम उनका !
कर न परिमित यों बिहारी,
तू अपरिमित नेम उनका ?
तू कहे कि अशोक अपना,
यह कहाँ अधिकार तेरा !
सब जगत से प्यार उनको,
और एक बिहार तेरा !
अमर विद्यापति सुकवि के,
गान क्या तू गा सकेगा ?
क्या भला संकीर्ण कूजे में,
समुन्दर ला सकेगा ?
बन न हिन्दी, बन न हिन्दू,
बौद्ध मुस्लिम औ इसाई ।
आदमी है, आदमी बन,
इक ख़ुदा है, इक ख़ुदाई ॥
सब मनुज परिवार तेरे,
है सकल संसार तेरा ।
रट रहा है० ॥

बुलाहट, हुक्का-तम्बाकू तो बन्द ही कर दिये गये, कई मुक़दमों में उन्हे मुद्दालह भी बनाया गया। सब होने पर भी वह हिमालय की तरह अटल रहा। मुक़दमों में मुसलमानों की हार होने लगी। महबूब हर मुक़दमे में बे-दाग़ निकलने लगा। मुसलमानों का द्वेष दिन २ बढ़ता गया। अब महबूब को काफ़िर की उपाधि मिली।

हाथी चले बाजार, कुत्ते भुंकें हजार।

मानो महबूब को इन बातों का ज्ञान ही न हो। पर हरिहर तथा उसकी माँ को इन सभी बातों का पता था। वे समझते थे कि उन्हीं के कारण महबूब पर क्या २ बीत रहे हैं।

आख़िर, मुसलमानों को यह झूठा भ्रम हो गया कि महबूब के द्वारा ही हम लोगों का सारा भेद हिन्दुओं को मालूम हो जाता है। इसलिये उन लोगों ने हरिहर के ही हाथ महबूब का अन्त करा देने का षड्यन्त्र रचा। "एक पंथ दो काज।" महबूब साफ़ और हरिहर पर ख़ून का मामला!

जहर मिला कर गुड़ की एक भेली बनाई गई। मौक़े से हरिहर के हाथ में दे कर उससे कहा गया कि "महबूब भाई मुझसे कुछ ख़फ़ा हो गये हैं, मेरा बैना शायद नहीं लें। तुम इसे ले जाओ और उनसे कहना कि मेरे नानिहाल से यह भेली आई है। माँ ने अपनी सपथ दिलाई है। आप इसे मेरे सामने खाइये।"

यद्यपि हरिहर लड़का था, पर उस भेली में उसे कुछ रहस्य का सन्देह हुआ। वह जानता था कि उसके महबूब चाचा से इन दिनों उन मुसलमानों से कैसा पट रहा है। भेली हाथ में ले कर आगे बढ़ा तो, पर उसका हृदय काँप उठा। पैर लड़खड़ाने लगे। वह समझने लगा कि उसी के कारण उसकी संसार नैया के एक मात्र पतवार महबूब चाचा पर उसी के हाथ कैसा घातक आक्रमण कराया जा रहा है।

फिर कुछ सोच कर अपने जी को उसने कड़ा कर लिया और आगे बढ़ा। भेली का एक टुकड़ा ख़ुद खा लिया। फिर तेज़ी से आगे बढ़ा और अपने चाचा के घर पहुँचा।

महबूब अली अपने दरवाजे पर बैठ चाय पी रहे थे। हरिहर को देखते ही पूछा, "बेटा, कहो, अच्छे तो हो? क्या तुम्हें कुछ कहना है?"

हरिहर—"चाचा, मेरे ही कारण, हाँ, हाँ, ठीक मेरे ही कारण, आपकी जान लेने के लिये मेरे ही हाथ से यह गुड़ की जहरीली भेली किसी ने भेजी है। आप···ओ ··मे···री···सौ···गन्ध ··(गिर जाता है) ह···र···गि···ज···न···खा··· ।

महबूब को मानो लकवा मार गया। वह चुपचाप बैठा देखता रहा। वह न कुछ बोल सका न उठ सका। शायद पहले उसे कुछ समझ ही में न आया। कुछ देर के बाद जब भेली का कुछ भाग टूटा हुआ देखा तब धीरे २ उसकी समझ में सारी बातें आ गईं।

मन में विचार किया—हरिहर ने सौगन्ध दी है कि गुड़ न खाना। पर जब सुन्दर नहीं, हरिहर नहीं, तो महबूब का यहाँ कौन काम और अब क़सम किसकी? गुड़ की भेली उठा कर एक कवर में जितना काट सका काट कर जल्दी २ चबा गया।

थोड़ी देर बाद ही बड़े जोर से बोल उठा, "··अल्लाह! अल्लाह!! पर · वर · दि···गा···र तू ··ख़ ··ब···र—ले···ना ·· ।

दूसरे ही दिन दनादन पुलिस दमकने लगी।

(शेष पेज १० पर)

गुड़ की भेली

(ले०—श्रीमती लालपरी देवी, C/o बा० परमेश्वर प्रसाद, बनौली, दरभंगा)

सुन्दर सिंह और महबूब अली में गाढ़ी दोस्ती थी। लोग कहा करते थे—"दोनों एक जान दो क़ालिब" हैं। बिना आपस की मशिवरा के कोई काम ही नहीं होता। सुन्दर सिंह के परिवार में एक स्त्री और एक लड़का के सिवाय और कोई न था। महबूब को एक बूढ़ी माँ, एक बीबी, एक लड़की और दो लड़के थे। माली हालत भी महबूब की अच्छी थी। यद्यपि दोनों एक ही ग्राम के रहने वाले थे, पर टोले दोनों के दो थे। दोनों के घरों का फ़ासला चौथाई मील था। पर शायद ही कोई दिन ऐसा होता कि दोनों को भेंट न होती।

महबूब अली के बच्चे सुन्दर सिंह को अपना सगा चाचा समझते और सुन्दर सिंह का बच्चा महबूब को। प्रत्येक पर्व्व त्योहार, उत्सव में जब तक एक दूसरे के यहाँ तोहफ़ा (बैना) न भेज लेते तब तक चैन न मिलता।

सुन्दर सिंह बीमार पड़ा; उसकी हालत दिन दिन बिगड़ती गई। महबूब अली ने उनकी दवा दारू, सेवा-सुश्रूषा में कोई क़सर न रखी। दिन-रात बिना दाना पानी के उसकी सेवा में लगा रहा। उसके लिये नींद हराम थी, पसीना पानी था, पैसे ठिकड़े थे। पर जिसका चिट्ठा पूरा हो जाता है उसको कौन रोक सकता है?

मंगल का दिन था दो-पहर का समय। सुन्दर सिंह घर में एक चौकी पर पड़ा है। नीचे उसकी स्त्री बैठी पंखा झल रही है और पायताने में उसका लड़का चुप बैठा माँ की ओर देख रहा है।

महबूब अली वैद्य के यहाँ से दवा लेकर आया और हरिहर, हरिहर, करता भीतर घर में दाखिल हुआ। सुन्दर सिंह की हालत और दिनों से कुछ सुधरी सी मालूम होती थी। उसने महबूब को सामने पड़ी तिपाई पर बैठ जाने का ईशारा किया। उसको होश में देख कर महबूब के चेहरे पर एक बार आशा-रेखा दौड़ गई। वह ज्योंही बैठा कि सुन्दर की आँखों से अविरल अश्रु-धारा बहने लगी। उसने महबूब का हाथ पकड़ कर अपने लड़के हरिहर का हाथ पकड़ाते हुए कहा, "दोस्त, क्षमा करो। अपनी थाती अपने सुपुर्द...करो। मैं ...त्रि...दा... माँ · ग...ता...।

घर क्रन्दन-क्षेत्र बन गया। "सुन्दर" सुन्दर पुरी सरक गया। ठठरी का संस्कार समाप्त हो गया।

हरिहर तथा उसकी बिधवा माता के लिये यह संसार सूना, नीरस और अगम मालूम होने लगा। उन अनाथों का नाथ, रक्षक, सहायक अथवा यों कहो कि डूबते के लिये तिनका जो कुछ भी हो वही एकमात्र महबूब अली है। वह बेचारा अपने जानते उन लोगों के लिये कुछ उठा नहीं रखता।

कुछ दिनों से इस बस्ती का मजहबी वायु-मंडल बहुत बिगड़ गया था। हिन्दू मुसलमानों में छोटे मोटे मज़हबी मसले लेकर मामला-मुक़द्दमा को कौन कहे, मार-काट भी होने लगे थे। पर महबूब के मिजाज में कोई तबादिला नहीं हुआ। हरिहर और उसकी माँ की देख भाल वह पूर्ववत् करता रहा। इसके लिये उसके ऊपर मुहल्ले के मुसलमानों का जोर जुर्म भी शुरू हो गया। सामाजिक बहिष्कार की बेढंगी बातें भी सामने आने लगीं। बेरादरी की

मिल्लत

ले०—आर्गेनाइज़िंग सेक्रेटरी, "गणेश" (N.19.-11, F.T.S)

(बाल-बालिकाओं के लिये—पहली किताब से)

आपस के झगड़े बुरे होते है। सबको आपस में मिलकर रहना चाहिये। कभी लड़ाई-झगड़ा नहीं करना चाहिये। लड़ाई-झगड़ा करने से फ़ायदा कुछ नहीं होता, नुक़सान ही होता है।

हिंदुस्तान में कई मज़हब के लोग रहते हैं—हिंदू, मुसलमान, सिख, पारसी, ईसाई, आदि। सब इसीका अनाज खा कर और पानी पीकर बड़े होते हैं। तो क्या हम सब भाई-भाई नहीं हैं?

सबका एक ही ईश्वर है। वही सबको पालता है। सब उसी की औलाद हैं। लेकिन हम उसको जुदा-जुदा नामों से पुकारते हैं। हिंदू मंदिरों में जाकर उसी की पूजा करते हैं। वे उसको ईश्वर या भगवान कहते हैं। मुसलमान मसजिदों में नमाज़ पढ़ते हैं और उसकी दुआ मांगते हैं। वे उसे अल्लाह कहते हैं। ईसाई अपने ईश्वर की पूजा गिरजाओं में जाकर करते हैं। यह सब फ़रक सिर्फ नाम का है। असल में हिंन्दू, मुसलमान, ईसाई, वग़ैरह, में कोई फ़रक नहीं हैं। और सब को मिलकर रहना चाहिये। जाति और मज़हब का फ़रक मान कर आपस में झगड़ना बेवक़ूफ़ी है। सच पूछो तो मिल्लत में ही ताक़त है।

(नोट—यह छोटा लेख मद्रास प्रान्त के हमारे एक मित्र ने छापने के लिये भेजा है। वे शिक्षा विभाग के एक अच्छे कार्य्य-कर्त्ता हैं और मेल-मिलाप के कामों में अच्छी दिलचस्पी रखते हैं।

हम इस लेख को खुशी से "मेल-मिलाप" में स्थान देते हैं। बच्चे बच्चियों की पुस्तकों में शुरू से ही यदि ऐसे ही भाव भरें जायँ तो मेल-मिलाप की विकट समस्या बहुत सुगम हो जाय। शिक्षा विभाग के अधिकारी-गण को ज़रूर इस ओर विशेष ध्यान देना चाहिये।—सम्पादक)

किये हैं और आज भी कर रहे हैं। आज हमारी आपत्तियों का यह कुछ साधारण कारण नहीं है। पशु वास्तव में हमारे छोटे भाई हैं। उनको दुःख पहुँचा कर हर्गिज़ हम सुखी नहीं रह सकते। इसलिये उनके प्रति अपना उचित कर्त्तव्य पालन करना हमें सीखना ज़रूरी है।

"मेल-मिलाप" हमें यह भी याद दिलाता है और दिलाता रहेगा कि ऋषि-महात्माओं, देवी देवताओं, आदि, विश्व के अदृश्य प्राणियों के साथ भी हमारा घनिष्ट सरोकार लगा हुआ है। उस सरोकार को भी याद रखना और उसके प्रति भी अपना उचित कर्त्तव्य पालन करना हमारा ज़रूरी धर्म है। इस कर्त्तव्य का पालन हम यज्ञ, जप, भजन, कीर्त्तन, आदि, के ज़रिये करते हैं। इसलिये "मेल-मिलाप" में समय २ पर इनका भी ज़िक्र आया करेगा।

अन्त में, "मेल मिलाप" हमें ईश्वर के पास पहुँचाये बिना छोड़ नहीं सकता। यही असल "योग" है, यही "मेल-मिलाप" है, जिसका अत्यन्त सुन्दर वर्णन हम श्री मद्भगवद्गीता में पाते हैं। अत: योग सम्बन्धी बातें भी "मेल-मिलाप" में आती रहेंगी।

क्षेत्र असीम है! जहाँ तक सेवा बन सके!

—सम्पादक।

यह शोभा नहीं देगा कि वह उससे अलग होने की बात सोचे। आज समय ऐसा आ गया है जब हर राष्ट्र के लिये यह सीखना लाज़मी हो गया है कि संसार अथवा सारी मनुष्य जाति के कल्याण के लेहाज़ से उसे ज़रूर कुछ न कुछ त्याग करना चाहिये।

इस त्याग का एक सुन्दर उदाहरण संसार के सामने पेश करने का एक बहुत ही अच्छा अवसर आज हिन्दुस्तान को मिला हुआ है। इसलिये इस अवसर को हमें हर्गिज़ हाथ से जाने नहीं देना चाहिये। हमें अच्छी तरह जान लेना चाहिये कि ईश्वर के दरबार में कोई त्याग हर्गिज़ बेकार नहीं जाता। हिन्दुस्तान की आज़ादी का वक़्त तो आज आ ही गया है। वह आज़ादी जितने ही पवित्र त्याग की बुनियाद पर क़ायम होगी, उतना ही उसका महत्त्व अधिक बढ़ा रहेगा, उतनी ही शीघ्र आज़ादी हासिल होगी।

फिर, "मेल-मिलाप" आज की संसार-व्यापी लड़ाई को भी छोड़ नहीं सकता। यह लड़ाई सारे संसार को एक साथ मिलाने आई है, "मेल-मिलाप" का व्यापक कार्य साधने आई है, सभी राष्ट्रों और सभी लोगों में संसार-व्यापी भाव भरने आई है। विकास के दुश्मन संसार को इस उत्तम आदर्श की ओर बढ़ने से रोकने पर तुले हैं और देश देश पर घोर अमानुषिक अत्याचार करते चले जा रहे हैं। उनके प्रचण्ड प्रकोप से संसार की रक्षा करना इन्सानियत का सब से पहला तक़ाज़ा है। इस युद्ध में ब्रिटिश लोग संसार और संसार के दुश्मनों के बीच अभेद्य ढाल बन कर खड़े हैं, और दुश्मनों का छक्का छुड़ाने पर कमर कस कर मैदान में डटे हैं। अहा! वे कैसी बहादुरी के साथ लड़ रहे हैं! आज़ादी और इन्साफ़ के नाम पर कितने पहले दर्जे का त्याग कर रहे हैं!

हाँ, यह ठीक है कि उनके अन्दर कमज़ोरियाँ भी हैं। किसके अन्दर कमज़ोरियाँ नहीं है? अफ़सोस कि अभी तक उनकी आँख इस हद तक नहीं खुली है कि वे देख सकें कि जिस आज़ादी और न्याय की ज़रूरत यूरोप के छोटे २ देशों के लिये है, उसी आज़ादी और न्याय की ज़रूरत हिन्दुस्तान जैसे एक महान् देश के लिये उनकी अपेक्षा किसी दर्जे कम नहीं, बल्कि कहीं ज़्यादा है। हम पूरे तौर से विश्वास करते हैं कि उनकी आँख खुलेगी, बहुत जल्द खुलेगी। वे देखेंगे और अपना कर्त्तव्य पालन करेंगे।

लेकिन सवाल यह है कि हम क्या करें। क्या हम भी उन्हीं के ऐसा खींचा-तानी करते रहें? ऐसा करना भारतवर्ष की प्राचीन सभ्यता और गौरव के बिल्कुल ख़िलाफ़ होगा। इस लड़ाई में ज़रूर ही ईश्वर का कुछ विशेष आशय है। इसलिये हमारा कर्त्तव्य है कि हम भगवान की इस लीला के रहस्य को समझें, उच्च दृष्टि से सारी बातों को देखें और उसी के अनुकूल अपना आचरण बनायें। यह दुर्लभ अवसर आज हमारे सामने मौजूद है।

ख़ुलासा यह कि आज हमें सभी दूसरे ख़्यालों को छोड़ कर दिल खोल कर, तन, मन, धन से, हर सूरत से, इस लड़ाई में इंगलैन्ड की मदद करनी चाहिये, ताकि यह लड़ाई शीघ्र ख़तम हो, संसार का संकट दूर हो और शान्ति और सुख का राज्य तमाम फैले।

फिर, "मेल-मिलाप" मनुष्य जाति के छोटे भाईयों अर्थात् पशुओं को भी नहीं भूल सकता। हम मनुष्यों ने पशुओं के ऊपर घोर अत्याचार

शहर हो जहाँ "मेल-मिलाप" चाव से न पढ़ा जाता है।

पर हम अभी इसके प्रचार से सन्तुष्ट नहीं। हमें तो उस वक़्त तक चैन नहीं पड़ेगा जब तक "मेल-मिलाप" का प्रचार दस हजारों की तायदाद में न होने लगेगा, जब तक सभी स्कूलों और लाइब्रेरियों की मेजों पर यह न पहुँच जायगा।

यदि हमारे सहायक गण इस ओर थोड़ा ध्यान देने का कष्ट स्वीकार करें तो यह काम आसानी से पूरा हो जायगा। हम अपने पुराने ग्राहक-गण से प्रार्थना करेंगे कि वे कृपया नये साल का चन्दा "मेल-मिलाप" आफ़िस में अविलम्ब भेज दें, और हर ग्राहक अपने इलाक़े से कम से कम ५ नये ग्राहक देने का प्रयत्न करें। "मेल-मिलाप" के समर्थक सभी महानुभावों से हमारा सविनय अनुरोध है कि वे कृपया अपने अड़ोस पड़ोस के स्कूलों और लाइब्रेरियों में "मेल-मिलाप" को जरूर पहुँचाने की कोशिश करें।

इस सिलसिले में पटना सिटी के हमारे एक दोस्त, मि० मिर्ज़ा क़ैसर नवाब, ने एक दूसरा छोटा और हल्का, पर सुन्दर और कार्य-शील, उदाहरण पेश किया है। आपने अपनी ओर से १२ लाइब्रेरियों में "मेल-मिलाप" मुफ़्त में भेजने के लिये चन्दे दिये हैं। इस उदाहरण के फल स्वरूप पटना म्युनिसिपैलिटी के कई कमिश्नरों ने यथा-शक्ति दो, चार, दस लाइब्रेरियों के लिये चन्दे अपनी २ ओर से दिये हैं। आशा है अन्य महानुभाव भी इस उदाहरण का अनुकरण कर इस महान् कार्य को सुगम करने में सहायक बनेंगे।

अब अन्त में इस नये वर्ष के आरम्भ में अपने आदर्श को फिर से एक बार याद कर लेना अच्छा होगा। "मेल-मिलाप" सदा इस बात की कोशिश करता रहेगा कि देश के अन्दर हिन्दू, मुसलमान, पारसी, ईसाई, बौद्ध, आदि सभी धर्मों में एक दूसरे के प्रति सहानुभूति और प्रेम-भाव बढ़े; राजा-प्रजा, पूँजीपति-मजदूर, बड़े-छोटे, धनी-ग़रीब, मालिक नौकर, स्त्री-पुरुष, आदि, सभी श्रेणी के मनुष्यों में सच्चा मेल और प्रेम भाव फैले। ख़ुलासा यह कि "मेल-मिलाप" यह दिखलाने की कोशिश करता रहेगा कि एक गुलदस्ते के रंग-बिरंगे फूलों की नाईं इन विभिन्न श्रेणी के मनुष्यों के अस्तित्व से राष्ट्र रूपी गुलदस्ता अधिक सुन्दर और समुन्नत बनता है।

"मेल-मिलाप" आदर्श राष्ट्रीयता का भाव लोगों के सामने रखता रहेगा। किसी राजनैतिक दल से इसका कोई ख़ास सरोकार नहीं। पर यह आदर्श रूप से यह दिखलाने की कोशिश करता रहेगा कि हिन्दुस्तान की असली आत्मा का क्या स्वरूप है, इसका क्या निरालापन है और राष्ट्रीय नव-निर्माण में किस तरह उस सुन्दर निरालेपन को प्रगट करना चाहिये।

फिर "मेल-मिलाप" हिन्दुस्तान और इंगलैन्ड के सयुक्त संघ का पक्का हामी है। इसका ख़याल है कि इन दोनों देशों का संयोग इनके व्यक्तिगत हित के साथ २ सारे संसार के कल्याण के लिये अत्यन्त आवश्यक है। हाँ, यह ठीक है कि दोनों को समानता के भाव से मिल कर रहना चाहिये। अर्थात्, इनका संयोग अब "इन्डो-ब्रिटिश कॉमनवेल्थ" के रूप में परिणत हो जाना चाहिये। इंगलैण्ड के लिये यह फ़र्ज़ है कि वह अविलम्ब भारत को अपना आजाद साथी बनाले।

पर यदि इंगलैन्ड ग़लती करे, तो संसार की मौजूदा नाजुक परिस्थिति में भारत के लिये हर्गिज़

नये वर्ष का शुभागमन !

आज "मेल-मिलाप" दूसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह हमारे लिये बड़े ही आनन्द का अवसर है। जिस समय यह पत्र जारी किया गया, बहुतों ने इसकी सफलता तथा इसके भविष्य के बारे में सख्त बद-गुमानियाँ ज़ाहिर की थीं। उनका ख़्याल था कि यह पत्र चन्द महीनों से आगे न जा सकेगा। लेकिन भगवान की असीम कृपा से यह पत्र सुचारु रूप से जनता की सेवा करता आया है और आगे भी इसकी सेवा जारी रहने की पूरी उम्मीद ही नहीं, बल्कि पूरा विश्वास भी है।

इसमें सन्देह नहीं कि इस पहले साल में इस पत्र को सख्त कठिनाइयों का मुक़ाबला करना पड़ा है। बीच में कई बार ऐसा समय आया जब आर्थिक कठिनाइयों की वजह से इसके बन्द होने की सम्भावना हुई। लेकिन इसके आदर्श, इसके भाव और इस पत्र के समर्थकों ने बड़ी परेशानी उठा कर और काफ़ी त्याग कर के इसे अकाल मृत्यु से बचाया।

इस सम्बन्ध में बिहार थियोसौफ़िकल फ़ेडरेशन के प्रमुख सदस्यों ने विशेष सहायता की। अतः हम विशेष रूप से उनके आभारी हैं। साथ ही हम उन सभी सज्जनों को भी हृदय से धन्यवाद दिये बिना नहीं रह सकते जिन्हों ने दिल खोल कर "मेल-मिलाप" के लिये दान दिये और दान दिलाये, ग्राहक बने और ग्राहक बनाये, लेख लिखे और लेख लिखवाये। उन्हीं की कृपा का यह फल है कि "मेल-मिलाप" आज तक ज़िन्दा है और आगे भी सफलता पूर्वक ज़िन्दा रहने तथा बढ़ने की आशा रखता है।

जगह की कमी से हम किसी ख़ास आदमी का नाम नहीं देते। लेकिन एक सज्जन का नाम लिये बिना हम नहीं रह सकते। ये हैं एच० इ० एच० निज़ाम, हैदराबाद। आपकी सरकार ने मेल-मिलाप के आन्दोलन और "मेल-मिलाप" पत्र को बहुत पसन्द किया और इस कोशिश को जारी रखने के लिये ३०००) हाल में दान दिये। आपका यह सुन्दर उदाहरण अत्यन्त ही अनुकरणीय है। आशा है हमारे देश के दूसरे राजे-महाराजे, सेठ-साहूकार तथा अन्य धनी-मानी सज्जन भी हृदय खोल कर इस पवित्र तथा आवश्यक कार्य में उदारता पूर्वक दान देकर देश की एक अत्यन्त विकट समस्या को हल करने में हाथ बटायेंगे, और इस प्रकार महान् यश के भागी बनेंगे।

अब ज़रा सोचना चाहिये कि इस पहले वर्ष में "मेल-मिलाप" की कार्रवाई कहाँ तक बढ़ पाई है। "मेल-मिलाप" की प्रशंसा हिन्दू, मुस्लिम, पारसी, ईसाई, आदि, सभी धर्मों तथा विचारों के नेताओं ने हृदय से की है। हिन्दी, उर्दू तथा अंग्रेज़ी पत्र-पत्रिकाओं ने भी ख़ूब ही इसकी तारीफ़ की है।

बिहार, संयुक्त-प्रान्त, मध्य-प्रान्त और बरार, सिन्ध, और उड़िस्सा सरकारों के शिक्षा-विभागों ने इसे स्कूलों, कालेजों, होस्टलों और लाइब्रेरियों के लिये मंज़ूर किया है। बंगाल, बम्बई और मद्रास प्रान्तों में इस प्रकार की मंज़ूरी का सिलसिला उठा दिया गया है। अतः अब "मेल-मिलाप" के लिये इन आठ प्रान्तों के विद्यालयों के दरवाज़े खुल गये हैं।

"मेल-मिलाप" आज हर किसी का अपना प्यारा पत्र हो चला है। हिन्दुस्तान के कोने २ में इसका प्रवेश हो गया है। शायद ही कोई बड़ा

संसार का नव-निर्माण

मि० सी० जिनराजदास का प्रस्ताव

लंदन में यूरोपियन फ़ेडरेशन कौन्सिल की मीटिंग में ता० १४ मई १६४० को मि० जिनराजदास ने नीचे दिया प्रस्ताव पेश किया, जो सबकी राय से पास हुआ—

"राष्ट्रीय थियोसौफ़िकल सोसाइटियों के यूरोपियन फ़ेडरेशन की यह कौन्सिल यह प्रस्ताव करती है कि यूरोप और दुनिया के नव-निर्माण—जिस का लड़ाई के बाद होना बिल्कुल जरूरी है—के हर पहलू में—चाहे वे राजनीति, धन, काम-धन्धा या समाज, किसी से सम्बन्ध रखने वाले क्यों न हों—नीचे दिये सिद्धान्तों का जरूर पालन होना चाहिये:—

(१) यह कि मनुष्य जाति की असली तरक़्क़ी के लिये यह जरूरी है कि हर आदमी आज़ादी के साथ उन्नति कर सके;

(२) यह कि इस तरक़्क़ी में जाति-पाँति, रूप-रंग, धर्म-सम्प्रदाय, स्त्री-पुरुष के भेद की वजह से कोई बाधा न पहुँचे;

(३) यह कि हर व्यक्ति का सरोकार अपने राज्य के साथ, जिसका वह एक अङ्ग है, इस तरह का होना चाहिये कि अपने व्यक्तित्व के स्वतन्त्रता पूर्वक प्रगट करने में कोई रुकावट उसके सामने न पड़े, सिवाय इस रुकावट के कि कहीं उसके अपने व्यक्तित्व के प्रगट करने की वजह से दूसरों के अपने २ व्यक्तित्व के स्वतन्त्रता पूर्वक प्रगट करने के हक़ में कुछ खलल न पहुँचे।"

नोट—यह प्रस्ताव बड़े ही महत्व का है। यह साफ़ २ बतलाता है कि आगे मनुष्य जाति को किस आदर्श की ओर बढ़ना चाहिये। अब तक संसार में बहुत सी सभ्यताएँ आईं और गईं। अब फिर एक नई सभ्यता के क़ायम होने का समय आ गया है। इस सभ्यता की बुनियाद किन २ सिद्धान्तों पर क़ायम होनी चाहिये, उसका बहुत ही सुन्दर भाव इस प्रस्ताव में दिखाया गया है।

सब से पहली बात नोट करने की यह है कि आज़ादी का सब से प्रधान आशय अथवा लक्षण है व्यक्तिगत आज़ादी। अब मनुष्य जाति विकास की उस मंज़िल पर पहुँच गई है जब हर मनुष्य को अपने तरीक़े से उन्नति करने का पूरा मौक़ा दिये बिना काम नहीं चल सकता। इसलिये अब संसार के नव-निर्माण में व्यक्ति से सरोकार रखने वाली हर पद्धति में इस व्यक्तिगत आज़ादी को सब से पहली जगह मिलनी चाहिये।

दूसरी बात यह है कि अब समाज में सभी श्रेणी के व्यक्तियों को अपने २ तरीक़े से आगे बढ़ने का समान अधिकार मिलना चाहिये। अभी भी एक जाति वाले दूसरी जाति वालों के साथ, एक धर्म वाले दूसरे धर्म वालों के साथ, एक देश वाले दूसरे देश वालों के साथ, प्रायः घृणा का भाव रखते हैं और एक दूसरे को नीचे दबाने का ख़याल रखते हैं। संसार के नये निर्माण में इन सारे भेद भावों को जड़ से उखाड़ फेंकना चाहिये।

फिर, व्यक्ति को राज्य की चक्की में दब कर पिसते ही नहीं रहना चाहिये। यह ठीक है कि हर व्यक्ति को अपनी पूरी ताक़त भर राज्य की सेवा करनी चाहिये। लेकिन साथ ही राज्य का यह कर्त्तव्य है कि वह हर व्यक्ति को उसके व्यक्तित्व के पूर्ण प्रकाशन में पूरी सहायता दे।

—सम्पादक।

मेल-मिलाप

वर्ष २ | पटना, १७ नवम्बर, १९४० | संख्या १

प्रेम की धारा !

श्री पं० जगत नारायण, सम्पादक

हे प्रेम-सिन्धु ! प्रेम की
धारा वहे, वहे !
हर ओर प्रेम, प्रेम की
धारा बहे, बहे !!
हे प्रेम-सिन्धु !० ॥१॥
हा प्रेम ! प्रेम ! प्रेम की
धारा बहे, बहे !
सब ओर प्रेम, प्रेम की
धारा बहे, बहे !!
हे प्रेम-सिन्धु !० ॥२॥
हर देश, हर विदेश में,
हर प्रान्त में बहे !
हर जाति, हर जमाति में,
हर हृदय में बहे !!
हे प्रेम-सिन्धु !० ॥३॥
हर धर्म, सम्प्रदाय में,
हर क़ौम में बहे !
हर भाव, हर विचार में,
हर कर्म में बहे !!
हे प्रेम-सिन्धु !० ॥४॥
हर क्षेत्र, हर समाज में,
हर अङ्ग अङ्ग में !
बस प्रेम, प्रेम, प्रेम की
धारा बहे, बहे !!
हे प्रेम-सिन्धु !० ॥५॥

नोट—पाठक-गण से निवेदन है कि भजन मण्डलियों तथा कीर्तन समाजों में इस पद्य का खूब प्रचार करें। पहले दो पद्य कीर्तन के लिये बहुत अच्छे पाये जायेंगे।

"प्रेम-सिन्धु" की जगह पर "प्रेम-देव", "करुणा-निधि", "दीन-बन्धु", "महादेव". "अवढर'-ढर', "जगद्गुरू", "मुरली-धर", 'सिया-राम", "प्रेम-देवि", "जगजननि", आदि, शब्द रख कर ईश्वर के किसी स्वरूप अथवा किसी देवी देवता का आशीर्वाद उतारा और फैलाया जा सकता है।

अभिनन्दन !

श्री पं० सूरज-चन्द्र सत्य-प्रेमी (डाँगीजी)

आ, नव वर्ष ! करें अभिनन्दन।
उठीं हृदय में भाव तरंगें,
जागीं मन की मस्त उमंगे।
धर्म धर्म में, जाति जाति में,
देखें एक प्रेम का बन्धन ॥
आ, नव वर्ष !० ॥१॥
उदित होयँ आदित्य कलाधर,
चमकें सरवर अधर धराधर।
सत्य अहिंसा को सारा जग,
करता रहे निरंतर बन्दन ॥
आ, नव वर्ष !० ॥२॥

گورنمنٹ بہار۔ اڑیسہ۔ سی۔پی۔ یو۔پی وسندھ کے محکمہ تعلیمات سے منظور شدہ

میل ملاپ

جلد ۲	دسمبر سنہ ۱۹۴۰ء	نمبر ۲

فلسفۂ محبّت

عالیجناب زائرالقادری صاحب زائر فیروزپوری

محبت کے معمے کو کوئی حل کر نہیں سکتا
کوئی اس کی کہانی کو مکمل کر نہیں سکتا
محبت دیکھتی ہے دل کی دزدیدہ نگاہوں سے
محبت بولتی ہے عاشقوں کی سرد آہوں سے
محبت کھیلتی ہے نوجوانوں کی جوانی سے
نہاتی ہے محبت تیز تلواروں کے پانی سے
محبت بے خطر رقصاں ہے تلواروں کی دھاروں پر
محبت گل فشاں آئی شہیدوں کے مزاروں پر
محبت قہرماں ہو تو بگڑ جاتی ہیں تدبیریں
محبت مہرباں ہو تو سدھر جاتی ہیں تقدیریں
محبت کا جو بندہ ہے وہ ہر دم شاد رہتا ہے
گرفتار محبت ہر جگہ آزاد رہتا ہے
کہیں یہ طور پر خود اپنے ہی جلوے سے ناکارہ
کہیں یہ نجد کی وادی میں مجنوں بن کے آوارہ
محبت کرشن کی بنسی میں چشتیؔ کے ترانوں میں
محبت نانک و گوتم کے جاں پرور فسانوں میں
محبت نے جمال ایزدی کا روپ دھارا ہے
جمال ایزدی بحر محبت کا کنارا ہے
محبت کو بشر روز ازل سے ساتھ لایا ہے
بشر درس محبت سیکھ کر دنیا میں آیا ہے
محبت جلوہ گر ہے ہر جگہ نور خدا ہو کر
یہ ہر اک رنگ میں رہتی ہے لیکن بے بتا ہو کر
ہوئی آدم کی پیدائش سے پہلے ابتدا اس کی
ہے بحر بیکراں کوئی نہیں ہے انتہا اس کی

محبت کا تو زائرؔ ہر جگہ پیغام دیتا جا
مئے الفت کا ہر سرشار کو اک جام دیتا جا

اڈیٹوریل

میل ملاپ

آپ بھی سوچئیے

ہمیں یہ دیکھکر دُکھ ہوتا ہے کہ ایک انسان دوسرے انسان کو مثل درندوں کے دکھ دینے اور تکلیف پہونچانے کی فکر کرتا ہے۔ انسان کُل کائنات سے افضل اور بہتر سمجھا جاتا ہے۔ کیونکہ یہ ہی وہ درجہ ماتہ ہی زندگانی کا ہے جہاں اچھے یا بُرے اعمال (کرم) سے بلندی یا پستی حاصل ہوسکتی ہے۔

ننو میں نوے ایسے انسان ہیں جو اپنے حواس خمسہ کا زیادہ پاک اور صاف ہونا امکان سے باہر سمجھتے ہیں۔ بعض ایسی سمجھدار ہستیاں بھی ہیں جو شمس التبریز یا سلمان فارسی کے اتنی اپنی بلندی ناممکن اور بڑی جسارت سمجھتی ہیں۔ یہ خیالات کچھ تو لاعلمی کے باعث پیدا ہوتے ہیں یا کم سنی سے انکے مذہبی پیشواؤں نے انکو ایسے ہی خیال کا بنا رکھا ہے۔ ایسی سمجھ والے انسان بظاہر بُرے سیل۔ شریف النفس اور نیک ہوتے ہیں لیکن باطن انکا کثیف رہتا ہے۔ انکی ظاہری خوبیوں کی وجہ سے انکے اندرونی روحانی مخزن میں ہیجان پیدا ہوتا ہے اور بُرائیاں قدرتی طور سے اُبھرنا شروع ہوتی ہیں۔ یہ لوگ اپنے نفس پر قابو رکھنا نہیں جانتے اور نہ اسکے سیکھنے کی کوشش کرتے ہیں اسلئے نفسی کثافت کو نیکی پر فتح ہوتی ہے اور بُرے سے بُرا پروپگنڈا خطرناک اور خونی مناظر پیدا کرنے والی اسکیم ایسے انسان بنایا کرتے ہیں۔

اگر صرف اپنی دنیاوی اور مذہبی کاموں میں یہ ہی یاد رکھیں کہ خدا حاضر و ناظر ہے۔ اور وہ دیکھتا اور جانتا ہے تو بُرائی ان سے نہیں ہوسکتی ہے۔

دنیا میں آجکل خون۔ تباہی۔ دشمنی اور کینہ پروری جو کچھ پھیلی ہوئی ہے وہ بظاہر اچھے ہی لوگوں کے دماغ کی آورد ہے۔ اچھے ہم اس لئے کہنے پر مجبور ہیں کہ یہ دنیا میں اچھے سمجھے جاتے ہیں یا اچھے سمجھے جاتے تھے لیکن عملی تجربہ اور دیکھ بھال کے بعد یہ معلوم ہوا کہ بجھائے ہوئے زہر ہیں ہندوستان کے علاوہ مہذب ہونے کا دعویٰ کرنے والی یورپین قومیں ہیں اور ایسی ایسی مفید اور اُمید بخش باتیں ان کے دماغوں سے نکلتی رہتی ہیں جنے کہ دنیا کو بڑے بڑے مغالطہ میں کر رکھا ہے۔ انکی چڑھی بارگاہ نے مسیح ثانی کا درجہ انکے ملک میں دے رکھا ہے۔ ان خود ساختہ اچھے لوگوں کی اتنی وقعت اور اتنا اقتدار ظاہر ہوگیا ہے کہ مذہب عیسائیت کی بھی وہ وقعت یورپ میں نہ رہی۔ ان ہی خود ساختہ ڈکٹیٹروں کے احکام انجیل مقدس سے بھی زیادہ مقدس اور اہم ہیں۔ ان ہی ڈکٹیٹروں کی ذہنی گندگی اور کثافت روحانی کا نتیجہ منظر خونی یورپ میں موجود ہے صرف انکی خود غرضی اور لالچ کی پیاس بجھنے کی غرض سے علاوہ عیاری اور مکاری کے موت کی مینہ برستی رہتی ہے۔

ان ڈکٹیٹروں کی ڈکشنری میں ظلم اور ہٹ دھرمی کا نام رحم اور عدل و انصاف ہے۔ لیکن خدائی طاقتیں جو پوشیدہ طور سے یورپ میں کام کر رہی ہیں وہ مسولینی اور ہٹلر کو بتا دینگی کہ مسیح مقدس کا نام پھر سے یورپ میں بلند ہوگا اور ان خود غرضوں کو خود بخود جان کے لالے پڑ جائینگے۔ ان کے ملک کی بغاوت انکا خود بخود ستیاناس کر دیگی۔ اوس وقت دنیا کو معلوم ہوگا کہ یہ بظاہر بڑے اچھے اور اقبال مند انسان تصور کئے جاتے تھے مگر دراصل خونخوار تھے۔ درندگی اور حیوانیت انکی اصلی خصلت تھی جسکا روپ اسوقت یورپ میں دکھائی دے رہا ہے۔

چند ہندو مسلمان مشہور لیڈروں کو چھوڑ کر تو یہ کہنا پڑتا ہے کہ ہندوستان میں بھی بظاہر اچھے اور باطنی بدنفس اور وطن کے دشمن بہت سے انسان بھرے پڑے ہیں۔ آہستہ آہستہ انکی اصلی نفسی شکل ظاہر ہوتی جاتی ہے۔ اور برائیاں پھر کر ملک میں مثل بادل کے گھنگھور گھٹا کی شکل اختیار کر رہی ہیں۔ اس گھٹا سے بجائے اسکے کہ رحم۔ عدل۔ محبت۔ پریم بھائی چارہ اور اکتا کی بارش ہو۔ بغض۔ کینہ۔ ہندو مسلمان کے جھگڑوں کی بارش ہونا شروع ہوگئی ہے۔ جدھر دیکھو ایسے خود غرض انسان موجود ہیں جو دیکھنے میں بڑے بھلے مانس۔ نام آور اور مشہور ہیں مگر ملک میں ہندو مسلمان کو لڑا کر خانہ جنگی کرانے کے لئے تلے بیٹھے ہیں۔ ان شیطانی خیالوں کی رسی اور بھی دراز اس لئے ہے کہ بڑے لیڈر جنکا اثر ملک پر ہو سکتا ہے وہ ہندو مسلمان کی اکتا اور میل ملاپ سے غافل ہیں۔ زبان سے بولتے سب کچھ ہیں۔ لیکن دل میں انکے اس میل جول اور آپس کے بھائی چارہ کی کوئی خاص اہمیت اور ضرورت نہیں دکھائی دیتی ہے۔

افسوس تو اس بات کا ہے کہ لیڈر صاحبان جیل جانا اور ملک میں شور غل مچانا۔ شورش پسندوں کو شورش کرنے کا موقع دینا پسند کرینگے لیکن ہندو مسلمان کا میل اور بھائی چارہ جو ضروری چیز ہے اوسکو پسند نہیں کرینگے۔ مہاتما جی بھی یہ کہتے ہوئے نظر آتے ہیں کہ موجودہ ستیہ گرہ کے ہنگامہ سے ہندو مسلم اتحاد بھی ہو جائیگا۔ لیکن ان بے محل اور غیر ضروری ہنگامہ اور ملک میں برا اثر پیدا کرنے والی شورش سے کیونکر اچھے نتائج پیدا ہونگے۔ یہ سو فیصدی انسان کی عقل میں نہیں آتا۔

آجتک اتنے ہنگامے جو اٹھائے گئے جس میں ہندو مسلمان نے حصہ لیا۔ قید کی سختیاں بھی اٹھائیں مگر بجائے اتحاد اور میل کے آپس میں دوستی اور پریم بندھن کا سامان نہ ہو سکا تو آج ہمارے لیڈروں نے کونسے منتر کا جاپ کر لیا ہے جو ہندو مسلمان کو آپس میں ایک کر دیا جائیگا۔ موجودہ ہنگامہ کبھی ہندو مسلمان کو ایک نہیں بنا سکتا ہے۔ ہم ہندو اور مسلمان دو توبھائیوں سے یہ کہے بغیر نہیں رہ سکتے کہ آپلوگ اس ستیہ گرہ اور ہنگامہ سے علحدہ رہیں۔ کسی فساد پیدا کرنے والی اور ملک میں بدامنی پھیلانے والی تحریک سے اچھے نتیجہ کی امید رکھنا غلط اور دھوکا ہے۔

ہم اپنے ملک کے با اثر اور بڑے لیڈروں سے یہ کہے بغیر نہیں رہ سکتے کہ ہندو مسلمان اتحاد کے لئے جان توڑ کوشش کریں۔ آپس میں سچ مچ ملجائیں۔ اصل سوراج امن

اور آرام کی زندگی ہے۔ امن اور آرام دینا حکومت برطانیہ کا کام نہیں ہے۔ اگر ہم خود امن وامان سے رہنا پسند ہی نہیں کرتے ہیں تو پھر برطانیہ کا اسمیں کیا قصور ہو سکتا ہے۔ اگر ہمارا ایکا اور ہمارا سماج مضبوط ہوتا تو برطانیہ بھی کب کا ہم پر بھروسہ کرتی اور آزاد بنا دیتی۔ آپس کی خانہ جنگی میں آزادی طلب کرنا حماقت اور نادانی کے سوا اور کیا ہو سکتا ہے۔

اس مکدر فضا میں جبکہ جنگ کی وجہ سے ہر ملک کے سامنے حیات اور موت کا سوال در پیش ہے ہمارے ملک کے مدبر اور صاحب ہوش وعقل آزادی ملک کے لئے ستیہ گرہ پر تُلے ہوئے ہیں یہ نہایت ہی افسوس کی بات ہے۔ اگر یہ لوگ جیل سے باہر ہوتے تو ملک کا کلیان اور بھلائی کرتے۔ جیل میں جا کر تعطیل منانے کی تجویز کبھی اپنے سامنے نہ آنے دیتے۔

ایک بار ہم اس بات کی اپیل کرنا ضروری سمجھتے ہیں کہ بجائے جیل جانے اور ستیہ گرہ کرنے کے ملک کے دس بااثر اور ملک کی سچی محبت رکھنے والے اس بات کا عہد کریں کہ حُسن وخوبی سے اور نہایت پرامن طریقہ سے یہ لوگ ہندو مسلم اتحاد ملک میں پیدا کرا چھوڑینگے۔ اگر اس کام کو ہمارے لیڈروں نے اپنے ذمہ لیا اور ہندو مسلمان کے جھگڑوں کو ہمیشہ کے لئے کامل طور سے مٹا دیا تو اوسوقت یہ بات ضرور سمجھ میں آئیگی اور یہ یقین ہوگا کہ ہمارے لیڈروں کے دل میں ملک کی سچی محبت ہے اور یہ صرف دنیا میں نام پیدا کرنے کی لالچ سے لیڈر نہیں بنے ہیں۔ بلکہ اپنے دیش کی خدمت کرنا چاہتے ہیں۔

دنیا میں میل جول ہو کر رہیگا

از عالیجناب محمد اسحاق الحسینی صاحب۔ بارودی پٹنہ سٹی

آپس کا میل جول جسقدر ضروری ہے اوسی قدر اوسکے عملدر آمد میں دولت وغربت کا وہ آہنی دیوار حائل ہے جو کبھی ایک دوسرے کو پہلو بہ پہلو بیٹھنے نہیں دیتی جہاں ایک غریب کسی دولت مند کے پاس بہزار خرابی گیا نظر حقارت سے دیکھا گیا اور اوس سے موہنہ موڑ لیا گیا۔ یہانتک کہ انسانیت کا مفہوم دولت میں محدود کر دیا گیا۔ غریب کی ظاہری صورت اوسکی گرد آلود صورت اوسکو آدمیت سے خارج کر دیتی ہے۔ کیا مجال کہ وہ کسی مسند کے گوشہ پر جگہ پا سکے چہ جائیکہ اوسکے دکھ درد کو کوئی سُن سکے۔ یہ متکبرانہ غیریت دولتمندوں میں یکساں پائی جاتی ہے۔ الا ماشاء اللہ۔

یہی وہ فرعونیت تھی جسے اسلام نے سب سے پہلے دنیا سے مٹانا چاہا۔ اور چونکہ اسلام غربت ونا داری کے آغوش میں پلا اسلئے فاقہ کشی اور سوکھی روٹیوں ہی سے اس نجس اور گندہ خون کو صاف کیا اور دنیا کو سمجھایا کہ انسان آپس میں بھائی ہیں۔ سب ایک ہی آب وگل کے مخلوق ہیں اور سب کا خالق وہی قادر مطلق ہے جسکو بالفاظ چند کوئی ایشور کوئی بھگوان کوئی خدا کہتا ہے۔ اور اوسی کا یہ واجب العمل فرمان ہے کہ انسان کو انسان کا خون نہ بہانا

چاہئیے۔ بلکہ انسانی سیوا کرنا۔ اوسکے مخلوق کے ساتھ اچھا سلوک کرنا۔ بھوکوں کو کھلانا اور ہر حال میں اوسی کے آگے سربسجود رہنا سب سے پہلا فریضہ انسانی ہونا چاہئیے۔ مگر خدا بُرا کرے اس دنیاوی جاہ و منزلت ثروت و دولت کا جسنے خود غرضانہ بوالہوسی میں یہ سب کچھ بھلا دیا اور اس ہدایت سے روگردانی کرکے خدا سے زیادہ اپنے آگے بندوں سے سجدہ کرانا ضروری سمجھا۔ اور یہ مرض ایسا عالمگیر ہو گیا جس سے کوئی قوم محفوظ نرہ سکی۔ نہ مسلمان نہ ہندو نہ عیسائی کسی نے بھی اس ہدایت سے فائدہ نہ اوٹھایا۔ سب نے دولت کی پوجا اختیار کرلی اور اپنی اپنی ڈفلی اپنا اپنا راگ الگ کرکے صرف غریبوں کو مٹانا۔ مار ڈالنا۔ قتل کر ڈالنا۔ تباہ کر دینا معیار انسانیت قرار دے رکھا۔ یہانتک کہ یورپ جسکو اپنی تعلیم یافتگی کا بڑا ناز تھا اوس نے انسانی وجود مٹانے کے جتنے آلات جتنے اسباب جمع کئے یا ایجاد کئے کسی درندہ خونخوار آدم خوار کیلئے نکرسکے۔ اونکا علم انسانیت کے فنا کر دینے تک محدود ہو گیا۔ مثلاً آج جسقدر بہیمیت اور انسانی خونریزی یوروپ میں ہو رہے ہیں اور اس وبانے دنیا کو گھیر رکھا ہے اوسے ذرا چشم غور و عبرت سے لوگ دیکھیں۔

ظالم ہٹلر جسنے خاموش دنیا میں اسوقت آگ لگا رکھی ہے کیا کوئی بھی اوسے اچھی نگاہ سے دیکھ سکتا ہے۔ اوسنے جسقدر بنی نوع انسان کے خون سے ہولی کھیلی یا کھیل رہا ہے کیا اوس سے انسانیت کو فائدہ پہونچ سکتا ہے۔ ہرگز نہیں۔ اوسے کیا حق حاصل ہے کہ وہ یوں انسانوں کا خون بہائے۔ کیا واقعی اپنی موت سے مطمئن ہے وہ مرنیوالا انسان نہیں ہے؟

تاریخ نے ایسے ظالمین کے بہتیرے واقعات لکھے ہیں مگر وہ آج کہاں ہیں اور اونکی حکومتیں کدھر ہیں۔ اسیطرح اونکی حالات بھی سرخ روشنائی سے لکھی جائینگی۔ اور دنیا ایک روز کروٹ لیگی۔ عدل و انصاف قائم ہوکر رہے گا۔ اور اگر دنیا میری آواز سننا پسند کرے تو میں یقین کیساتھ یہ کہونگا کہ جبکہ حضرت مہدی موعود عجل اللہ فرجہ کا ورود مسعود ہوگا۔ اوسوقت سارے عالم سے ظلم و جبر مٹایا جائے گا اور سب کا فیصلہ عدل و انصاف سے کیا جائے گا۔ اوسوقت ساری دنیا میل جول کیساتھ مساویانہ اور برادرانہ زندگی بسر کریگی۔ خدا وہ دن جلد لائے (آمین)

نوٹ:- (دنیا کا آخری پیغام)

افسانہ — فرق

از عالیجناب اے۔ آر۔ عرفان عظیم آبادی

"دیوی ——— سنتی ہیں!! ——— کیا میں اُس اچھوت سے بھی گیا گزرا ہوں جسے تیری درشن کی اجازت تو ہے پر مندر میں داخل ہوکر پاؤں چھونے کا حکم نہیں!!! ———

دیوی! میں نے مانا کہ میں پاپی ہوں، اپرادھی ہوں گنہگار ہوں اور قصوروار بھی ہوں ——— لیکن ساتھ ساتھ چھما کا خواستگار بھی ہوں۔ دیوی!!

رحم! دیوی رحم کرو!!

دیوی آپ نہیں دیکھتیں؟ سچ مچ نہیں دیکھتیں ———

آہ! دیکھو دیوی اندھیری راتیں، کالی گھٹائیں، سنہیل بوندیں، رم جھم مینہ اور — اور آپکی شفاف آنکھوں کی طرح چمکدار بجلی اور کیا نہیں؟؟ دیوی؟؟؟ جانتی ہیں! یہ سب میری آرزوؤں کو جھنجھوڑ ڈالتی ہیں میری تمناؤں کو بیدار کر دیتی ہیں میں پاگل ہو جاتا ہوں میرے منہ سے چیخ نکل جاتی ہے دیوی! — لیکن ایک دلخراش چیخ!! دیوی — تیرا خوبصورت بے حس مجسمہ مسکرا رہا ہے — جیسے تو میرے بے حسی کا مذاق اڑا رہی ہو؟ — دیوی میں! کچھ نہیں چاہتا — میں یہ بھی نہیں چاہتا کہ یہ گھٹائیں دور ہو جائیں یہ بدلیاں معدوم ہو جائیں، بجلی نہیں چمکے، بادل نہیں گرجے، پانی نہیں برسے — نہیں — نہیں دیوی میں یہ نہیں چاہتا۔ دیوی میں صرف اسقدر چاہتا ہوں کہ تیری چرنوں میں جگہ پاؤں تو بڑی دیالو ہے تب ہی تو لوگ تجھے دیوی کہتے ہیں، اجازت دیدے دیوی!!

ناگاہ پتھر کی مورتی کو حرکت ہوئی اور دیوی کے بے حس چہرے سے جلال نمودار ہوا — بے نور لیکن چمکیلی آنکھیں اور چمکنے لگیں — ساتھ بارعب آواز میں — ایک آواز آئی — جا کل آنا!!

بھور ہوئی — آکاش پہ لالی چھائی — پھول کھلے۔ غنچے چٹکے اور خوبصورت پجاری اپنی ڈلیا لیکر پائیں باغ میں پھول لانے گیا۔ پھول! دیوی پر چڑھانے کے لئے!!

اس نے دیکھا کہ ایک خوبصورت، بلا کی حسین نازنیں اپنے دامن میں سارے پھول چن چکی ہے — غصہ سے اسکے بدن کانپنے لگے — اس نے ڈپٹ کر کہا بلا اجازت کسی کے باغ میں گھسنا تمہیں کس نے سکھایا ہے۔ بے شرم! نازنیں نے سارے پھول اسکے قدموں پر ڈالدئے اور کہا معاف کیجئے مہاراج؟ پجاری نے ایک دھکا دیکر اسے نکالدیا اور اتنے محنت و مشقت سے یکجا کئے ہوئے پھول لیکر دیوی کی مندر میں آیا — سنگھاسن پر دیوی مسکرا رہی تھیں۔ پجاری کے ہواس باختہ ہو گئے — وہ لڑکی۔ نازنین — خوبصورت دوشیزہ خود دیوی تھیں۔ ذراسی غلطی پر یہ آگ بھول ہو گیا تھا۔ اور اس ناقابل برداشت بے ادبی پر دیوی صرف مسکرا رہی تھیں! اسے معلوم ہو گیا کہ ابھی کتنا فرق ہے — وہ دیوی کے چرن تو کیا منہ کے نزدیک بھی نہیں پہنچ سکتا!!!

افسانچہ

ملاپ

عالیجناب سید قمرالدین حیدر صاحب قمر افسانگار پٹنہ

”کیوں للتا! منش کے سنگ بھلائی کرنا کیسا ہے؟ کیا تم بتا سکتی ہو؟“

”کیوں نہیں سوامی! بھلا یہ بھی کوئی ایسی کٹھن بات ہے جو نہ بتائی جا سکے“

”تو پھر کہو نہ للتا! ذرا میں بھی تو سنوں۔“

”سوامی! میں تو جانتی ہوں کہ منش کے سنگ کرنا گویا اپنے سنگ بھلائی کرنا ہے۔“

”کیا مطلب! کیا اپنے پرائے میں دوئی نہیں للتا! سب ایک ہیں؟“

”ہاں ہاں سوامی! میں تو یہی سمجھتی ہوں“

"یہ کیسے ہو سکتا ہے للتا۔ اس سنسار میں کوئی دوست ہے
ئی دشمن، کوئی سادھو، کوئی چور، کوئی پاپی، کوئی سادھو، کوئی امیر
ئی غریب۔ سب کیسے ایک ہو سکتے ہیں للتا۔ ذرا سوچو تو۔"

"سچ ہے سوامی آپ کا کہنا سب سچ ہے پر یہ سب کچھ
ں سنسار کی لیلا اور سوبھا ہے اور ہمارے تمہارے سمجھ کا پھیر! سوچو
معلوم ہو کہ سب کی ابتدا' انتہا ایک ہے! مالک کی پیدا کی ہوئی
ز سب کے لئے برابر ہے"

"کہاں سے یہ باتیں تم نے سیکھیں للتا"

"جی! بھاگوت گیتا سے! کرشن بھگوان رادھا سے یہی تو کہہ
ہے تھے کہ سنسار میں سب ایک ہیں اور ہم رکھوالے"۔

"یہ کہو! آج تمہاری باتیں سنکر جی کو بڑا آنند ہوا! تم تو
پنے وقت کی دیوی ہو"

"سوامی! اپنی فطرت پر نہ آؤ۔ جھوٹ بڑائی نکرو دیوی
در مہاتما کہاں اور کہاں میں"

"اچھا مطلب کی بات سنو! اگر میں اپنے بیری کو تباہی سے
بچانے اور سیدھے رستے پر لانے کی کوشش کروں تو کیسا ہے"

"بہت سندر! سوامی! بیری کو اپنانے کیلئے سیوا سے بڑھکر
ور کون بات ہو سکتی ہے! ضرور ایسا کرو سوامی!" "چاہے
ہ میرے اور تمہارے باپ' دادا کا دشمن ہی کیوں نہو؟

"ہاں! ہاں! کچھ ہی کیوں نہ ہو پھر بھی وہ منش تو
ہے۔ اسکی تباہی اپنی ہی تو ہے۔"

"اگر نام لیلوں للتا تو تم گھبرا کر کانوں پر ہاتھ رکھو گی۔
سنو! خانصاحب کے صاحبزادے "رشید" کو تو تم بھی جانتی ہو
جنکے گھرانے سے اور مرے باپ دادا سے جنم کی دشمنی چلی آتی ہے!
تمکو خیال ہوگا کہ یہاں کے روز اسی پاپی نے تمکو گھورا تھا اور تم نے
شکائت کی تھی ——— آج گھر پھونک تماشا کر رہا ہے۔ باپ کا
سایہ سر سے اٹھتے ہی پیٹ سے پانوں باہر نکالے۔ بری
عادتوں کا چسکا پڑ گیا۔ آنکھ بند کر کے روپیہ لٹا رہا ہے! بال
بال قرض سے لدا ہوا ہے! اب آج اپنا گھر گروی کرنے
جا رہا ہے! تمہیں بتاؤ اتنا بڑا خاندانی آدمی! یوں تباہ ہو"

"سوامی! مرے اچھے سوامی! اسکی باتوں کو بھول
جاؤ۔ بھلے کو بھلائی کے راستہ پر لگانا ہی سچی بھلائی ہے!
اسکو آنکھ دو سوامی! وہ اندھا ہو رہا ہے! وہ نہیں دیکھتا
کہ اژدہے کے منہ میں جا رہا ہے! سوامی اسے بچا لو۔"
"چاہے مجھے کتنا ہی دکھ بھوگنا پڑے؟ کیوں للتا برداشت
ہو؟ دکھ جھیلو گی؟"

"ہاں ہاں سوامی! میں سب کچھ جھیلنے کو تیار ہوں۔
پر اسے بچا لو۔

—— :: ——

دو مہینہ کے بعد ایک روز رمیش تھکا ماندہ ــ اداس ـ
کسی خیال میں غرق ــ پریشان گھر میں آیا ــ للتا نے دیکھتے
ہی تاڑ لیا اور پوچھا "کیوں سوامی؟ آج چہرہ کیوں
ملیں ہے"؟

"کچھ نہیں للتا ــ تھک گیا ہوں ــ شاید یہی وجہ
ہو! ذرا چائے پلا دو تو تازگی آ جائے"

"چائے مہری لاتی ہے! مگر سوامی تم کچھ کہنا چاہتے
ہو! مجھسے نہ چھپاؤ سوامی ــ کہو کہو ــ چپ مت رہو سوامی"

"للتا! آج مری انتہائی خوشی کا دن ہے۔ میں بڑا

بھاگوان ہوں! بڑی خوشی کا دن ہے للتا۔ خوشی سے کھڑے ہوکر للتا کا ہاتھ پکڑتے ہوئے، میں نے اُسے پالیا للتا۔ ہاں ہاں پالیا۔ میں نے اُسے بچالیا ضرور بچالیا۔ مگر۔ مگر اپنے کو پھنسا کے۔ للتا میں نے اسے پا تو لیا ضرور مگر اپنے کو کھو کر۔ میں نے اسے گڈھے سے نکال لیا مگر خود کو گرا کے۔ میں نے اسے ڈوبنے سے بچالیا مگر خوب ڈوب کر۔"

"کیسے! کیسے! سوامی! کیا ہوا سوامی! ہائے جلدی کہو مرا کلیجہ منہ کو آرہا ہے سوامی۔"

"للتا۔ للتا۔ تم اور کلیجہ منہ کو آئے۔ آخر کمزور فطرت مخلوق ترا نام عورت ہے۔" سُن!!! میں نے اس کا قرض ادا کر دیا مگر اسے علم نہ ہونے دیا۔ اس کا گھر گرو ہونے سے بچالیا مگر اسے انجان ہی رکھا۔ یہ سب جتن کئے مگر وہ اپنی عادت سے باز نہ آیا آخر مجبور ہو کر میں نے اسکی دلچسپی کا گھروندہ توڑ ڈالا۔ پکڑا گیا۔ رشید۔ آہ رشید نے مقدمہ چلا کر گرفتار کرا دیا میں نے جرم کا اقرار کر لیا ہے۔ میں اقراری مجرم ہوں۔ آج فیصلہ ہے۔ ۶ ماہ کی قید اچھا دل کو مضبوط رکھو للتا۔ میں جاتا ہوں۔ پھر ملونگا مگر ۶ ماہ بعد۔"

---:---

جیل سے چھوٹ کر رمیش للتا سے اپنی رام کہانی سنا رہا تھا۔ دروازہ پر کسی کی بھرائی ہوئی آواز سنائی دی۔ رمیش باہر گیا۔ دیکھا۔ رشید ہاتھ باندھے مجرموں کی طرح کھڑا آنسو بہا رہا ہے۔ رمیش کا دل تڑپ اٹھا۔ دوڑ کر پہلے ہاتھ کھولا پھر سینہ سے لگا لیا۔ رشید کی زبان پر احسان! احسان کا لفظ تھا اور رمیش کی زبان پر شانتی! شانتی۔

بچھڑے مل جاتے ہیں جب فضل خدا ہوتا ہے

فسانہ — میل ملاپ

از
محمد قمرالدین۔ قمر عظیم آبادی پٹنہ

میر صاحب اور لالہ جی سے ان بن ایک اتفاقی امر تھا۔ اور وہ بھی محض ذرا سی بات کیلئے۔ پندرہ سولہ برس کی گہری اور پرانی دوستی کو مرغی کی ایک پرواز نے زیروزبر کر دیا۔ بات یہ ہوئی کہ انگنائی میں مرغیاں ادھر اُدھر پھدک رہی تھیں۔ میر صاحب کے منجھلے صاحبزادے کو شرارت سوجھی تو ایک بڑا سا ڈنڈا لیکر لگا زور زور سے پھیرنے۔ مرغیاں سمجھیں۔ کوئی آفت آئی۔ پھر سے اُڑ کر لالہ جی کے دیوار پر جا بیٹھیں۔ ہزار بڑی بی (میر صاحب کی ماں) پکاراکیں۔ آؤ۔ آؤ۔ آؤ۔ لیکن مرغیوں نے ایک "کٹ کٹ" کے سوا کچھ جواب نہ دیا۔ اور لالہ جی کے آنگن کو للچائی ہوئی نظروں سے دیکھنے لگیں۔ اُن میں سے ایک مرغی نے تو یہاں تک دیدہ دلیری کی کہ پھر سے لالہ کے آنگن میں اُتر پڑی۔ اور رکھی ہوئی بالٹی پر بیٹھ گئی۔ لالہ جی کی بیوی نے جو دیکھا تو دست پناہ لیکر "ہٹ تیری مرغی کی" کہتی ہوئی دوڑیں۔ مرغی ڈر سے وہاں سے تو اُڑی لیکن اُس نے اُس کے بعد اپنا رُخ رسوئی گھر کیطرف کر دیا۔ جب وہاں بھی پیچھا کیا گیا۔

تو وہ دوسرے والان میں اور دوسرے سے تیسرے میں۔ حالت یہ تھی کہ آگے آگے مرغی تھی اُس کے پیچھے لالہ جی بیوی اور اُن کے پیچھے اُنکی بیٹیاں اور بچے دوڑ رہے تھے اور چیخ رہے تھے ارے گھر میں گھسی۔ ہائے ہائے کھانا خراب کیا۔ ارے باپ رے باپ دال کی ہانڈی کو چھوا۔ ہائے مارو۔ پکڑو۔ پکڑو۔

بےچاری گھریلو مرغی تھی نا۔ جلد تھک گئی ہوگی۔

پھر اُچک کر اُسی دیوار پر آبیٹھی۔ اور اُسکے بعد میر صاحب کے آنگن میں تھی۔

چھی چھی۔ مرغی بہت گندی چیز ہے۔ ساری ہانڈیاں پھینکی گئیں۔ گھڑے توڑ دئے گئے۔ پیتل اور لوہے کے برتنوں کو کئی کئی بار ملا گیا۔ اور اُن میں آگ ڈال ڈال کر اُنھیں پاک بنایا گیا۔ کھانے کی چیزوں کو پھینک دیا گیا۔ اور نہ معلوم کیا کیا مراسم طہارت ادا کئے گئے۔ لیکن سب سے افسوسناک بات یہ ہوئی کہ لالہ جی اور میر صاحب کی عورتیں آپس میں لڑ پڑیں۔ لالہ جی کے گھر کوٹھا تھا۔ جس پر کھڑے ہوکر میر صاحب کے آنگن اور سامنے والے دالان کو بآسانی دیکھا جا سکتا تھا۔ اور وہیں سے اُن دونوں گھروں کی عورتیں آپس میں فرصت کے اوقات گفتگوئیں کیا کرتی تھیں۔ چنانچہ آج بھی لالہ جی کے اُسی کوٹھے اور میر صاحب کے دالان میں مورچہ بندی قائم ہوگئیں اور سوال و جواب کا سلسلہ شروع ہوگیا۔ کوٹھے سے سوال ہوتا اور یہاں میر صاحب کے دالان سے اُسکا جواب دیا جاتا۔ بادی النظر میں ایسا معلوم ہوتا تھا کہ آپس میں شعر لڑایا جا رہا ہے۔ اور واقعی ایسے ایسے تشبیہات اور استعارے استعمال کئے گئے جنہیں سُنکر دَور جدید کے شعرا ضرور کانوں پر ہاتھ دھر لیتے۔ خیر شام کو میر صاحب بھی گھر میں نازل ہوئے اور لالہ جی بھی۔ دونوں کی بیویاں اور بیٹیاں اپنا اپنا روزنامچہ لیکر بیٹھ گئیں۔ اور دن بھر کی کارگزاریوں کو نمک مرچ لگا کر ایسا پیش کیا کہ میر صاحب لالہ جی کے خلاف اور لالہ جی میر صاحب کے خلاف ہوگئے اور اُس دن سے مراسم دوستانہ بند۔ علیک سلیک بالائے طاق۔ خیریت یہ ہوئی کہ ان دونوں یاروں میں تو تو میں میں کی نوبت نہ آئی اور بات اسی حد تک پہونچ کر ختم ہوگئی۔

میر صاحب کی فضول خرچیوں نے (جو کہ اُن کا طرہ امتیاز رہا تھا) اُن کا دیوالہ نکال دیا۔ مفلسی نے خوب ہاتھ پاؤں نکالے۔ لڑکی جوان ہوگئی لیکن ابھی تک شادی کا نام بھی نہ تھا۔ میر صاحب پریشان تو تھے ضرور لیکن کیا کر سکتے تھے۔ لوگوں سے اپنی دکھ درد بیان کرتے اور چپ ہو جاتے لیکن کسی سے کچھ مانگنے کی عادت نہ تھی۔ البتہ قرض کیلئے منہ خالی کرتے لیکن وہ ملنا محال تھا۔ اُڑتے اُڑتے یہ خبر لالہ جی کے کانوں میں پہونچی۔ اُن کے دل میں میر صاحب کی محبت دوبارہ عود کر آئی۔ اُنھوں نے سوچا۔ لڑکی کے بیاہ کا مسئلہ ہے۔ لڑکی محلہ بھر کیلئے بھاری ہے۔ خواہ وہ ہندو کی ہو یا مسلمان کی یا اور کسی مذہب کی۔ اگر میں اس لڑکی کی بیاہ میں میر صاحب کی کچھ مدد کر دوں تو کیا حرج ہے۔ بلکہ ثواب ہی ہوگا۔ پڑوسی ہیں۔ اُنکا حق بھی مجھ پر ہے۔ دوسرے بہت پرانی محبت اور دوستی تھی۔ پھر مجھ سے کوئی لڑائی بھی تو نہیں ہوئی ہے۔ قصور بھی میرے ہی یہاں کی عورتوں کا

ا بھلا میر صاحب نے اپنی مرغی کو سکھا تھوڑی ہی دیا تھا کہ وہ
رے آنگن میں چلی آئیں۔ لیکن لالہ جی کے پاس روپے نہ تھے۔
خود خواج انسان تھے۔ البتہ انکو قرض مل سکتا تھا۔ دوڑے
ئے ایک مہاجن کے یہاں گئے اور اپنی ذمہ داری پر تین سَو
روپے لے آئے۔ اور میر صاحب کو اکیلے میں بلا کر حوالہ کیا۔ میر صاحب
کا کلیجہ لالہ جی کی اس نیک نفسی پر امنڈ آیا۔ اور وہ لالہ جی سے
لپٹ کر رونے لگے۔ اور خوب روئے۔

دھیرے دھیرے میر صاحب نے سارا روپیہ لالہ جی کو
وصول کر دیا۔ لیکن لالہ جی بھی کوئی امیر آدمی نہ تھے۔ کچھ روپے
انھوں نے مہاجن کو دئے اور کچھ روپے ان سے اپنی ذات میں
خرچ ہو گئے۔ مہاجن نے بہت تقاضے کئے۔ میر صاحب کو بھی یہ
حال معلوم ہوا۔ انھوں نے چاہا کہ کچھ روپے اور لالہ جی کو دے
دوں تاکہ وہ اس مصیبت سے نجات پا جائیں۔ لیکن اکٹھے
بہت سے روپیوں کا انتظام اُن کے بس کی بات نہ تھی۔ تاہم
وہ اس کے حصول کیلئے کوشش کر رہے تھے۔ مشکل یہ تھا کہ مہاجن
دو چار روپے لینا نہیں چاہتا تھا۔ اُس کی خواہش تھی کہ اُسے
پچاس ساٹھ یکمشت ملیں۔ مشیت ایزدی۔ مہاجن نے ایکبار
ایک ایسے آدمی کو لالہ جی کے پاس بھیجا جو بہت زیادہ زبان دراز
تھا۔ اس پر غضب یہ کہ مہاجن نے اُس سے چلتے وقت کہدیا
تھا "جسطرح ہو آج کچھ وصول کر لاؤ" اُس نے آتے ہی لالہ جی
کو بہت سخت سست کہا۔ لالہ جی نے نرمی سے کسی اور دن
آنے کو کہا۔ لیکن اسکے باوجود اُس نے لالہ جی کے شان میں
نہایت ہی غیر شریفانہ جملے استعمال کئے۔ لالہ جی شریف آدمی

تھے۔ انھوں نے آجتک کسی کی سرد و گرم نہ سہی تھی۔ وہ
اُسکی گالیاں برداشت نہ کر سکے۔ نزدیک ہی ایک بڑا سا
پتھر رکھا تھا۔ اُٹھا کر اُس کے سر پہ دے مارا۔ وہ اس ضرب
شدید کی تاب نہ لا سکا۔ اور فوراً ہی ختم ہو گیا۔ لالہ جی پکڑے
گئے۔ مقدمہ ہوا۔ خون ثابت تھا۔ اسلئے اُنھیں پھانسی کا حکم
سُنا دیا گیا۔ میر صاحب نے جب یہ سُنا تو اُنکے پیروں تلے
سے زمین نکل گئی۔ اُنھوں نے سوچا۔ یہ سب کچھ میرے
سبب سے ہوا۔ مجھے بھی حق دوستی ادا کرنا چاہئے۔ جج کے
اجلاس پر گئے۔ جسوقت جج نے صاحبان جوری کو مقدمہ سمجھا
کر اپنی رائے دے دینے کی رخصت دی۔ میر صاحب کھڑے
ہوئے اور جج اور جیوریوں کو مخاطب کر کے کہنے لگے۔ جتنے
واقعات آپ کے سامنے مسل میں لائے گئے۔ اور مقدمہ کی
جو نوعیت قائم کیگئی ہے وہ حقیقت کے سراسر خلاف ہے۔
جتنی شہادتیں گذری ہیں۔ کُل کی کُل جھوٹی ہیں۔ میں نہیں
چاہتا کہ آپ لوگوں کو ایک مظلوم انسان کے خون سے اپنے
ہاتھ رنگنے دوں۔ اور ایک انسان کا ناحق خون بہا دیا
جائے۔ واقعہ تو یہ ہے کہ مہاجن کے آدمی کا اصلی قاتل تو میں
ہوں۔ جو اسوقت آپ تمام حضرات کیسامنے اپنا اقرار جرم
اور لالہ جی کو بری کرانے آیا ہوں۔ تمام لوگ حیرت کے ساتھ
میر صاحب کو دیکھنے لگے۔ جج نے پولیس کو اشارہ کیا میر صاحب
کو ہتکڑیاں ڈال دی گئیں۔ لیکن لالہ جی بھی برابر اپنے
مجرم ہونے کا اقرار کرتے رہے۔ ادھر میر صاحب جلد طلب
فیصلہ پر زور دیتے رہے۔ الغرض پورا اجلاس محو حیرت
उदूली नागवारा है॥
अक़ीदा, इल्म, ईमाँ हो,
अमल लेकिन जरूरी है।
दिल मोमिन में देखो,
वह ख़ुदा का नूर सारा है॥
मसाजिद चर्च बुतख़ाने,
इबादतगाह हैं सारे॥
हर इक जा हक़-परस्तों ने,
ख़ुदाई को पुकारा है।
जमाना देख नबियों की,
हिदायत भी बदलती है।
हमारे मुस्तफ़ा ने भी,
रिवाजों को सुधारा है॥
बिना मिहनत किये अह्दी,
न जब पूँजी बढ़ा कोई।
अजब तब सूद ख़ोरी का,
किया बेजा पसारा है॥
गुनाहों से बचो, बन्दो,
तभी तौहीद पक्की है।
जहाँ बे-ऐब दिल पाते,
वहीं सिज्दा हमारा है॥
वही नेकी समझ ली,
बस यही सच्ची हयादानी।
यही उस लापता बहरे-
हक़ीक़त का किनारा है॥
वहम की आज तारीकी
जहाँ में है ग़ज़ब छाई।
अजब सत्प्रेम सूरज-चन्द
सा रौशन सितारा है॥

(फुटकर पद)

प्रेमानन्द शान्ति सुख बरसे,
जग की भीषण भास बुझै।
भाईचारा चहुंदिशि फैले,
रगड़ा-झगड़ा सब सुलझै॥
झरझर प्रेम चहुँदिशि बरसे,
जग में छाय शान्ति अपार।
सत्य न्याय का झण्डा फहरै,
दुखियों का हो बेड़ा पार॥

पर हित बस जिनके मन माहीं।
तिन कँह जग दुर्लभ कछु नाहीं॥

करूँ मैं दुश्मनी किस से, कोई दुश्मन भी हो अपना?
मुहब्बत ने नहीं छोड़ी जगह दिल में अदावत की॥

श्री रूपकला जी ने भगवद्गीता के बारहवें अध्याय की टीका में स्वयम् लिखा है—"सब भाइयों को अपने अपने धर्म के कर्म-काण्ड में दृढ़ अवश्य रहना चाहिये, जो भक्ति की नींव है। सम्पूर्ण भारतवर्ष में जो लोग धर्म की एकता किया चाहते हैं, वे भूलते हैं। खाने पीने में, धर्म में सम्प्रदाय में, पन्थ वा मत में, भारत भर के लोगों की एकता असम्भव, अनुचित तथा अनावश्यक है। प्रिय भाइयो! आप अपने को जिस नाम से क्यों न पुकारिये, परन्तु एक की, केवल एक की सन्तति अपने को जान कर भाइयों का सा मेल और परस्पर व्यवहार में एकता का आग्रह और नेम सबके सब आपस में वर्त्तिये; शुभ अभ्यास तथा निज निज धर्म में पक्के, क्षमा-शील, सत्य-प्रिय, सत्य-व्रती, उद्योग-तत्पर, स्वच्छ, शुद्ध, सर्व-हित-रत और अति दृढ़ रहिये। फिर भी उसके साथ ही साथ 'भिन्न-चित्तता, निन्दा, मत्सर, दम्भ, स्वार्थ वा फूट' से बच कर 'परस्पर मेल, उदारता, परमार्थ, ऐक्य का वर्त्ताव अवश्य पूरा पूरा रखिये। फूट से केवल धर्म की ही हानि मात्र होगी सो बात नहीं, वरंच जान रखिये, भूखों भी मरना पड़ेगा। अपने अपने धर्म, मत तथा सम्प्रदाय में ही स्थिर रह कर, विरोध तज कर, परमात्मा में भक्ति, तथा उद्यम व्यवहार में, परिश्रम करने में, निन्दा, लड़ाई, फूट और मतभेद न करने में, वरञ्च मिलजुल के वर्त्ताव और ऐक्य आपस में रखना—यही "भूखों न मर के चित्त और आनन्द पाने तथा लोक परलोक में दुःख न उठाने की सहज रीति है।"

ऊपर दिये उपदेशों से साफ़ ज़ाहिर होगा कि श्री रूपकला जी आपस के मेल-मिलाप पर कितना ज़ोर देते थे।

(शेष पेज २४ से आगे)

सभी विषय अन्त में दुःख-दायक हैं। सत्य की खोज करो। नीच-ऊँच, जात-पाँत के बन्धनों का परित्याग करो। हिन्दू, मुसलमान, ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र, सब एक ही के बनाये हुए हैं।

इसी तरह से आप अनेकों तीर्थों, स्थानों का भ्रमण करते निमाज़-गाहों, दरगाहों, मन्दिरों, मस्जिदों में जा २ कर सब को सत्य, प्रेम और ज्ञान का उपदेश देते हैं।

अनेकों कष्टों को सहे, बहुत दुःख उठाये—केवल परोपकार के लिये, लोगों को कुमार्ग से हटा कर सत्य-मार्ग ग्रहण कराने के लिये।

भाइयो, अब आप श्री गुरु नानक देव जी के मिशन को भली प्रकार समझ गये होंगे। आप किसी ख़ास मज़हब या धर्म को नहीं मानते थे। आपका मज़हब सत्य, प्रेम, दया और निराली ईश्वर-भक्ति का था। इसी लिये दुनिया के, क्या हिन्दू क्या मुसलमान, सभी मज़हब वाले उनको अपने २ दीन या मज़हब का कह कर उनके चरणों में श्रद्धा के फूल चढ़ाते हैं। ईश्वर करे हम सब में भी गुरु नानक जी के मिशन का प्रचार हो और गुरु नानक साहिब की हम पर मेहर या दया हो। हम इन मज़हबी झगड़ों से दूर हों। दया हमारा धर्म हो। सत्य हमारा रास्ता हो। प्रेम-मय हमारा जीवन हो। और फिर हम अपने में गुरु नानक का ईश्वरीय जलवा देखें।

श्री रूपकला जी और मेल-मिलाप

(ले०—श्री धर्म-नाथ सहाय, वकील, छपरा)

श्री भगवान के जो सच्चे भक्त हैं उनके हृदय में ऊंचे दर्जे की उदारता होती है। वे किसी दूसरे सम्प्रदाय के प्रति कुभावना नहीं रखते। वे समझते हैं कि सबही भगवान के हैं और भगवान के नाते सबही हमारे हैं। फिर हम किस से बैर विरोध करें?

उमा जे राम चरणरत, विगत काम मद क्रोध।
निज प्रभु मय देखहिं जगत, का सन करहिं विरोध॥

श्री रूपकला जी एक ऐसेही उच्च कोटि के सन्तों में से थे, जिन्होंने अपने चरित्र, उपदेशों और लेखों द्वारा सब जीवों का कल्याण किया और सब सम्प्रदायों को आदर की दृष्टि से देखा। आप बाल्यावस्था ही से ईश्वर भजन में मस्त रहते थे, सब धर्म वालों से मिला करते थे और उनके सिद्धान्तों को सुनते, समझते और चरितार्थ करते थे। यथार्थ ईश्वर प्रेमी का यही कर्तव्य है कि सबको अपना समझे, सबसे प्रेम रखे, सबसे मिले, सब सम्प्रदाय और सब मत-मतान्तर के विवाद से अलग रहकर उनके सद्‌गुणों और सदुपदेशों को ग्रहण करे।

श्री रूपकला जी के पास जो कोई जाता था, उसको उसी के धर्म के अनुसार उपदेश किया करते थे। इसाई को 'गौड', मुसलमानों को 'अल्लाह', का स्मरण करने का आदेश दिया करते थे और आपस में सबसे भ्रातृ-भाव रखने का उपदेश दिया करते थे। आपका कहना था कि डाह और मत्सर का भाव हर्गिज़ नहीं लाना चाहिये और सबको ईश्वर का बन्दा समझ कर सबसे प्रेम और भ्रातृ भाव रखना चाहिये—"मानिय सबहिं राम के नाते"। सुरपुर तक "रेकावत" जरूर होती है। परन्तु भगवान के चाहने वालों में 'रेकावत' नहीं, दूसरों के साथ भी 'रेकावत' नहीं। वे खूब मिल-जुल के रहते हैं—"तुम्हे चाहं तुम्हारे चाहने वाले को भी चाहें"। मजनूं लैला के कुत्ते को भी चाहता है।

सच पूछिये तो (१) जेहालत या अज्ञानता और (२) खुदी या स्वार्थ—यही दो भ्रातृ-भाव के अभाव के मुख्य कारण हैं। पराये को फायदा पहुँचाने का क्या फल है, जब यह समझ में आ जायगा तो भ्रातृ-भाव अवश्य होगा। एक दूसरे को सहायता पहुँचाना जीव मात्र का मुख्य कर्तव्य है; तन, मन, धन से दूसरे की सहायता करना अवश्य सबको उचित है, पर रुपये लगाना ही सेवा नहीं है। सब के हित में लगे रहना, सबका सेवा-सत्कार करना, सबकी पूजा करना, सबके चित्त को प्रसन्न रखना—यही उत्तम पूजा है।

श्री रूपकला जी बराबर कहा करते थे कि गृहस्थ सब धन अपने में नहीं लगाता, क्योंकि वह जानता है कि उसको बेटा है, भाई है, स्त्री है, कुटुम्ब है, जिसका उस पर अधिकार है। इसी तरह जब यह समझ में आ जाय कि हमलोगों के अलावे और सम्प्रदाय वाले भी हैं जिनका हक़ हमलोगों पर है, तो अपना स्वार्थ कम होगा और परमार्थ की चेष्टा होगी। जब हम दूसरे के स्वार्थ को समझने लगेंगे और अपना स्वार्थ कम होगा और सबको 'निज-प्रभु-मय' देखने लगेंगे, तो भ्रातृ-भाव बढ़ेगा और आपस का बैर विरोध जाता रहेगा। यथा—

पर हित सरिस धर्म नहिं भाई।
पर पीड़ा सम नहीं अधमाई॥

दुःखों को हरने के लिये, अपने तमाम ऐश्वर्य को छोड़ कर, प्यारी बहन, माता पिता, स्त्री पुत्र, मित्रों सम्बन्धियों, के लाख कहने और रोकने पर भी न रुकते हुए, घर से निकल पड़ते हैं। इस सफ़र के दो और साथी भी चुन लिये हैं, एक भाई बाला जो ज़ात का हिन्दू है और दूसरा मर्दाना जो मुसलमान (मिरासी) है। तीनों चल पड़ते हैं। किस लिये? दुनिया में सत्य, प्रेम, एकता, ईश्वर-भक्ति, दया, धर्म, तथा ज्ञान का प्रचार करने और पाप, दुःख, अधर्म को दूर करने।

आपने देखा कि हिन्दू मुसलमान सभी अपने अपने कर्त्तव्य को भूल चुके है। वहमों और भ्रमों ने इनसे सत्य छीन लिया है। दया और धर्म संसार से अलोप हो गये हैं। लूट मार का बाज़ार गर्म है। लोग विषय वासना में फँस कर ईश्वर को बिलकुल भूल गये हैं। प्रेम का स्थान द्वेष ने ले रखा है। भाई भाई एक दूसरे की जान का प्यासा है। संसार में दुखी, दीन पुकार कर रहे हैं।

आपसे संसार की यह दयनीय दशा देखी न गई। और फिर? आपने चल दिये मीठी तथा मन-मोहनी वाणी से पत्थर दिलों को भी मोम करने, डाकुओं तथा लुटेरों को दया और धर्म का पाठ पढ़ाने, कौर जैसे मनुष्य-अहारियों को भी ईश्वर-भक्ति और ज्ञान का मार्ग दर्शाने।

घने जङ्गलों में से गुज़रते, नदियों पर्वतों को चीरते, आप बढ़े चले जाते हैं। आप मुख से मुर्दों को भी जीवन प्रदान करने वाली मीठी वाणी का उच्चारण करते हैं; मर्दाना रबाब बजाता है।

हरद्वार में पहुँच जाते हैं। मेले की भीड़ है। हज़ारों आदमी गङ्गा में खड़े होकर पूरब तरफ मुँह किये सूर्य्य को पानी दे रहे हैं। आप भी गङ्गा में खड़े होकर पश्चिम की तरफ़ मुँह करके पानी फेंकने लगे। लोगों ने पूछा, "आप उधर किसको पानी देते हैं? कहा, "आप उधर किसको देते हैं?" लोगों ने उत्तर दिया, "हम पितरों को देते हैं।" कहा, "हम यहाँ से ४०० मील की दूरी पर स्थित अपने खेत को पानी देते हैं।" सवाल हुआ, "आप का पानी खेत को कैसे पहुँचेगा?" उत्तर मिला, "तो आप का करोड़ों, अरबों मील पर कैसे जल पहुँचेगा?" आपने वहाँ लोगों को वास्तविक ज्ञान का परिचय करा कर सत्य उपदेश दिया।

इसी तरह से आप सत्य का प्रचार करते हुए स्थान २ जाते हैं और लोगों को बताते हैं कि तुम इन ढोंगों, वहमों, भ्रमों का त्याग करो, असलियत को पहचानो।

आप हिन्दू, मुसलमान, ब्राह्मण तथा शूद्र, सब को एक सत्य का उपदेश करते हैं। किसी को नीचा या ऊँचा नहीं मानते।

आप हिन्दुओं को कहते हैं कि सच्चे दिल से किया हुआ पूजा-पाठ ही ईश्वर को प्रदान हो सकता है। जब तक दिल में सच्चाई और प्रेम नहीं, बाहरी दिखावा झूठ और पाखण्ड है। इसी तरह आप मुसलमानों को भी कहते हैं कि सच्चे दिल से ही करने से निमाज़ और रोज़ा आदि दरगाह में क़बूल होते हैं।

आप फ़र्माते हैं कि केवल पूजा-पाठ-निमाज़-रोज़ा, व्रत आदि से ही ईश्वर प्राप्ति नहीं हो सकती। भीतरी सच्चाई और सफ़ाई की जरूरत है। ईश्वर को सर्व-व्यापक समझकर सब से प्रेम करो। बाहरी ढोंग और दिखावे सब व्यर्थ हैं। मन को काबू में रख कर सादा जीवन व्यतीत करो। संसार के

(शेष पेज २६, कॉलम दो पर)

श्री गुरु नानक देव जी की जीवनी और सन्देशा

(ले०—श्री खेम सिंह "बेताब", श्री १०८ तख़्त श्री हर-मन्दिर जी साहब, पटना सिटी)

प्रिय पाठको! आज मैं आपको उस महान् पुरुष, परोपकारी पूर्ण महात्मा का परिचय दिलाना चाहता हूँ जिसने संसार के मनुष्यों में सच्चा मेल मिलाप पैदा करने के लिये अपने तमाम सुख और आराम का त्याग कर जंगलों और पर्वतों की खाक छानी। और अनेकों कष्टों, दुःखों को सहते हुए भी इनकी तनिक परवाह न कर दुनिया के लोगों के कानों में सत्य सन्देश पहुँचाया। 'मेल मिलाप' के पाठकों के लिये ऐसे महान् पुरुष का सन्देशा बहुत लाभप्रद सिद्ध हो सकता है। आशा है पाठक गण इस लेख के अक्षरों या त्रुटियों पर ध्यान न देते हुए इसके भाव को लेंगे।

आज से ठीक ४७१ वर्ष पूर्व पंजाब के एक छोटे से गाँव में (आज कल यह एक प्रसिद्ध नगर श्री ननकाणे साहब के नाम से विख्यात है) एक बालक का जन्म हुआ था। समय की सुहावनी गोद में यह बालक माता का दूध पी कर धीरे धीरे बढ़ने लगा। वैसे तो यह साधारण बालक ही दीखता है, परन्तु दूसरे बालकों की तरह न तो यह किसी वस्तु के पाने पर अधिक प्रसन्न होता है और न उस के खो या टूट जाने पर रोष प्रगट करता है। न अधिक हँसता है—न रोता है। कोई दीन दुखी रास्ते में या घर पर मिलता है तो उसके साथ बड़े प्रेम से वार्त्तालाप करता है। कभी कभी घर से अपने हिस्से की मिली चीज़ भी किसी भूखे को दे आता है। पिता अपने प्यारे पुत्र को देख कर बड़े प्रसन्न होते हैं और मन ही मन उस ईश्वर का धन्यवाद करते हैं जिसने उन्हें ऐसा पुत्र दिया।

अब माता पिता बालक का जनेऊ संस्कार करते हैं। पण्डित सूत का जनेऊ पहनाने लगता है। परन्तु, बालक पहनने से इन्कार करता है और कहता है, "मैं इस कच्चे जनेऊ को नहीं धारण करूँगा। यह तो मैला हो जाता है, टूट जाता तथा गुम हो जाता है।" पण्डित जी ने पूछा, "बालक, तुम कैसा जनेऊ पहनना चाहते हो।" उत्तर मिलता है, "पण्डित जी, जो न मैला हो, न टूटे, न जले, न गुम हो। उस जनेऊ का दया का कपास हो और सन्तोष का सूत, यत की गाँठें तथा सत्य की उस की ऐंठन दी गई हो। अगर आपके पास ऐसा जनेऊ है, तो मुझे पहनाइये।" पण्डित ला-जवाब हो कर मौन हो घर को वापस चला जाता है।

अब इस बालक को विद्या प्राप्ति के लिये पाठ-शाले में भेजा गया। बहुत शीघ्र ही बालक ने सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर ली। परन्तु वह हर समय उदास रहने लगता है और यह उदासी दिन प्रति दिन बढ़ती जाती है। घर वाले उदासी का कारण पूछते हैं, तो चुप हो रहता है।

अब विवाह हो गया। सुन्दर युवती स्त्री घर में आ गई। दो बालक भी उत्पन्न हुए। परन्तु चेहरे की उदासी अभी वैसी ही है। माता, पिता, बहन, सम्बन्धी, बहुत पूछते हैं कि—"नानक, आख़िर उदासी का कोई कारण तो बताओ।" परन्तु आप मीठे और सादे स्वभाव में उत्तर देते हैं, 'कोई बात नहीं।"

अन्त में आप इस उदासी को ले कर संसार की दुःखित अवस्था पर दया कर के मनुष्यों के

वहाँ बाहरी ढाँक तोप से काम नहीं चल सकता।

इसलिये हम हिन्दुस्तानियों को भी और अंगरेजों को भी दिल की सचाई के साथ आगे बढ़ना चाहिये। आज़ादी की सबको ज़रूरत है, सबको आज़ाद होना चाहिये—हिन्दुस्तान को भी। इसमें कुछ कोर कसर नहीं रहनी चाहिये।

फिर, हमें धर्म के नाम पर अधर्म भी नहीं करना चाहिये। हमें हमेशे ख्याल रखना चाहिये कि कहीं भगवान के नाम पर हम भगवान के ही आदेश के विपरीत न जायँ।

खुलासा यह कि भीतर में हिंसा का भाव भरे रहने देना और बाहर में उसका प्रदर्शन रोकना निरा मिथ्याचार है। मुनासिब यह है कि सबसे पहले हृदय पवित्र किया जाय। वहाँ से हिंसा के भाव को दूर किया जाय। फिर बाहर में हिंसा के प्रदर्शित होने की नौबत ही नहीं आयेगी। पर यह चन्द दिनों का काम नहीं। हमारे सत्याग्रही भाई खुद सोचें कि कहाँ तक उनका हृदय इस मामले में पवित्र है। जिस हद तक पवित्रता होगी उसी हद तक पवित्र फल भी निकलेगा।

हमने ऊपर जो राय दी है, लोक-संग्रह भाव से, ईश्वरार्पण भाव से, दी है। इन भावों को सामने रख कर चलने पर सङ्कीर्ण भावों को छोड़ना ही पड़ेगा। जैसा हम पिछले अङ्कों में दिखला चुके हैं, आज तो यह लड़ाई खास तौर से इसलिये आई है कि सभी देशों के सभी लोगों को यह पाठ पढ़ाये कि संसार अथवा मनुष्य मात्र के कल्याण के लिये आज बहुत जरूरी है कि सभी लोग जाति, धर्म और राष्ट्र के तंग ख्यालों को छोड़ें, सारा मनुष्य जाति की एकता का पाठ सीखें और उसे अपने जीवन के प्रत्येक अङ्ग में बरतें।

हम मानते हैं कि इस मामले में इस समय अंगरेज़ लोग भी बड़ी गलती कर रहे हैं। उनके लिये यह लाज़मी है कि हिन्दुस्तान के शीघ्र आज़ाद होने में सहायक बनें। यदि वे ऐसा शीघ्र नहीं करेंगे तो हिन्दुस्तान की आज़ादी तो रुकेगी नहीं, पर उनको इस सम्बन्ध में जो अपूर्व यश और गौरव प्राप्त करने का मौका मिला है, उससे वे अपनी सङ्कीर्णता के कारण अपने को वंचित रखेंगे।

पर, यदि वे ग़लती भी करें, तो हिन्दुस्तान के लिये यह हर्गिज़ उचित नहीं कि वह भी ग़लती करे। हमारे देश ने सर्वदा संसार को आध्यात्मिक प्रकाश द्वारा उजेला बनाया है। उसी ओज के अनुकूल आज भी हमारा आचरण होना चाहिये।

हिन्दुस्तान की आज़ादी का समय तो आ ही गया है। पर यदि सिर्फ़ अपने देश के नाते हमने लोक-संग्रह के प्रति अपना उचित कर्त्तव्य न पालन किया, तो आप विश्वास रखें हमारी आज़ादी में तो विलम्ब होगा ही, साथ ही लोक-संग्रह के प्रति अपना उचित कर्त्तव्य न पालन करने का बहुत काला और गहरा धब्बा सदा के लिये हमारे ऊपर लग जायगा। यह धब्बा न लगने पाये, इसका हमें जरूर पूरा प्रयत्न करना चाहिये।

इसी लिये हमारा यह दृढ़ निश्चय है कि इस समय इस संसार-व्यापी युद्ध में सफलता प्राप्त करने के लिये हमें अंगरेजों की पूरी मदद जरूर करनी चाहिये। इसके लिये और दूसरे भावों को थोड़ी देर के लिये स्थगित कर देने में कोई क्षति नहीं, बड़प्पन है।

पाठक-गण ज़रा ठण्ढे दिल से खुद सोचें कि ऐसे अवसर पर भगवान की लीला अथवा लोक-संग्रह के भाव से हमारा क्या कर्त्तव्य होना चाहिये।

—सम्पादक।

अफसोस कि आज सत्याग्रह आन्दोलन का यही बहाना बनाया गया है। हम तो साफ़ लफ़्ज़ों में कहेंगे कि इस प्रकार ऐसी कच्ची बुनियाद पर सत्याग्रह आन्दोलन को खड़ा कर के असल में सत्याग्रह का सर्व-नाश कर दुराग्रह का आश्रय लिया गया है।

सत्याग्रह हर्गिज़ लोक-संग्रह के विपरीत नहीं हो सकता। प्रत्यक्ष में अहिंसा के भाव का व्यवहार और प्रचार तो जरूर बहुत अच्छी चीज़ है। पर ईश्वर के विधान में जैसे दिन और रात अथवा सुख और दुःख दोनों की ज़रूरत है, उसी तरह हिंसा और अहिंसा इन दोनों की भी पूरी ज़रूरत है।

सृष्टि, पालन और संहार—ये तीनों ही ईश्वर के कर्त्तव्य हैं; और क्रमानुसार समय २ पर ये तीनों ही प्रक्रियायें हुआ करती हैं। अत: जो कोई ईश्वरार्पण भाव से चलना चाहेगा, वह ईश्वर के विधान के अनुकूल जिस समय सृष्टि का अवसर होगा उस समय सृष्टि के कार्य में भाग लेना, जिस समय पालन का अवसर होगा उस समय पालन के कार्य में भाग लेना, और जिस समय संहार का अवसर होगा उस समय संहार के कार्य में भाग लेना, अपना परम कर्त्तव्य समझेगा।

संहार के समय ईश्वरार्पण भाव से जो हिंसा किया जाता है, वह हिंसा बंधन में डालने वाला नहीं होता है, बल्कि बंधन से मोक्ष करने वाला होता है। यही श्रीमद्भगवद्गीता का उपदेश है। हाँ, ऐसे अवसर पर समय के रुख़ को अच्छी तरह पहचान लेना जरूरी है और जो कुछ किया जाय वह अहङ्कार अथवा ममता भाव से बिल्कुल रहित होना चाहिये।

अर्जुन के सामने ठीक यही समस्या उपस्थित थी। पर, भगवान श्रीकृष्ण के बहुत समझाने बुझाने पर अन्त में उनका भ्रम दूर हुआ और अपने कर्त्तव्य-पथ पर वे आरूढ़ हुए। फिर आगे क्या हुआ, लिखने की जरूरत नहीं। आज हिन्दुस्तान का बच्चा २ उस कहानी को जानता है।

पर आज हमें भय है कि प्रधानत: श्रीमद्भगवद्-गीता का आश्रय लेकर भी शायद हमारे यहाँ के अधिकांश व्यक्ति उसके मुख्य उपदेश के खिलाफ़ आचरण करने पर आरूढ़ हुए हैं। दूसरे पक्ष वाले भली भाँति कह सकते हैं कि हम्हीं भ्रम में हैं। हो सकता है। हम तो अपना वर्त्तमान दृढ़ निश्चय प्रगट कर रहे हैं। समय इसका निर्णय करेगा कि इस अवसर के लिये कौन पक्ष ठीक था।

फिर, अहिंसात्मक आन्दोलन में भाग लेने वाले लोगों के भावों पर विचार कीजिये। उनमें से कितने आदमी सत्य और अहिंसा के सच्चे भक्त हैं, वे ही जानें। पर प्रत्यक्ष में इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाता है कि कहीं किसी रूप में इस आन्दोलन के अनुयायियों के जरिये हिंसा का प्रदर्शन न होने पाये। अगर लोग भीतर ही भीतर हिंसा और असत्य के भाव छिपाये रहें तो वह चल सकता है, पर उनका बाहर में प्रगट होना असह्य है।

श्रीकृष्ण भगवान गीता के तीसरे अध्याय के छठें श्लोक में कहते हैं कि ऐसे आदमी विमूढ़ और मिथ्याचारी हैं, सत्याग्रही नहीं। सुनिये—"जो कोई कर्मेन्द्रियों को तो रोक कर बैठता है, पर मन द्वारा इन्द्रियों के विषयों को मनन किया करता है, वह विमूढ़ आदमी मिथ्याचारी कहलाता है।"

भाई, सच्ची बात यह है कि हम भगवान को कदापि धोखे में नहीं डाल सकते। उनके नज़दीक हमारा मन और हृदय सदैव साफ़ खुला रहता है।

वर्त्तमान परिस्थिति

इसमें सन्देह नहीं कि ऊपर जिन कर्त्तव्यों का वर्णन किया गया है, उनके बारे में मत-भेद को काफ़ी गुञ्जाइश है। साधारण दृष्टि-कोण से वे ठीक जँचेंगे भी नहीं। पर आज एक अत्यन्त असाधारण समय हमारे सामने गुज़र रहा है। इसलिये समय का साथ देने के ख़याल से आज कुछ असाधारण दृष्टि-कोण से ही काम लेना हमारा कर्त्तव्य है।

सीधी बात यह है कि हमारा दृढ़ विचार है कि आज यह हमारा परम कर्त्तव्य है कि हम दिल से अङ्गरेज़ों की मदद करें ताकि यह भीषण युद्ध शीघ्र ख़तम हो। पर बहुतों के लिये वर्त्तमान परिस्थिति में ऐसा निर्णय करना अत्यन्त मुश्किल हो रहा है। हमारे ख्याल से इसमें न सिर्फ़ अङ्गरेज़ों का ही दोष है, बल्कि हिन्दुस्तानी लोगों का भी दोष कुछ कम नहीं।

हाँ, साधारण दृष्टि से कोई हिन्दुस्तानी भला अङ्गरेज़ी सरकार की मदद क्यों करें? वे आज़ादी और न्याय के नाम पर लड़ रहे हैं, पर हिन्दुस्तान की आज़ादी के रास्ते में रोड़े अँटका रहे हैं, और उसी आज़ादी के लिये सैंकड़ों हज़ारों देश सेवकों को जेलों में ठूंस जा रहे हैं।

फिर, अपने मुल्क की आज़ादी के नाम पर त्याग करने और कष्ट झेलने वाले देश सेवकों के साथ सहानुभूति का होना प्रत्येक हिंदुस्तानी के लिये स्वाभाविक बात है। साथ ही वे इस प्रकार अहिंसात्मक आन्दोलन के ज़रिये अपने लक्ष्य को पूर्त्ति की आशा रख कर संसार के सामने अहिंसा के व्यावहारिक उपयोग का एक नया उदाहरण भी पेश करना चाहते हैं।

पर, इन दोनों ही की दूसरी पहलुएँ भी हैं। उन पर भी ग़ौर करना ज़रूरी है। आज अङ्गरेज़ लोग एक ऐसी लड़ाई में लगे हैं जिसकी जीत से संसार की जीत है और जिसकी हार से संसार की हार, संसार का सत्यानाश।

आज हिटलर और मुसोलिनी व्यक्तिगत आज़ादी का नाम संसार से मिटा देने पर तुले हैं। उनके डिक्टेटरशिप में व्यक्तिगत आज़ादी की कोई गुंजाइश नहीं। पर संसार अब इस दर्ज पर पहुँच चुका है जब स्वभावतः हर आदमी आज़ादी चाहता है और जब हर आदमी को आज़ादी मिलनी चाहिये। आज इसकी रक्षा परम आवश्यक है।

दूसरी ओर प्रधानतः ब्रिटिश साम्राज्य ही आज संसार के दुश्मनों का मुक़ाबला कर रहा है। हाँ, ब्रिटिश लोगों में बहुत कमजोरियां भी ज़रूर हैं। पर, सभी कमज़ोरियों के रहते हुए भी उन्होंने इस महा-युद्ध में आज़ादी और न्याय का पक्ष अपनाया है। इसलिये संसार के कल्याण के लेहाज़ से उनका साथ देना हमारा परम कर्त्तव्य होना चाहिये।

फिर, अपने यहाँ के लोगों को लीजिये! हिन्दुस्तान को आज़ाद होना चाहिये, ज़रूर आज़ाद होना चाहिये। पर यदि इस आज़ादी के नाम पर कोई ऐसी कारवाई की जाय जिससे समय के संसार-व्यापी उद्देश्य की पूर्त्ति में कुछ अड़चन पड़े, तो क्या ऐसी कारवाई कभी भी असल में अपने मुल्क की भलाई के लिये हो सकती है?

आज सरकार से आज़ादी माँगी जाती है कि हमें लड़ाई के ख़िलाफ़ प्रचार करने का अधिकार होना चाहिये। सोचने की बात है कि जिस लड़ाई में राष्ट्र क्या, संसार के जीवन-मरण का प्रश्न हो, उसके ख़िलाफ़ आवाज़ उठाने की आज़ादी भला कैसे दी जा सकती है?

भगवान की वर्त्तमान लीला और हमारा कर्त्तव्य

भगवान की वर्त्तमान लीला

भगवान की लीला सनातन और अपरम्पार है। रामावतार में एक लीला हुई। वृन्दावन में दूसरी लीला, कुरुक्षेत्र मे तीसरी; और आज एक दूसरा कुरुक्षेत्र हमारे सामने है। वही देवासुर संग्राम!

रावण कितना बड़ा अत्याचारी था! सुनिये—

रण-मद मत्त फिरै जग धावा।
प्रतिभट खोजत कतहुँ न पावा॥
ब्रह्म सृष्टि जहँ लगि तनुधारी।
रावण - वश - वर्ती नर नारी॥
भुजबल विश्व वश्य करि, राखेसि कोउ न स्वतन्त्र
मण्डलीक-मणि रावण, राज्य करहि निज मन्त्र॥

ऐसे प्रतापी राजा का गर्व चूर हुआ। फिर, हिटलर और मुसोलिनी की क्या गिनती! इनकी भी खबर जरूर शीघ्र भगवान लेंगे। अब समय आ चला है।

इन असुरों ने भी कई राज्यों को तबाह किया और सारी दुनिया की तबाही पर तुले हैं। लेकिन बीच में अङ्गरेजी साम्राज्य अभेद्य ढाल की तरह खड़ा है। अहा! अङ्गरेज लोग कितनी बहादुरी से लड़ रहे हैं! कैसा त्याग कर रहे हैं!

हमारा भी धर्म है कि हम आज हृदय से उनका साथ दे कर शीघ्र इन दुष्ट असुरों को हरायें और पृथ्वी का भार हल्का करने में सहायक बन कर अपना जीवन सार्थक बनायें।

कोई अहिंसा के नाम पर, कोई अपने मुल्क की आजादी के नाम पर, इस लड़ाई से अलग रहना चाहते हैं। अर्जुन भी ऐसी ही पण्डिताई छाँटते थे। लेकिन कृष्ण भगवान की दया से जब उनका भ्रम हटा तो कर्त्तव्य पालन में अपने गुरुजनों की भी हत्या करने के लिये उद्यत हो गये।

आज फिर भगवान कह रहे हैं: "उठो, खड़े हो जाओ, लड़ो। संसार के कल्याण के लिये अपने ओछे भावों को छोड़ो।"

क्या हम भगवान की बात न सुनेंगे?

हमारा कर्त्तव्य

(१) भगवान को सर्वदा याद रखना! भजन-कीर्त्तन, यज्ञ-दान, जप-तप, योगाभ्यास, आदि में लगे रह कर भगवान का आशीर्वाद उतारना और फैलाना,

(२) हिन्दू-मुसलमान, राजा-प्रजा, जमींदार-किसान पूंजीपति-मजदूर, आदि, सभी श्रेणी और सभी विचार के लोगों में मेल-मिलाप पैदा कर सबको एक बनाना;

(३) हिन्दुस्तान की असली आत्मा का निराला स्वरूप जानना और उसे व्यक्तिगत, सामाजिक तथा राजनैतिक जीवन द्वारा प्रगट करना, ताकि हिन्दुस्तान असली आजादी का नमूना बन सके;

(४) हिन्दुस्तान और इङ्गलैन्ड के बीच का सम्बन्ध पहले से अधिक सुव्यवस्थित तथा सुदृढ़ रूप से लाकर संसार के सामने यह उदाहरण पेश करना कि आजादी का असली उद्देश्य "अन्तर्तन्त्रता", अर्थात्, स्वतन्त्रता-पूर्वक एक दूसरे पर निर्भर रहना है, एक दूसरे से अलग होना नहीं;

(५) ईश्वर की लीला की पूर्त्ति के लिये आज की लड़ाई में तन, मन, धन से, अर्थात्, हर सूरत से, अङ्गरेजों का साथ देना और उनकी मदद करना, ताकि लड़ाई शीघ्र खतम हो और संसार में अमन चैन फैले।

सच्ची लगन

[ले०—श्रीमती भगवान सहाय (माताजी), बनारस]

एक बार बादशाह अकबर कहीं जंगल में शिकार खेलने गये। इधर उधर घूमते फिरते शाम हो गई। नेमाज़ का वक्त हो आया। वहीं ठहर गये। जा-नेमाज़ फैला दी गई और बादशाह नेमाज़ के लिये वज़ू करने लगे।

इतने में बादशाह ने देखा कि एक औरत बे-तहाशा दौड़ती हुई आ रही है। जा-नेमाज़ उसकी राह में थी। पर उसने उस पर कुछ ख्याल नहीं किया। वह बे-सुध दौड़ती हुई जा-नेमाज़ के ऊपर से गुज़री और आगे बढ़ गई।

बादशाह को उसकी यह हरकत बहुत ना-गवार गुज़री। उनको उस पर बहुत गुस्सा आया कि उसने मेरी जा-नेमाज़ नापाक कर दी। उन्होंने सिपाहियों को फ़ौरन हुक्म दिया, "दौड़ो, उस औरत को अभी पकड़ लावो।"

बहुतेरे सिपाही इधर उधर छुटे। सब दूर २ तक खोजते २ गये। उन्होंने बड़ी कोशिश की। पर कहीं पता न चला। अन्त में निराश होकर सब वापस आये।

बादशाह तो बहुत गुस्से में थे। पर जंगल का मामला। पता चले तो कैसे? ख़ैर, मजबूरी देख कर बादशाह शान्त हुए।

दूसरे रोज़ सुबह को लोग देखते क्या हैं कि वही औरत न जानें कहाँ से हँसी ख़ुशी से धीरे २ उसी राह से वापस आ रही है। देखकर लोग बहुत ख़ुश हुए। सिपाहियों ने फ़ौरन उसको गिरफ़्तार किया और बादशाह के पास ले गये।

वह औरत अजीब हैरत में थी कि "यह क्या मामला? मैंने इनका भला बिगाड़ा ही क्या है कि ये मेरे साथ ऐसी हरकत कर रहे हैं?" ऐसी ही सोचती हुई वह बादशाह के सामने हाज़िर हुई।

सामने आते ही बादशाह ने डांट कर पूछा, "कल तूने मेरी जा-नेमाज़ गन्दी क्यों कर दी?" औरत ने अर्ज़ की, "हुज़ूर, मैंने आपकी जा-नेमाज़ भला कब गन्दी की? गुस्ताख़ी माफ हो; मुझे तो इसकी कुछ भी ख़बर नहीं।"

यह सुनकर बादशाह का गुस्सा और भी अधिक उभड़ आया और ज़ोर से झल्ला कर बोले, "तू हमारे साथ शोख़ी करती है। कल शाम को जा-नामाज़ फैलाकर मैं नेमाज के लिये वज़ू कर रहा था। इतने में तू दौड़ती हुई उसके ऊपर से गुज़र गई और तुझे कुछ ख़बर नहीं?"

उस औरत ने बहुत नम्रता के साथ जवाब दिया, "हुज़ूर, मैं तो अपने एक साधारण प्रेमी से मिलने जा रही थी। उसकी मुहब्बत में मैं इतनी दीवानी थी कि कल इधर से गुज़रते वक्त न तो आपकी जा-नेमाज़ मुझे दीख पड़ी, न आप दिखे, न आप के सिपाही। पर, आप तो अपने प्यारे मालिक, ख़ुदावन्द करीम, से मिलने जा रहे थे। फिर भी, आपको मैं भी दिख गई और आपकी जा-नेमाज़ भी गन्दी होते दिख गई?"

उस औरत की ऐसी गम्भीर बातें सुनकर बादशाह बहुत लज्जित हुए और उन्होंने उसको बहुत कुछ इनाम देकर विदा किया। उसी रोज़ से बादशाह अधिक दीनदार भी बन गये।

इसे कहते हैं सच्ची लगन।

❋ मेल - मिलाप ❋

वर्ष २ | पटना, १७ दिसम्बर, १९४० | अङ्क २

ईमान की बात

(२०—खाँ बहादुर अबू नस्र मुहम्मद उमर साहब, वर्त्तमान डिस्ट्रिक्ट मैजिस्ट्रेट, छपरा)

पूछते हैं हम ये हिन्दुस्तान की हर क़ौम से—
आप रखते हैं मुहब्बत दिल में हिन्दुस्तान की ?
जानते हैं आप दुनिया में है कैसा ख़ुल्फ़ेशार[1] ?
कैसी यूरप में लड़ाई है छिड़ी घमसान की ?
एक हर् हिट्लर की शैतानी से ये अंधेर है।
ख़ैरियत अब जान की है औ' न है ईमान की ॥
हमने ये माना विदेशी है हमारा एम्पेरर।
औ' ये जारी है हुकूमत हमपे इङ्गलिस्तान की ॥
फिर भी तुम लड़ते हो उनसे रोज़ आज़ादी की जंग।
मज्लिसों में बोलते हो तन के बातें शान की ॥
जर्मनी भी ये न हर् हिट्लर से हर्गिज़ कह सके।
तुम तो अङ्गरेज़ों से कहते हो खुले मैदान की ॥
रफ़्ता रफ़्ता तुमको आज़ादी के हिस्से मिल चुके।
और वादा है, जो सायत आय इतमीनान की ॥
कान हों शैतान के बहरे, जो हिन्दुस्तान में।
आये हर् हिट्लर, तो यों बोलोगे बातें शान की ॥
फिर ये जमहूरी[2] हुकूमत का रहेगा रंग ढंग ?
फिर ये आज़ादी रहेगी फ़ितरते[3] इन्सान की ?
फिर कभी सूराज का देखोगे तुम रह २ के ख़्वाब[4] ?
फिर कभी आयेगी दिल में याद पाकिस्तान की ?
याद रक्खो ! है ये अङ्गरेज़ी हुकूमत ही का फ़ैज़।
आज जो तुम ले रहे हो साँस इतमीनान की ॥

चैन से सोते नहीं इङ्गलैन्ड वाले कोइ रात।
थेटरों में कटती है शब अह्ले हिन्दुस्तान की ॥
पाव रोटी तक नहीं इङ्गलैन्ड वालों को नसीब।
आपके घर आ रही है रोज़ ढोली पान की ॥
जर्मनी का होता हिन्दुस्तान, तो तुम देखते।
औरतें रखने न पातीं बालियाँ तक कान की ॥
एक डिक्टेटर जो मुँह से बोल दे क़ानून है।
काम उसके राग में सुर का, न हाजत तान की ॥
जिस जगह हर् हिट्लरी पहुँची तबाही आ गई।
फ़ौज उस ज़ालिम की गोया फ़ौज है शैतान की ॥
मिलके हिन्दुस्तान वाले ! देश को अपने बचाव।
कब तलक लड़ते रहेंगे हस्नली और जानकी ?
कांग्रेस और लीग की सारी लड़ाई छोड़ कर।
तुम बचावो जान हर् हिट्लर से हिन्दुस्तान की ॥
याद रक्खो, तुम अगर आपस में लड़ते ही रहे।
औ' न की इमदाद सचमुच अह्ले इङ्गलिस्तान की ॥
हिन्द फिर होगा, न हिन्दू औ' न फिर हिन्दू धरम।
औ' न देखेंगे मुसल्माँ शक्ल तक क़ुरआन की ॥
नूह की कश्ती बना लो, देके साथ इङ्गलैंड का।
दे रहे हैं हम ख़बर हर् हिट्लरी तूफ़ान की ॥
है ख़ुदा शाहिद[5] कि ये बातें ख़ुशामद की नहीं।
साफ़ कहना चाहिये जो बात हो ईमान की ॥

---

१. अंधेर; २. मेल-मिलाप, प्रजा-तन्त्र; ३. स्वभाव; ४. सपना; ५. गवाह।

میل ملاپ

جلد ۲	جنوری سنہ ۱۹۴۱	نمبر ۳

نیا سال

(از ہاشم خزانچی روڈ پٹنہ)

کیوں مست ہو رہے ہیں، کیوں دل میں ولولہ ہے — کیا سالِ نو پھر آیا، ہر شخص کہہ رہا ہے
شاداب پھر نظر میں ہر نخلِ بوستاں ہے — خوش وقت ہر زمانہ، شادی کا پھر سماں ہے
بھاتا ہے زمانہ، عیش دوام آیا — آئے سال نو خوشی کا کیا تو پیغام لایا
تیرا قدم ہے کیسا، یہ دیکھنا ہے باقی — کیا میکدہ کھلیگا، کیا جام دے گا ساقی
اے کاش تیرا آنا، ہو چین کی نشانی — رنج و محن ہو اپنا، گذری ہوئی کہانی
دل کی ہوئی امنگیں، اے سالِ نو ملیں پھر — منزل پہ جانیوالوں، کی ہمتیں بڑھیں پھر

پھر مرحبا ہے تجھکو، ہاں دل سے مرحبا ہے
تو نیک بن کے آئے، ہاشم کی یہ دعا ہے

میل ملاپ

دنیا والے ایک ہی منزل کے مسافر ہیں

ایسے تا نہیں جبکہ دنیا کروٹ لے رہی ہے۔ نظام عالمی قوت کی طرف سے ترمیمیں ہو رہی ہیں۔ نئے پودے دنیا کے دنیا کو تباہ کرنے کے لئے پُرانے پودے آلات حرب اور آتشی و زہریلے بم سے برباد کئے جا رہے ہیں، پُرانے اور بوڑھے جو اس وقت ملکوں میں ان میں انقلاب پیدا کرنے کے لئے نئے نئے تجربے دنیا کو حاصل ہو رہے ہیں۔ اصول حکومت میں علم انسانی نیا دل اور تغیر ہونے والا دکھائی دیتا ہے۔ ان انقلابات اور اُلٹ پھیر کے پردے میں کوئی اہم بات تو ضرور ہے۔ دنیا نے جب جب کروٹ بدلی ہے تو کسی خاص انقلاب کے بعد، دنیا اپنے پُرانے طریقے اور اصول حکومت پر اب نہیں چل سکتی ہے۔ ایسا ہونا ممکن نہیں ہے کہ جرمن یورپ کے ملکوں کو ہڑپ کرنے کے بعد ہضم کر جائے یا جاپان پر ہمیشہ کے لئے ملکوں کا اقتدار قائم ہو۔

یہ معلوم ہے کہ دنیا میں برائیوں سے بھلائی پیدا ہوتی رہتی ہے۔ اگر شیطان نہ ہوتا تو خدا کی یاد نہ ہوتی۔ اگر دنیا میں مشرک نہ ہوتے تو ایک خدا پر ایمان رکھنے والے [illegible] نہ ہوتا جیسے کاموں کی عادت نہ چلی جاتی [illegible] اگر جنگ نہ ہوتی تو امن و امان کی ضرورت [illegible]

اس کو عمدہ اور بہترین بنانے کی کوشش نہ کی جاتی۔ اگر ہٹلر اور مسولینی ایسے خود غرض اور دنیا کی امن و امان کی سمندر میں سیلاب لانے والے نہ ہوتے تو حکومت برطانیہ دنیا میں امن و امان پھیلانے کی ضامن نہ ہوتی۔

عنقریب وہ زمانہ آنے والا ہے جبکہ دنیا میں حکومت کرنے والے ایک ایسے قانون اور سمجھوتے کے پابند ہوں گے جس سے امن و امان ہمیشہ کے لئے دنیا میں پھیلے۔ دولت جو اس وقت سامان جنگ بنانے اور انسانی زندگی کو برباد کرنے میں صرف ہو رہی ہے۔ دنیا کی نئی تعمیر، بھلائی اور ترقی پر خرچ کی جائے گی۔

آج کل کی جنگ قومیت کے نام پر ہو رہی ہے۔ ایک قوم دوسری قوم کو شکست دینا اور دنیا سے ناپید کر دینا صرف اس لئے چاہتی ہے کہ تجارت اس کے ہاتھوں میں رہے، تجارت کے ذریعہ سے دنیا کی دولت اپنے ملک میں لے جائے اور اسکو سامان جنگ کی تیاری پر خرچ کرے اور اس سے دوسرے ملک پر قبضہ جمائے، ایک قوم دوسری قوم کو کھا جانے اور تباہ و برباد کر دینے کی فکر میں ہے۔ [illegible] خیال ہے کہ مذہب کے نام پر قومیت منتی سے اور [illegible] دنیا کی قومیں ترقی کرنا چاہ [illegible]

ترقی میں رکاوٹ ہوتی ہے تو یہ جنگ پر مجبور ہوتی ہیں۔
یہ جنگیں خود غرضی کی بنیاد پر ہیں ۔
یہ جنگ جو ہو رہی ہے ہمیشہ جاری نہ رہے گی۔
صلح ہوگی، جس نے جس ملک کو ہڑپ کر لیا ہے اوسے واپس کرنا ہوگا، دنیا کے ہر کونے میں ایک آزادی کی لہر پھیلے گی۔
ایک ایسے معاہدہ کی پابندی لازمی ہوگی جس سے سامان جنگ کسی جگہ نہ تیار ہو اور فوجوں کی مقدار میں بہت کچھ کمی کر دی جائے۔ دنیا کی دولت ہر ملک میں تجارتی اصول پر اوس ملک کی تجارتی قوت اور کاروبار کے ماتحت تقسیم ہو۔ ملک کا ہر باشندہ امن وامان برقرار رکھنے کا خود ذمہ دار ہو۔ دوسرے ملک کے باشندوں کی بہتری اور ترقی کا ویسا ہی خیال ہو جس طرح سے اپنے وطن والوں کی بہبودی کی ذمہ داری محسوس ہوتی ہو۔ لیکن یہ باتیں دنیا کو اوسی وقت میسر ہو سکتی ہیں جبکہ آپس میں اتحاد اور محبت ہو۔ اتحاد اور محبت کی صحیح بنیاد جب ہی قائم ہو سکتی ہے جبکہ آپس میں مذہبی رواداری ہو۔ دنیا میں مذہبی رواداری جب ہی ممکن ہے جبکہ دنیا کو یہ بتادیا جائے اور یقین دلادیا جائے کہ دنیا کے کل مذاہب کے اصل اصول اور مقصد میں ایک ہی سچائی ہے دنیا والے ایک ہی منزل کے مسافر ہیں، لیکن کارواں اور طریق سفر الگ الگ ہیں۔ کوئی ہندو کے نام سے سفر کر رہا ہے تو دوسرا پارسی کے نام سے کوئی عیسائی کے نام سے ہے تو کوئی مسلم کے نام سے جا رہا ہے۔ ہر ایک کی کارواں سالار اور ذمہ دار ہستیاں علحدہ علحدہ ہیں لیکن ان میں آپس کا اتحاد ہے۔ ہر کارواں سالار ایک دوسرے کو جانتا ہے۔ اور ہر ایک کو اپنی منزل مقصود کی راہ معلوم ہے۔ اگر فرق ہے تو یہ ہے کہ رفتار سفر میں کچھ کمی و بیشی ہے۔ اور ہر ایک نے اپنے مسافروں کی ذہنیت اور قابلیت کے لحاظ سے مناسب راستہ اختیار کیا ہے اور اوسی پر چل رہے ہیں۔

قرآن مجید نے یہ بتایا ہے کہ "خدا نے دنیا کی ہر قوم کی ہدایت کے لئے ہادی یعنی راستہ بتانے والا بھیجا ہے"۔ ایشیا کے مختلف ملکوں میں راہ ہدایت بتانے والے ہادی شمع ہدایت لیکر عرب۔ ایران۔ ہندوستان۔ چین اور جاپان وغیرہ وغیرہ میں آئے دین کی روشنی تمام پھیلائی گئی۔ لیکن جو جس قابل تھا اور جس کو جیسی ضرورت تھی ویسی ہی روشنی دی گئی کسی کی بانسری بندرابن کی گلیوں میں بجتی رہی اور دنیا کے بڑے حصہ نے اس کی لئے سے متاثر ہو کر سر نیاز جھکا دیا۔ کسی کی سریلی آواز طور کے پہاڑوں پر گونجی۔ مصر کے فرعون سے دعوائے خدائی کو ہمیشہ کے لئے بھلا دیا۔ کسی نے عرب کے چٹیل ریگستان اور پہاڑوں پر خدائی وحدانیت کی کوک دنیا کو سنائی اور بتا دیا کہ خدا کے مقابلہ میں سر بسجود ہونا ہی ایمان کی شمع روشن کرتا ہے۔ کسی نے بدھ بنکر دنیا کو ایک ایسا سبق اپنے فلسفۂ عظیم سے دیا جسکی یادآج تک دنیا میں اوسی طرح سے باقی ہے جیسے دو ہزار سال قبل تھی۔ اسی طرح سے چین اور جاپان میں بھی پیشوایان قوم ہوتے گئے۔ ان سبھوں کی تعلیم کو مطالعہ کرنے کے بعد یہ کہنا پڑتا ہے کہ ہر ایک نے آپس کی محبت اور میل جول کی تعلیم دی ہے

اور راہ صداقت اپنے اپنے اصول سے بتایا ہے ۔ لیکن آج آدم کی اولاد بھٹک کر تعصب کے آلات سے مسلح ہو رہی ہے اور ایک دوسرے سے جنگ آزما ہے ۔
کیا خدا کے بنائے ہوئے ہندو ۔ مسلمان ۔ عیسائی ۔ پارسی ۔ بدھسٹ وغیرہ وغیرہ ایک دوسرے سے الگ ہو سکتے ہیں ؟ کیا کانگریس ہندو مہا سبھا ۔ مسلم لیگ یا متحدہ کانفرنس ان کو علحدہ کرنے میں کامیاب ہو سکتی ہے ؟ ہرگز نہیں ۔ خدا کی منشا کے خلاف انسان کی کل کوششیں بیکار اور فضول جائینگی ۔ سبھوں کو آج نہیں کل ایک ہو کر رہنا ہے اور رہینگے ۔

دین و دنیا

۔ از ام ۔ کے ۔ نواب صاحب ۔ پٹنہ ۔

دھرم ۔ تاؤ ۔ کامیتوسیچی ۔ مذہب اور RELIGION یہ سب مختلف الشکل لیکن متحد المعنی الفاظ چینی ۔ جاپانی عربی اور انگریزی زبان کے ہیں اور ان سبھوں کا ایک ہی مطلب ہے ۔ یعنی "سچائی کی راہ" دنیا کے تمام رہبروں نے عموماً اس حقیقت پر چلنے کے تین ہی اصول بتائے ہیں ۔ جن کو اسلامی کتابوں میں حقیقت یا عقائد ۔ طریقت یا عبادت شریعت یا معاملات کہتے ہیں اور ہندو دھرم میں انہی تین اصولوں کا نام ۔ جنن مارگ ۔ بھگتی مارگ ۔ اور کرم مارگ ہے ۔ اسی طرح چین میں CONFUCIANISM کنفیوشیین ازم LAOTISM لوٹ ازم اور جاپان میں SHINTUISM شنٹو ازم میں بھی ایسے ہی تین اصول موجود ہیں ۔ عیسائیت بھی انہی کے ہم معنی تین طریقے کی تعلیم دیتی ہے ۔ البتہ بودھ ازم (BUDNISM) میں بظاہر آٹھ طریقے بتائے گئے ہیں لیکن اس میں بھی فی الحقیقت تین ہی اصول ایسے معلوم ہوتے ہیں جن کے اندر بقیہ پانچ مشترک ہو جاتے ہیں ۔ ان تین اصولوں کو بدھ مذہب کی زبان میں سمیارک دریشتی (SAMYAK-DRISHTI) سمیاک سنکلپ (SAMYAK-SANKALPA) اور سمیاک دیام (SAMYAK-VYAM) کہتے ہیں اور جین مذہب کی کتابوں میں ان تینوں اصول کا نام سمیاک درشن (SAMYAK-DARSHAN) جینن چرتریانی (JNMVA-CHARITRYANI) اور موکشا مرگاہ (MOKSHA-MARGAH) بتایا گیا ہے

بظاہر متذکرہ بالا اصول کچھ گنجلک معلوم ہوتے ہیں مگر ہمارے ناظرین ذرا ٹھنڈے دل سے غور فرمانے کی زحمت گوارہ کرینگے تو یہ بات بالکل واضح ہو جائیگی کہ گو بظاہر ہر مذہب نے مکتی یا نجات کے حصول کے طریقوں کو تین حصوں میں تقسیم کیا ہے لیکن اس تثلیث میں بھی توحید جلوہ نما ہے ۔ کیونکہ ہر مذہب نے جو اصول مقرر کئے ہیں وہ منو و گیان (PSYCHOLOGY) کے اُن مقررہ قواعد کے ماتحت دماغ انسانی کے تین مسلمہ درجوں کا لحاظ کر کے مقرر کئے گئے ہیں جنکے تحت ایک جاندار علم ۔ خواہش اور عمل کے شلنجے سے باہر نہیں نکل سکتا ۔ اسی لئے ہم آپ کیلئے ان حقیقتوں کو اچھی طرح سمجھ لینا لازمی ہے کیونکہ بغیر انکے سمجھے ہوئے نہ دنیا ہی سنور سکتی ہے اور نہ آخرت ۔ آپ فرمائینگے کہ یہ ایک انوکھی سی بات ہے ۔ آپ خود ملاحظہ فرمائیں کہ آج تمام متمدن دنیا نے ساری انسانیت کو خود ہی تین طبقوں میں تقسیم کر دیا ہے یا دربات ہے کہ عام لوگ اسکو ایک اتفاقی بات سمجھیں مگر جنکو خدا نے روشن دماغ

بنایا ہے اور خلقی نگاہیں حقیقت میں ہیں وہ جانتے ہیں کہ یہ تقسیم کیوں ہے اور دنیا میں انسانیت کا ایک خاص طبقہ علم و سائنس کا مالک کیوں ہو تو دوسرا جذبات و حکومت کا اور تیسرا صناعت و تجارت کا ذمہ دار کیوں بنایا گیا۔ آپ کہینگے کہ بظاہر ایسا معلوم ہوتا ہے کہ یہ صرف جذبہ تثلیث کا زور ہے جسنے تمام انسانیت کو یوں تین حصوں میں منقسم کر دیا گیا ہے۔ لیکن دراصل یہ تثلیث بھی حقیقی توحید کی پیش خیمہ ہے اور اب رفتہ رفتہ اہل دنیا اس حقیقت سے واقف ہوتے جا رہے ہیں کہ تمام انسانیت کی ایک برادری ہے جس میں ہر انسان ایک اہم رکنیت کا درجہ رکھتا ہے ظاہری اختلاف رنگ و مذہب کسی انسان کو اس برادری سے علیحدہ نہیں کر سکتے ہاں ایک بات البتہ سمجھ لینے کی ہے وہ یہ کہ جسطرح جسم انسانی کے مختلف اعضاء کا ایک مخصوص کام ہے اسی طرح انسانیت کی برادری بھی مختلف جماعتوں کے سپرد خاص فرائض ہیں جنکو انہیں علیحدہ علیحدہ انجام دینا ہے اور جس طرح جسم انسانی میں دیکھنے کا کام ہاتھ سے اور بولنے کا کام آنکھ سے نہیں لیا جا سکتا اسی طرح انسانی برادری کی ایک جماعت کا کام دوسری جماعت سے ہرگز اچھائی کے ساتھ انجام نہیں پا سکتا۔ بس اتنی سی بات ہے جسکو اہل دنیا کو سمجھ لینا ہے۔ بقول حضرت سعدی رحمۃ اللہ علیہ ؎

بنی آدم اعضائے یک دیگر اند
کہ در آفرینش ز یک جوہر اند

اگر فی الحقیقت اس کو دنیا سمجھ لے تو پھر ارتقاء کی راہ میں بڑی سہولتیں پیدا ہو جائیں اور آپس کے اختلاف کا نام بھی باقی نہ رہے۔

نظم

کم سن دوستو! ——

(نوٹ:- یہ وہ مشہور نظم ہے جو پٹنہ سائنس کالج کے مشاعرہ میں ۱۵ دسمبر ۱۹۴۰ء کو پڑھی گئی۔ اس نظم کا موضوع یعنے "امن" پہلے ہی سے دے دیا گیا تھا اور اس موضوع پر سب سے بہتر نظم عالیجناب خان بہادر نواب سید محمد اسمٰعیل صاحب کی طرف سے ایک نقرئی "کپ" کا بھی اعلان کر دیا گیا تھا۔ چنانچہ "وہ کپ" جناب سید سرور علی خاں صاحب کو جو کہ کالج کے ایک نوعمر اور ہونہار طالب العلم ہیں اسی نظم پر دیا گیا، میں اپنی دعاؤں کے ساتھ ساتھ مبارک باد بھی دیتا ہوں:- اڈیٹر)

امن

جانِ صد لذتِ حیات ہے امن روحِ تنظیمِ کائنات ہے امن
امن وجہِ بقائے ہستی ہے امن کی سعی حق پرستی ہے
امن ہو اصل خواہشِ قدرت امن ہے عینِ مقصدِ فطرت
ہر عبادت غرض ہے جوہرِ امن کہ ہے مطلوبِ خاصِ داورِ امن

امن ہی باعثِ اخوت ہے　　امن ہی حاصلِ ہدایت ہے
امن ہی لطفِ زندگانی ہے　　امن ہی عیشِ جاودانی ہے
ہر فضا خوشگوار امن سے ہے
دو جہاں کی بہار امن سے ہے

امن دارو ئے بیقراری ہے　　امن منشائے ذاتِ باری ہے
سودمند امن سی نہیں کوئی شئے　　امن کل نعمتوں سے بہتر ہے
جتنے اوتار یا نبی آئے　　امن ہی کا پیام سب لائے
گو بظاہر جدا جدا راہیں　　کہ مسافر چلیں جدھر چاہیں
فی الحقیقت سبھوں کی منزل ایک　　کشتیاں مختلف ہیں ساحل ایک
تھی ضرورت دفاعِ رہزن کی
اس لئے شمع امن روشن کی

جتنی تاکید امن ہو کم ہے　　امن موضوعِ درسِ عالم ہے
ہے یہ تبلیغ ہر فسانے میں　　امن قائم کرو زمانے میں
امن کی یہ مگر نہیں تعریف　　کہ جھکے خوف شر سے مردِ شریف
دعوت امن سے یہ ہے مقصود　　ہو کسی طرح راہِ شر مسدود
نہ رہے شور و شر کا دھر میں نام　　حامیِ صلح کل ہوں خاص و عام
دشمنِ امن اگر تنگ کریں　　چھیڑ کر مصلحوں سے جنگ کریں
فرض ہے راہِ راست پر لانا　　حتی الامکان انکو سمجھانا
پھر بھی شر سے اگر نہ باز آئیں　　تو بجا ہے کہ وہ سزا پائیں

حق ہے طرزِ عمل بدل دینا
اور موذی کا سر کچل دینا
عدل ہے ظلم کو فنا کرنا　　جیسے دکھ درد کی دوا کرنا
امن میں ہوں اگر نہ کوشش کد　　یہ بھی گویا ہے اہلِ شر کی مدد
صلح جو کا نہ جو بٹائے ہاتھ　　دے رہا ہے وہ ظالموں کا ساتھ
جنگ یعنی پیامِ بربادی　　امن گویا صلائے آزادی
جنگ خوف و خطر کی بانی ہے　　جنگ ادبار کی نشانی ہے
ہو کے عاجز بالآخر آپ سے آپ
سبکو کرنا پڑے گا میل ملاپ
لیکن اس صلح پر ہو خوش دل کیا　　سر اٹھائیگا مرغ بسمل کیا
سرد جوش و خروش ہمت پست　　ہر نفس کی صدا شکست شکست
نزع تک حرص و آز کے بندے　　بنتے رہتے ہیں مکر کے پھندے
تھک کے وقتی مصالحت کیلئے　　ہوشمندوں کو یہ نہیں مرغوب

لطف جب ہے کہ صلح عام رہے
اور امن و سکون مدام رہے

کمسن دوستو!——آہ! اسلیم اختر

عالیجناب محمد حسین خطیب ہیڈ مولوی ٹی۔ کے گھوش اکاڈمی (پٹنہ)

دنیا کے سنگریزوں میں ایسے درشاہوار کمی بھی　　کمی نہیں جو اپنی چمک دمک دکھانے سے پیشتر ہی نذرِ حوادث

ہوگئے۔ آج کی صحبت میں ہم ایسے ہی ایک آبدار موتی کو منظرِ عام پر لانا چاہتے ہیں۔

مقامی اخباروں میں یہ انتہائی حسرتناک خبر شائع ہوچکی ہے کہ ۲۶ رنومبر کی صبح کو سلیم اختر نامی پٹنہ کالج کا ایک ہونہار اور ہردلعزیز طالب علم پیراکی کی مشق کرتا ہوا گنگا کی لہروں میں ابدی نیند سوگیا۔ میں مرحوم کے بچپن سے اس کا خانگی معلم رہا ہوں اور تعلقات یہاں تک بڑھے کہ اب وہ مجھے اپنی اولاد سے بھی بڑھکر عزیز تھا۔ اس میں شک نہیں کہ مرحوم اسکا مستحق ہے کہ اُسے مخاطب کرکے کہا جائے۔ ؎

منزلِ راہِ حقیقت کی بتانے کے لئے
چھوڑ جا نقشِ قدم اَوروں کے چلنے کے لئے

میری زندگی کا یہ دمکتا چاند گنگا کی اتھاہ موجوں میں ڈوبا ہے تب سے ؎

دماغ تاریکیوں میں گم ہے چراغِ دل رہنما نہیں ہے
اِدھر اندھیرا اُدھر اندھیرا کہیں کوئی آسرا نہیں ہے

پھر بتائے ایسی حالت میں، میں کیا لکھوں اور کوئی کیا سمجھے؟

؎ کیا ہنسے انسان اور کیا رو سکے
جی ٹھکانے ہو تو سب کچھ ہو سکے

بہرحال اس کسمپرسی کے عالم میں مجھ سے جو کچھ ممکن ہے حوالۂ قلم کرتا ہوں۔

مگر قبل اس کے کہ اس ہردلعزیز دریکتائے کی چمک دمک کے اوناٹے آپ اپنوں کی زبانی سنیں پہلے ایسے اغیار کے تبصرے ملاحظہ فرمالیجئے جو پٹنہ کے اکابر و مشاہیر میں شمار ہوتے ہیں اور جنہوں نے سلسلۂ تعزیت خیالات ذیل ظاہر فرمائے

ڈاکٹر اے۔ کے رائے نے فرمایا " اتنا نیک اور بعہد لڑکا دنیا بہت کم پیدا کرتی ہے" خان بہادر مولوی مبارک کریم صاحب سابق ناظر تعلیمات اسلامیہ کا ارشاد ہوا " وہ امیرزادہ نہیں پارسا زادہ معلوم ہوتا تھا" مسٹر علی حسن صاحب سابق پوسٹ ماسٹر جنرل بہار گویا ہوئے " نہایت پاکباز اور معصوم لڑکا تھا" مسٹر نعیم صاحب بارایٹ لا بولے " ایسا نیک اور سلیم الطبع لڑکا میں نے نہیں دیکھا" پروفیسر ظہیر صاحب پٹنہ کالج نے فرمایا " ایسا سادہ اور ہردلعزیز لڑکا کالج میں بہت کم نظر آتا ہے" مسٹر شریف بار ایٹ لا کا ارشاد تھا " بہت معصوم اور اپنے نام جیسا آدمی تھا" سہیل صاحب عظیم آبادی نے اظہار فرمایا " دماغ بہت اعلیٰ رکھتا تھا اور ملنساری، پاکبازی و معصومیت میں یکتائے روزگار طالب علم تھا"

مرحوم مصلح پور، پٹنہ کے ایک رئیس اور معزز گھرانے کا چشم و چراغ تھا۔ اس نے ابھی زندگی کی کل سترہ ہی بہاریں دیکھی تھیں۔ مولوی حفیظ وکیل سابق ایم ایل سی و ممبر سنڈیکیٹ و سینیٹ پٹنہ یونیورسٹی بھی مرحوم کے چچا اور مسٹر نعمان ایم ایل اے چچیرے بھائی ہوتے ہیں۔

مرحوم اس تھوڑی سے عمر میں بہت بلند سیرت،

ممتاز اخلاق اور گوناگوں اوصاف کا مالک تھا۔ وہ جس سے کبھی ایک بار مل لیتا اُسے ہمیشہ کے لئے اپنا گرویدہ بنا لیتا تھا ناممکن تھا کہ سلام یا آداب کرنے میں اُس پر کبھی کوئی سبقت کیجا سکتا اُس سے کسی کے دل کا دکھنا تو درکنار محلہ کے تمام ہندو مسلمان اور اس کے تمام احباب بلا تفریق مذہب و ملت اس پر جانیں چھڑکتے۔ چنانچہ ہردلعزیزی کا یہ عالم تھا کہ اسی سال اس نے پٹنہ کالج کی فضا میں قدم رکھا اور داخلہ کے چند ہی روز بعد جب کلاس کے نمائندہ کا انتخاب ہوا تو دو سو لڑکوں میں جن میں ڈیڑھ سو ہندو اور کل پچاس مسلمان تھے بغیر کسی تک ودو کے نمائندہ چنا گیا۔ سال اول کا طالب علم تھا اور مشکل سے ابھی سال کے چھ مہینے گذرے تھے۔ مگر عام طور پر تمام اساتذہ اور خاص طور پر پرنسپل کے دل میں اس نے ایک خاص جگہ بنا لی تھی۔ جب حادثہ کی خبر ہوئی پرنسپل عالم بیتابی میں دریا کے کنارے تین میل تک اس کی جستجو میں پیدل چلے۔

ملنے جلنے کا انداز اتنا دلکش تھا کہ بس دیکھتے ہی رہیے۔ جب کوئی اس سے ملنے آتے تو سروقد کھڑے ہو کر استقبال کرتا اور جب تک انہیں بٹھا نہ لیتا خود نہ بیٹھتا۔ اور اس سلوک میں امیری و غریبی اور مذہب و ملت کا کوئی امتیاز نہ تھا۔

خدمت خلق اور ایثار اس کی گھٹی میں پڑا ہوا تھا۔ اگر کوئی کسی ضرورت سے ملنے آتا تو اپنا سارا کام چھوڑ کر پہلے اس کا کام انجام دے دیتا اور اس میں بڑی خوشی محسوس کرتا۔ بیشمار کم پڑھے لکھے اور ان پڑھ ہندو مسلمان غریب و نادار طلبا اس دردمند رئیس زادے سے مفت تعلیم حاصل کرتے اور اس دھندے میں بعض اوقات وہ رات کے بارہ بجے سے پہلے بستر پر نہ جاتا۔

تہذیب و شائستگی کا پیکر مجسم تھا۔ اساتذہ یا بزرگوں کے سامنے بے ضرورت کبھی نہ بولتا۔ اور جب ان سے کچھ کہنا ہوتا تو نہایت دبی زبان سے اور کھڑے ہو کر عرض کرتا۔ کسی کی بات یا معاملہ میں کبھی دخل نہ دیتا۔ جب کوئی دو آدمی کسی مجلس میں کوئی پوشیدہ بات کرنا چاہتے تو بے کہے خود اس مجلس سے الگ ہو جاتا

حیاداری کا یہ عالم تھا کہ راستہ چلنے میں نظریں ہمیشہ نیچے کی طرف جھکی رہتیں۔ اتفاق سے اگر کسی غیر محرم پر نظر پڑ جاتی تو خود شرما کر نگاہیں فوراً جھکا لیتا۔ کبھی کوئی ناشائستہ بات اس کی زبان پر نہیں آئی اپنے ہاں کے نوکر تک کو اس نے کبھی بیہودہ نہ کہا۔ بلکہ اگر کسی مجلس میں ناشائستہ الفاظ بولے جاتے تو وہاں سے چپ چاپ کھسک جاتا

گو سیاسیات میں عملی حصہ اس نے کبھی نہیں لیا مگر مختلف قوموں میں سیاسی اتحاد کا جذبہ برابر اس کے دل میں موجزن رہا کرتا اور اس مقصد کے ماتحت اپنے فرقہ پرست دوستوں سے اکثر صلح کن اور سنجیدہ بحثوں میں حصہ لیتا۔ اسی سلامت روی کا نتیجہ تھا کہ ہر مذہب

وملت کے بیشمار دوست ہمیشہ اس کے گرویدہ وار نثار رہا کرتے۔

ان تمام خوبیوں کے ساتھ ساتھ اس نے دماغ اور حافظہ بھی بہت اعلیٰ پایا تھا۔ جو بھی ایکبار پڑھ لیتا اسے دوبارہ سمجھنے یا یاد کرنے کی ضرورت اُسے کبھی نہیں ہوتی۔ اس مختصر سے مضمون میں مرحوم کے اوصاف میں کہاں تک بیان کروں۔ میرے اردگرد خدا کے فضل سے برابر سیکڑوں شاگردوں کا حلقہ رہتا ہے مگر میرے ذاتی خیالات کا خلاصہ یہ ہے کہ

ع گلستاں میں جاکر ہر اک گل کو دیکھا
نہ تیری سی رنگت نہ تیری سی بو ہے

اگر خدا نے چاہا اور وقت نے ساتھ دیا تو آئندہ کسی اشاعت میں مرحوم کی کتاب زندگی کے بعض اہم ابواب اور اس کی تصویر ہدیہ ناظرین کروں گا۔

نوٹ:- طالب العلموں کے لئے یہ ضروری ہے کہ اپنے اخلاق اور مذہبی رواداری کو اس طرح کا بنائیں کہ دنیا میں مرنے کے بعد بھی تذکرہ خیر ہو۔ ہم سلیم اختر مرحوم کی اچانک موت پر نہایت خلوص سے افسوس ظاہر کرتے ہیں اور امید کرتے ہیں کہ خداوند عالم مرحوم کے شفیق اُستاد مولوی محمد حسین صاحب خطیب ٹڈ مولوی اور مرحوم کے والدین کو صبر عطا فرمائے گا۔

— ایڈیٹر —

موتی قوام بے شک ہے بے مثال نکلا　　بے عیب ہر طرح سے با صد کمال نکلا
ہے پاندان کی زینت اے پان کھانیوالو　　خوشبو میں خوبیوں میں یہ لازوال نکلا
وہ شبنو نکی سج دھج بلبل کی یہ صفائی　　بن ٹھن کے خوبیوں سے صاحب جمال نکلا
سو سیکڑوں میں کیا ہے لاکھوں میں ایک نکلا　　سب لوگ کہہ رہے ہیں کیا خوب مال نکلا
ہے رازدار خلوت ناز و نیاز میں یہ　　راحت ہے عاشقوں کی وجہ وصال نکلا
دشمن بھی معترف ہیں کیا شان ہے نرالی　　شہرت یہ آسماں کے بنکر ہلال نکلا
پٹنہ کی گود میں ہاں جو طفل سو رہا تھا　　فخر بہار بن کر وہ نونہال نکلا
کاریگری میں یونس بیشک ہیں فرد اپنے　　سمجھے تھے بے حقیقت گودڑ میں لعل نکلا
ہے ورد کو مسرت پوری ہوئی تمنا　　وفضل خدا سے یعنی رزق حلال نکلا

روحانی دنیا — نماز یا پوجا سے خدمت خلق

اڈیٹر

مادی زندگی بسر کرنے والوں کو تعجب ہوتا ہے کہ فقرا یا روحانیت رکھنے والے دیکھکر کیونکر انسانوں کے عادات اور دماغی کیفیات سمجھ جاتے ہیں۔ روحانیت سے جو محروم ہیں وہ یا تو ایسے اشخاص کو دیوانہ یا بالکل جھوٹا اور مکار تصور کرتے ہیں۔ جنہوں نے مادی زندگی کے سمندر میں غوطے کھا آل کار زیست سمجھ لیا ہے۔ ان مجبور انسانوں کے لئے دعا کی ضرورت ہے۔ خدا انہیں راہ ہدایت دکھلائے۔ یہ مادہ کے لذات میں اسقدر گہرائی سے ڈوبے ہوئے ہیں کہ اسکی گندگی کا احساس بالکل نہیں ہوتا ہے۔ ان کی حالت بجنسہ ویسے شخص کی ہے جو دنیا بھر کی بدبو کثافت صاف کرتا ہے اور بدبو کا احساس نہیں ہوتا اور نہ گندگی سے تنفر ہے۔

لیکن ایسے بندے خدا روحانی نعمتوں سے محروم نہیں رہ سکتے ہیں۔ روحانیت کسی خاص شخص کا حصہ نہیں ہے یہ وہ عظیم الشان طاقت ہے۔ اور اوس سخی سرکار کی پیدا کی ہوئی ہے جسکے سامنے ایک گنہگار اور عابد، ایک مشرک اور ایک موحد، ایک فقیر اور ایک بادشاہ برابر ہیں۔ خدا گنہگاروں کو دھتکار کر یہ نہیں کہتا کہ "تجھے روزی ہمارے خزانہ سے نہ ملیگی تو اس قابل بھی نہیں ہے کہ ہمارے سامنے سر جھکائے"۔ یہ دنیا کی فراوانی اور دولت کی نعمت حاصل کئے ہوئے شوریشت بندگان خدا ہی کے کرتوت ہیں کہ وہ اپنے ہم جنس انسانوں کو حقیر اور ذلیل سمجھتے ہیں۔

اچھی روحانیت رکھنے والوں کی پہچان ہے کہ اونکی نظر باطنی کم و بیش کھلی ہو۔ اور اونکے سامنے جو شخص آجائے اوسے پہچان لیں اور اوسکی اصلی سیرت سے واقفیت حاصل کر لیں جس کا جاننا اوسکے عزیز و اقارب کے لئے بھی ناممکنات سے ہو۔ سائنس نے روحانی رموز کی تحقیقات کر کے اسقدر زیادہ روشنی اسپر ڈالی ہے کہ منکر روحانیت یا ایسے اشخاص جن کا عقیدہ یہ ہے کہ خاص خاص بندگان خدا ہی کو روحانیت حاصل ہوتی ہے اور یہ طاقت آسمان سے کسی فرشتہ کے ذریعہ اوس خاص انسان پر آتی ہے، ان کا بھی منہ بند کر دیا ہے۔

مغربی ناٹنگھم ہیلس کے مشہور باشندہ ڈاکٹر اسٹنس ہوکر، جو کہ خاص طور سے معالج بذریعہ رنگ و برق (بجلی) مانے گئے ہیں انہوں نے یورپ کو اس اعلان سے حیران کر دیا ہے کہ انسان کے جسم سے رنگین شعاعیں خارج ہوتی ہیں اور اسکے دیکھنے اور محسوس کرنے کی طاقت اون میں خود موجود ہے۔ وہ رنگوں کی تفصیل اور انسانی زندگی پر اونکے اثرات بیان کرتے ہیں کہ جس شخص کے جسم سے شوخ سرخ شعاع خارج ہوتی ہو اوس میں نفسانی خواہشات اور جذبات زیادہ ہوتے ہیں۔ جس شخص نے اپنی زندگی کا مقصد ہی یہ بنا لیا ہو

کہ مخلوق خدا کے ساتھ بھلا ہی بھلائی کی جائے اوس کے جسم سے گلابی شعاعیں خارج ہوا کرتی ہیں۔ جن میں جوش اور ہوس دنیاوی یعنی ترقی اور برتری کی ہوتی ہے اون کے جسم کی شعاعوں کی رنگت نارنجی دکھائی دیتی ہے۔ اور جو لوگ بہت زیادہ سوچ بچار کیا کرتے ہیں اون کے جسم کی شعاع کا رنگ گہرا نیلا ہوتا ہے۔ جو لوگ علمی ذوق رکھنے والے ہوں یا فن موسیقی۔ شاعری یا مصوری وغیرہ کے شائق ہوں یا اچھی صحبت وا چھے ہمسایہ میں رہتے ہوں اون کے جسم کی شعاعوں کا رنگ زرد ہوا کرتا ہے۔ جو لوگ ہوس وحرص کے بندے ہیں یا اون کے خیالات بالکل پست ہیں اون کے جسم کی شعاعوں کی رنگت خاکی ہوا کرتی ہے۔ جو لوگ معمولی اور بدنما زندگی بسر کرتے ہیں اون کے جسم کی شعاعیں بھدّے بھورے رنگت کی ہوا کرتی ہے۔ جن میں مذہبی رجحانات وجذبات ہیں یا خوش اخلاق اور نیک طوار ہیں اون کے جسم کا رنگ ہلکا نیلا ہوتا ہے۔ بلند خیالات اور عالی ہمت انسانوں کے جسم کی شعاعوں کا رنگ ہلکا سبز ہوا کرتا ہے۔ اور جو لوگ جسمانی امراض میں مبتلا ہیں یا ان کے دماغی توہمات وتصورات گندے ہیں ان کے جسم کی شعاعیں شوخ سبز ہوا کرتی ہیں۔

ڈاکٹر ہوکر صاحب کا یہ بھی قول ہے کہ انسانی تخیلات کی خاص شکل اور رنگت ہوا کرتی ہے جو کہ معمولی آنکھوں سے دکھائی نہیں دیتی ہیں لیکن یہ اسقدر نازک اور باریک ہوتی ہیں کہ ہر چیزیں جسے انسان استعمال کرتا ہے یا چھوتا ہے جذب ہو جاتی ہیں۔

خیالات کا اثر چیزوں پر کیونکر ہوتا ہے اوسے اس طرح سمجھنے کی کوشش کرنی چاہئے۔ فرض کیا جائے کہ زید نے ایک قلم کو استعمال کیا ہے اوس قلم میں زید کے تخیلات اور اوس کا رنگ منقش ہو جائیگا۔ خواہ ظاہری نظر اوسے نہ دیکھے۔ ان خیالات کا عکس عالم ملکوت میں موجود ہوگا اور نظر ملکوتی رکھنے والا انسان اوسے بخوبی دیکھ لیگا اور یہ بھی سمجھ لیگا کہ اس قلم کا استعمال کرنے والا فلاں قسم کا آدمی تھا اور فلاں فلاں خواہشات وجذبات میں اس قلم کو استعمال کیا گیا تھا۔

یہی وجہ ہے کہ نظر ملکوتی کی طاقتیں جن لوگوں میں پیدا ہو گئی ہیں وہ انسان کو دیکھ کر۔ انسان کا جسم چھوکر انسان کی استعمال کی ہوئی چیزوں کو چھوکر اوس انسان کی یا اوس چیز کی حقیقت کو جان جاتے ہیں۔ قدرت کی طرف سے جو امداد ایسی نظر رکھنے والے انسانوں کی ہوتی ہے وہ اوسی وقت ہوتی ہے جبکہ اوس طاقت کو دکھلا کر اپنی زبان سے فخر ومباحات نہ کریں۔ اور بالکل معمولی انسانوں کی طرح سے رہایش اور بات چیت ہو۔ خودی کو بھولتا جائے اور غیروں کی محبت وبھی خواہی کا مادّہ بلا امتیاز مذہب وقوم اوس میں پیدا ہوتا جائے خاموشی سے انسان کی روحانی خدمت کرے اور اوسکی شہرت کا خواہاں نہ ہو۔ ان ہی رنگین شعاعوں کا نام سائنس نے اورا (AURA) رکھا ہے۔

جن لوگوں نے روحانی زندگی کے نقش قدم پر اپنا قدم

ابھی تک نہیں رکھا ہے اونہیں چاہئے کہ اپنے میں روحانیت پیدا کرنیکی صلاحیت پیدا کریں۔ اسکے لئے پہلے پہل کسی اُستاد یا مرشد کی ضرورت نہیں ہے۔ بلکہ جو شخص جس مذہب کا ہو اوس کی عبادت دل سے کرے۔

مان لیا جائے کہ مسلمان نماز پڑھتے ہیں تو اون کو نماز کے وقت کی پابندی کا خیال رکھنا چاہئے۔ جو جو سورۃ اور دعائیں نماز میں پڑھی جاتی ہیں اون کے معنی کو خوب سمجھ لینا چاہئے۔ اور اسقدر سورہ و دعا کے معنی یاد ہو جائیں کہ جیسے پڑھتے جائیں ویسے ویسے معنی بھی سمجھتے جائیں۔ بغیر معنی اور مطلب سمجھے ہوئے نماز کا اثر تشفی بخش نہ ہوگا اگر ایک ماہ اس طرح سے ایک وقت کی بھی نماز پڑھی گئی تو نماز پڑھنے والا اپنے جسم میں۔ اپنے خیالات میں تبدیلی پائیگا اور اپنی زبان میں اوس کو قوت محسوس ہوگی جو خیال کرے گا یا زبان سے کہدے گا زیادہ تر ہو کر رہے گا

اسی طرح سے ہندو بھائی یا اور دوسرے مذاہب کے لوگ اپنی عبادتوں کو خوب سمجھکر کیا کریں اور پھر اس کے بعد اس کی طاقت سے بندگان خدا کا۔ اپنے پڑوسی اور دوستوں کا اپنی دعاؤں سے بھلا کریں۔ اگر ایسی روحانی خدمت کا آپ کو شوق ہے تو آپ مجکو یعنی ایڈیٹر میل ملاپ (اُردو) کے نام سے خط لکھیں آپ کو روحانی خدمت کے راستے بتائے جائیں گے۔ اور آپ سے تھوڑا بہت جگ کا کلیان ہوگا۔

یہ طاقت اور زیادہ اوسوقت بڑھتی جائیگی جبکہ دل سے تعصب۔ بغض۔ اور کینہ نکلنا شروع ہوگا اور اس کی جگہ محبت خلق اللہ۔ رحم و کرم جو خدائی صفات ہیں انسان میں بڑھتی جائینگی۔ ایسے انسانوں کی نظروں میں ایک یہودی اور عیسائی ویسا ہی پیارا ہے جیسا کہ ایک ہندو یا مسلمان۔ مخلوق خدا پر رحم اور اوسکی ہمدردی کرنا ہی اچھے انسانوں کا کام ہے۔ بغیر تعصب سے دنیا نہیں چل سکتی خواہ اسکے لئے سبھائیں بنائی جائیں یا لیگ۔ تعصب دنیا کا ناش کر چھوڑے گی۔

یہ ہیں ابتدائی منازل اگر اسے معقول طور سے عمل میں لایا گیا تو آیندہ سہونت دینے والا بھی اسی ہوتا ہے جو اس میں یا خواب میں خدا ضرور رکھیدیگا۔ دنیا میں اور چیزوں کی قحط اور گرانی ممکن ہے لیکن روحانی پیشوا کی گرانی نہیں ہے۔ یہ لوگ عالم بالا میں ہر وقت دوسروں کی امداد کے منتظر اور خواہاں ہیں۔ ان کی ابدی زندگی ہی اسی پر ہے کہ عالم روحانیت میں یا ضرورت ہو تو مادّی زندگی کی روپ میں آکر حاجتمند انسانوں کو روحانی تعلیم دیں اور انسانوں کی ارتقائی منزل میں امداد پہونچائیں۔ آپکے مذہبی پیشوا اس دنیا کو چھوڑنے کے بعد آپ سے غافل نہیں ہیں آپ اونکو مردہ سمجھتے ہیں مگر وہ زندہ ہیں جس دنیا میں وہ اسوقت ہیں وہیں سے آپکی امداد کرنا چاہتے ہیں اور امداد کرتے ہیں۔ انسان خود اپنی خودی کے بھنور میں ڈوب رہا ہو یہ دوسری بات ہے لیکن انکو ہدایت ہوتی رہتی ہے۔ راہ چلتے اور ہمسایہ سے مخالف اور دشمنوں سے بھی قدرت کی طرف سے ہدایت کردیجاتی ہے جبکہ راہ راست انسان اختیار کرلیتا ہے تو اوسکی تعلیم خواب میں اور اس عالم میں براہ راست بھی ہوتی ہے

یادآوری

گلزار باغ پٹنہ ۲۴ دسمبر ۱۹۵۰ء

محترم اڈیٹر صاحب میل ملاپ تسلیم

تھیاسوفیکل سوسائٹی کے سنہری جبلی میں بوجہ علالت شریک نہ سکا جس کا افسوس ہے ناچیز نے صدر اعظم کے نام ایک مبارک باد کا عریضہ لکھا ہے جس کی نقل حاضر کیجا رہی ہے۔ مناسب ہو تو اپنے موقر جریدہ کے کسی گوشہ میں جگہ دیکر ممنون فرمائینگے۔

مقدس صدر اعظم

ہم لوگوں کی سوسائٹی کی سنہری جبلی منائی جا رہی ہے۔ میں اس مبارک موقعہ پر جناب کی خدمت میں مبارکباد پیش کرتا ہوں۔

مجھے بحد افسوس ہے، کہ میں اپنی بیماری کی وجہ سے اس شاندار تقریب میں شریک نہ ہو سکا۔ خدا اس جلسہ میں حصہ لینے والوں پر برکت نازل فرمائے اور جلسہ کو ہر حیثیت سے کامیابی عطا کرے

میں امید کرتا ہوں کہ شریک ہونیوالے سب بھائی خصوصاً برادران اسلام اس خاص جلسہ کی اہمیت کا اثر لینگے اور اس کی اہم تجاویز پر صداقت و استقلال کیساتھ کاربند ہونگے۔ مجھے یہ بھی امید ہے کہ ہماری سوسائٹی کے ۸-۹ کروڑ مسلمانوں کو تھیاسوفیکل ذہنیت کا بنانیکی سرگرم کوشش کرے گی۔ غالباً امر خاص میں زیادہ کام نہیں کیا جا رہا ہے۔

خدا ہم لوگوں کو نیک کام کی توفیق عطا فرمائے اور دنیا کے ساتھ ساتھ ہمارے پیارے وطن میں امن وامان قائم رکھے آمین۔

آپ کا فرمان بردار

سید عسکری حسن جعفری۔ ایف ٹی۔ اس

اب مجھے کوئی شک نہیں رہا

آپکے روحوں کے متعلق جو واقفیت مجھے بہم پہونچائی ہے۔ اس سے میرا مطلب کافی سے زیادہ حل ہو گیا مجھے یہ خیال تھا کہ زندہ انسانوں کا صرف اسی دنیا یعنی مادی جگت سے تعلق ہونے کی وجہ سے وہ عالم ارواح یعنی آتما جگت سے کچھ واسطہ نہیں رکھتے۔ اور عالم ارواح میں رہنے والی روحیں اس مادی دنیا سے ہر صورت اور ہر حال میں لاتعلق رہتی ہیں۔ مگر آپ کی تحریر نے میرے اس خیال کو دور کر دیا ہے۔ اور اب مجھے کوئی شک نہیں رہا۔ کہ کوئی روح کسی غرض سے اپنا پیغام کسی زندہ انسان کو

دے سکتا ہے۔ اگرچہ ایسا شاذ و نادر ہی ہوتا ہے۔ عام طور
سے روحیں نہیں آتیں۔ یا آنا پسند نہیں کرتیں۔ غیر
معمولی حالات سے متحرک ہو کر کوئی روح ایسا کر سکتی ہے
میں آپکا بہت ہی مشکور ہوں۔ کہ آپکی مہربانی سے
میرا مطلب حل ہوگیا۔ اب اس بارے میں آپکو زیادہ
تکلیف نہیں دینا چاہتا۔

شکریہ کے ساتھ

میں ہوں آپکا روحانی بھائی

ر۔ ن۔ گ (لاہور)

نوٹ:- ایک معزز بزرگ کی تحریر پیش کی گئی ہے جنکا نام بلا اجازت شائع نہیں کر سکتا ـــ ایڈیٹر

افسانہ

نقلی مرشد کی چال

از سید قمر الدین حیدر صاحب قمر افسانہ نگار پٹنہ

کسی نے ایک جاہل ان پڑھ نوجوان سے انسان بنانا چاہا تو لگے ہاتھوں پوجا پاٹ یا عبادت و ریاضت کے فائدے بیان کرنا شروع کر دیا۔ کلام کچھ اس قدر شیریں اور انداز بیان اتنا دلکش تھا کہ گنوار کے دل میں طلسم ہوشربا کی طرح ہوائی قلعے ٹوٹتے اور پرستان کی پریاں ناچتی ہوئی آتی محسوس ہونے لگیں۔ شوق عبادت چرایا ... وہ بھی اس قدر کہ حد سے بڑھکر جنون کی سرحد سے جا ملا ـــ اب وہ پورا ملائے مسجد ہی بنگیا۔ شب و روز یاد خدا کے سوا کوئی اور کام نہ تھا۔ محلہ والے یہ خیال کر کے کہ ایک مسلمان ہوکر بیچارہ بار کا بار ہے شب کے وقت کھانا پہنچا دیا کرتے تھے۔ اور کوئی دینی چاہے دنیاوی فائدے اسے پہنچا ہو یا نہیں لیکن اتنا تو ضرور ہوا کہ خدا نے فکر معاش سے سبکدوش کر دیا۔ حوائج ضروری کے علاوہ باقی اوقات سجدوں اور یاد خدا میں اس طرح گذرنے لگے کہ آہستہ آہستہ خواہشات نفس پر اسے قابو ہونے لگا۔ ترقی کا زینہ ملتے ہی جلدی جلدی اپنی فطرت کے مطابق آگے بڑھنے لگا۔ جسمانی راحت و آرام بھول بیٹھا۔ وہ جوانی کے اس جذبے سے جو انسانیت سے گرا کر حیوانیت کے درجہ پر لا کھڑا کرتا ہے بالکل ناواقف تھا اور یہی وجہ تھی کہ یہ جذبہ کبھی کبھی سن کے تقاضے کے موافق ابھرتا مگر ناواقفیت آڑے آجاتی

ایک روز لمبے اور طولانی سجدہ سے سر اٹھایا تو دوسری جانب ایک اور شخص کو مشغول سجدہ پایا جس کی عبادت کئی گنا اس سے بڑھی ہوئی تھی۔ یہ حیران ہو کر اس دوسرے ہم جنس کی عبادت کو تعجب کی نظر سے دیکھتا اور خود اپنے میں کمی محسوس کر کے شرمندہ ہوتا رہا۔ مقابلے میں آنے کے بعد شوق بڑھا شوق کے ساتھ عبادت بھی بڑھی مگر وہ خلوص نہ پیدا کر سکا جو دوسرے عابد میں تھا آخر عاجز آکر اس عابد نے سوال کیا ـــ "کیا تمہیں کبھی بھوک و پیاس نہیں معلوم ہوتی؟" "ضرور ہوتی تھی مگر رفتہ رفتہ اسے میں نے اس لئے ترک کر دیا کہ پیشاب و پاخانہ کی حاجت ہو اور میرا وقت برباد نہ جائے! جو وقت بھی مل جائے اسے عبادت میں صرف کرنا چاہتا ہوں۔ ڈرتا ہوں کہ کہیں غفلت میں موت نہ آجائے" "کیا کہنا ہے آپ کی عبادت کا! مگر ذرا یہ تو

بتائیے ؟ آخر آپ اس قدر روتے کیوں ہیں ؟
"میں ایک گنہگار بندہ ہوں روؤں نہ تو کیا کروں"۔
"مجھے تمہارے رونے میں بہت خلوص معلوم ہوتا ہے ! چاہتا ہوں کہ مرا بھی یہی حال ہو مگر دو چار قطرے کے بعد آنکھیں خشک ہو جاتی ہیں ۔ کیا کوئی تدبیر تم بتا سکتے ہو کہ میں بھی تمہارے جیسا خلوص پیدا کر سکوں"
"تمہارے لئے وہی دو چار قطرے بہت ہیں ! اس کے سوا جا نکر کیا کرو گے ! میں نہیں بتا سکتا"
"نہیں نہیں ! میرے خالص دوست تم کو وہ راز بتا دینا چاہئے ! ورنہ یہ تمہاری خود غرضی ہو گی"
"ڈرتا ہوں کہ تم عمل نکرو گے اور مجھے اُلٹے بیوقوف بناؤ گے ورنہ کہہ بتا یا"
"نہیں مرشد ! اس کا یقین کرو کہ میں تمہاری رائے پر عمل ضرور کرونگا اور بجائے بیوقوف کے استاد سمجھوں گا"
"خیر نہیں مانتے ہو تو سنو ! زانیہ محلہ میں چلے جاؤ وہاں تمہیں ایک مکان پر جھنڈا لہراتا ہوا ملیگا ! دستک دینا ایک عورت اگر تمہیں اوپر بجا لیگی تمہاری خاطر و مدارات کریگی۔ اس کے سوال پر تم اپنے ساتھ تمام شب رہنے کا اصرار کرنا وہ انکار کریگی مگر تم نہ ماننا۔ جب شب کو تم اس کے ساتھ آرام سے سوؤ گے تو وہ تمہاری ہر خواہش کی تکمیل کرتے ہوئے مرے راز سے بھی واقف کر دیگی"
اندھیری رات میں اتفاق سے ابر کی تاریکی اور بھی پھیل گئی اور رفتہ رفتہ مینہ برسنے لگا جیوں ہی کہ گیارہ بجے عابد صاحب

اٹھے اور محلہ زانیہ کی طرف ہر مکان پر نگاہ ڈالتے چلے ایک مکان پر وہ نشان ملگیا جو بتایا جا چکا تھا ۔۔۔ دستک دی۔ کواڑ کھلا ۔۔۔ اوپر گئے ۔۔۔ خاطر و مدارات ہوئی۔ زانیہ نے پیشانی پر گھٹا دیکھا اور ریش مبارک بے قاعدگی کے ساتھ ضرورت سے زیادہ بڑھی ہوئی تو گھبرا کر پوچھنے لگی ۔ "کس قصد سے آنا ہوا مولانا"
"شب کو تمہارے پاس رہنا چاہتا ہوں اور کوئی ضرورت نہیں ہے"
اس نے ان کی وضع قطع اور طرز کلام سے ان کی بیوقوفی کا اندازہ کر کے ہنسنا شروع کیا ۔۔۔ دیر تک ہنستی رہی پھر سنجیدگی کے ساتھ کہنے لگی ! "مولانا میں ایک فاحشہ عورت ہوں بدکار ، جس کا ہر گھنٹہ ہر منٹ گنا ہوں سے لبریز ہے ! جس کے یہاں خطاکار آتے ہیں ! جس کی آغوش میں گناہیں پرورش پاتی ہیں ! ہائے میرے ناقابل رحم زندگی ! ! ! افسوس ! افسوس ! پھر جوش میں آکر رقت خیز آواز میں ؛
"میں گنہگار ہوں ، پاپی ہوں ، بد انجام ہوں ! سب کچھ ہوں مگر بدنفس نہیں ہوں ۔۔۔ ! مولانا ! یہ گھر نہیں ہے جہنم ہے جلدی میرے یہاں سے بھاگو ! کس نے بہکا دیا ہے"
"نہیں ! ہرگز نہیں ! مرا مرشد بہکانے والا نہیں ہے ! میں وہ راز معلوم کرنا چاہتا ہوں جس سے خلوص ہی خلوص پیدا ہوتا ہے ! آؤ مری آغوش میں آکر سو رہو"
"تمہیں راز خلوص ، وحقیقت و معرفت معلوم کرنے

کے لئے مرے یہاں بھیجئے۔" الشیطان ہے! بیوقوف جانکر اس نے دھوکا دیا ہے جا کر دیکھو، غائب ہو چکا ہو گا ــــــــ

فلسفۂ محبت

از: شیخ عبدالرشید عرفانی عظیم آبادی

بھوک کی چنگاریاں۔ غریب کے آنسو — بے کسوں کی آہ — مظلوموں کی تڑپ جنگ کے شعلے۔ خون کے دھارے — طاقتوروں کی زبردستی — کمزوروں کی بے چارگی — امیروں کی دولت — فقیروں کی فاقہ مستی۔ زمینداروں کے ظلم کسانوں کی تغافل پرستی۔ سماج کے بندھن — بیواؤں کی ہلاکت زدہ آنکھوں کی چمکتی ہوئی روشنی باپ کا حکم۔ بیٹے کی عدول حکمی۔ ان گنت لیڈروں کی بے شمار رہنمائی۔ اور ان پڑھ بھیڑیوں کا ان کے پیچھے دوڑنا ــــ یہی سب جب فضا میں پورے طور سے مسلط ہو جاتے ہیں تو؟ — تو ایک زبردست اکال پڑتا ہے اکال! ــــ انسانی ہڈیاں چٹخنے لگتی ہیں — اپنا بیگانا ہوجاتا ہے — خون برف کے مانند ٹھنڈے اور سفید ہو جاتے ہیں!! میرے دوست! ان سے بچنے کے طریقے بھی آپ جانتے ہیں پر عمل نہیں کرتے! ــــ پھوٹ کے شعلے کو بھڑکنے سے پہلے آپ پنے پریم کے پوتر اور گنگن فواروں سے ٹھنڈا کر دیں ــــ پریم کی جب ہر سو بجلی کوندیگی تو خود بخود پھوٹ اور نفاق کے بیج خاکستر ہو جائیں گے — پریم کا پھل بہت میٹھا ہوتا ہے میرے بھائی۔ دیکھیے میں بڑے بڑے مشاہیر کے اقوال آپکو سناتا ہوں۔

(۱) پاکبازی ایک دولت، جو محبت کی فراوانی سے ہاتھ آتی ہے۔

(۲) میں اپنے ترنے تمہارے دل میں اتار دونگا اور اپنی محبت تمہاری محبت میں (ٹیگور)

(۳) محبت دل کو نرم بنا دیتی ہے اور نرمی و بیش بہا خزانہ ہے جس کا نام "دوستی" ہے (فلیچر)

(۴) محبت قوت کو بھی شکست دے سکتی ہے (منیمن)

(۵) محبت میں خاموشی بھی گویائی کا اثر رکھتی ہے (کانگریو)

(۶) جو محبت نہیں کرتا خدا کو نہیں جانتا کیونکہ خدا محبت ہے (پروفر)

(۷) عدالت، سپاہی، باغ ہر جگہ محبت کی حکومت ہے، نیچے انسانوں پر اور اوپر فرشتوں پر محبت کی حکومت ہے کیونکہ محبت خدا ہے اور خدا محبت ہے۔ (اسکاٹ)

(۸) محبت صرف اپنی رعایا ہے اور اپنی سلطنت کے سوا کسی کو نہیں مانتی (گرین ول)

(۹) محبت زندگی ہے اور موت ایسے بقا اور آگوہت کا تاج پہناتی ہے۔ (پرون)

(۱۰) محبت اپنے مرکز محبت کو خوش رکھنے کے لئے ہر چیز قربان کر دیتی ہے (دلشن)

सूरे-फ़ातहा

(ले०—प्रोफ़ेसर ए० आर० नैयर, क़ादियान, पंजाब
मुस्लिम मिशनरी, इंगलैन्ड, पूर्वी अफ्रिका, अमेरिका, आदि स्थानों के लिये)

अलहमदो-लिल्लाहे-रब्बिल्-आल्मीन् , अर्रहमानि-र्रहीम, मालिके-यौमे-द्दीन; ईयाक नाबदो ईयाक नस्तईन; अह्दिनस्सराातलमुस्तक़ीम, सरातुल्लज़ीन अनअम्त अलैहिम; ग़ैरुलमग़ज़ूब अलैहिम वला अल्ज़ालीन: आमीन।

हिन्दी तर्जुमा—

सगरो महिमा तुमरो ईश्वर।
दयावान, केवल जगदीश्वर॥
तूहि दयालु कृपालू दाना।
धरम-राज, राजन का राजा॥
तुमरो उपासन करहीं ईश्वर।
होइहो सहाई, हे जगदीश्वर॥
हमका सीधी डगर बतइहो।
हमरी नइया पार लगइहो॥
वाकी डगर बतइहो हमका।
किरपा जेहपे तुम्हरी देवा॥
दुष्टन का हम पंथ न चाहें।
धरम-हीन जो जनम गँवावें॥
हमरी अरजी सुनि लेहु, दयालु गरीब नेवाज़।
साँचे पंथ चलाइहो, राखु हमारो लाज॥

नोट—हम इस इस्लाम धर्म की प्रार्थना और इसके पद्यानुवाद को ख़ुशी से यहाँ स्थान देते हैं। भाषा का ख़्याल न कर भाव की ओर ध्यान देने से साफ़ ज़ाहिर होगा कि इस्लाम-धर्म और हिन्दू-धर्म की प्रार्थनाओं मे सिवाय भाषा के और कोई अन्तर नहीं। वास्तव में सभी धर्मों के मूल सिद्धान्त एक हैं। सिर्फ समझदारी से काम लेने की ज़रूरत है।

—सम्पादक।

सकती है” यह सुन पुरोहित जी फिर परदेश यात्रा के लिये निकले। इस बार पुरोहित जी सीधे उसी कुएँ पर गये और बिना कुछ सोच-विचार किये फिर धड़ाम से कुएँ में कूद पड़े।

पाताल में पहुँच कर पुरोहित जी इस बार तदबीर की ओर न जाकर तक़दीर की ओर गये। और कुछ पाने की उससे भी इच्छा प्रगट की। तक़दीर ने अपने ढेर में से एक पैसा निकाल कर दे दिया। वे पैसा पाकर फिर मकान की ओर लौट पड़े। कुएँ के ऊपर आकर अपने घर की ओर चले।

उस तालाब के पास पहुँचे तो देखा कि एक मल्लाह उस तालाब में जाल लगाये हुए बैठा है। मांसाहारी होने के कारण पुरोहित जी के मुँह में पानी भर आया। जब जाल खींचा गया तो पुरोहित जी ने तक़दीर का दिया हुआ पैसा कर एक मछली ख़रीद ली और थोड़ी देर बाद घर पहुँच गये।

पुरोहितानी जी उदास मन घर में बैठी थीं। आज के दिन उनके घर में कुछ खाने को न था। पति द्वारा मछली पाकर बड़ी प्रसन्न हुईं और तुरन्त उसके बनाने की फ़िक्र में लगीं। उन्होंने चाकू से जैसे ही मछली का पेट चीरा वैसे ही उसमें से वह पत्थर चिथड़े में लिपटा मिल गया। वे तुरन्त उसे पुरोहित जी के पास ले गईं। पुरोहित जी अपना खोया हुआ पत्थर पाकर बड़े प्रसन्न हुए। तुरन्त सैकड़ों पत्थरों को सोना बना कर दोनों प्राणी सानन्द दिन बिताने लगे।

जब भाग्य के पैसे का चमत्कार पुरोहित जी पुरोहितानी जी को समझाने लगे, तो पुरोहितानी जी ने कहा, “यह तो ठीक है; किन्तु तदबीर ही तक़दीर के पास पहुँचाती है। यदि आप तदबीर न करते तो तक़दीर धन कैसे घर पहुँचाती ?” यह सुन पुरोहित जी ने मान लिया कि तदबीर से बिगड़ी हुई तक़दीर भी सुधर जाती है।

तदबीर से तक़दीर

(ले०—श्री रामदेव सिंह, अनीसाबाद, पटना)

एक गाँव में एक पुरोहित जी रहा करते थे। जब कभी कोई हाथ पैर चलानेवाली बात सामने आती तो भाग्य पर टाल कर अलग हो जाते। इस तरह कुछ दिनों के बाद वह काहिलों के सर्दार और कंगालों के क़िलेदार बन गये। जो कुछ यजमानों के यहाँ से मिल जाता था उसी से दिन काटते। किन्तु पुरोहितानी जी को पसन्द न आता था।

एक दिन बातों ही बातों में पुरोहित और पुरोहितानी जी में बहुत वाद-विवाद हो गया। पुरोहितानी जी चाहती थीं कि ये बाहर निकल कर कुछ कमाई करें। किन्तु, पुरोहित जी कहते थे कि जो भाग्य में लिखा होगा अपने आप आ जायगा। अन्त में झगड़ा इस बात पर तय हुआ कि बाहर निकल कर भी पुरोहित जी कुछ कमावें।

दूसरे दिन पुरोहित जी अप्रसन्न मन बड़े तड़के ही उठकर घर से कमाई के लिये चल दिये। साथ पोथी, पञ्चाङ्ग और धोती लोटा के सिवा और कुछ न था। कुछ दूर आगे जाने पर रास्ते में एक कुआँ मिला। पुरोहित जी सुस्ताने के लिये उस कुएँ पर बैठ गये। कुछ देर बाद जब चलने की ठानी तो सोचा इस दुःखद यात्रा से तो अच्छा है कि इसी कुएँ में कूद कर मर जायँ। यह सोच तुरन्त धड़ाम से उस कुएँ में कूद पड़े।

कुआँ बहुत गहरा था। उसके पानी का लगाव पाताल तक लगा हुआ था। अतः कुछ देर बाद पुरोहित जी पाताल में पहुँच गये। नीचे पहुँच कर देखा कि वहाँ एक बहुत सुन्दर बाज़ार लगा हुआ था और सैकड़ों दुकानें खूब सजी हुई थीं। इन्हीं दुकानों के बीच पुरोहित जी ने देखा कि बराबर २ तक़दीर और तदबीर भी पैसे से लेकर सोने-चाँदी और रत्नों की ढेरियाँ लगाये हुए दुकान पर बैठे हैं।

पुरोहित जी कुछ सोच कर तदबीर के पास गये और कुछ पाने की इच्छा प्रगट की। तदबीर ने बिना कुछ सोचे विचारे एक पत्थर निकाल कर दे दिया और कहा—इसमें छू जाने से प्रत्येक पत्थर सोना हो जायगा। पुरोहित जी प्रसन्न हो उलटे पाँव लौट पड़े और किसी तरह साँस रोक ज़ोर लगा कर कुएँ के पानी से ऊपर आ गये और पानी भरने वालों की सहायता से ऊपर निकल आये।

बाहर आकर पुरोहित जी ने बहुत से पत्थरों को सोना बनाकर लोगों को बाँट दिया और खुश हो उस अमूल्य पत्थर को अपने अँगौछे के छोर में बाँध घर की ओर चले।

पुरोहित जी की प्रसन्नता का कुछ ठिकाना नहीं था। मन में बड़ी उतावली उठ रही थी कि कब घर पहुँचे और अपनी कमाई पुरोहितानी जी को दिखावें। संयोग-वश रास्ते में एक तालाब पड़ा। पुरोहित जी पानी पीने के लिये उसके किनारे गये। तालाब में बहुत पुरानी और मोटी मछलियाँ तैर रही थीं। पुरोहित जी घाट पर बैठ झुक कर पानी पीने लगे। पानी पीते वक़्त जल्दी में पुरोहित जी ने कुछ ख्याल में नहीं किया और अँगौछे का किनारा पानी में लटक कर डूब गया। कोई मछली उसे खाद्य वस्तु समझ कर खींच नीचे ले गई। किन्तु पुरोहित जी न जान पाये। वे प्रसन्न मन कुछ देर बाद घर पहुँच गये।

पुरोहितानी जी अपने पति को इस प्रकार प्रसन्न मन देख उनसे भी अधिक प्रसन्न हुई। जब पुरोहित जी ने अपनी कमाई की डींग हाँकने के लिये अँगौछे की गठरी टटोली तो सन्न हो गये। मन में कुछ देर शोक मना कर चुप हो रहे और मान लिया कि जो कुछ भाग्य में होता है वही मिलता है।

इस तरह बेकार बैठे २ पुरोहित जी को फिर महीनों हो गये। एक दिन आपस में फिर विवाद छिड़ा। पुरोहितानी जी ने कहा, "उद्योग करना चाहिये। तदबीर करने से एक दिन तक़दीर पलट

है ? इसलिये अनित्य वस्तु के पीछे आसक्त रहना ही तो दुःख है, और उससे अनासक्त हो जाना सुख। उसी अनासक्ति का नाम है मोक्ष। मोक्ष पाकर आत्मा आनन्दित हो जाती है। वह आनन्द नित्य रहता है। वही आनन्द सत्य या ईश्वर है। भगवान के सिवा सब कुछ असत्य है। जो सत्य है वही ईश्वर है। ईश्वर ही का अंश तो घट-घट में विराजमान है। वह अंश आत्मा है। आत्मा नित्य है।

मनुष्य सब प्राणियों में श्रेष्ठ बनाया गया है। वह ईश्वर को प्राप्त कर सकता है, सच्चे आनन्द का अधिकारी हो सकता है, प्रेम का साम्राज्य स्थापित कर सकता है और कलह से मुक्त हो सकता है। यही मनुष्य का लक्ष्य है। प्रेम सत्य वस्तु है। यह नित्य है। प्रेम ही ईश्वर का दर्शन कराता है। प्रेम का मार्ग मनुष्य को लेना चाहिये। सच्चा सुख इसी मार्ग में है। कलह इस मार्ग में रुकावट है। कलह प्रेम का शत्रु है; दुःख का कारण है।

मनुष्य अपने लक्ष्य की ओर बढ़ने में असमर्थ दीख पड़ता है। इसका कारण उसके अन्दर मैं-पन का भाव है। इस भावना से भावित होकर मनुष्य स्वार्थ की ओर झुक जाता है और असत्य से आसक्त हो जाता है। जिसके अन्दर स्वार्थ है वह प्रेम-मार्ग पर चलने में असमर्थ है। असत्य वस्तु की झूठी आशा को लेकर वह जीवन भर भटकता है। अपने को दूसरों से अलग समझना अज्ञानता का प्रमाण है। स्वार्थ का अन्त नहीं है। स्वार्थ से असंतोष की वृद्धि होती है। स्वार्थ-रूपी जल को पाकर घृणा और द्वेष का बीज अंकुरित होता है। घृणा और द्वेष का फल कलह है।

त्याग प्रेम की प्रेरणा है। जहाँ प्रेम है वहाँ त्याग अवश्य है। त्याग से बढ़कर संसार में कोई चीज नहीं है। त्याग के भीतर छिपे हुए आनन्द का स्वाद जिसको नहीं मिला, उसको कुछ नहीं मिला। त्याग से वंचित रहना सबसे अधिक हानि उठाना है। इससे बढ़कर सचमुच में कोई हानि नहीं। मनुष्य को इस हानि का ज्ञान नहीं, इसलिये ऐसी भारी हानि की वह परवाह नहीं करता। विवेक से उस ज्ञान की उपलब्धि हो सकती है। अतः हर एक काम में विवेक का प्रयोग करना चाहिये।

एक मामूली सी बात है। जैसा जीव मनुष्य है वैसा जीव पशु भी है। यदि किसी मनुष्य को पशु कहा जाय, तो वह इसे अपमान समझे बिना नहीं रह सकता। सचमुच में मनुष्य को पशु कहना अनुचित है। पर मनुष्य का अर्थ केवल मनुष्य का रूप नहीं है। मनुष्य का रूप और मनुष्य का कर्म दो चीजें हैं। इसमें उसके कर्म की प्रधानता है। मनुष्यत्व का माप मनुष्य का कर्म है। मनुष्य और पशु में भेद केवल इतना ही है कि मनुष्य में कर्म की प्रधानता है।

जो मनुष्य अपने कर्म को नहीं समझता, उसे पशु कहना अनुचित कैसे हो सकता है? पर कर्म-ज्ञान से रहित मनुष्य को भी पशु कहलाना मंजूर नहीं होता। इस नाम से उसके दिल में चोट लगती है।

इसका कारण साफ है। यह मनुष्य की आत्मा की संकेत है। आत्मा इशारा करती है कि तुम मनुष्य बनने की चेष्टा करो। जो मनुष्य इस इशारे को समझता है, उसके लिये यह शिक्षा है; पर जो विवेक-शून्य है, उसके अन्दर यह दुर्भाव पैदा करता है। वह अपने को पशु कहने वाले पर क्रोध प्रदर्शित करने लगता है। ऐसी-ऐसी ना-समझी ही कलह के कारण हैं।

कलह मनुष्य का महा-शत्रु है। असत्य मार्ग पर चलने से कलह से भेंट होती है। कलह से बचने के लिये सत्य मार्ग पर चलना चाहिये। सत्य मार्ग का दर्शन अन्तर्ज्ञान से होता है। अन्तर्ज्ञान उच्च कोटि का सहज ज्ञान है, यह सबमें रहता है, क्योंकि वह तो आत्मा की संकेत है। अन्तर्ज्ञान से विवेक की उत्पत्ति होती है। कोई भी काम विवेक-शून्य होकर नहीं करना चाहिये। कलह से बचने का यही एक मात्र सहज उपाय है।

कलह की दवा

(ले०—श्री रामनुज सिंह "एक", रामपुर, आरा)

कलह असभ्यता का लक्षण है। जिस समाज या देश में कलह है, उसे सभ्य समझना अपनी अविवेकता जाहिर करना है सच तो यह है कि कलह समाज या देश का घुन है, यही नहीं, जिस व्यक्ति के मन में कलह की भावना रहती है, वह कभी भी आत्मोन्नति नहीं कर सकता। और बिना आत्मोन्नति प्राप्त किये कोई सच्चा आनन्द नहीं पा सकता।

व्यक्तियों से समाज बनता है और समाजों से देश। सूत के कपड़ा बनता है। यदि सूत मज़बूत है, तो कपड़ा भी मजबूत होगा। मज़बूत कपड़े की बनी हुई कोई चीज़ भी मज़बूत होती है। समाज की बात भी ठीक इसी तरह की है। जिस समाज में योग्य व्यक्ति हैं, वह समाज गौरव का अधिकारी होता है; और अच्छे-अच्छे समाजों का देश उन्नति के शिखर पर विराजमान होता है। हमारा देश इस सत्यता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। जब देश में योग्य महा-पुरुष निवास करते थे तब यहाँ की सामाजिक अवस्था अच्छी थी। उस समय देश में सभ्यता थी। यह सब देशों का सिर-मौर समझा जाता था। देश के कोने-कोने में उन्नति का प्रचार था।

आज की सामाजिक अवस्था की बात नहीं कही जाती। बुरी-बुरी प्रथायें समाज में आकर घुस गई हैं। उन प्रथाओं का केन्द्र कलह है। जिस प्रकार बिमारी शरीर को कमजोर कर देती है, उसी प्रकार कुप्रथाओं से ग्रसित यह समाज भी प्राण-हीन-सा हो गया है। जबतक समाज की दशा सुधरेगी नहीं, तबतक किसी भी उन्नति का होना असम्भव है। उन्नति से ही सुख प्राप्त होता है। किसी देश की उन्नति उसकी सामाजिक अवस्था पर निर्भर करती है। व्यक्तियों की उन्नति उसकी समाज की उन्नति है। हरेक व्यक्ति की उन्नति उसके अपने हाथ में है। मनुष्य स्वयं अपना मित्र और शत्रु है।

उन्नति की अभिलाषा सबको होती है। आत्मा की प्रेरणा इस अभिलाषा की जननी है। आत्मा की प्यास आत्मोन्नति के बाद ही बुझ सकती है। इस प्यास को बुझाने के लिये मनुष्य यत्नशील देख पड़ता है। फिर भी बहुतों की प्यास जीवन भर बनी रहती है। आत्मा जिस चीज़ को चाहती है उसके बिना उसकी प्यास भला कैसे मिट सकती है।

मृग-तृष्णा मृगे को परेशानी में डालने के सिवा और क्या करती है? उसी प्रकार मनुष्य भी, आत्मा की प्यास कैसे मिटेगी, इस मर्म को जाने बिना जीवन भर भटकता फिरता है। यही तो आज की मानवता की हालत है। नैतिक पतन अपनी चरम सीमा पर पहुँच गया है। अज्ञानता का अपकार सब दिशाओं में फैला हुआ है। सत्य की खोज किये बिना सुख का दर्शन कैसे हो सकता है? सत्य-देव में अटल विश्वास के बिना सुख मृग-तृष्णा के समान है।

एकता स्थापित करना भगवान की आज्ञा है। प्रेम का वातावरण फैला कर ही एकता स्थापित की जा सकती है। प्रेम का महा-रोग कलह है। जहाँ कलह है वहाँ प्रेम नहीं और जहाँ प्रेम नहीं वहाँ सुख नहीं, शांति नहीं, सभ्यता नहीं और सबसे बढ़ कर आस्तिकता नहीं। तो क्या कलह का प्रचार कर मनुष्य अधर्म का प्रचार नहीं करता? अधर्म से दुःख होता है। सुख के लिये तो धर्म चाहिये।

ऊपर कहा जा चुका है कि सुख की अभिलाषा हर एक मनुष्य को होती है। सुख की खोज वह करता है। पर सुख का पता उसे नहीं लगता। अंधकार में कोई चीज़ नहीं मिल सकती। मनुष्य संसार में रहता है, उसे संसार का मर्म मालूम होना चाहिये। संसार में क्या सत्य है और क्या असत्य है, इसे जानना चाहिये। जो चीज़ नित्य है वह सत्य है और जो अनित्य है वह असत्य है। जो चीज़ अनित्य है उससे उसे चिर-सुख कैसे प्राप्त हो सकता

कुछ मान-हानि हुई ? और जो उसके ऊपर पांव रख कर गया, क्या इसमें उसका मर्त्तबा दूसरे की अपेक्षा बढ़ गया ? नहीं, नहीं : इसी को कहते हैं मेल-मिलाप से, आपस में कुछ दे-ले-कर, कुछ त्याग कर, युक्ति के साथ काम निकालना।

अगर ऐसी ही युक्ति से हम हिन्दू-मुस्लिम समस्या को आज हल करने की कोशिश करें तो कितनी आसानी से यह समस्या हल हो जाय। ऐसा न कर हम एक दूसरे के खेलाफ़ अपने २ ज़िद पर अकड़े हुए दिखाई पड़ रहे हैं। यह हर्गिज़ मेल का रास्ता नहीं।

जो बकरा बैठ गया, वह जरूर बड़ा और अधिक समझदार होगा। दूसरे बकरे को अपने ऊपर से चले जाने देने से उसका त्याग तथा मर्त्तबा ज़रूर बहुत ऊँचे तक ऊपर उठा।

आज ठीक इसी भाव के लाने की ज़रूरत है। दोनों जातियों के अन्दर जितने समझदार लोग हैं, उन्हें नीचे दब कर एक ऐसा पुल तैयार कर देना चाहिये कि उनके पवित्र त्याग के फल स्वरूप हिन्दू और मुस्लमान दोनों फिर एक हो जायँ और साथ मिलकर क़ौम को आगे बढ़ायें।

—सम्पादक।

(पेज ४६ के आगे)

दूसरा उपाय नहीं। दूसरा कोई रास्ता हिन्दुस्तान में सिर्फ़ गड़बड़ी', अराजकता, मार-काट और दायमी या स्थायी गुलामी ही ला सकेगा।

अगर थोड़ी देर के लिये यह भी मान लिया जाय कि हिन्दू और मुस्लिम संस्कृतियों में मेल नहीं हो सकता है, तौभी व्यावहारिक दृष्टि-कोण से हिन्दुस्तान की आइन्दा बेहतरी के लिये इसको छोड़ कर भला दूसरा कौन रास्ता हो सकता है ? चाहे कोई हज़ार चाहे, लेकिन ऐसी जादू कभी हो नहीं सकेगी कि कुल हिन्दू अथवा कुल मुस्लिम हिन्दुस्तान के सर-ज़मीन से एकदम ग़ायब हो जायँ। चाहे अच्छा हो या बुरा, लेकिन जबतक मौत हम लोगों को एक दूसरे से जुदा न कर दे, तब तक तो हमें साथ रहना ही है—यही हमारी तक़दीर या भाग्य है।

ऐसी दशा में भी किसी न किसी सूरत से हमें समझौता कर लेना ही उचित है—कम से कम लड़ाई खतम होने तक भी। समझौता का हमेशे माने होता है दोनों ओर से उदारता का भाव दिखलाया जाना, कुछ लेना देना, घटना बढ़ना, त्याग करना और दूसरे को सहूलियत देना। ऐसी समझौता के फल स्वरूप जो शान्ति और मेल पैदा होती है, उससे सभी ऐसे आत्म-त्यागों का पूरा २ इनाम मिल जाता है।

अतः मैं हिन्दू और मुस्लमान, दोनों जातियों के नौ-जवानों से दिली अपील करता हूँ कि जब आप ज़िन्दगी के वसीअ या विशाल मैदान में पाँव रखें, तो आप इस मज़बूत, बुद्धिमानी से भरी और बे-बहस ओसूल या सिद्धान्त को ज़रूर याद रखें। आपको आपस की समझदारी, आपस का विश्वास और आपस का प्रेम-भाव बढ़ाना चाहिये और आपस के फ़रायज़ या कर्त्तव्यों को याद रखना चाहिये।

इस समस्या के हल करने का पक्का इरादा करना ज़रूरी है। जहाँ यह पक्का इरादा आया कि फौरन दोनों जातियों के बीच हाल के सभी नफ़ाक़ दूर हो जायेंगे, और दोस्ती, मिल्लत और प्रेम का नया सिलसिला फिर जारी हो जायगा। आप याद रखें कि समय आज के सर्व-ग्राही शक्तियों का ज़रूर नाश करेगा। और हिंदुस्तान में मेल होने से एक ही साथ दो जादू के करामात सिद्ध होंगे : उन शक्तियों का नाश होगा और हिन्दुस्तान सयासी और माली आज़ादी के लक्ष्य की पूर्त्ति के किनारे पहुँच जायगा।

मेल के लाभ

आर्गनाइज़िंग सेक्रेटरी "गणेश" (N. 19, 11., F. T. S.)

बालक-बालिकाओं के लिये—हिंदी शिक्षावली, दूसरा भाग से ।

आपस में प्यार से रहना । काम पड़ने पर एक दूसरे की सहायता करना । कोई ऐसी बात न करना जिससे किसी का जी दुखे । कभी किसी से भूल भी हो जाय तो उसके अपराध को क्षमा कर देना और उसको मन में न रखना । इसी का नाम मेल है। मेल से रहने में बहुत-से लाभ हैं। एक कहानी सुनो—

एक पहाड़ के नीचे एक नदी बहती थी। नदी के किनारे किनारे पहाड़ से मिली हुई एक साँकरी पगडंडी दूर तक चली गई थी। संयोग से दो बकरे उस राह से आते थे : एक इधर से और दूसरा उधर से। जब वे दोनों सामने आये, तो बड़ी कठिनाई में पड़े। न कोई मुड़कर लौट सकता था और न दूसरे के पास से निकल सकता था। एक तरफ़ ऊँचा पहाड़ रोकता था और दूसरी तरफ़ नदी का खटका था कि पैर फिसला और जान गई।

अब देखो, उनके मेल-जोल ने कैसा काम किया ; जिस विपत्ति में वे फँसे थे उससे कैसे सहज में छुटकारा हुआ। एक बकरा राह में लेट गया और दूसरा धीरे धीरे उस पर पैर रख कर निकल गया। जो बकरा लेटा हुआ था उसके लिये भी राह साफ़ हो गई। जहाँ जाना था उठकर बे-खटके चल दिया। मेल और आपस की सहायता से दोनों ने अपनी अपनी जान बचाई। मेल के लाभ देखे ?

—:*:—

नोट—हमें इस छोटी कहानी के छापने में बड़ा हर्ष होता है। इसी की तो आज सख्त ज़रूरत है कि ऐसी ही उपदेश-प्रद बातें बालक-बालिकाओं के हृदयों में भरी जायँ।

इनसे उनके हृदयों में मेल, त्याग तथा कठिनाई के समय सुन्दर युक्ति से काम निकालने के सुन्दर भाव जाग्रत होंगे, जो आगे चल कर ज़रूर फूले फलेंगे। यह एक बहुत ही सुन्दर उपाय हर तरह की सङ्कीर्णता तथा साम्प्रदायिकता को जड़ से दूर करने और स्थायी मेल क़ायम करने का है।

वास्तव में आज हम सभी लोगों के सीखने योग्य यह सबक़ है। इसलिये बच्चों की कहानी के ख्याल से इसे यों ही बेकार समझ कर टाल देना ठीक नहीं।

ग़ौर कीजिये, बकरों ने अपनी कठिनाई कैसे दूर की ? क्या वे अपनी २ जगह पर अकड़े रहे ? क्या वे रास्ता रोक कर एक दूसरे के सामने आ जाने के लिये आपस में लड़े झगड़े ? नहीं, ऐसा करने से उनका काम हर्गिज़ नहीं चलता। यदि वे ऐसा करते तो ज्यादे क़रीना यही था कि दोनों अपनी जान खो बैठते।

फिर, कैसे काम चला ? युक्ति के साथ काम लेने से। एक बैठ गया, दूसरा उसके बदन पर पाँव रख कर पार हो गया। इस प्रकार दोनों आगे बढ़ सके।

लेकिन जो नीचे बैठ गया, क्या इसमें उसकी

मज़हबों को, जो असल में उनके और खुदा के बीच के प्राइवेट सरोकार हैं, अपने राजनैनिक और नागरिक जीवन से बिल्कुल अलग क्यों नहीं रख सकते ?

अगर आप समझ के साथ हिन्दू-मुस्लिम समस्या पर नज़र डालेंगे, तो आप को साफ़ मालूम होगा कि यह समस्या ऐसी नहीं जो हल न की जा सके और न यह सर्वत्र फैली हुई है। अगर हम सिर्फ हिन्दू और मुसलमानों के बीच के छोटे तथा बड़े भेद ही निकालना चाहें, और उन भेदों के बढ़ाव या फैलाव पर ही हम तशफ्फी या संतोष करना चाहें, तो निस्सन्देह हम अजीब २ नई बातें निकाल सकेंगे।

उदाहरण के लिये उर्दू जुबान को लीजिये। हिन्दू और मुसलमान सदियों से उर्दू ज़ुबान बोलते आ रहे हैं। इस भाषा के नाम और इसके इतिहास से ही ज़ाहिर है कि इसकी पैदाइश हिन्दुस्तान में हिन्दुओं और मुसल्मानों के मेल की वजह से ही हुई। दुर्भाग्य-वश कुछ लोगों ने उर्दू को मुसल्मानों की भाषा क़रार देकर इस पर हमले करना शुरू किये और हिन्दुस्तानी नाम की एक नई भाषा निकालने की कोशिश करने लगे, जो हिन्दुस्तान में किसी की भाषा नहीं।

नतीजा क्या हुआ ? दुर्भाग्य-वश मुसलमान लोग उर्दू में फ़ारसी और अरबी के लफ़्ज़ ठूंसने लगे, जिनकी कोई जरूरत नहीं थी, बल्कि जिनकी वजह से उर्दू की खूबसूरती जाती रही। मैं दावे के साथ कह सकता हूँ कि सर तेज बहादुर सप्रू और मैं, दोनों उर्दू बोलते हैं, लेकिन जो उर्दू कुछ उर्दू अखबार वाले लिखने लगे हैं उसे न तो वह समझ सकते हैं, न मैं।

यहाँ हम देखते हैं कि दोनों जातियों के कट्टर अनुयायियों ने एक नया भेद पैदा कर रखा है, जो पहले मौजूद न था। हिन्दुस्तान जैसे मुल्क में, जहाँ की आबादी पैंतीस करोड़ से भी ज्यादे है, हम हर तरह के लोग और हर तरह की बातें पा सकते हैं; यहाँ तक कि यहाँ मिस मेयो के बे-हिसाब बढ़ाये-चढ़ाये अजीब बयानों का भी समर्थन किया जा सकता है। लेकिन उससे क्या दुनिया की मौजूदा हालत में कुछ फ़ायदा हो सकता है ?

इसलिये मैं एक दूसरा रास्ता बताना चाहता हूँ—मेल की बातों पर ज़ोर देने का रास्ता। इस रास्ते से चलने से, सामाजिक, आर्थिक तथा राजनैतिक, जीवन के हर अङ्ग में, दोनों जातियों को अधिक न्याय, अधिक खुशी और अधिक संतोष ज़रूर हासिल हो सकेगा।

इसमें कोई शुबहे की बात नहीं है कि राजनैतिक तथा जातीयता के विचार से हम दोनों ही हिन्दुस्तानी हैं। हम एक ही वातावरण में साँस लेते हैं, एक ही जमीन जोतते हैं। हम एक ही गौरव-पूर्ण सभ्यता के वारिस हैं। और चाहे प्राइवेट तरीक़े से हम जो कुछ भी सोचें विचारें, जो कुछ अभिलाषा रखें; लेकिन हम दोनों के भाग्य एक साथ जुटे हैं।

हम दोनों के अन्दर भेद हैं। मैं इसे पहले ही मान चुका हूँ। लेकिन हम दोनों की ज़िन्दगी की बुनियाद एक ही है। हमारा राजनैतिक और सामाजिक उद्धार इसी में है कि हम दोनों—हिन्दू और मुसल्मान—अपनी शक्तियों को एक साथ मिला कर एक बेहतर हिन्दुस्तान के नव-निर्माण में लगा दें। चाहे आप जो रास्ते चाहें आज़मा लें, लेकिन इसको छोड़ कर हमारे कल्याण का कोई

(शेष पेज ४८ पर)

हिन्दू-मुस्लिम एकता

(ले०—सर सुल्तान अहमद, के० टी०, बार-ऐट-लॉ, पटना)

अलीगढ़ यूनिवर्सिटी में गत कान्वोकेशन के अवसर पर दिये भाषण के आखरी हिस्से का भावानुवाद—सम्पादक।

मिहरबानी कर के आज के निहायत नाजुक मौके पर आप छोटी २ चीज़ों को बड़ी शक्ल न दें, जैसा हाल में कुछ दिनों से होता रहा है। मुक़ाबला कर के देखने से ये बातें ज़रूर बहुत छोटी पाई जायेंगी।

अगर आप के और दूसरे लोगों के बीच कुछ तफ़रके हैं, तो यूरोप की जो दशा आज हो रही है, उससे आप अच्छी तरह समझ सकते हैं कि ये तफ़रके कितने बुरे और ख़ौफ़नाक रूप धारण कर सकते हैं।

आज हमारे देश में ये भेद-भाव बे-हद बढ़ जा चुके हैं। अगर हिन्दुस्तान की हम तरक्क़ी चाहें तो इन तफ़रक़ों का जड़ से दूर हो जाना बहुत ज़रूरी है। आशा की जाती थी कि वर्त्तमान ख़तरे के मौक़े पर लोग इन भेद-भावों को ज़रूर भूल जायेंगे और फिर जब सब मिल कर जोर लगायेंगे तो सदा के लिये ये दूर हो जायेंगे।

बात यह है कि जब कोई शेर बाहर निकल कर इधर उधर दौड़ लगाया करता है, तो उस वक़्त कोई साम्प्रदायिक भाव से यह झगड़ा नहीं करता है कि खाने पीने की चीज़ों में हमें इतना हिस्सा मिलना चाहिये या उतना हिस्सा। सब लोग अच्छी तरह समझते हैं कि अगर वे सब मिल कर उस जानवर के मारने की कोशिश नहीं करेंगे, तो फिर खाना पीना बाँटने का कुछ सवाल ही नहीं रह जायगा, बल्कि उल्टे शेर का काम बनेगा।

लेकिन आज तो हम ठीक यही कर रहे हैं। जिनसे आशा की जाती थी कि समझदारी का माद्दा लाकर इस समस्या को हल करेंगे, वे तो और भी अधिक बे-समझी की कार्रवाई करते दिखाई दे रहे हैं। खुलासा यह कि आज हिन्दू और मुस्लमानों के तहज़ीबी या सांस्कृतिक भेदों को बहुत बढ़ाया जा रहा है और यह बतलाया जा रहा है कि इन दोनों में मेल होना ग़ैर-मुमकिन है।

हाँ, इसमें सन्देह नहीं कि हिन्दुस्तान में कई संस्कृतियों या सभ्यताओं के लोग हैं। वर्त्तमान अंग्रेज़ी तहज़ीब वाले लोगों की भी यहाँ कमी नहीं है। इसमें भी सन्देह नहीं है कि चूंकि और मुल्कों के मुस्लिमों की तरह हिन्दुस्तान के मुस्लिमों की ज़िन्दगी में भी मज़हब का बहुत बड़ा और गहरा असर रहा है, इसलिये इनकी कला-कारीगरी, कविता-साहित्य तथा इनकी ज़िन्दगी के तौर-तरीक़े बहुत हद तक फ़ारस और अरब के ढाँचों के मुवाफ़िक़ रहे हैं।

लेकिन, इसका यह मतलब नहीं कि तहज़ीब या संस्कृति के लेहाज़ से मुस्लमान हिन्दुस्तानी वज़ा या परम्परा, विचार तथा कला से बिल्कुल अजनबी रहे हैं; और न यह कि एक सम्मिलित हिन्दुस्तानी क़ौम के विकास से इन दोनों धर्मों का लोप हो जायगा। सभी आदमी एक दूसरे से भिन्न हैं—कोई दो आदमी हू-ब-हू एक-से नहीं; फिर भी, वे एक साथ मिल कर मेल से काम करते हैं। फिर भिन्न २ धर्म, एक दूसरे से कुछ भेद रखते हुए भी, एक साथ मेल से क्यों नहीं रह सकते हैं?

भिन्न २ व्यक्ति अपनी प्राइवेट ज़िन्दगी को अपनी पबलिक ज़िन्दगी से बिल्कुल अलग क्यों नहीं रख सकते? हिन्दू और मुसलमान अपने

लोक-संग्रह

श्री कृष्ण भगवान का उपदेश

देखिये, लोक-संग्रह के बारे में कृष्ण भगवान गीता, अध्याय ३, श्लोक २०, में क्या कहते हैं—

कर्मणैव हि संसिद्धिमास्थिता जनकादयः।
लोकसंग्रहमेवापि संपश्यन्कर्तुमर्हसि ॥

अर्थात्, "जनक आदि ने कर्म के ही जरिये सिद्धि प्राप्त की। इसलिये लोक-संग्रह पर भी दृष्टि रखते हुए तुम्हें कर्म करना चाहिये।" यहाँ भगवान उदाहरण देकर साफ़ दिखलाते हैं कि कर्म के द्वारा पूर्णता अथवा सिद्धि भली भाँति प्राप्त की जा सकती है। लेकिन वह कर्म कैसे करना चाहिये?— लोक-संग्रह भाव से। अर्थात्, ममता, मोह छोड़ कर लोक-संग्रह भाव से किया हुआ कर्म मनुष्य को ऊँचे से ऊँचे पद पर पहुँचाता है।

फिर, आगे २४ वें श्लोक में देखिये—

उत्सीदेयुरिमे लोका न कुर्यां कर्म चेदहम्।
सङ्करस्य च कर्ता स्यामुपहन्यामिमाः प्रजाः ॥

अर्थात्, "यदि मैं कर्म न करता तो ये सभी लोक बर्बाद हो जाते; मैं वर्ण-संङ्करों की उत्पत्ति और इन सारी प्रजाओं के नाश का कारण होता।" इससे स्पष्ट है कि भगवान की लीला लोक-संग्रह के ही निमित्त होती है। अतः जो भगवान की लीला में भाग लेना चाहें, उन्हें लोक-संग्रह को ही अपना लक्ष्य बनाना चाहिये।

इसी भाव को भगवान अगले अर्थात् २५ वें श्लोक में स्पष्ट करते हैं। सुनिये—

सक्ताः कर्मण्यविद्वांसो यथा कुर्वन्ति भारत।
कुर्याद्विद्वांस्तथाऽसक्तश्चिकीर्षुर्लोकसङ्ग्रहम् ॥

अर्थात्, "हे भारत, जिस तरह अज्ञानी या नासमझ लोग कर्म में आसक्त होकर काम करते हैं, उसी तरह विद्वान या बुद्धिमान मनुष्यों को आसक्ति-रहित होकर, लोक-संग्रह की अभिलाषा से, काम करना चाहिये।" खुलासा यह कि हमारे सभी कामों का बुनियादी उसूल या सिद्धान्त "लोक-संग्रह" ही होना चाहिये।

जाना चाहिये, ताकि शीघ्र विजय प्राप्त हो और संसार की समस्या हल हो। इसके लिये उन्हें हर तरह के संकीर्ण भावों को अपने अन्दर से दूर निकाल फेंकना चाहिये। इसमें सन्देह नहीं कि वे बड़ी बहादुरी से लड़ रहे हैं, बहुत ऊँचे दर्जे का त्याग कर रहे हैं।

लेकिन, जिस समय वे ऐसा भाव अपने मन में लाते हैं कि इस लड़ाई का प्रधान लक्ष्य यूरोप के ही लोगों में आज़ादी और न्याय लाना है, उस समय उनकी कोशिशों और त्याग की क़ीमत कम जाती है। यदि वे यूरोप की जगह पर सारे संसार के कल्याण का भाव अपने हृदय में बैठा लें, तो निस्सन्देह उनकी कोशिशों और त्यागों की क़ीमत बे-हिसाब ज्यादे बढ़ जायगी। और लड़ाई भी उसी अनुपात से बहुत जल्द खतम हो सकेगी।

लोक-संग्रह के लिये

खुलासा यह है कि अब समय आ गया है जब हम सभी लोगों को लोक-संग्रह भाव से ही अपना सब कार्य करना चाहिये। अगर अङ्गरेज लोग इस महान् कर्त्तव्य में भूल भी करें, तौभी हमें हर्गिज़ ऐसी भूल नहीं करनी चाहिये। हर हालत में हमारा लक्ष्य, हमारा आदर्श, होना चाहिये—

"लोक-संग्रह"

—सम्पादक।

चाहिये। आज की लड़ाई संसार-व्यापी लड़ाई है। जो लोग इसके संसार-व्यापी उद्देश्य को अभी भी नहीं देख रहे हैं, वे असल में भारी भूल कर रहे हैं। उन्हें शीघ्र चेत जाना चाहिये। हम साफ़ देख रहे हैं कि लड़ाई दिनों-दिन अधिक घमसान होती चली जा रही है, दिनो-दिन अधिकाधिक बर्बादियाँ होती चली जा रही हैं। फिर हम कब चेतेंगे ?

ग़ौर करने से साफ़ मालूम होगा कि संसार की इतनी बड़ी घटना में इश्वर का कुछ विशेष हाथ जरूर है। जरूर यह एक बहुत बड़े युग-परिवर्त्तन का समय है। इसमें दो विरोधी शक्तियां कार्य कर रही हैं : एक, संसार को नये युग की ओर, विकास की ऊँची मंजिल पर, ले जाने वाली; और दूसरी, संसार को आगे बढ़ने से रोकने वाली तथा नीचे गिराने वाली।

निष्पक्ष भाव से थोड़ा ग़ौर करने से साफ़ ज़ाहिर हो जायगा कि हर प्रकार की दक्षता दिखलाने तथा सफलता हासिल करते हुए भी, हिट्लर आज संसार के विकास का प्रधान विरोधी शत्रु है। और बहुत तरह की कमज़ोरियों के रहते हुए भी इङ्गलैन्ड आज विकास तथा सत्य के पक्ष में खड़ा है।

इसलिये आज यह हमारा परम कर्त्तव्य है कि सब प्रकार से हम इङ्गलैण्ड की मदद करें, ताकि लड़ाई शीघ्र ख़तम हो और संसार में अमन चैन फैले। हमें इस दुर्लभ अवसर को हर्गिज़ हाथ से नहीं जाने देना चाहिये। ऐसा न हो कि आगे चलकर हमारे ऊपर यह लांछन लग सके कि ठीक मौक़े पर भगवान की इस लीला में अपना कर्त्तव्य पालन करने से हम पिछड़ गये।

इंगलैन्ड का कर्त्तव्य

मि० ऐमेरी के हृदय में "पहले हिन्दुस्तान" का भाव जाग्रत हुआ। इसका उपदेश उन्होंने हम हिन्दुस्तानियों को किया। लेकिन हमारा तो यह दृढ़ विश्वास है कि शायद इस सिद्धान्त के जानने और बरतने की जरूरत इङ्गलैन्ड वालों के ही लिये कहीं ज्यादे है। अफ़सोस कि मि० ऐमेरी ने इस जरूरत को नहीं पहचाना।

दूसरे पाश्चात्य देशों के साथ २ इङ्गलैन्ड ने भी बात बात में "इङ्गलैन्ड फर्स्ट" कहना अच्छी तरह सीख लिया है। पर अब उसका समय जाता रहा। अब समय आया है—"The World First", "पहले संसार" कहनेका और उसी के मुताबिक़ बात २ में चलने का। अगर इङ्गलैन्ड के लोग समय का साथ देने के लेहाज़ से इस नये भाव को अपनायेंगे, तो उन्हें साफ़ साफ़ मालूम हो जायगा कि "पहले संसार" का पहला अर्थ है "इन्डिया फ़र्स्ट", "पहले हिन्दुस्तान"।

कारण यह है कि संसार के कल्याण के साथ हिन्दुस्तान का ऐसा ही घनिष्ट सम्बन्ध है। जब तक हिन्दुस्तान आज़ाद न हो जायगा और शान्ति का वचन न उच्चारण करेगा, तब तक संसार में कदापि शान्ति हो नहीं सकती। संसार में शान्ति स्थापित करने का विशेष अधिकार हिन्दुस्तान को ही आज से नहीं, बहुत पहले से रहता आया है।

अतः हम तो ज़ोर देकर कहेंगे कि अङ्गरेज़ लोग अब "इङ्गलैन्ड फर्स्ट" कहना भूल जायँ और संसार के कल्याण के लिये "इन्डिया फ़र्स्ट" का सबक़ सीखें। इसका व्यावहारिक प्रयोग यह होगा कि उन्हें चाव से अविलम्ब हिन्दुस्तान को आज़ाद साथी बना लेना होगा। फिर वे देखेंगे कि इसका कैसा सुन्दर नतीजा निकलता है।

दूसरी बात हम यह कहेंगे कि अङ्गरेज़ लोगों को और भी अधिक लगन के साथ इस लड़ाई में लग

चाहिये कि भारतीय विलक्षणता के क्या २ रूप हैं। यहाँ की शासन-पद्धति में भी उस विलक्षणता को उचित स्थान देना परम आवश्यक है।

आज तो हम प्रायः पाश्चात्य देशों की नक़ल कर रहे हैं। पर ऐसा करना उचित नहीं। इससे न तो हमारे देश का कल्याण होगा, न संसार का। आज संसार प्रजातंत्र की ओर बढ़ता जा रहा है। तरह २ की प्रजातंत्र-पद्धतियों के प्रयोग पाश्चात्य देशों ने किये हैं। पर अभी तक वे कोई स्थायी पद्धति निकाल नहीं सके हैं। इस मामले में भी हम हिन्दुस्तान की प्राचीन पद्धति से बहुत कुछ लाभ उठा सकते हैं। अगर आदर्श प्रजातंत्र का नमूना देखना हो तो उसके लिये हमें रूस या इङ्गलैन्ड या दूसरे किसी देश में जाने की ज़रूरत नहीं। उसकी झलक, उसकी असली शक्ल, अभी हाल तक हमारे देश की ग्राम-पञ्चायतों में मौजूद थी।

अतः हमारे लिये आज उचित यह है कि अपनी उस पुरानी प्रथा को हम फिर जिन्दा करें। उसी के अनुकूल हम अपनी शासन-पद्धति बनायें और संसार के सामने आदर्श प्रजातंत्र का नमूना पेश करें। संसार को उस नमूने की सख्त ज़रूरत है। फिर क्या हम अपने और सारे संसार के कल्याण के नाते अपना नमूना पेश करने का कर्तव्य न पालन करेंगे ?

(३) तीसरा जरूरी काम हमारे सामने यह है कि इङ्गलैन्ड के साथ हमें अपना सरोकार सिर्फ़ बनाये ही नहीं रहना चाहिये, बल्कि उसे अधिक सु-व्यवस्थित तथा सुदृढ़ भी बनाना चाहिये। ऐसा करना न केवल हमारे या इङ्गलैन्ड के ही व्यक्तिगत फ़ायदे के लिये है, बल्कि सारे संसार के कल्याण के लिये है।

हम मानते हैं कि इङ्गलैन्ड की ओर से जो कार्रवाई हिन्दुस्तान के प्रति अभी भी हो रही है, वह नितान्त अनुचित है। फिर भी, जान बूझ कर, लोक-संग्रह के भाव से हमें आज इङ्गलैन्ड को जैसा का तैसा जवाब नहीं देना चाहिये। साधारण दृष्टि-कोण से ऐसा जवाब देना उचित होता। पर यह न तो भारत-वर्ष के उत्कृष्ट ओज के अनुकूल है, न आज संसार की अत्यन्त नाज़ुक परिस्थिति के मुताबिक़।

आज इङ्गलैन्ड के सामने जीवन-मरण की समस्या उपस्थित है। ऐसे अवसर पर हर्गिज़ हमें ऐसी कोई कार्रवाई नहीं करनी चाहिये, जिससे कोई अड़चन या सरदर्द उसके सामने आसके। हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिये कि स्वेच्छा-पूर्वक त्याग करने का अत्यन्त ही उज्ज्वल और उत्तम नतीजा निकलता ज़रूर है।

इसलिये इङ्गलैन्ड के हाथों कुछ अन्याय सहते हुए भी आज खुशी से उसका साथ देते हुए हमें संसार के सामने यह नमूना पेश करना चाहिये कि हम सभी राष्ट्रों के एक पारिवारिक सूत्र में बँध जाने के पक्ष में हैं। इसलिये जिनके साथ हमारा सरोकार पहले से लगा हुआ है उनके साथ कुछ दुःख झेलकर, कुछ अन्याय सहन कर भी, हम खुशी से सरोकार जारी रखना और उसे सुदृढ़ करना उचित समझते हैं।

इस प्रकार हम संसार को यह भी दिखला सकेंगे कि संसार के कल्याण के लिये हर राष्ट्र के कुछ त्याग करना बहुत ज़रूरी है। अभी तक बहुत कम देशों ने इस सबक़ को सीखा है। क्यों न हम आगे बढ़ कर इस त्याग का भी एक सुन्दर नमूना संसार के सामने पेश करें ?

(४) अन्त में आज हमें लड़ाई में स्वेच्छा-पूर्वक, दिल खोल कर, इङ्गलैन्ड की मदद करनी

आज जब संसार के सामने संसार-व्यापी चैतन्यता लाने का अवसर आ गया है, तो हम फिर जरूर अपनी आंख खोलेंगे, और अपने प्राचीन गौरव और जीवन को याद करेंगे और उसी के अनुकूल आचरण करना भी अपना मुख्य कर्त्तव्य और सौभाग्य समझेंगे।

अतः संसार के इस युग-परिवर्त्तन के अवसर पर, इस नव-निर्माण के मौक़े पर, हमें हर्गिज़ "पहले हिन्दुस्तान" का मक़ूला अपने सामने रखना उचित नहीं समझना चाहिये। लोक-संग्रह के बाद ही देश-संग्रह की बात आती है तथा आनी चाहिये। हमारा तो यह दृढ़ निश्चय है कि संसार के सभी दूसरे देशों से बढ़कर भारत-माता को ही यह सौभाग्य प्राप्त है कि वह सारे संसार को विश्व-बन्धुत्व का यह परम पाठ पढ़ाये।

हिन्दुस्तान का कर्त्तव्य

अब हमें सोचना चाहिये कि संसार की इस नाज़ुक परिस्थिति में इस कर्त्तव्य को पालन करने के लिये हमें करना क्या चाहिये—

(१) सबसे पहले हमें—सभी सम्प्रदायों, जातियों तथा दलों के लोगों को—मिलकर एक हो जाना चाहिये। हम पिछले अंकों में दिखला चुके हैं कि भिन्न २ लोगों की विभिन्नताओं से वास्तव में हमारा राष्ट्रीय जीवन अधिक उत्कृष्ट बनता है, कमज़ोर नहीं होता। अब हमें व्यावहारिक रूप से एक दूसरे के स्वत्व की रक्षा करते हुए आपस में "मेल-मिलाप" पैदा कर संसार के सामने यह नमूना पेश करना चाहिये कि किसी भी राष्ट्र के अन्दर भिन्न २ श्रेणी के विभिन्न जातियों, सम्प्रदायों, दलों तथा संस्कृतियों का कैसा सामंजस्य होना चाहिये।

यह असल में सामाजिक नव-निर्माण की समस्या है जो आज संसार के हर देश के सामने मौजूद है। हमें यह कहते फख्र होता है कि इस समस्या के हल करने की कुंजी भी हिन्दुस्तान की ही प्राचीन समाज-पद्धति के अन्दर छिपी है। कैसा अच्छा हो यदि हम उस कुंजी से काम लेकर अपने राष्ट्र की सामाजिक व्यवस्था सुदृढ़ कर के संसार के सामने इस आदर्श के व्यावहारिक प्रयोग का नमूना पेश करें!

(२) अपने और संसार के कल्याण के लेहाज़ से दूसरा जरूरी काम हमारे सामने यह है कि हम अपनी आज़ादी का, अपनी आदर्श शासन-पद्धति का, मसविदा या ढांचा जल्द से जल्द तैयार कर लें। जो पद्धति हम सभी लोग एक राय होकर तैयार करेंगे, इङ्गलैन्ड कभी उसकी अवहेलना नहीं कर सकता। उसको उसे मानना ही होगा।

हम आज़ादी की लड़ाई जरूर लड़ रहे हैं, हम स्वराज्य चाहते हैं; लेकिन बड़े दुःख की बात है कि अभी तक अधिकांश लोगों को इस बात का कुछ पता नहीं है कि हमारे स्वराज्य का स्वरूप कैसा होना चाहिये।

कम से कम अपने आदर्श का स्पष्ट चित्र अपने मानसिक नेत्रों के सामने रखना बहुत जरूरी है। तभी हम कोशिश करते २ उस चित्र को स्थूल रूप में नीचे उतार सकते हैं। हर आदर्श-वादी अपने व्यावहारिक अनुभव के अवलम्ब पर जरूर इस तथ्य का समर्थन करेगा।

पर, अफ़सोस कि आज यहाँ के राजनैतिक जीवन में ठीक इसके विपरीत हो रहा है। इस त्रुटि को हमें शीघ्र दूर करना चाहिये।

इस सम्बन्ध में हमें अच्छी तरह याद रखनी चाहिये कि भारत-वर्ष की कुछ विशिष्ट विलक्षणता है, जिसे हमें हर्गिज नहीं भूलना चाहिये। हमें जानना

"पहले संसार"

आज समय की सबसे बड़ी मांग यह है कि हर कोई, हर देश के लोग, इस आदर्श को अपनायें कि—"पहले संसार"। आज जो यत्र-तत्र संसार-व्यापी युद्ध चल रहा है, उसका भी प्रधान लक्ष्य यही मालूम होता है कि वह संसार के सभी देशों के लोगों को मनुष्य मात्र की एकता का पाठ सिखाये, सबों को संसार के नागरिक बनाये। संसार के—इसलिये हर देश के—नव-निर्माण का यही प्रधान सिद्धान्त होने जा रहा है।

अतः हम सभी लोगों को "मेरा देश" का आदर्श छोड़ कर "संसार मेरा" का आदर्श अपनाना चाहिये। इसलिये हमारे जीवन में "पहले संसार" और उसके बाद "मेरा हिन्दुस्तान", "मेरा इङ्गलैन्ड", अथवा अन्य कोई देश आना चाहिये। यह सबक आज सभी देशों के लिये है—हिन्दुस्तान के लिये भी, इंङ्गलैन्ड के लिये भी। इसी की आज सब से ज्यादा जरूरत है। यही आज समय की प्रधान पुकार है।

जब हम अपने हिन्दुस्तान की ओर नजर फेरते हैं, तो इसी आदर्श में हमें हिन्दुस्तान की आत्मा की झलक दीख पड़ती है। विश्व-व्यापकता अथवा सार्व-ग्राह्यकता, सब को अपने गोद में समेटे रहना, इसके जीवन का प्रधान लक्षण सदा से रहता आया है। आज हमारी अत्यन्त गिरी हुई दशा में भी इसकी झलक वर्त्तमान है।

क्या आप नहीं जानते कि भारत-वर्ष का आतिथ्य सत्कार मशहूर है? दूर दराज के विदेशी भी भारत माता की गोद में अपने घर का आनन्द अनुभव करते हैं। भारतवर्ष ही एक देश है जिसकी गोद में भिन्न २ धर्मों और जातियों के लोगों ने समुचित स्थान पाये हैं। क्या इस से भारत माता की इस विलक्षणता का आभास नहीं दिखाई पड़ता?

यहाँ के जीवन के अंग २ में इस व्यापकता का भाव भरा पड़ा है। उदाहरण के लिये हिन्दू धर्म को ही लीजिये। क्या कोई हिन्दू धर्म का कोई खास रूप दिखला सकता है? क्या हिन्दू धर्म की परिभाषा दी जा सकती है? नहीं। जो विष्णु की पूजा करे, वह भी हिन्दू; जो शिव की पूजा करे, वह भी हिन्दू; जो दुर्गा की पूजा करे, वह भी हिन्दू; यहाँ तक कि जो ईश्वर को माने वह भी हिन्दू, जो इश्वर को न माने वह भी हिन्दू। क्या व्यापकता या उदारता का भाव कुछ इस से आगे जा सकता है?

इतना ही नहीं; भारत-वर्ष का तो एक प्रधान लक्ष्य रहा है—"वसुधैव कुटुम्बकम्"। केवल मनुष्य मात्र को अपना समझना तो कोई बात नहीं; एक जमाना था जब हम प्राणी मात्र को एक समझा करते थे। हमारे यहाँ का पञ्च महा-यज्ञ प्रसिद्ध है। धर्म शास्त्रों में इन पाँच महा-यज्ञों के नित्य प्रति करने का आदेश है। यह अवसर नहीं कि उन महा-यज्ञों का वर्णन यहाँ किया जाय।

यहां इतना ही कह देना काफी है कि वे हमें याद दिलाते हैं कि मनुष्य का सम्बन्ध विश्व के सभी श्रेणी के प्राणियों के साथ—दृश्य तथा अदृश्य, मनुष्य योनि से नीचे वाले पशु पक्षी, लता वृक्ष, आदि; तथा मनुष्य से ऊपर के ऋषि महात्मा, आदि—सबों के साथ एक भाव से लगा हुआ है। सबों के हम कुछ ऋण धारते हैं। और सबों के प्रति कुछ हमारे विशेष कर्तव्य हैं, जिन्हें हमें नित्य प्रति के जीवन द्वारा बरतना चाहिये।

कहाँ हमारा वह उत्कृष्ट जीवन और कहाँ हमारी आज की अत्यन्त गिरी हुई दशा! फिर भी,

"पहले हिन्दुस्तान" या "पहले संसार"?

"पहले हिन्दुस्तान"

कुछ दिन हुए भारत-सचिव, मि० ऐमरी, ने एक बयान प्रकाशित किया था, जिसमें उन्होंने सभी श्रेणियों और सभी विचारों के हिन्दुस्तानियों को मिल-कर एक बनने पर पूरा जोर दिया था। उनकी राय है कि हम सभी लोगों को "पहले हिन्दुस्तान" का नारा बुलन्द करना सीखना चाहिये।

इस सलाह के लिये हमें मि० ऐमरी को जरूर हृदय से धन्यवाद देना चाहिये। वास्तव में आज इसकी सख्त जरूरत है कि हम सभी हिन्दुस्तानी मिलकर एक हो जायँ। इस एकता के बिना हमारा आगे बढ़ना नितान्त असम्भव है। इसके बिना न तो हम आजादी हासिल कर सकते हैं, न हम संसार के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन कर सकते हैं।

अफ़सोस कि हमारे नेता-गण इस विषय पर पूरा ध्यान न दे कर दूसरे २ कामों में व्यस्त हैं। बहुतों का ख्याल है कि आजादी होने पर आप से आप हमारे अन्दर मेल हो जायगा; इसलिये हमें पहले आजादी की ही कोशिश करनी चाहिये। कैसी उल्टी, भ्रम-पूर्ण यह बात है! भाई, सीधी बात यह है कि मेल का ही पहले आना आवश्यक है। कैसा अच्छा होता यदि सभी लोग इसी को मुख्य प्रोग्राम बना कर, थोड़ी देर के लिये दूसरे कामों को स्थगित कर के भी, इसी लक्ष्य की पूर्त्ति के लिये अपनी सारी शक्ति लगा देते! वास्तव में यह ऐसी ही आवश्यक वस्तु है।

अस्तु, हम धन्यवाद के साथ २ मि० ऐमरी को हार्दिक बधाई भी देते हैं कि उन्हें भारतवर्ष के सम्बन्ध में ऐसी अनोखी सूझ सूझी। आशा है, वे इसे याद रखेंगे और आइन्दे इसी के अनुसार कार्य करते जायेंगे। यदि वे ताकीद के साथ देखेंगे कि सरकार के कोई अधिकारी कम से कम आईन्दे भी इस सिद्धान्त के विपरीत कदापि कोई कार्य न करने पायें, तो हिन्दुस्तान अथवा ब्रिटिश साम्राज्य की कुछ कम सेवा नहीं होगी।

लेकिन, जरा सोचना चाहिये कि यह सिद्धान्त आज कहाँ तक ठीक है। हमें तो इसके अन्दर कुछ बुरी संकीर्णता की झलक दिखाई पड़ रही है। अतः हम तो साफ़ शब्दों में कहेंगे कि ऐमेरी साहब का यह आदेश समय की प्रगति के अनुकूल नहीं है। एक जमाना था जब "मेरा देश" उत्थान या उन्नति का जरिया था। पर आज वही "मेरा देश", देश क्या, संसार की प्रगति के रास्ते में भारी बाधा का रूप धारण कर चुका है। यदि हम आज के विध्वंसकारी युद्ध को देखें तो हमें साफ़ २ मालूम होगा कि इस अमानुषिक बर्बरता का प्रधान कारण "मेरा देश" ही है। यह "मेरा देश" का सिद्धान्त आज अपनी उचित सीमा से बहुत आगे बढ़ गया है।

ख़ास कर यूरोप के देशों ने इस सिद्धान्त को ऐसा अपनाया कि आज सारा संसार उसके परिणाम से दुखी हो रहा है। इङ्गलैन्ड में भी इस भाव की कुछ कमी नहीं। वहाँ भी प्रायः हर मामले में "पहले इङ्गलैन्ड" का ही सिद्धान्त लोग सामने रखते आये हैं। ऐमेरी साहब ने बड़ी दया कर के अपने प्यारे सिद्धान्त में हमें भी शामिल करने की कोशिश की है। पर हम साफ़ देखते हैं कि देश अथवा संसार के पुनरुत्थान अथवा नव-निर्माण के लिये इसे बुनियादी उसूल या सिद्धान्त बनाना ठीक नहीं।

भारतवर्ष : संसार की आध्यात्मिक जननी

(ले०—डा० जी० एस० अरण्डेल, प्रेसिडेन्ट, न्यू इन्डिया लीग)

भारतवर्ष संसार की आध्यात्मिक जननी है। सभी बड़े २ धर्मों के प्रतिनिधि इस देश में मौजूद हैं। अहा! इनके बारे में सोचने में कैसे अनूठे और सुन्दर भाव हृदय में जाग्रत होते हैं!

यहाँ एक जगह मौजूद हैं—हिन्दू हिन्दुस्तानी, मुस्लिम हिन्दुस्तानी, क्रिश्चियन हिन्दुस्तानी; पारसी, बौद्ध, सिक्ख, जैन और हेब्रू हिन्दुस्तानी। अर्थात्, हर धर्म के हिन्दुस्तानी यहाँ मौजूद हैं।

ये सभी हिन्दुस्तानी हैं। लेकिन सभी भिन्न २ रास्तों पर चलने वाले हैं। हर रास्ता अपने २ ढंग का निराला है, सुन्दर है, ओजस्वी है। पर सभी रास्ते समान हैं; कोई एक दूसरे से बड़ा या छोटा नहीं। और जो जिस रास्ते पर चलता है, उसके लिये ईश्वर के पास पहुँचने का वही सबसे नजदीक और सबसे विलक्षण रास्ता है।

वास्तव में सभी धर्मों में पूरा मेल है। यह एक सच्चा तथ्य है। यह मेल हर धर्म की अद्भुत विभिन्नताओं की वजह से अधिक उत्कृष्ट होता है। ईश्वर के बड़े परिवार में सभी राष्ट्रों और जातियों के लोग शरीक हैं और उनके स्वभाव भिन्न २ हैं। उन विभिन्नताओं की जरूरतों को पूरी करने के लिये ये धार्मिक विभिन्नतायें बड़े ही काम की हैं।

एक थियौसोफिस्ट होने की हैसियत से—इत्तफ़ाक़ से मैं एक क्रिश्चियन थियौसोफिस्ट हूँ—मुझे हर धर्म की क़दर करने में और उसकी सुन्दर ख़ूबियों के परखने में बड़ा आनन्द मिलता है। मैं अच्छी तरह देख सकता हूँ कि हर धर्म मानो विश्व-व्यापी सत्य के ताज में एक २ सुन्दर जवाहिर है, जिसकी चमक अत्यन्त निराली है।

मैं अपने दिल में सोचता हूँ, "यहाँ, हिन्दुस्तान में, हर धर्म का प्रतिनिधित्व बड़ी सुन्दरता और बड़े शान के साथ है। यह कितनी बड़ी शक्ति है! ऐसी बाबत संसार के दूसरे किसी देश में नहीं है।"

हिन्दुस्तान का प्राचीन गौरव कैसा विलक्षण है! इसके पीछे कैसा उज्ज्वल ओज छिपा है, जो सारे संसार में अपने ढंग का निराला है। जब उसकी याद मुझे आती है, तो सहसा ये वचन मेरे मुँह से निकल पड़ते हैं, "हाँ, सभी दूसरे देशों से बढ़ कर हिन्दुस्तान ही एक देश है जो संसार की रहनुमाई कर सकता है।"

हिन्दुस्तान से संसार के नेतृत्व की जरूर आशा की जाती है। इसलिये यह आशा भी जरूर की जाती है कि वह वर्तमान युद्ध को अपना युद्ध समझेगा और जिस तरह दूसरे देश वाले उसकी जीत के लिये, जो निश्चय है, आदमी, रुपया और सामान लगा रहे हैं, उसी तरह वह उस जीत के लिये अपना आत्म-बल जरूर लगायेगा।

एक बड़ी मजेदार बात साफ़ २ देखने में आ रही है। हर देश जो सत्य या भलाई के पक्ष में और बुराई के खिलाफ़ है, वह दिनों-दिन अधिक धार्मिक तथा अधिक आध्यात्मिक भावों की ओर झुकता जा रहा है। मुझे ब्रिटेन के अनेकों दोस्तों के ख़त बार २ मिलते हैं, जिनमें वे लिखते हैं कि ब्रिटिश लोगों में एक अजीब परिवर्तन आ गया है।

उनके अन्दर अभी भी बहुत-सी त्रुटियां हैं, बहुत-सी कमजोरियां हैं। लेकिन वे अनुभव कर रहे हैं कि यह एक धर्म-युद्ध है। वे अनुभव कर रहे हैं कि ऋषि-महात्माओं, संसार के आध्यात्मिक संरक्षकों के मातहत युद्ध करने का अपूर्व अवसर आज उन्हें प्राप्त हुआ है।

उनमें से अधिकांश व्यक्ति क्रिश्चियन हैं और वे भगवान ईसा मसीह की ओर नजर उठाते हैं, जैसा उनके लिये वाजिब है। तौभी वे अब अच्छी तरह समझने लगे हैं कि दूसरे धर्म भी हैं और सत्य की विशाल गोद में उन धर्मों के भी उचित तथा प्रतिष्ठित स्थान हैं।

* मेल-मिलाप *

वर्ष २ — पटना, १७ जनवरी, १९४१ — संख्या ३

प्रेम का गाना

र०—श्री भगवन्त सूरज-चन्द सत्य-प्रेमी (डांगीजी महाराज)

अमर प्रेम का गाना गा दूँ ।
प्रबल शोर मच जाय गगन में,
गहरी नाद गूँजा दूँ ।
अमर प्रेम का गाना गा दूँ ॥

झूम उठे सहसा उपवन-वन,
तरु-वर, गिरि-गह्वर, अंबर-धन ।
सरिता, सरवर, ग्रह-उपग्रह-गन,
उछले सागर का चंचल मन—
ऐसी क्रांति मचा दूँ,
अमर प्रेम का० ॥ १ ॥

मिटे जगत की दुखद दीनता,
मनुज जाति की पराधीनता।
आपस की सब मन-मलीनता,
विभव-जन्य अनुराग-हीनता—
मधुरी तान सुना दूँ,
अमर प्रेम का० ॥ २ ॥

अरुणोदय की किरण किरण पर,
उदधि-ऊर्मि, पर अंबुज गण पर ।
द्युति पर, क्षिति पर, रज कण कण पर,
तृण के अणु अणु पर, तृण तृण पर—
अपनी ध्वनि पहुँचा दूँ,
अमर प्रेम का० ॥ ३ ॥

विहँग राग से राग मिलावे,
सरिता सर-सर शब्द सुनावे ।
स्वर से नभ जल थल भर जावे,
सुर नर मुनि सुध-बुध बिसरावे—
मोहन मंत्र चला दूँ,
अमर प्रेम का० ॥ ४ ॥

विघ्न छिन्न हों वसुधा भर में,
विपुल शान्ति हो नगर नगर में ।
प्रचुर प्रेम प्रकटे घर घर में,
जीवन के सूखे मरुधर में—
निर्मल स्रोत बहा दूँ,
अमर प्रेम का० ॥ ५ ॥

कभी न समझें प्रेम-भंग में,
बहें स्नेह की रस-तरंग में ।
संग संग में, एक रंग में,
सत्य-प्रेम की शिव उमंग में—
सूर्य्य चन्द चमका दूँ,
मैं सब को दंग बना दूँ,
अमर प्रेम का गाना गा दूँ ॥ ६ ॥

گورنمنٹ بہار۔ اُڑیسہ۔ سی۔ پی۔ یو۔ پی و سندھ کے محکمہ تعلیمات سے منظور شدہ

میل ملاپ

جلد ۲ — فروری سنہ ۱۹۴۱ء — نمبر ۴

حسن و محبت کے شعلے

(حضرت شاد عظیم آبادی مرحوم)

شاد مرحوم کی طرزِ ادا، شیرینیِ کلام اور دل آویزی سے زمانہ واقف ہے، جذبات و کیفیات کی آمیزش جس دلکش ترتیب سے پیش کی گئی ہے اوس کا ایک ادنےٰ سا نمونہ ذیل میں ناظرین کی دلچسپی کے لئے درج کیا جاتا ہے۔ امید ہے کہ جن حضرات کو حضرت شاد مرحوم کے کلام (خصوصًا تصوف پر) یاد ہوں از راہ کرم ایڈیٹر میل ملاپ کو شائع کرنے کے لئے بھیجدیں، شکریہ کے ساتھ قبول کیا جائیگا
(اڈیٹر)

(نظم)

ایک ستم اور لاکھ ادائیں اُف رے جوانی ہائے زمانے — ترچھی نگاہیں تنگ قبائیں اُف رے جوانی ہائے زمانے
ہجر میں اپنا اور ہی عالم ابرِ بہاراں دیدۂ پُرنم — ضد کہ ہمیں وہ آپ بلائیں اُف رے جوانی ہائے زمانے
پچھلے پہر اُٹھ کے نمازیں ناک رگڑنی سجدے پہ سجدے — جو نہیں جائز اوسکی دعائیں اُف رے جوانی ہائے زمانے

اٹھتی جوانی عضو مناسب سانولی رنگت ہائے ستم — آنکھیں رسیلی باتیں بھولی چال قیامت ہائے ستم
تیغ کا گرنا دم نہ نکلنا ہاتھ جھٹکنا بانکی ادا — وقت کی خوبی میرا تڑپنا اون کی ندامت ہائے ستم

نہ دوست اور نہ کسی کا کوئی عدو نکلے — اگر یہ نقش مٹا دیں تو تو ہی تو نکلے
مہک اٹھا چمن دہر کا پتہ پتہ — راز چھپنے نہیں دیتی تری خوشبو تیرا

امام حسینؓ جگ کے نجات دہندوں کے روپ میں

انسان کی ترقیوں کی منزل کا انکشاف یا انسانی بلندی کا سبزہ زار باغ اوسی وقت پھل پھول سے بار آور ہوتا ہے جبکہ انسانی کھیتی کی اعلیٰ پیداوار اپنی کل عقل اور شعور انسانی کے ساتھ اپنے ہمجنسوں کی نجات یا بلندی کے لیے اپنے نفس اور ذات پر مصائب اور تکلیف خوشی سے گوارہ کرے۔ دوسروں کی بہتری کے لئے اپنی ہستی اور اپنے ذاتی وقار کو ملیا میٹ کر دینے میں اوس کو ہچک نہ ہو۔ دنیا کی گنہگار اور سیاہ کار ہستیوں میں بے گناہ اور معصوم ہستیاں بھی ہر ملک میں پیدا ہوتی رہی ہیں اور ان ہستیوں نے اپنے کارناموں سے دنیا کو سچ مچ کر آج اس قابل بنا دیا ہے کہ ہر قوم اپنے اپنے پیشوا کو عالم کے سامنے پیش کرنے میں سربلند اور فراخ دل نظر آتی ہے۔ ان ہی پاک ہستیوں نے دنیا کو ہمیشہ برائی سے پاک رکھنے کی کوشش کی ہے۔

خدا کا وہ پیغام جو بنی نوع انسان کو سچا راستہ بتانے کے لئے آ رہا ہے، ان ہی پاک ہستیوں نے دنیا والوں کے کان تک پہونچا دیا ہے۔ ان سنہرے خدائی قانون پر عمل کر کے دوسروں کو اس راستہ پر چلنے کے لئے عملی ثبوت دیا ہے۔

دنیا کی مکمل ترین ہستیوں میں سے ہی سری کرشن جی مہاراج۔ گوتم بدھ۔ زردشت۔ حضرت موسیٰؑ۔ حضرت مسیحؑ اور جناب رسول خدا حضرت محمد صلعم سے روشن ستارے پیدا ہوئے اور انسانیت کی لاج رکھ لی ورنہ درندہ انسانوں نے انسانی شعار کو دنیا سے مٹانے کے لئے جو مظالم کئے ہیں وہ تاریخی یادگار ہو چکی ہیں۔ ان بزرگوں کے کارناموں نے دنیا کو جس قدر منور کیا ہے اور مکتی کے آسان راستے اپنی اپنی کوششوں سے بتائے ہیں دنیا واقف ہے، چلنے والے اپنے اپنے راستہ پر چل رہے ہیں، گو ایک دوسرے سے اس قدر بے خبر ہیں کہ ایک دوسرے کو غیر اور غلط راہ پر چلنے والا سمجھ رہے ہیں حالانکہ ہر ایک اپنے صحیح راہ کے مسافر ہیں اور ایک ہی صداقت کے پیرو ہیں جو مختلف نام اور مختلف عنوان سے مشہور ہیں۔

سن ۶۳۲ء کے بعد جبکہ پیغمبر اسلام حضرت محمد صلعم دنیا کو چھوڑ چکے تھے۔ حضرت عثمان کے خلافت کا دور چل رہا تھا۔ اوسی وقت سے وہ جماعت جو لامذہبیت کی طرف کوچ کر رہی تھی۔ اپنے قبیلہ کے لئے خود غرضانہ اور لالچ سے بھرے ہوئے اقدام کر رہی تھی اور اپنی قدیم ملکی صفات میں محو ہو کر اسلام کو برباد کرنے اور اسلامی روایات کو مٹانے کے لئے سازشیں

کر رہا تھی - جس کی ابتدا ان انسانیت سوز انسانوں نے حضرت عثمان رضی اللہ عنہ اور حضرت علی کرم اللہ وجہہ کے قتل سے کی اور لامذہبیت کی اندرونی لہر عرب میں دوڑنے لگی

بجائے اسلامی اتحاد - برادرانہ سلوک (اخوت) اور اتحاد مقصد کے شیرازے بکھرنے لگے، اور اپنی اپنی ٹولی اور اپنا اپنا راگ بجنے لگا۔

مسٹر یونس بار۔ ایٹ۔ لا۔ پریسیڈنٹ میل ملاپ اسوسیشن اور ان کے ہمخیال چند تھیا صوفسٹ کی تحریک اور عملی اقدام پر چند ہندو اور مسلمان رہبروں نے بہار شریف اور اس کے گرد و نواح کا دورہ کیا۔ یہ بھی سننے میں آیا ہے اب کانگریس کی ایک مقتدر ہستی معہ چند اور کارکنوں کے وہاں پہونچ گئی ہے۔ اور یہ بھی معلوم ہوا ہے وہ اسوقت تک وہاں مقیم رہکر اپنی کوشش جاری رکھیگی جبتک وہاں کی مکدر فضا صاف نہ ہو جائے۔۔ آج کے اخبار میں مہاتما جی کی ہمدردی کا اعلان اور کچھ ہدائتیں بھی نظر سے گذریں۔۔۔ کیا اچھا ہوتا کہ ایسے موقعہ پر مسلم لیگ اور ہندو مہاسبھا کے آل انڈیا لیڈر بھی وہاں پہونچکر اپنے اپنے حلقۂ اثر میں اس بات کو اچھی طرح واضح کر دیتے کہ سیاسی اختلافات دنگے فساد سے طے نہیں پاتے، خود ہی کسی نہ کسی طرح کشتی کو ساحل مراد تک پہونچا دینگے۔

یاد رکھئے کہ آپ کی خطرناک حالت عالم کی نگاہوں سے پوشیدہ نہیں۔ بہت سے مصیبت زدہ ممالک اپنی ٹکٹکی باندھے دیکھ رہے ہیں کہ آپ اپنے کو اس طلاطم سے کیونکر صحیح و سلامت پر امن طریقہ سے نکال لیجاتے ہیں۔ خدارا اب بھی اے پیر اہل وطن "ہوا کا رخ" دیکھکر اپنی کشتی کا رخ کنارے کیطرف موڑ دیں۔

ریویو

رتن ۔ کم سن لڑکے اور لڑکیوں کے لئے نہایت مفید رسالہ ہے، اس ماہانہ رسالہ میں بہترین کہانیاں اور تصویریں بچوں کو مخاطب کرنے کے لئے ہوا کرتی ہیں۔ اسکی کہانیاں بلند پایہ اور اخلاق سے بھری ہوتی ہیں۔ اسکی ماہانہ اشاعت دفتر رسالہ رتن دربار گڑھ روڈ جموں، کشمیر سے ہوتی ہے

چندہ سالانہ کا ذکر زیر ریویو رسالہ میں نہیں پایا جاتا ہے۔ ناظرین خط لکھکر دریافت فرمائیں، رسالہ میں جتنی تحریریں ہوا کرتی ہیں عموماً مشاہیر کی یا اون حضرات کی ہوا کرتی ہیں جنکو تعلیم اطفال سے خاص دلچسپی ہے۔ اس رسالہ کو ہندوستان کے تمام مدرسے اور اسکولوں کو منگانا چاہئے۔ رسالہ ہر طرح سے اچھا ہے۔ ڈبل کراون پا پیمانہ ہے، لکھائی چھپائی اور دستی تصویریں بہت خوب ہیں۔ (اڈیٹر)

ہفتہ وار جدید دلچسپ مسلم لیگ سپیشل نمبر

جدید دلچسپ اردو ہفتہ وار پرچہ ہے، اسکی اشاعت دلچسپ منزل، کنڈا پا چیٹی اسٹریٹ۔ جی۔ ٹی۔ مدراس سے ہوتی ہے۔ پرواقعی دلچسپ ہے، خاصکر اسکا مسلم لیگ اسپیشل نمبر تو سونے پر سہاگہ ہے۔ اسکی جابجا رنگین طباعت حجم اور چیدہ چیدہ مضامین نے اور بھی دلکشی پیدا کی ہے، اون اشخاص کیلئے مسلم لیگ اسپیشل اور بھی مفید اور بہترین ہے جنہیں مسلم لیگ سے خاص دلچسپی اور عقیدت ہے، مسلم لیگ کے سالانہ اجلاس کے موقعہ پر مدراس اس سے بہتر ادبی تحفہ نہیں پیش کرسکتا تھا، اس نمبر میں کثرت سے مشاہیر کی تصویریں علاوہ مضامین بھری ہیں، باوجود ان کل خوبیوں کے اسکی قیمت صرف فی پرچہ پانچ آنہ علاوہ محصول ہے، جن حضرات کو شوق ہو اسے ضرور منگا کر ملاحظہ فرمائیں، پرچہ کی خوبیوں کے مقابلہ میں اسکی قیمت بہت کم رکھی گئی ہے۔ ادارہ میل ملاپ جدید دلچسپ کو اس عظیم الشان کامیابی پر اس گرانی کے زمانہ میں مبارکباد پیش کرتا ہے (اڈیٹر)

ہمارے سرپرست اور مضمون نگار ملاحظہ فرمائیں

مجھے افسوس کے ساتھ کہنا پڑتا ہے کہ باوجود میل ملاپ کی کھلی پالیسی کے اکثر و بیشتر مضامین نہایت بے تکے اور پست اخلاق سکھانے والے آتے ہیں اور پھر تاکیداً اڈیٹر سے امید کی جاتی ہے کہ ان مضامین کو شائع کیا جائے، صرف یہ ہی نہیں بلکہ ممکن ہو تو اڈیٹر کی طرف سے تعریفی نوٹ بھی ہو۔

اڈیٹر میل ملاپ پابند نہیں بنایا جاسکتا ہے کہ معیار سے گرے ہوئے مضامین کو شائع کیا جائے۔ رسالہ کے پڑھنے والی ہندوستان کی ماں بہنیں بھی ہیں، مضمون نگار سے یہ امید نہیں کی جاتی ہے کہ وہ بہترین ادبی مضامین لکھکر علم ادب کا مظاہرہ کریں لیکن یہ توقع ہے اور ضرور ہے کہ مضامین میل ملاپ کے مقاصد سے ملتے ہوئے ہوں اور کسی پر طعن و تشنیع نہ کی جائے اخلاق اور مذہبی رواداری کا پورا خیال کیا جائے جن اشخاص کو وطنی محبت اتحاد کا جذبہ سینہ میں ہے وہ قلم اٹھائیں اور اخلاقی یا اتحادی مضامین لکھکر اڈیٹر کو شکریہ کا موقع دیں۔ (اڈیٹر)

व्यावहारिक भाईचारा

(ले०—मौ० अली हसन, द्रोण, सारन)

यूसुफ मियाँ—हुज़ूर ! मेरी सारी जायदाद मुझसे छीन ली गई (निलाम करा ली गई)। हम लोगों के ऊपर एक फ़र्जी दफ़ा लगा कर मेरे लड़के को फांसी और मुझको सख्त क़ैद की सज़ा हुई है। मैं, ग़रीब आदमी, लाचार ! क्या करूं ? हुज़ूर की ख़िदमत में हाज़िर हुआ हूँ। अब जैसी हुज़ूर की मर्ज़ी !

मुचकुन्द शर्मा (वकील) का दिल उसकी बातों से भर आया। उन्हों ने कहा, "घबड़ाने की ज़रूरत नहीं। नक़ल लाओ ; सब ठीक हो जायगा।"

बेचारा यूसुफ़ मुश्किल से कुछ रुपये का इन्तज़ाम कर सका और नक़ल लेकर हाज़िर हुआ।

यूसुफ़-हुज़ूर, कागज़ लाया। अब जो हुकुम !

वकील—ठहरो, अभी देखता हूँ। वकील साहेब ने सब काम छोड़ कर उसका कागज़ देखा। उनको बहुत अच्छे कुछ प्वायन्ट (points) मिले। उन्होंने यूसुफ़ को समझा बुझा कर, अच्छी तरह ढाढ़स देकर विदा किया और कहा कि "तारीख़ के रोज़ आना : देखा जायगा।"

तारीख़ के दिन शर्मा जी अपना केस ख़ूब तैयार करके इजलास पर हाज़िर हुए। मुक़दमा खुला। फिर मौक़ा आने पर शर्मा जी ने ऐसा अच्छा बहस किया कि जज साहेब ख़ुश हो गये। लड़का फांसी की सज़ा से बे-दाग़ बच गया और यूसुफ़ मियाँ को सिर्फ़ २५) का जुर्माना हुआ। जुर्माना दाख़िल करने का दिन सुना दिया गया।

यूसुफ़ मियाँ, उसके लड़के और वकील साहेब सब बहुत ख़ुश हुए। यूसुफ़ मियाँ ने वकील साहेब को बहुत कुछ धन्यवाद दिया—हृदय से धन्यवाद दिया—और फिर घर को रवाना हुआ।

अब फ़िक्र लगी २५) जमा करने की। यूसुफ़ मियाँ ने बड़ी कोशिश की। अड़ोस-पड़ोस, भाई-बन्धु सब से आरज़ू की, पर कहीं से एक पैसा न मिला। अपने लड़के को नौकर रखकर कुछ रुपये लेना चाहता था; पर वह भी न मिला। इधर तारीख़ आ पहुँची।

अन्त में उसे एक तरकीब सूझी। उसके पास एक गाड़ी और उसके बैल थे। उसने गाड़ी पर जलावन लाद ली और गाड़ी हांक कर वकील साहेब के मकान के सामने आया।

यूसुफ़—हुज़ूर ! मैंने बड़ी कोशिश की, पर कहीं से रुपये का प्रबन्ध नहीं हुआ। अब यही गाड़ी बैल मेरी सारी सम्पत्ति है। आप ही कृपा कर इसे रख लें और जुर्माना चुका दें। मैं आपका सदा ऋणी बना रहूँगा।

वकील साहेब को उसकी हालत पर बहुत दया आई। उन्होंने ५) ख़ुद देकर और कुछ दोस्तों से चन्दा करके जुर्माना की रक़म दाख़िल कर दी और गाड़ी बैल के साथ उस ग़रीब को वापस किया।

यह है एक सच्ची कहानी ! इसे कहते हैं सच्ची सहानुभूति, सच्चा भाईचारा !

ज़माने की माँग

(ले०—श्री वैद्यनाथ गिरि "प्रेमी", पटना सिटी)

आज सारे विश्व में उथल-पुथल मची हुई है। अन्तर्राष्ट्रीय क्षितिज पर युद्ध के काले बादल मँडरा रहे हैं। बम बारूद और गैस की आवाजों से कानों के पर्दे फटे जा रहे हैं। किसी भी देश में, चाहे वह स्वतन्त्र हो अथवा परतन्त्र, शान्ति नहीं दिखायी पड़ती। सभी परीशान हैं। किसी को बाहर की परीशानी है, तो किसी को अन्दर की।

यही हालत भारत के रहने वाले हिन्दू और मुसलमान की भी है। ये भी लड़ने झगड़ने में पीछे रहना नहीं चाहते। आज तो ये एक दूसरे के शत्रु बने हैं। बात बात पर तकरार। यही कारण है कि क्यों आज भारत की हालत बहुत ही खराब है और उसमें इतनी ताकत नहीं कि संसार में शान्ति स्थापना के मार्ग में वह कुछ सहायता पहुँचा सके।

अतीत काल में हमलोग चाहे जितने बड़े रहे हों, आज की नाजुक हालत में उसका मूल्य नहीं के बराबर है। फिर भी वह समय दूर नहीं है जब भारत इस अत्यन्त दुःखद परिस्थिति से निकल कर नयी और अच्छी हालत में पहुँचा रहेगा। लेकिन वह खुशी का अवसर उस समय तक प्राप्त नहीं हो सकता है जब तक हम अपने भाई का खून बहाना बन्द न करेंगे।

हा! कितने दुःख की बात है कि हम इस पवित्र भारत भूमि में जन्म लेकर भारत-माता को कलङ्कित कर रहे हैं। यह तो वही भूमि है जिसको दुनिया के तमाम लोग सुख और शान्ति का केन्द्र समझते थे। लेकिन आज इस तरक्की के जमाने में हिन्दू और मुसलमान के चन्द मजहबी दीवानों ने भाई भाई में फूट, केवल फूट ही नहीं नफरत भी, पैदा कर दिया है। फूट तो हमारे घर में पाँव तोड़ कर बैठ ही गया है। फिर भी हम जा रहे हैं—उसी ओर।

आज भारत के लालों को मजहब और अन्ध-विश्वास झुलस रहे हैं। इनकी लपट सभी दिशाओं में धू धू करती हुई फैल रही है। इसका एक मात्र कारण जनता का यह न समझना है कि इन दोनों मजहबों का क्या, सभी मजहबों का, सार एक ही है और मत-भेद केवल असारपूर्ण, बाहरी बातों में है। आज केवल इन असारपूर्ण बातों पर ही अधिक जोर दिया जाता है जिसका नतीजा आज हम अपनी आखों देख रहे हैं, यानी, भ्रम तथा विद्वेष भावना की वृद्धि हो रही है।

यहाँ मैं यह जिक्र करना चाहता हूँ कि हम सब सार्वभौमिक धार्मिक एकता का प्रचार करें। हम सभी एक ही देश में एक ही जगह के अन्न, जल से पले हैं। ज़रा सोचिये तो सही! कैसी मूर्खता है! हमें तो सर्वदा यह शिक्षा मिली है कि सर्वदा एक दूसरे से प्रेम करो। दुनिया में कोई हमसे अलग नहीं है।

हम लोगों की तकलीफ़ का कारण अज्ञानता है और यह अज्ञानता इस तंग ख्याली से है कि मनुष्य मनुष्य से, राष्ट्र राष्ट्र से, पृथ्वी चन्द्रमा से और चन्द्रमा सूर्य से, सम्बन्धित नहीं है। लेकिन यह सत्य नहीं है।

आप जितना आगे बढ़ेंगे आपको पता चलेगा कि किसी चीज की तह में केवल एकता ही है। फिर हमलोग क्यों न प्रेम-पूर्वक रहें। हम क्यों न ऐसे कार्य करें जिनकी नकल दूसरे देश वाले करें। यदि हम अपना नाम अजर और अमर रखना चाहें तो हमें उसका दाम देना पड़ेगा। वह दाम है:—सार्वभौमिक धार्मिक प्रेम!

अहा! यदि हमलोग आपस में प्रेम और एकता के साथ रहें तो दुनिये का नक़शा ही बदल जाय।

कुछ पूछूं" पण्डित जी ने कहा "ज़रूर, शौक़ से पूछो।" देवी झुकीं और पण्डित जी का पांव छू कर बोलीं, "क्या हम सच्चे ब्राह्मण हैं?" पण्डित जी ने घबरा कर पूछा, "क्यों क्या किसी ने तुम्हें टोका है?" पण्डिताइन बोलीं, "नहीं, मगर एक ब्राह्मण का धार्मिक कर्त्तव्य? यही न, कि भगवान की पूजा और मनुष्य की सेवा, इनको आशीर्वाद। और जो यह न हो तो फिर किस मुंह से हम अपने को ब्राह्मण समझें?"

पण्डित जी हैरान थे कि आज यह क्या रंग है, ये कैसे सवालात हैं। बोले, "जो सच पूछती हो तो भगवान की असली पूजा संसार की ही सेवा में है।" देवी ने कहा, "और सब सेवा से अच्छी सेवा जीवों की रक्षा और प्राण को बचाना। प्राणनाथ! अगर यह भी सच है तो इतना और बताइये कि जीव किसी का हो—हिन्दू या मुसलमान का, ब्राह्मण का या शुद्र का—क्या परमात्मा ने इसमें तो कोई भेद नहीं न रखा है?"

पण्डित जी ने फिर बहुत ही तअज्जुब से पूछा, "बोलो तो, आख़िर तुम्हारा मतलब क्या है? साफ़ साफ़ कहती क्यों नहीं?" देवी ने कहा, "कहती हूं और साफ़ २ कहती हूं। महल्ला में यह जो मौलवी जी हैं, आपने सुना होगा कि उनके घर बालक पैदा हुआ है। मगर मौलवियाइन मर रही हैं। आज तीन दिन से इस बच्चे को दूध नहीं मिला है। वह तड़प २ कर और बिलख २ कर प्राण छोड़ रहा है। नाथ! अगर यह विपत्ति आप पर और हम पर आती तो बताइये, क्या हाल होता? मौलवी जी मुसलमान हैं, वह उनका धर्म है। बालक तो अभी न मुसलमान है न हिन्दू। अगर वह बिना दूध भूखा मर गया तो बताइये, हम और आप ब्राह्मण होते हुए, क्या भगवान के सामने उत्तरदायी न होंगे? मैं एक स्त्री हूँ, माता का दर्द ख़ूब जानती हूँ। मेरा बच्चा अगर इस मुसीबत में गिरफ़्तार होता और कोई मुसलमान औरत दूध पिलाने वाली होती तो क्या मैं उससे दूध न पिलवा लेती और अपने उस लाल को ज़िन्दा न रहने देती? आप ब्राह्मण हैं। आपका सब से बड़ा कर्त्तव्य है कि आप इस वक़्त मौलवी जी की मदद कीजिये और मुझको क्षमा दीजिये कि मैं इस बे-ज़ुबान बालक की अपने दूध से जान बचा लूं।"

पण्डित जी इस दर्द भरी निःस्वार्थ प्रार्थना से कांप उठे। आंखों में आंसू भरे बोले, "देवी! बेशक तुम एक सच्ची ब्राह्मणी हो! तुम स्त्री नहीं, देवी हो। जाओ, फ़ौरन जाओ। तुम नहीं जानती कि मेरे और मौलवी जी के बीच बचपन से दोस्ती है। हम दोनों साथ के खेले, साथ के रहे और एक साथ के ही पढ़े हैं। मुझको शर्म है कि मैं अबतक उनकी परेशानी से बे-ख़बर रहा और क्यों मैं अबतक इनके काम न आया। नहीं, चलो, मैं तुम्हारे साथ चल कर इनसे माफ़ी चाहूँगा। उठो, चलो, अभी चलो।"

रात का वक़्त और रात अन्धेरी। मगर सेवा भाव में ग़र्क़ दो मतवाले मौलवी जी के दरवाज़े पर पहुँचे। आवाज़ दी। देवी अन्दर ज़नाने में पहुँची। भूखा लाचार बच्चा बेहोशी की हालत में बीमार और मजबूर मां के सीने से लगा सिसकियां ले रहा था। देवी ने आगे बढ़ कर उसको अपनी गोद में ले लिया और छाती खोल दूध से लगा लिया। एक बे-ग़रज़ लेकिन मुहब्बत से भरी गोद में उसने आंखें खोल दीं, मुस्कुराया और ख़ूब जी भर कर दूध पी लिया तो सीने से लिपट कर सो गया।

यह थे मौलवी मुहम्मद बख़्श जो एक ब्राह्मणी के दूध से पले, जवान हुए, पढ़े लिखे, छपरा छोड़ पटना आबाद किये, सरकारी वकील बने। इज़्ज़त की ज़िन्दगी बसर की और इज़्ज़त के साथ ही दुनिया से कूच किया।

यह था कल का हिन्दुस्तान। क्या हम इसे फिर जल्द वापस न लायेंगे?

एक और सच्ची कहानी

(ले०—सैयद हसन आरज़ू, फुलवारी शरीफ़, पटना)

कौन है जो हिन्दुस्तानी होते हुए भी परलोक-वासी खाँ बहादुर मौलवी ख़ुदाबख्श के पवित्र नाम से कम से कम वाक़िफ़ न हो। ओरियन्टल ख़ुदाबख्श पब्लिक लाइब्रेरी उनकी न मिटने वाली ज़िन्दगी की ज़िम्मेवार है, जो चौहट्टा, बाँकीपुर में सड़क के किनारे खड़ी हर गुज़रने वाले को खाँ बहादुर की याद दिला ही देती है।

कितने ख़ुश नसीब थे मौलवी मुहम्मद बख्श जिनकी रीढ़ की हड्डी में दो लाल और दो अनमोल हीरे छिपे हुए थे—यानी, खाँ बहादुर मौलवी ख़ुदाबख्श और मौलवी अबुल हसन, चीफ़ जज, स्मॉल कौज़ कोर्ट और संस्थापक, यतीम ख़ाना इसलामिया, कलकत्ता। अच्छा, चलते चलाते मौलवी मुहम्मद बख्श, साकिन महल्ला दहियांवां, शहर छपरा, ज़िला सारण, की एक कहानी भी सुन ही लीजिये और ग़ौर कीजिये कि यही हिन्दुस्तान कल भी था और यही हिन्दुस्तानी—हिन्दू भी थे और मुसलमान भी। मगर आज ?

मौलवी मुहम्मद ख़ुदाबख्श, छपरा के महल्ला, दहियाँवाँ में सन, ५७ के सिपाही विद्रोह या ग़दर से पहले पैदा हुए। इत्तफ़ाक़ से मौलवी मुहम्मद बख्श की पैदाइश के साथ ही साथ उनकी माँ को ऐसा सख्त मर्ज़ हुआ कि नव-जात बच्चे को दूध मिलना ना-मुमकिन हो गया। धाई और दूध पिलाने वाली की तलाश हुई। मगर न कोई दूध पिलाने वाली मिली, न कोई धाई। बीमार माँ और परीशान हाल बाप की मुसीबत भगवान ही जाने। जब हर तरह कोशिशों में ना-कामयाबी हुई तो अफ़सोस के मारे बाप ने थक कर ख़ुदा ही पर भरोसा कर लिया और कलेजा थाम कर उस वक्त का ही इन्तज़ार करने लगे जब उन्हें मुहम्मद बख्श की सुनानी सुननी पड़े।

सारा घर, ख़ान्दान और बेरादरी परीशान और दुःखी और सख्त दर्द और दुःख के साथ चन्द दिनों के मेहमान मुहम्मद बख्श को भूख से तड़पते बिलबिलाते देखते, मगर इनके बस में न था कि वे उस बे-ज़ुबान की भूख और प्यास को दूर कर सकें। लेकिन क़ुदरत थी जो खड़ी मुस्कुरा रही थी और कह रही थी कि मुहम्मद बख्श दुनिया में इस लिये नहीं भेजा गया है कि दूसरे नामुरादों यानी असफल लोगों में इनका भी नाम टँक गया। वह तो दुनिया में इस लिये भेजा गया है कि हिन्दुस्तान की सच्ची शराफ़त, हिन्दुस्तान की ऐतिहासिक हमदर्दी, हिन्दुस्तान की स्वाभाविक सेवा का भाव और हिन्दुस्तान का बे-लौस प्रेम और मुहब्बत के इतिहास में अपनी जान से एक वर्क़ और बढ़ा दे, ख़ुद ज़िन्दा रहे और दूसरों को ज़िन्दा रहने का तरीक़ा बतलाये।

रात का वह वक्त जब कि संसार दिन गुज़ार कर आराम की नींद सोने अपने बिस्तरों पर बिराजने लगता है, पं० विशेश्वर दयाल जी, जो महल्ला दहियाँवाँ के ख़ुशहाल ज़मींदार ब्राह्मण थे, सोने की तैयारी कर रहे थे। इतने में एकाएक उनकी स्त्री उनके सामने आकर खड़ी हो गई। पण्डित जी ने पूछा, "क्या कुछ कहना है ?" पण्डिताइन ने गर्दन झुका कर कहा, "क्षमा हो तो

Dowell) का "जल कुमुदनी के प्रति" नामक गाना बिठोव्हुन (Beethoven) के किसी तराने से पूर्णता में एकदम कम नहीं, हालाँकि इनमें से एक एक छोटे रत्न की नाईं है और दूसरा अनेकानेक रंग बिरंग के रत्नों की झाड़ की नाईं है।

इसी तरह हमारा कलापूर्ण होना इसपर निर्भर नहीं है कि हमारा विचार अथवा भाव अथवा कार्य कितना बड़ा है, बल्कि इसपर कि उसका गुण कैसा है। एक महान् आत्मा के महान् प्रेम और छोटे बच्चे के छोटे प्रेम के बीच तुलना की कोई बात नहीं। फिर भी दोनों के प्रेम पूर्ण हैं। इसी सत्य को एक आयरिश सन्त ने इस प्रकार प्रगट किया था: "सच्चा प्रेम पहाड़ी सोते की नाईं है। हो सकता है कि इस में बहुत गहराई न हो, लेकिन वह गहराई काफी है जो सूर्य, चन्द्रमा और तारों को अपने अन्दर स्थान दे सके।"

"जो सूर्य, चन्द्रमा और तारों को अपने अन्दर स्थान दे सके"—इसी के अन्दर हमारे अस्तित्व का रहस्य छिपा है। दर्जनों गुणों की कमी हमारे अन्दर हो सकती है, लेकिन फिर भी हमारे अन्दर कोई न कोई गुण ऐसा मौजूद रहता है, जिसे अगर हम प्रगट होने का मौक़ा दें तो वह पूर्णता के रूप में झलक पड़े। हो सकता है कि सारी ज़िन्दगी में सिर्फ एक बार ऐसी झलक प्रगट हो और फिर कभी नहीं। लेकिन उसी झलक के समय आत्मा कलाकार के रूप में प्रगट होती है। इससे बढ़कर आनन्द और उमंग दिलाने वाला दूसरा कोई रहस्य हो नहीं सकता कि पतित से पतित आदमी को भी अगर मौक़ा मिले तो उसके अन्दर ऊँचे से ऊँचे दर्जे की सज्जनता की झलक प्रगट हो सकती है।

सभी मनुष्य, सभी स्त्री-पुरुष, जो जान बूझ कर किसी धर्म या कर्त्तव्य या आत्म-त्याग के अनुसार चलने की कोशिश कर रहे हैं, उनके अन्दर ज़िन्दगी में पूर्णता की झलक प्रगट होने का अवसर सिर्फ एक बार नहीं, बल्कि कई बार आता है। पूर्ण प्रेम अथवा कोमलता का कोई विचार, जो मन ही मन प्रगट हुआ हो; त्याग का कोई छोटा से छोटा काम; अपने को पवित्र तथा सुजन बनाने की कोशिश, जिसे किसी ने देखी तक न हो—ये सभी ऐसे मौके हैं जब हमारे अन्दर निवास करने वाला कलाकार इस बात की इत्तला देता है कि उसने संसार-जैसा-कि-यह-होने-वाला-है को दे रहा है। हो सकता है कि आगे चलकर वह मूर्त्तिकार, रंगसाज़ या गवैया या दूसरे किसी क़िस्म का कलाकार न बन सके जैसा कि संसार में कलाकार लोग समझे जाते हैं। लेकिन एक बार भी जब उसने अपने को कलाकार की हैसियत से प्रगट कर लिया, तो शुरू में कुछ रचना करने या प्रगट करने की उसकी योग्यता चाहे कितनी ही कम क्यों न हो, लेकिन फिर भी वह सदा के लिये कलाकार बना रहता है। संसार-जैसा-कि-यह होने-वाला-है की झलक एक बार भी देख लेने अथवा उसके साथ एक बार भी संसर्ग होने का मतलब है उसके अस्तित्व अथवा उसके स्वरूप को कभी आइन्दे न भूलना।

"न बिलकुल अचेतनता की दशा में और न बिलकुल नंगी हालत में, बल्कि ज्योति के चलते हुए बादलों की नाईं हम ईश्वर के यहाँ से आते हैं, जो हमारा घर है।" वह हमारा घर हमारी कल्पना-शक्ति को हमेशा अपनी ओर खींचता रहता रहता है। सच्चा आनन्द उसी को प्राप्त होता है जो अपनी कल्पना-शक्ति के ज़रिये-संसार-जैसा-कि यह-होने-वाला-है के अन्दर पाँव रखता है।

है और होने वाला है

(२) पूर्ण विचार, भाव अथवा कार्य द्वारा संसर्ग

(मू० ले०—मि० सी० जिनराजदास, एम० ए०)

हम कैसे जान सकते हैं कि हमारे अन्दर कलाकार मौजूद है? इसके लिये यह साफ़ २ जानना जरूरी है कि कलाकार का लक्षण क्या है। हम ऊपर देख चुके हैं कि कलाकार, जिसने कला को ही अपने जीवन का मुख्य पेशा बना रखा है, वह संसार-जैसा-कि-यह-होने-वाला-है के बयान करने की कोशिश में लगा रहता है। इस कोशिश में वह जरूर ही किसी पूर्णता के आदर्श को उतारने की फ़िक्र में रहता है। वह उस पूर्णता का बयान भले ही स्पष्ट शब्दों में न कर सके, लेकिन हर कलाकार जानता है कि उसकी कला में पूर्णता है और जो कुछ कामयाबी उसने हासिल की है वह उस पूर्णता के लक्ष्य से कम है।

इसी पूर्णता के स्वप्न का बयान कलाकार बर्न जोन्स (Burn Jones) ने इस प्रकार किया है:—"किसी तस्वीर से मेरा मतलब किसी ऐसी चीज़ के सुन्दर और दिलचस्प स्वप्न से है, जो न कभी थी, न आइन्दे कभी होगी; जो ऐसी ज्योति में हो, जिसकी चमक कभी दिखाई न पड़ी हो; जो ऐसे स्थान में हो, जिसे न कोई बयान कर सके न याद रख सके, लेकिन जिसकी सिर्फ़ अभिलाषा हो सकती हो; और जिसके रूप ईश्वरीय सौन्दर्य से पूर्ण हों—तब मैं ब्रिनहिल्ड (Brynhild) के जागने के साथ जागता हूँ।"

मूर्त्तिकार रोडिन (Rodin) दूसरे शब्दों में पूर्णता का बयान करता है और इसे वह एक अलभ्य वस्तु बतलाता है जिसे कलाकार हासिल करने की कोशिश करता है। उसके कला-भवन में एक बार उसके एक विद्यार्थी ने कहा: "अगर मैं मरने के क़ब्ल कमाल की कोई चीज़ बना सका, तो मैं ख़ुशी के साथ मरूँगा।" लेकिन रोडिन ने जवाब दिया: "नहीं, नहीं; उससे तुम ख़ुश नहीं हो सकोगे, क्योंकि उस हालत में भी तुम्हें शुबहा बना रहेगा। शुबहा हमेशा बना रहता है, हमेशा!"

यह पूर्णता, यह संसार-जैसा-कि-यह-होने-वाला-है, हम लोगों के दैनिक कार्य-क्षेत्र के संसार से कुछ इतनी दूर नहीं है कि हमें इसकी झलक न मिल सके अथवा इससे संसर्ग न हो सके। जब हम किसी सूरत से कोई कारवाई ऐसी करते हैं जो पूर्ण हो, तो हमें यह संसर्ग प्राप्त होता है। कारवाई करने से मतलब मन द्वारा सोचने, हृदय में भाव लाने अथवा शरीर द्वारा कार्य करने से है। अगर किसी विचार या भाव या कार्य में हम किसी पूर्ण विचार या पूर्ण भाव या पूर्ण कार्य का समावेश करने में समर्थ हो सकें, तो उस समय हम कलाकार बन जाते हैं।

हमें यहाँ स्मरण रखना चाहिये कि कला का हाल फूलों के जैसा है। फूल रंग विरंग के होते हैं—कुछ छोटे, कुछ बड़े; कुछ प्राकृत रूप में, कुछ उपजाये हुए, जैसे गुलाब, कमल, आदि। लेकिन छोटे से छोटे प्राकृत फूल के अन्दर भी सौन्दर्य की पूर्णता अत्यन्त सुन्दर गुलाब के सौन्दर्य से किसी दर्जे कम नहीं होती है। मैक डावेल (Mac

है। यह एक ऐसी समस्या है जिसे खूब अच्छी तरह से गौर कर के हल करना बहुत जरूरी है।

असल बात तो यह है कि हर तरह के झगड़े तक़रार रहते हुए भी असल में हिन्दुओं और मुसलमानों के बीच बहुत कम तफ़रक़ा है। हिन्दुस्तान की आबादी के सैकड़े नब्बे की जिन्दगी में भिन्न २ तरह की मजदूरियों और पेशों का सिलसिला इस तरह से मिला-जुला है कि यह बिल्कुल असम्भव है कि हिन्दू और मुसलमान आपस में बराबर लड़ते झगड़ते रहें। अगर हिन्दू काश्तकार तरकारियाँ उपजाते हैं तो मुसलमान कुँजड़े उसे बेचते हैं। अगर हिन्दू रैयत या हिन्दू बनिया रूई बेचते हैं, तो मुसलमान जुलाहे उसको बुनते हैं और मुसलमान धुनियाँ और मुसलमान दर्जी रजाई तैयार करते हैं। हिन्दू मोची जूते और चमड़े की दूसरी चीजें तैयार करते हैं और मुसलमान दूकानदार उन्हें बेचते हैं। मुसलमान दर्जी कुर्ता तैयार करता है और हिन्दू उसे पहनता है।

जिन्दगी की हर हालत में ऐसा ही खिलत-मिलत मौजूद है, यहाँ तक कि एक फ़िरक़े के मजहबी त्यौहारों में भी दूसरे फ़िरक़े वालों की मदद की जरूरत पड़ती है। इस तरह इन दोनों जातियों के लोग अगल-बगल एक साथ रहते आये हैं और बात २ में एक दूसरे से मदद लेते रहे हैं। हाँ, उनके मजहबी तरीक़े जरूर अलग २ रहे हैं; लेकिन इन तफ़रक़ों की वजह से उनके सामाजिक मेल-जोल तथा पेशों आदि के सिलसिले में उनके भाई-चारे के भाव में कभी कोई फ़र्क़ नहीं आया।

असल तरद्दुद हमारे साथ यह है कि हम नहीं चाहते कि कोई भाई हमारे साथ हिस्सादार बन सके। अगर हम बड़े भाई हैं तो हमें डर है कि हमारे बाद जो आयेंगे वे हम से बराबरी का दावा करेंगे। अगर हम छोटे हैं तो हमें अपने से बड़ों का रोब गवारा नहीं करना चाहते। इसका नतीजा यह है कि जहाँ हमें भाई भाई बनकर एक साथ रहना चाहिये, वहाँ खौफ़ और डाह की वजह से हम एक दूसरे से अलग हटे जा रहे हैं और एक दूसरे को खूंख्वार देवों की शक्ल में देखते हैं।

हमारी हालत उस आदमी जैसी है जो एक रोज सुबह को कुहेसा के बीच एक पहाड़ पर चढ़ रहा था! उसने दूर से चोटी पर कुछ चीज देखी, जो उसे एक देव की शक्ल में मालूम हुई। जब वह कुछ नजदीक पहुँचा तो मालूम हुआ कि वह कोई आदमी है, और जब चोटी पर पहुँच गया तो उसने देखा कि वह उसका अपना भाई था। इसी तरह अगर हम भी खुद-गर्जी और पछताप की वजह से एक दूसरे से खौफ खाना और अलग हटना छोड़ दें और एक दूसरे के नजदीक पहुँचे तो हम देखेंगे कि वह जरूर हमारा अपना भाई है।

देखिये, आज से सिर्फ़ चालीस वर्ष पहिले हमारे प्रान्त की क्या हालत थी। किसी क़िस्म का साम्प्रदायिक तफ़रक़ा यहाँ देखने में नहीं आता था। लेबास-पोशाक, त्योहार-तक़रीब, रहन-सहन, बोल-चाल, वग़ैरह किसी बात में हिन्दू और मुसलमान शरीफ़ों में कुछ फ़र्क़ नहीं था।

इतना ही नहीं। पहले भी यहाँ हिन्दुओं और मुसलमानों की संख्या कम थी। लेकिन हिन्दू मुसलमान एक दूसरे पर ऐसा विश्वास रखते थे कि अक्सर मौक़े पर ऐसा होता था कि चुनाव के मामले में हिन्दुओं के वोट के बल पर मुसलमान उम्मीदवार जीत जाते थे और हिन्दू हार जाते थे। यह कोई बनावटी बात नहीं, सच्ची घटना है।

मैं तो फिर भी अपने हिन्दू मुसलमान भाइयों से अर्ज करूंगा कि निराशा और अविश्वास छोड़ कर फिर मेल-मिलाप के काम में लग जायें और हम देखेंगे कि वह पुराना दिन कितनी जल्द फिर हमारे सामने आ जाता है।

हिन्दू मुसलमान दोनों एक हैं

(ले०—मि० एम० यूनुस, बार-ऐट-लॉ, भूतपूर्व प्रधान मन्त्री, बिहार)

ता० १३ अप्रैल, ४१ को हजारीबाग में मेल-मिलाप कान्फ्रेन्स के सभापति की हैसियत से दिये हुये भाषण का सारांश।—सम्पादक।

गत वर्ष मैं ने क़ुरान पाक और भगवद्गीता से आयत और श्लोक देकर यह दिखलाने की कोशिश की थी कि ये दोनों धर्म एकता और इन्साफ़ पर जोर देते हैं। इस वर्ष मैं कुछ सीधे सादे शब्दों में यह दिखलाना चाहता हूँ कि मेल के फ़ायदे क्या २ हैं। असल में ये फ़ायदे किसी से छिपे नहीं हैं। इसलिये मैं साफ़ तौर से कुछ ऐसी व्यावहारिक योजनाएँ आपके सामने पेश करने की कोशिश करूँगा, जिनके ज़रिये हम उन बैर फूट और विरोध की शक्तियों का मुक़ाबला कर सकते हैं जो हमें आज एक दूसरे से अलग कर रही हैं।

आज सारी दुनिया के अन्दर घोर ना-इत्तफ़ाक़ी और लड़ाई छिड़ी हुई है। कोई देश चैन से नहीं। हिन्दुस्तान के अन्दर जो हम साम्प्रदायिक मनोमालिन्य तथा उलझन देखते हैं इसे उसी संसार-व्यापी उलझन का एक हिस्सा कह सकते हैं। मेल-मिलाप ही एक ऐसी चीज़ है जो असल में इस उलझन को सुलझाने में समर्थ हो सकती है।

आज एक बात का साफ़ २ समझना बहुत मुश्किल हो रहा है। वह यह है कि आज की सख्त उलझनों में ही उनके सुलझाने की कुंजी भी छिपी है, आज के सारे झगड़े तकरारों के पीछे मेल-मिलाप का सुन्दर शुभ संवाद भी छिपा है। बात असल यह है कि इस बात का साफ़ २ जानना और देखना जरूरी है कि आज जो दुनिया इस क़दर ग़लत रास्ते की ओर झुकी हुई नज़र आती है उसका ख़ास कारण यह है कि दुनिया की तरफ़ लोगों के भाव तथा विचार ग़लत रास्ते पर हैं। हम दूसरों की ग़लती निकालने में तो बड़े चाव से लगे रहते हैं, लेकिन हम बहुधा यह नहीं समझते कि इनमें से बहुत सी ग़लतियाँ ऐसी हैं जो हमारे अन्दर भी मौजूद है, जो सारी मनुष्य जाति के अन्दर मौजूद हैं। जब हम निष्पक्ष भाव से ऐसा देखने लगेंगे तो हमें साफ़ २ ज़ाहिर हो जायगा कि इन सारी कमज़ोरियों के पीछे मेल-मिलाप की एक बड़ी ताक़त काम कर रही है। ज़रूरत है कुछ अधिक उदारता तथा कुछ अधिक प्रेम दिखलाने की और इस बात पर कुछ अधिक विश्वास प्रगट करने की कि हर आदमी के अन्दर भलाई का अंश मौजूद है। अफ़सोस कि आज स्वार्थ और पक्षपात की वजह से उन अच्छाइयों पर सख्त परदा पड़ा हुआ है।

हिन्दुस्तान के बारे में ऐसा कहना एक फ़ैशन बन गया है कि जबतक हिन्दू-मुस्लिम समस्या हल न होगी तबतक हिन्दुस्तानी एक क़ौम न बन सकेंगे। मैंने एक बड़े महापुरुष को ऐसा कहते सुना है कि यह बिल्कुल सत्य है कि हिन्दुस्तान में विदेशी राज्य क़ायम रखने के लिये साम्प्रदायिक तफ़रक़ों को जारी रखना महज़ ज़रूरी है। और यह भी बिलकुल सही है कि हिन्दुस्तान जैसे महान् जन संख्या वाले देश के ऊपर विदेशी राज्य के रहते न तो हिन्दुस्तान के अन्दर साम्प्रदायिक मेल-जोल हो सकता है, न संसार में शान्ति स्थापित हो सकती

पर ठीक हैं, और सभी उसी एक ख़ुदा के पास पहुँचाने वाले हैं।

सूरा २, आयत १७७—" धर्म इसमें नहीं है कि तुम अपना चेहरा पूरब की तरफ़ करो या पच्छिम की तरफ़; बल्कि धर्म इसमें है कि ख़ुदा में और आख़िरत के दिन में और फ़िरिश्तों में और किताब में और पैग़म्बरों में विश्वास करना चाहिये; और ख़ुदा के नाम पर अपने रिश्तेदारों को, यतीमों को, मुहताजों को, मुसाफ़िरों को, भिक्षा माँगने वालों को और क़ैद से छुड़ाने के लिये क़ैदियों को धन या रुपये देना चाहिये; बराबर नमाज़ पढ़ना चाहिये या प्रार्थना करना चाहिये और ख़ैरात देना चाहिये। वे भी धर्म के रास्ते पर हैं जो कोई क़ौल क़रार कर लेने पर अपने वादे को पूरा करते हैं और जो मुसीबत, सख़्ती और लड़ाई के वक़्त सब्र से काम लेते हैं। ये ही वे लोग हैं जो अपने तईं सच्चे होते हैं और जो बुराई से परहेज़ करते हैं।" मज़हब की असली रूह को किस ख़ूबी के साथ यहाँ खोल कर दिखलाया गया है।

सूरा २, आयत २५६—" मज़हब में कोई ज़बरदस्ती नहीं......।"

सूरा २, आयत २८५—"पैग़म्बर उसमें विश्वास करता है जो उसके मालिक की तरफ़ से उसके पास उतरा है, और उसी तरह से ईमानदार लोग भी विश्वास करते हैं। वे सभी ईश्वर में और उसके फ़िरिश्तों में और उसकी किताबों में और उसके पैग़म्बरों में विश्वास करते हैं। हम उनके पैग़म्बरों में से किसी के बीच कुछ फ़र्क़ नहीं रखते हैं। और वे कहते हैं; हम सुनते हैं और फ़रमाबरदारी करते हैं। ऐ हमारे मालिक! हम तेरी माफ़ी चाहते हैं और तेरे ही पास अन्त में पहुँचना है।"

सूरा ३, आयत १८—" ख़ुदा के नज़दीक मज़हब इसलाम है; और जिन लोगों के पास किताब उतरी थी उनमें कोई तफ़रक़ा नहीं था, लेकिन इल्म हासिल होने के बाद हसद की वजह से उनके अन्दर तफ़रक़ा पैदा हो गया। और जो कोई ख़ुदा से उतरी हुई बातों में विश्वास नहीं करता है, तो ज़रूर ही ख़ुदा हिसाब करने में बहुत पक्का है।" इस आयत से ज़ाहिर होगा कि यहाँ " इसलाम " से मतलब सिर्फ़ क़ुरान के मज़हब से नहीं, बल्कि सभी मज़हबों से है।

सूरा ४, आयत १३६—" ऐ तुम जो विश्वास करते हो, ख़ुदा और उसके रसूल पर विश्वास करो और उस किताब पर विश्वास करो जो उसके रसूल पर उतरी है और उस किताब पर जो उसके पहले उतरी थी; और जो कोई ख़ुदा और उसके फ़िरिश्तों में और उसकी किताबों और उसके रसूलों में और आख़िरी या क़ेयामत के दिन में विश्वास नहीं करता है, वह सख़्त भूल में पड़ कर दूर तक भटकता है।"

सूरा ४, आयत १५०-२—" जो ख़ुदा और उसके नबियों में विश्वास नहीं करते हैं और जो ख़ुदा और उसके नबियों में फ़र्क़ करते हैं और कहते हैं कि ' हम चन्द में विश्वास करते हैं और दूसरों में विश्वास नहीं करते ', और बीच का कोई रास्ता पकड़ना चाहते हैं।

" ये ही असल में बे ईमान हैं; और हमने बे ईमानों के लिये शर्मनाक सज़ा तैयार कर रक्खी है।"

" और जो ख़ुदा और उसके नबियों में विश्वास करते हैं और उनमें से किसी में कुछ फ़र्क़ नहीं करते—ख़ुदा उन्हें मुनासिब इनाम देगा; और ख़ुदा क्षमाशील और दयालु है।"

क़ुरान के मुताबिक़ मज़हबी मेल-जोल

(ले०—श्री "लाला जी")

नीचे क़ुरान के कुछ सूरे और आयतों का हवाला देकर कुछ तरजुमे दिये जाते हैं, जिनसे यह अच्छी तरह पता चलेगा कि क़ुरान के हिदायतों के मुताबिक़ मुसलमानों का दूसरे मज़हब वालों के साथ, या एक मज़हब का दूसरे मज़हब के साथ क्या सरोकार है और होना चाहिये।

सूरा २, आयत २—४—" इस में कोई सन्देह नहीं कि यह किताब (यानी क़ुरान) उन लोगों को राह दिखलाने के लिये है......जो उन में विश्वास करते हैं जो तेरे ज़रिये ज़ाहिर हुआ है और उस में जो तेरे पहले ज़ाहिर हुआ था......।" इस से साफ़ ज़ाहिर होता है कि हर मुसलमान या हर मज़हबी आदमी के लिये यह लाज़मी है कि वह अपनी मज़हबी किताब के साथ उस से पहले उतरी हुई दूसरी सभी मज़हबी किताबों पर भी ईमान लाये या विश्वास करे। यह क़ुरान की कैसी उदार शिक्षा है! इसके मुताबिक़ अमल करने का ज़रूरी नतीजा यह होगा कि कोई मज़हबी आदमी किसी दूसरे मज़हब की किताब की हरगिज़ शिकायत नहीं करेगा। बल्कि अपनी किताब की नाईं उसकी इज्ज़त करना और उसको मानना अपना ज़रूरी फ़र्ज़ समझेगा।

सूरा २, आयत ११५—" और पूरब और पच्छिम, दोनों ख़ुदा ही है; इस लिये चाहे तुम जिधर अपना रुख फेरो, उधर ही ख़ुदा का मक़सद मौजूद है।" ख़ुलासा यह कि मज़हब का असली तअल्लुक़ दिल से है, बाहरी बातों से नहीं।

सूरा २, आयत ११६—" कहाँ, हम ख़ुदा पर विश्वास करते हैं और उस में जो हम लोगों के पास उतरा है और उसमें जो इब्राहीम और इसमाईल और इसहाक़ और याक़ूब और दूसरी क़ौमों के पास उतरा था और उसमें जो मूसा और ईसा को दिया गया था और उसमें जो उनके मालिक की ओर से दूसरे पैग़म्बरों को दिया गया था। हम उन में से किसी में कुछ फ़र्क़ नहीं करते और हम ख़ुदा की बन्दगी क़बूल करते हैं।"

सूरा २, आयत १४४—" बेशक हम तुझे स्वर्ग या ऊपर की ओर मुँह फेरते हुये देखते हैं और हम ज़रूर ही तुझे एक ऐसे क़िबला का मालिक बनायेंगे जिसे तू पसन्द करता है......।" क़िबला से मतलब उस दिशा से है जिधर मुंह करके ख़ुदा की इबादत या प्रार्थना की जाती है।

सूरा २, आयत १४५—" और अगर तू उन लोगों को जिनके पास किताब उतरी है कोई भी चिन्ह दिखलावो, तौभी वे तेरे क़िबला के मुताबिक़ नहीं चलेंगे; न तू उनके क़िबला के मुताबिक़ चल सकता है और न वे एक दूसरे के क़िबला के मुताबिक़ चल सकते हैं। अगर तू उस इल्म के बाद जो तुझे हासिल हुई है उनके ख़्वाहिशों के मुताबिक़ चले तो तू बे-इनसाफ़ों में से होगा।"

इस से साफ़ ज़ाहिर होता है कि हर जमात के लिये ख़ुदा ने दूसरे २ क़िबले क़ायम किये हैं। यानी हर जमात का रास्ता ख़ुदा के पास पहुँचने का ख़ुदा की मर्ज़ी से ही अलग २ है। इस लिये हर जमात को अपने ख़ास रास्ते से चलना चाहिये और दूसरों को भी उनके अपने २ रास्ते पर चलने देना चाहिये, क्योंकि सभी रास्ते अपनी २ जगह

इन श्लोकों से साफ़ २ मालूम होता है कि कैसे ईश्वर या खुदा हर किसी के अन्दर, ज़र्रे २ के अन्दर, मौजूद है। उसी का नूर, उसी का जलवा, हर जगह झलक रहा है। अफ़सोस कि हम उसे देख नहीं पाते। बात यह है कि हम इन बाहरी आँखों से उस नूर की चमक नहीं देख सकते। इस के लिये दिल की आँखों को खोलना बहुत ज़रूरी है। देखिये एक सूफ़ी भक्त अपने हृदय के उमंग में किस तरह गाता है :—

के ब चश्माने-दिल मबीं जुज़ दोस्त।
हर चे बीनी बदाँ के मज़हर ऊस्त॥

अर्थात्, "अपने दिल की आँखों से सिवाय दोस्त, यानी खुदा के और कुछ न देख। जो कुछ तू देखता है वह उसी का मज़हर यानी स्वरूप है।"

फिर बाहर के भेद-भाव से ऐसा नहीं समझना चाहिये कि भिन्न २ प्राणियों के अन्दर ईश्वर का जो अंश है, उसमें किसी सूरत से कुछ कमी-बेशी है। देखिये, इस सिलसिले में गीता के अन्दर क्या कहा गया है—

समं सर्वेषु भूतेषु तिष्ठन्तं परमेश्वरम्।
विनश्यत्स्वविनश्यन्तं यः पश्यति स पश्यति॥
—गीता, अ० १३, श्लो० २८।

अर्थात्, "परमेश्वर सभी प्राणियों के अन्दर समभाव से अथवा एक भाव में बैठा है, नाश होने वाले के अन्दर अविनाशी रूप से मौजूद है—जो ऐसा देखता है, वही (ठीक से) देखता है।"

फिर देखिये :—

समोऽहं सर्वभूतेषु न मे द्वेष्योऽस्ति न प्रियः।
ये भजन्ति तु मां भक्त्या मयि ते तेषु चाप्यहम्॥
—गीता, अ० ९, श्लो० २९।

अर्थात्, "मैं सभी प्राणियों के लिये बराबर हूं। न कोई मेरे नज़दीक घृणित है, न प्यारा। हाँ, वे जो भक्ति के साथ मेरा भजन करते हैं, वे मुझ में हैं और मैं भी उनमें हूं।"

तब यह सवाल उठता है कि क्या उस एकता का ज्ञान हासिल किया जा सकता है? इस सम्बन्ध में गीता का जोरदार जवाब है—"हाँ"। कैसे? सुनिये :—

सर्वभूतस्थमात्मानं सर्वभूतानि चात्मनि।
ईक्षते योगयुक्तात्मा सर्वत्र समदर्शनः॥
—गीता, अ० ६, श्लो० २९।

अर्थात्, "योग से युक्त आत्मा सभी प्राणियों में आत्मा यानी अपने को और आत्मा यानी अपने अन्दर सभी प्राणियों को देखती है। वह मनुष्य सर्वत्र एक भाव से देखता है।"

विद्याविनयसम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि।
शुनि चैव श्वपाके च पण्डिताः समदर्शिनः॥
—गीता, अ० ५, श्लो० १८।

अर्थात्, "पण्डित लोग विद्या तथा विनय से सुशोभित ब्राह्मण को, गाय को, हाथी को और कुत्ते तथा चण्डाल को भी एक भाव से देखते हैं।"

यो मां पश्यति सर्वत्र सर्वं च मयि पश्यति।
तस्याहं न प्रणश्यामि स च मे न प्रणश्यति॥
—गीता, अ० ६, श्लो० ३०।

अर्थात्, "जो मुझको हर जगह देखता है और मेरे अन्दर हर चीज़ को देखता है, उसे मैं कभी नहीं छोड़ सकता और न वह मुझे कभी छोड़ सकता है।"

यह है धार्मिक एकता का आदर्श। जो शिक्षा यहाँ गीता में दी गई है वही शिक्षा और सभी मज़हबी किताबों के अन्दर भी मौजूद है। आज की साम्प्रदायिक उलझनों को सुलझाने के लिये इन अमूल्य उपदेशों की ओर नज़र फेरना और उन पर अमल करना महज़ ज़रूरी है।

गीता के अनुसार सबों की एकता

(ले०—"मौलवी साहब")

कैसे अफ़सोस की बात है कि आज हमारे लिये हिन्दू मुसलमान की एकता एक विकट समस्या बन गई है। समय आज इस दुनिया की सभी क़ौमों को, सारी मनुष्य जाति को, एकता का पाठ सिखाने पर तुला है। साधारण तौर से हमारे लिये यह एक दूर की समस्या जान पड़ती है। लेकिन अगर हम अपनी मज़हबी किताबों पर नज़र डालें, तो हमें साफ़ ज़ाहिर होगा कि वहां हमें सारी मख़लूक़ात, यानी सभी प्राणियों, की एकता का सबक़ सिखलाया गया है। क्या हम उन पर ध्यान न देंगे?

अच्छा, इस सिलसिले में श्रीमद्‌भगवद् गीता के कुछ श्लोक सुनिये—

अहमात्मा गुडाकेश सर्वभूताशयस्थितः।
अहमादिश्च मध्यं च भूतानामन्त एव च॥
—श्रीमद्‌भगवद् गीता, अ० १०, श्लो० २०।

अर्थात्, "हे गुडाकेश! सभी प्राणियों के हृदय में बैठी हुई आत्मा मैं ही हूँ। मैं ही सभी प्राणियों का आदि, मध्य और अन्त भी हूँ।"

ईश्वरः सर्वभूतानां हृद्देशेऽर्जुन तिष्ठति।
—गीता, अ० १८, श्लो० ६१।

अर्थात्, "हे अर्जुन! ईश्वर सभी प्राणियों के हृदय में निवास करता है।" नोट करना चाहिये कि यहां हिन्दू, मुसलमान, पारसी, ईसाई, आदि, का कोई भेद नहीं। मनुष्यों की कौन कहे, पशु-पक्षी, वृक्ष-लता, कंकड़-पत्थर, आदि, जितनी चीज़ें हैं, सबों के अन्दर ईश्वर या ख़ुदा एक भाव से बैठा हुआ है।

फिर सुनिये:—

अथवा बहुनैतेन किं ज्ञातेन तवार्जुन।
विष्टभ्याहमिदं कृत्स्नमेकांशेन स्थितो जगत्।
—गीता, अ० १०, श्लो० ४२।

अर्थात्, "हे अर्जुन! इन सारी विभूतियों के विस्तार के ज्ञान से तुझे क्या होगा? इस सारे जगत या विश्व को अपने एक अंश द्वारा वेष्ठित कर, यानी, ढक कर, मैं स्थित हूँ।"

मया ततमिदं सर्वं जगदव्यक्तमूर्तिना।
मत्स्थानि सर्वभूतानि न चाहं तेष्ववस्थितः॥
—गीता, अ० ९, श्लो० ४।

अर्थात, "यह सारा विश्व मेरे अव्यक्त स्वरूप में मेरे द्वारा ढका है। सभी प्राणियों की जड़ मुझ में स्थित है। लेकिन मेरी जड़ उनके अन्दर नहीं है।"

न च मत्स्थानि भूतानि पश्य मे योगमैश्वरम्।
भूतभृन्न न भूतस्थो ममाऽऽत्मा भूतभावनः॥
—गीता, अ० ९, श्लो० ५।

अर्थात्, "प्राणियों की जड़ भी मेरे अन्दर नहीं है। देखो, यह है मेरा ईश्वरीय योग! प्राणियों का आधार, फिर भी उनके अन्दर जड़ जमाने वाला नहीं; बल्कि मेरी आत्मा उनकी स्थिति का कारण।"

यथाऽऽकाशस्थितो नित्यं वायुः सर्वत्रगो महान्।
तथा सर्वाणि भूतानि मत्स्थानीत्युपधारय॥
—गीता, अ० ९, श्लो० ६।

अर्थात्, "जिस तरह से महान् वायु सर्वत्र बहती हुई आकाश में स्थित रहती है, उसी तरह से सभी प्राणी मेरे अन्दर स्थित रहते हैं; ऐसा तू जान।"

दिया जाय और इसी की शाखायें तमाम क़ायम की जायें। इसके लिये मेम्बरी का फ़ारम भी छपवाया गया। कुछ मेम्बर दर्ज भी हुए। लेकिन यह कोशिश भी आगे न बढ़ सकी, यहीं ख़तम हुई।

* * *

अन्त में जनाब यूनुस साहेब ने मुस्तक़िल तौर से मेल-मिलाप के लिये एक संस्था कायम करने पर पूरा जोर दिया। उसी के फल-स्वरूप "ऑल-इन्डिया मेल-मिलाप एसोसियेशन" अथवा 'अखिल भारत-वर्षीय मेल-मिलाप संघ' आज हमारे सामने मौजूद है।

अभी तो बिहार प्रान्त के अन्दर सिर्फ़ इसकी बुनियाद डाली गई है। पर इसका लक्ष्य है सारे हिन्दुस्तान में इसकी शाखायें क़ायम करने का, ताकि लोगों को मेल-मिलाप की ओर ले जाने वाली और उनका मेल-मिलाप सदा कायम रखने वाली एक संस्था हमेशे हर जगह मौजूद रहे और कार्य करती रहे। हमें पूरी आशा है कि इस बार की यह कोशिश ज़रूर सफल होकर रहेगी।

अभी हाल में मुज़फ़्फ़रपुर, पटना सिटी तथा गया में मेल-मिलाप की विराट सभायें हुई हैं। हर जगह हिन्दू मुसलमानों ने बड़ी २ तादादों में बड़ी दिलचस्पी के साथ सभाओं में भाग लिये। गया की मीटिङ्ग में क़रीब ४,००० आदमी शरीक थे और शाम ६॥ बजे से लेकर रात पौने दस बजे तक मेल-मिलाप के सुन्दर उपदेशों को एकाग्र-चित्त होकर सुनते रहे। और ख़ूब अच्छी तरह से प्रभावित होकर घर वापस गये। हर जगह मेल-मिलाप एसोसियेशन की शाखायें भी क़ायम की गई।

यह मेल-मिलाप आन्दोलन बड़ी तेज़ी से आगे बढ़ता जा रहा है। इसका भविष्य अत्यन्त उज्ज्वल दिखाई पड़ रहा है। भगवान करें वह दिन शीघ्र हमारे सामने आये जब इस आन्दोलन के ज़रिये सारा देश एक साथ मिल कर एक हो जाय।

* * *

इस अन्दोलन का लक्ष्य है हिन्दू और मुसलमान तथा अन्य सम्प्रदायों तथा पार्टियों के अन्दर मेल-जोल, सदिच्छा तथा आपस की समझदारी के भाव भर कर सब को एक साथ मिलाना। इस एसोसियेशन का सरोकार किसी ख़ास राजनैतिक दल या पार्टी से नहीं। इसका दरवाज़ा हर हिन्दुस्तानी के लिये व्यापक रूप से खुला है। चाहे कोइ कांग्रेस का मेम्बर हो या मुसलिम लीग का, या हिन्दू महासभा का या और किसी संस्था का— हर किसी को इस मेल मिलाप एसोसियेशन का मेम्बर तथा पदाधिकारी बनने का समान अधिकार है। आशा है देश के सभी सच्चे हित-चिन्तक इस पुण्य तथा आवश्यक कार्य्य में ज़रूर हाथ बटायेंगे।

* * *

एक ख़ास बात नोट करने की यह है कि इस मेल-मिलाप एसोसियेशन के ज़रिये जिस मेल-मिलाप का प्रचार किया जा रहा है और किया जायगा उसका हरगिज यह मतलब नहीं कि सभी लोगों को एक किसी ख़ास रँग में रँगा जाय। हम जिस मेल-मिलाप की कोशिश करते हैं उसमें हर हिन्दू, हर मुसलमान अथवा हर दूसरे धर्म वाले को पूरा अधिकार रहेगा कि वह अपने तरीक़े से पूजा करे, रहे, और अपना निरालापन क़ायम रखे तथा बढ़ाये। इसलिये किसी को ऐसे मेल-मिलाप से कदापि नुक़सान नहीं पहुँच सकता।

* * *

अन्त में हम यह प्रकाशित करते भी बड़ी ख़ुशी होती है कि अबसे "मेल-मिलाप" मासिक पत्र मेल-मिलाप एसोसियशन का मुख-पत्र रहेगा। इसलिये इसकी नीति भी वही रहेगी जो 'मेल-मिलाप एसोसियेशन' की होगी। हमें इस पत्र को एसोसियेशन की सेवा में समर्पित करते बड़ा आनन्द होता है। आशा है पाठक-गण पहले से भी अधिक तायदाद में इस पत्र तथा इस आन्दोलन को अपनायेंगे और इनके प्रचार में सहायक बनेंगे, ताकि इसका लक्ष्य शीघ्र पूरा हो सके।

—सम्पादक।

"मेल-मिलाप एसोसियेशन"

बड़ी खुशी की बात है कि हज़ारीबाग़ में ता० १३ अप्रैल, को बिहार थियोसौफिकल फेडरेशन के सालाना जलसे के मौके पर मि० एम० यूनुस, बार-एट-लॉ, भूतपूर्व प्रधान मन्त्री, बिहार के सभापतित्व में मेल-मिलाप कान्फ्रेंस हुई। उसी समय मेल-मिलाप संघ की बुनियाद क़ायम हुई और यह तय पाया कि इस संस्था को स्थायी रूप दिया जाय।

एक अस्थायी प्रान्तीय मेल-मिलाप संघ क़ायम किया गया और उसकी एक कार्य-कारिणी-कमीटी भी बनी। इस एसोसियेशन या संघ का हेड ऑफिस फ़िलहाल पटना रखा गया। इसके सभापति नियत हुए मि० एम० यूनुस; उप-सभापति, श्रीयुक्त चन्द्रदेव नारायण, एडवोकेट, छपरा; मन्त्री श्री पं० जगत नारायण, बी० एस-सी०; संयुक्त मन्त्री, मि० मिर्ज़ा क़ैसर नवाब, मोख्तार, पटना सिटी। एसोसियेशन की नियमावली तैयार करने के लिये एक सब-कमीटी भी बनाई गई।

*　　*　　*

नोट करने की बात है कि इस तरह की संस्था क़ायम करने का विचार बहुत दिनों से चल रहा था। ३० नवम्बर, १९३९ को गया में कुछ चुने हुए हिन्दू तथा मुस्लिम सज्जनों की एक सभा हुई थी। उसमें बिहार प्रान्तीय थियोसौफिकल फेडरेशन के कुछ प्रधान कार्य्यकर्त्ता भी मौजूद थे। बल्कि उन्हीं की कोशिश से यह सभा हुई थी। इसमें हिन्दू, मुसलमान तथा अन्य सम्प्रदायों के बीच मेल-मिलाप क़ायम करने पर विचार किया गया। अन्त में मि० अब्दुस्-शकूर, भूतपूर्व डिस्ट्रिक्ट जज, की योजना पर यह तय पाया कि एक 'मेल-मिलाप सोसाइटी' क़ायम करनी चाहिये।

जितने सज्जन उस सभा में मौजूद थे सबों ने खुशी से इस सोसाइटी का सदस्य होना स्वीकार किया। एक स्थायी सोसाइटी क़ायम की गई, जिसके सभापति मिस्टर अब्दुस्-शकूर साहब और मन्त्री मिस्टर गजाधर प्रसाद, भूतपूर्व सब-जज, नियुक्त हुए। नियमावली तैयार करने के लिये एक सब-कमीटी भी क़ायम हुई। लेकिन अफ़सोस कि यह काम आगे न बढ़ सका। यहीं इसका ख़ातमा हो गया।

*　　*　　*

फिर १९४० के शुरू में थियोसौफिकल सोसाइटी के प्रेसिडेन्ट, डा० जी० एस० अरण्डेल, ने हिन्दुस्तान के हिन्दू मुसलमानों के बीच मेल-मिलाप क़ायम करने पर बहुत ज़ोर दिया। इसके लिये एक नई संस्था की योजना उन्होंने प्रकाशित की, जिसका नाम था "हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा"।

इसके चार लक्ष्य उन्होंने निश्चत किये थे:—

(१) हिन्दू मुसलमानों के बीच अधिक घनिष्ट सामाजिक सम्बन्ध क़ायम करना।

(२) हिन्दू मुस्लिम सम्प्रदायों की सांस्कृतिक महत्ता का आदर के साथ अध्ययन करना।

(३) हिन्दू और इसलाम धर्मों की मौलिक एकता और उनके ख़ास २ निरालेपनों पर ज़ोर देना।

(४) हिन्दू और मुसलिम सम्प्रदायों की सांस्कृतिक, धार्मिक तथा सामाजिक महत्ता के सम्बन्ध में जन-साधारण की शिक्षा का प्रबन्ध करना।

बिहार थियोसौफिकल फेडरेशन के प्रधान व्यक्तियों ने फ़ौरन यह निर्णय किया कि अपनी 'मेल-मिलाप' सोसाइटी को इसी "हिन्दू मुस्लिम भाईचारा" नामक नये आन्दोलन के साथ मिला

अपील

(पटना के हिन्दू और मुसलमान प्रतिष्ठित सज्जनों की ओर से)

नोट पटना के हिन्दू और मुसलमान मशहूर, प्रतिष्ठित सज्जनों ने यह अपील निकाली है। गरचे यह अपील खास तौर से बिहार सब-डिवीजन के लोगों से की गई है, लेकिन यह सबके काम की है। हर हिन्दू तथा मुसलमान के लिये जरूरी है कि वह इसमें बतलाई हुई बातों पर पूरा ध्यान आज दें। इसलिये इसे हम खुशी से "मेल-मिलाप" के अन्दर जगह देते हैं। पाठकगण से हमारी भी खास अपील है कि वे हर जगह इन सुन्दर और जरूरी भावों का खूब प्रचार करें। —सम्पादक।

हिन्दू और मुसलमान भाइयो! हम लोगों को निहायत अफसोस और सदमा है कि बिहार-शरीफ शहर में और उसके आस-पास देहातों में हिन्दू-मुस्लिम फसाद और झगड़ा हो गया है, जिस की वजह से, क्या हिन्दू क्या मुसलमान, हर आदमी अपने जान-माल को खतरे में समझ रहा है। ऐसे फसाद और झगड़े से बच्चे, औरतें, बीमार और बेकस लोगों की क्या हालत होती है गौर करने के क़ाबिल है।

इस क़िस्म के फसाद को हर हिन्दू और हर मुसलमान का फ़र्ज़ है कि रोके, क्योंकि ऐसे फसाद के रहने से बे-गुनाह बच्चों और बेकसों की जान और हर खास व आम का माल बेला वजह नुक़सान होता है। यह फसाद जो बिहार-शरीफ और उसके इलाक़े में हो रहा है, उसको हर हिन्दू और हर मुसलमान नफरत की नजर से देखता है। वक़्त ऐसा है कि हम लोगों को आपस में मेल व मिल्लत से रहना चाहिये।

ऐसी हालत में अमन और सहूलियत क़ायम रखना जरूर है, नहीं तो गुंडों और लुटेरों को हम लोग मौक़ा देते हैं। अगर किसी वजह से तअल्लुक़ खराब हो गये हैं तो उनको बढ़ाना नहीं चाहिये। बल्कि अगर कोई फसाद या हंगामा हो गया है तो उसके मिटा देने की कोशिश करनी चाहिये। एक दूसरे में शक शुबहा नहीं करना चाहिये। गलत और झूठ अफवाह पाकर विश्वास नहीं करना चाहिये और न ऐसी खबरों को फैलाना चाहिये।

हर हिन्दू और हर मुसलमान का फ़र्ज़ होना चाहिये कि ऐसे फसाद और हंगामे को अपने असर से रोकने की कोशिश करे। हम लोग शहर और देहात के रहने वालों से अपील करते हैं कि वे इस वक़्त अक़्ल और समझ से काम लें, अमन चैन क़ायम रखें और आपस में मेल-मिलाप बनाये रखने की कोशिश करें। हम लोगों को समझना चाहिये कि, क्या हिन्दू और क्या मुसलमान, सब खुदा के बन्दे हैं और जान और माल की हिफ़ाज़त करने में हिन्दू और मुसलमान दोनों को मिलकर और एक साथ होकर एक दूसरे की मदद करनी चाहिये।

ऐसे मौक़े पर हर हिन्दू का फ़र्ज़ है कि मुसलमान की जान और माल की हिफ़ाज़त, और हर मुसलमान का फ़र्ज़ है कि हिन्दू की जान और माल की हिफ़ाज़त करे, जैसा कि कुछ जगहों से ऐसी क़ाबिल तारीफ़ मिसालों की खबरें मिली हैं। धन्य हैं वे लोग! हम उन्हें दिल से बधाई देते हैं।

मेल-मिलाप

वर्ष २ | पटना, १७ मई, १९४१ | अङ्क ७

ईश्वर एक है

(र०—श्री सूरज-चन्द सत्य-प्रेमी, वर्धा)

हे पुरुषोत्तम के महादेव,
हे योगेश्वर के नारायण।
हे तीर्थंकर के स्वयं-सिद्ध,
हे बुद्ध तत्त्व के पारायण॥

हे मसीह के स्वर्गीय पिता,
हज़रत पैग़म्बर के या रब।
हे भक्तों के भगवान सत्य,
संसार तुझे समझेगा कब?

सन्तों के निर्मल हृदयों में,
करता रहना तू अट्टहास।
मन्दिर, मस्जिद, गिर्जाघर में,
सर्वत्र बना तेरा निवास॥

सब धर्म-पंथ, सब सम्प्रदाय,
तेरी पूजा के खुले द्वार।
सबने जन-हित के लिये किये,
समयानुसार सच्चे सुधार॥

जब अहङ्कार का लगा रोग,
फिर से आया उनमें विकार।
इस नियति-रीति का क्या उपाय?
दुनिया को दम्भों से दुलार॥

हे निराकार, हे सर्व-रूप,
तेरे सिवाय हम निराधार।
दुःस्वार्थ मोह-मय मानस पर,
आया अघ का घन अंधकार॥

सब राह!

(र०—श्री गिरीश दत्त पाण्डेय, प्रयाग)

सब राह वहीं को जाती हैं॥

मन्दिर वाली, मस्जिद वाली,
गुरुद्वारे की, गिरजे वाली।
कुछ घूम घूम, कुछ मुड़ मुड़ कर,
बस एक जगह पहुँचाती हैं॥
सब राह वहीं को जाती हैं॥

सब ही राहों पर काँटे हैं,
चलने वाले घबराते हैं।
थक जाते हैं, रुक जाते हैं,
वह अन्तर्हीन दिखलाती हैं॥
सब राह वहीं को जाती हैं॥

दोनों दिसि उनके फूल उगे,
बोये जग ने जो प्रेम पगे।
पर इन फूलों में शूल अधिक,
उङ्गली उलटी बिध जाती है॥
सब राह वहीं को जाती हैं॥

फिर से चमके नभ-मंडल में,
अब 'सत्य-प्रेम' का 'सूर्य-चंद'।
फैलावें 'मेल-मिलाप' सभी,
हो प्रेम-धर्म का यश अमंद॥

*گورنمنٹ بہار، سی پی، یو پی، اڑیسہ، سندھ کے محکمۂ تعلیمات سے منظور شدہ

میل ملاپ

جلد ۲ | جون سنہ ۱۹۴۱ء | نمبر ۸

گناہ کی حقیقت

از
"ایک گناہگار" - پٹنہ

ہاں ہاں نہ کھولو آج حقیقت گناہ کی
ہاں رکھ لو شرم اس دل گم کردہ راہ کی

وہ دل کہ جسے تو نے ازل میں نگاہ کی
خاکش بہ سر اسی میں تمنا گناہ کی

تیرے کرم کی شان زمانہ پہ ہو عیاں
بس اس غرض سے ہے مجھے الفت گناہ کی

غیروں کو رد کئے نہ پھریں روندتے ہوئے
ہے اس گلی میں خاک بہت بے گناہ کی

کھا گئی غوطے قلزم رحمت میں بالیقیں
یوں موجزن رہی جو تمنا گناہ کی

نازاں تھا دل آج تیرے کرم نے کیا خجل
محشر میں دیدنی ہے ندامت گناہ کی

ہے دل فریفتہ کرم بے حساب پر
کچھ اور بڑھنی چاہیئے وسعت گناہ کی

ابر کرم نے تیرے برس کر کیا تباہ
کھیتی ہری بھری تھی دل پر گناہ کی

واقف ہوں تیری قہر نگاہی سے بھی مگر
جرأت دلائی تیرے کرم نے گناہ کی

نکلا نہ کوئی حشر میں مجھ سا گناہگار
اتنی تو بات رکھئے اپنے گناہ کی

دست کرم سے آپ کے برباد ہو گئی
کافی تھی مجھ غریب کو دولت گناہ کی

میلاپ

اڈیٹوریل

مجھے کیا کرنا چاہیئے

دنیا میں اتحاد ملت' امن و امان قائم رکھنے کے لئے لازم ہے کہ ہم ایثار و قربانی کے صحیح جذبات پیدا کریں، کل باتوں کو انصاف اور صداقت کی روشنی میں دیکھیں' اسلام کی رواداری TOLERANCE اور استحکام اخوت BROTHERHOOD کا سختی سے خیال رکھنا ایک مسلمان کا فریضہ اور جزو ایمان ہے' دیکھئے سورہ آل عمران آیت ۱۰۳ -

اور تم سب کے سب ملکر، خدا کی رسی مضبوطی سے تھامے رہو اور آپس میں پھوٹ نہ ڈالو اور اپنے حال (زار) پر خدا کے احسان کو تو یاد کرو جب تم آپس میں (ایک دوسرے کے) دشمن تھے تو خدا نے تمہارے دلوں میں (ایک دوسرے کی) الفت پیدا کر دی تو تم اوس کے فضل سے آپس میں بھائی بھائی ہو گئے اور تم گویا سلگتی ہوئی آگ کی بھٹی (یعنی دوزخ) کے لب پر (کھڑے) تھے (اور گراہی چاہتے تھے) کہ خدا نے تم کو اوس سے بچا لیا تو خدا اپنے احکام یوں واضح کر کے بیان کرتا ہے تاکہ تم راہ راست پر آجاؤ"

اس ہدایت اور حکم میں ہماری بھلائی- فلاح اور امن و امان کا پیغام ہے اور یہ اسکیم رحم و کرم سے بھری ہے' اگر ہم آپس کی دشمنی چھوڑ کر ایک دوسرے کے بھائی بھائی بننے کی کوشش کریں تو حکم خدا کے مطابق بھائی بھائی ہو سکتے ہیں' آپس کی "تو تو میں میں" اور جھگڑے فساد سے بچنا دوزخ سے بچنا ہے' یہ ہماری کوتاہ نظری اور تنگ خیالی ہے کہ علم و کلچر کے بلندی کا دعویٰ کرنے کے بعد بھی درندوں کی سی وحشت فرمانروائی ہماری دور زندگی میں کر رہی ہے'

اگر ہندو اور مسلمان کے سامنے خدا ایک ہے اور وہی سب کچھ ہے تو پھر ہندو یا مسلمان یہ نہیں کہہ سکتے کہ خدا کے بندوں میں پھوٹ ڈالنا، جہالت پھیلا کر جنگ و جدال کرانا کسی خدا کے ماننے والے کا فریضہ ہو سکتا ہے' ہمیں یہ معلوم ہے کہ ہندو بھائی بھی خدا کو واحد اور نرنکار مانتے ہیں اور اونکی مذہبی کتابیں ذرا ٹھنڈے دل سے مطالعہ کی جائیں تو اون میں متعدد اصول اسلام کے پائے جائینگے یہانتک کہ انکی بعض عبادتوں میں رجو لازمی تصور کی جاتی ہیں) ابھی وہی عبارت مثل سورۃ الحمد کے موجود ہیں اور اس کے معانی و مطالب بھی یکساں دکھائی دیتے ہیں' اس لئے ہندو اور مسلمان اپنے کو

خواہ کلچر اور سوسائٹی کے لحاظ سے کتنا ہی الگ سمجھیں اور الگ بنانے کی کوشش کریں لیکن اپنی اپنی مذہبی کتابوں کے رو سے یہ زیادہ نزدیک ہیں، زمانہ ہندومت اور اسلام میں جتنا دوری بتاتا ہے اوتنی دوری ان مذاہب کے اصل اصول میں نہیں پائی جاتی ہے، چونکہ مذہبی رواسم اور طریق عبادت میں بظاہر آسمان زمین کا فرق معلوم ہوتا ہے اسلئے ایک نے دوسرے کو بہت زیادہ اجنبی مان لیا ہے،

ہندو اور مسلمان مکتی یا نجات کے قائل ہیں اور نجات حاصل کرنے کے لئے یہ بھی جانتے ہیں کہ اچھے کرم یعنی عمل کا کرنا لازمی ہے ورنہ مکتی یا نجات کا حاصل ہونا امکان سے باہر ہے، ان باتوں کو سمجھتے ہوئے بھی آپس کے جھگڑے خواہ مذہب کے نام پر ہوں یا سیاست کے نام پر نہایت شرمناک ہیں۔

ہمیں چاہئے کہ خواہ ہم ہندو ہوں یا مسلمان جھگڑوں کو مثل آگ کے جس جگہ لگی ہے وہیں بجھا دیں، سیاست کے مزے اور اختیار کی ہوس کہ انسان کو دوسرے انسان کے گلا گھونٹنے پر مجبور کرتی ہے، یہ نفسانی کد و کاوش اور خواہش شیطانی کا نتیجہ ہے، اس سے کسی مذہب کا تحفظ یا ملک کی فلاح ممکن نہیں ہے، ایسے خیالات سے دور رہنا ہی مفید ہے، یہ یاد رکھنا چاہئے کہ جسقدر ہم دوسرے کی ہمدردی اور محبت کرینگے اوسی قدر پہلوؤں کی بلندی و اتحاد و ملت ہوگی اگر ہمارے سامنے کسی فرقہ یا قوم کے متعلق برے خیالات پیش کئے جائیں اور اونکی برائی اس غرض سے کی جائے کہ اوس فرقہ یا قوم کے خلاف نفرت پیدا ہو تو ایسی باتوں کو آگے بڑھنے نہ دینا چاہئے بلکہ پوری کوشش کرکے اس گندگی کو ہمیشہ ہمیشہ کیلئے حسن و خوبی نہایت محبت اور نرمی سے ختم کر دینا چاہیے۔ تاکہ شریر نفس والے انسانوں کی ہمت افزائی نہ ہو اور اونکی خود غرضی بارور نہ ہو سکے،

ہر فرقہ اور قوم کی طرف سے بلند نظریہ رکھا جائے اور جب کسی کی غلطیوں پر فیصلہ کرنے کی نوبت آئے تو ہمیں رواداری اور عدل کا خیال بڑی فراخ دلی سے رکھنا چاہئے تاکہ اوس فرقہ یا قوم میں اگر کچھ کمزوریاں اور کمی بھی ہوں تو ہماری سخاوت اور دیانت خیال کی وجہ سے وہ اپنی کمزوریوں کا علاج کرسکیں اور کھلے ہوئے دل سے ایک دوسرے کے سچے دوست اور بھائی بنے رہیں۔

دوست کے نام ایک خط

از

قمرالدین عظیم آبادی۔ پٹنہ

مارچ ۱۹۴۱ء کے "میل ملاپ" میں ایک مضمون "میل ملاپ ہو کر رہے گا" دیکھا۔ اللہ کرے زور قلم اور زیادہ

لیکن یہ تو بتاؤ۔ کب تک خیالات کی بھول بھلیاں میں بھٹکتے پھروگے؟ کب تک جذبات کی رَو میں بہتے رہوگے؟ تابکے خیالات کے بھنور میں پھنسے رہوگے؟ کتنے زمانے تک ہوا میں قلعے تعمیر کرتے رہو گے؟

جذبات اور سنجیدگی دو متضاد چیزیں ہیں۔ زندگی جذبات سے کھیلتے رہنے کا نام نہیں۔ یہ وقت تخیل کی دنیا میں پرواز کرنے کا نہیں۔ بلکہ سنجیدگی اور متانت سے سوچنے اور جلد فیصلہ کرکے عمل کرنے کا وقت ہے بقول اقبالؒ

عمل سے زندگی بنتی ہے جنت بھی جہنم بھی
یہ خاکی اپنی فطرت میں نہ نوری ہے نہ ناری ہے

میرے دوست! زمانہ بہت ترقی کر گیا ہے۔ اب الف لیلہ کے قصوں کا زمانہ نہیں۔ اب دنیا کا مذہب عقلیت ہے۔ اب ہر بات عقل اور سمجھ بوجھ کی کسوٹی پر پرکھی جاتی ہے۔ جانچی جاتی ہے۔ ایسا کام جسکا ہونا نہ ہونا محض انسان کے عمل پر موقوف ہو یہ سوچکر نہ کرنا کہ یہ خود بخود ہو جائے گا سادہ لوحی نہیں تو اور کیا ہے۔ تم مریض کو دوا کیوں دیتے ہو؟ یہ خیال کیوں نہیں کرتے کہ اسکی صحت زوال کی منزلوں کو طے کر کے پھر درجہ کمال کو پہونچ جائیگی۔

اچھے دوست! نا اتفاقیوں کا زخم ناسور ہو گیا ہے۔ اب صرف بھولے پن سے کام نہیں چلے گا کہ میل ملاپ ہو کر رہے گا۔ اب ہاتھ پر ہاتھ دھرے بیٹھے رہنے سے کوئی کام بننے کا نہیں۔ وقت شاعری کرنے کا نہیں بلکہ کام کا ہے۔ عملی آدمی بنو۔ کوشش کرو۔ اور سعی پیہم کے مرہم سے اس ناسور کو اچھا کرنے کی کوشش کرو۔ "زندگی" جانتے ہو؟ حرکت کا دوسرا نام ہے۔

اچھا بتاؤ تو تم نے کس کس سے میل کیا؟ کتنے بچھڑے ہوؤں کو گلے لگایا؟ کتنے روٹھے ہوؤں کو منایا؟ اگر یہ نہیں کیا تو اپنے الفاظ واپس لو۔ اگر واپس لینا نہیں چاہتے تو پھر آج سے عملی دنیا میں قدم رکھو۔ اور نہ صرف زبان قلم سے بلکہ عمل سے بھی دنیا پر ظاہر اور ثابت کر دو کہ واقعی میل ملاپ ہو کر رہے گا۔

ایک دن میں نے چند موپلوں کو ایک ساتھ کھانا کھاتے دیکھا۔ ایک موپلا چیزیں پکا پکا کر بڑھاتا جاتا تھا اور دس بیس موپلے ساتھ ہی بیٹھے کھاتے جارہے تھے۔ جب یہ مجمع منتشر ہو گیا اُس وقت اُس موپلے نے جو مسلمان تھا اور پکا پکا کر لوگوں کو دیتا جاتا تھا مجھ سے فخریہ انداز میں کہا۔

آپ جانتے ہیں؟ اس مجمع میں تین ہندو بھی تھے۔ لیکن میرے یہاں کتنا میل ہے آپ نے غور کیا۔ ہم لوگ ہمیشہ یوں ہی کھاتے پیتے ہیں"

اُس کے ان دو جملوں نے میرے دل پر وہ اثر کیا جو اخبارات کے کالموں میں چھپے ہوئے نصیحتوں اور ملک کے لیڈروں کے گلے سے نکلی ہوئی آوازوں نے برسوں میں بھی نہ کیا تھا۔

جانتے ہو دوست؟ باعمل کی معمولی سے معمولی ایک بات بھی عالم بے عمل کی بھاری بھرکم نصیحتوں سے زیادہ موثر ہوتی ہے۔

نظم: تو آپس میں لڑواتا ہے کیا خوف خدا کا بھول گیا

از مخمور عظیم آبادی

کیوں حق کا رستہ چھوڑ دیا۔ قانون وفا کا بھول گیا
کیوں دھرم کو اپنے ناس کیا۔ پیغام خدا کا بھول گیا

کیوں مورکھ ناحق لڑتا ہے۔ کیوں بات پہ اپنی تو اڑتا ہے
کیوں دھرم پہ تہمت جڑتا ہے۔ تو دھرم کا خاکا بھول گیا

گن سکتا ہے اسلام کے گن۔ بتلا دیا جس نے پاپ و پن
ہے اسکو کایا سدھار کی دھن۔ فرمان خدا کا بھول گیا

سنسار نے جیسا سمجھا ہے۔ کاشی میں ہے وہ پریاگ میں ہے
یہ پھیر سمجھ کا اسکی ہے۔ وہ رستہ خدا کا بھول گیا

جوگی ہو بیراگی ہو۔ موسائی ہو عیسائی ہو
جو نقش قدم سے ہٹ کے چلا۔ حق راہ نما کا بھول گیا

تو آیا ہے کیا کرنے کو۔ کیا کرتا ہے کچھ سوچ بھی تو
کیا تو نے کہا تھا روز ازل۔ وہ عہد وفا کا بھول گیا

تو پریت نگر کا باسی تھا۔ تو پریت کی ریت کا واسی تھا
تو کوریت کی ریت کا ناسی تھا۔ کیا حکم خدا کا بھول گیا

کب پاک کسی کا سینہ ہے۔ ہر دل میں کدورت کینہ ہے
اب موت سے بدتر جینا ہے۔ کیا عہد وفا کا بھول گیا

جس دیس کا اب تو باسی ہے۔ وہ تیرا گھر میراثی ہے
تو دیس کا اپنے واسی ہے۔ کیوں نام وفا کا بھول گیا

کیا دھرم یہی بتلاتا ہے۔ کیا کرم یہی سکھلاتا ہے
تو آپس میں لڑواتا ہے۔ کیا خوف خدا کا بھول گیا

کس پھیر میں ہے مخمور پڑا۔ کچھ اپنی سُدھ بُدھ لیتا جا
ہر وقت کھڑی ہے سر پہ قضا۔ کیا خوف خدا کا بھول گیا

میل ملاپ سوسائٹی

(اڈیٹر)

ایسوسیشن کی عام پسندیدگی

اس قلیل دو ماہ کے عرصہ میں میل ملاپ ایسوسیشن کو جو مقبولیت عام حاصل ہو رہی ہے اوسے بیان کی حاجت نہیں ہے۔

ابھرنے کی اس زبردست تحریک کے زیادہ تر حصہ میں ہمالیہ شمالی جانب سے اور سطح مرتفع شان مشرق کی طرف سے ساتھ ہی ساتھ ابھرے ہوں گے کیونکہ دونوں کی آخری منزلوں میں بہت کچھ شکلی اور مادی مماثلت پائی گئی ہے سطح مرتفع شان برما کی جانب تبت کی سطح مرتفع سے بہت مشابہت رکھتی ہے۔

دونوں ایک قدیمی سمندر کی ابھری ہوئی نہیں ہیں اور اب دونوں میں ایسی کتر بیونت اور کمی ہو رہی کہ دونوں تقریباً ہموار میدانی قطعات بنتی جاتی ہیں۔ دونوں مرتفع سطحوں کے بیرونی کنارے کی حد بندی حقیقتاً ایک طرح کا چٹانی ملبہ معلوم ہوتی ہے۔ حالانکہ ہمالیہ کے اونچے اونچے دیو قامت پہاڑوں کے سامنے وہ پہاڑ جو ہیں۔ برمی سرحد کے متصل پھیلے ہوئے چھوٹے ہونے معلوم ہوتے ہیں مگر طبقاتی اعتبار سے دونوں یکساں ہیں۔ ان پہاڑی سلسلوں کے مرکزی حصے اس گرینائٹ پتھر کے ہیں جو کھریا کے عہد کے آخری یا زمین کے ساخت کے تیسرے دور کے ابتدائی عہد میں ابھر آئے ہوں گے۔

برہما کا ابھرنا

مغرب کی جانب اراکان یوما بحیثیت طور سے تہ بہ تہ پہاڑوں کے سلسلہ کے مانند ابھر آنے کی وجہ سے ایسے جزیروں کی ایک زنجیر سی ابھر آئی جو آج کل کے جاوا تیمور کے سلسلہ سے مشابہ ہے یا یہ سمجھو کہ ایک لمبوترے جزیرہ نما کی طرح ہے جیسا کہ آج کل کیلیفورنیا کی خلیج میں پایا جاتا ہے۔ اور آج کل کی دریائے چندوین کی وادی (یہی وادی آگے بڑھ کر اراوادی آگے نچلی وادی سے مل جاتی ہے) میں ایک لمبی خلیج تھی۔ ممکن ہے کہ یہ خلیج شمالی سرے پر ہوکوانگ کی وادی اور پٹکوئی کے پہاڑوں سے گزرتی ہوئی خلیج آسام سے جا ملی ہو۔

مشرق کی جانب بلند پہاڑی قطعات ہیں جو کھریا کے تہ بہ تہ سلسلوں اور غالباً زمین کی ساخت کے تیسرے دور کے حصہ اسفل کی چٹانی تہوں سے بنے ہیں۔ ان میں آتش فشانی پہاڑوں نے (جیسی کہ آج کل جیڈ کے معدنی علاقہ میں پائی جاتی ہیں) اس خلیج اور سطح مرتفع شان کے درمیان ایک کوہستانی سلسلہ بنا دیا ہے اس کوہستانی پگڈنڈی کی مغربی سرحد (تقریباً جیڈ کے معدنوں کے قریب سے) یورا اور چندوین دریاؤں کے کناروں کے بلند ٹیلوں کے محاذی چلی جاتی ہے یہ مغربی سرحد سیاڈونگ اور کوہ پوپا اور پگل یوما کی بلند سرزمین سے ہوتی ہوئی رنگون تک پہنچتی ہے اس کے بعد کی کھریائی اور زمین کی ساخت کے تیسرے دور کے حصہ اسفل کی تحریکوں سے غالباً سرزمین برما کی بالائی سطح وجود میں آئی ہے۔

یادداشت میں کوشش کی گئی ہے کہ برما میں کھریائی پہاڑیوں کی موجودگی کے متعلق تمام شہادتیں یکجا کر دی جائیں اور ان کاغذات کے پورے پورے اقتباسات دئے گئے ہیں جو آج کل دستیاب نہیں ہو سکتے مگر ان سے بہت مفید معلومات حاصل ہو سکتی ہیں یادداشت میں یہ بھی ذکر کیا گیا ہے کہ مختلف مقامات پر شہادت کی بہت قلت ہے اور یہ بھی لکھا ہے کہ بالائی برما میں آتش فشاں چٹانوں اور تمام سلسلہ کھریائی پہاڑیوں کے ساتھ ساتھ نشیب کے ایسے پتھر پائے جاتے ہیں جن پر سبز سیاہی مائل چتیاں پڑی ہوتی ہیں۔

(पेज १४४ से आगे)

थी। मनुष्य को सहदेव पहचान न सका, किन्तु स्त्री को देखते ही उसे ऐसा जान पड़ा कि उसने उसे कहीं देखा है। ठीक ख्याल नहीं आता किन्तु उसने उसे कहीं देखा है अवश्य। इतने में उस मनुष्य ने भिक्षा की प्रार्थना की। सहदेव को आवाज़ परिचित सी जान पड़ी। "अरे, यह तो अब्दुल है। हाँ, वह है नसीमा। वह उनका लड़का होगा—इस समय वह इतना बड़ा अवश्य हो गया होगा।" प्रतिहिंसा की दबी हुई आग उसके हृदय में फिर से प्रज्वलित हो उठी। सहदेव इस समय मनुष्य नहीं, दानव बना हुआ था। जी चाहता था कि अब्दुल की इस दयनीय दशा पर वह अट्टहास करे। उसके मानस-पटल पर जेल में उठे हुए सभी मनसूबे एक एक कर आने लगे और वह सोचने लगा कि किस प्रकार वह उनमें से किसी एक को कार्य में परिणत कर बदला चुकावे।

किसी के पीठ पर हाथ रखने से सहदेव चौंक उठा।

"लो, इनकी मदद करो।" कहता हुआ गौरीशंकर उसके बगल में आ खड़ा हुआ।

"मैं, इनकी मदद करूँ ?"

"क्यों, भाई ?"

"क्या गुज़री हुई घटना तुम्हें मालूम नहीं है ?" क्रोध में भरा हुआ सहदेव ने कहा।

"मुझे सब मालूम है किन्तु तुम तो परोपकार करने चले हो। परोपकार करने में शत्रु-मित्र का विचार कैसा ?"

"बाज़ आया मैं ऐसा परोपकार करने से।"

ऐसा न कहो, सहदेव भाई। तुम तो स्वयं कहा करते हो कि दरिद्र और दुःखी लोग नारायण होते हैं। उनकी सेवा-सहायता कर ईश्वर की सेवा का फल मिलता है। ऐसे ही नारायणों की खोज में तुम रहते हो। आज वे आ मिले हैं। सभी प्राणियों में विष्णु की प्रतिमूर्ति देखने का जो भाव तुम्हारे मन में अंकुरित हो चुका है उसे प्रतिहिंसा की अग्नि से भस्मसात मत करो। देखो, देखो, आँखों का बदला परदा हटा कर देखो, नारायण तुम्हारी सेवा के लिये व्याकुल हो रहे हैं। उनकी आकुलता को दूर करो। उनके घावों की मलहम-पट्टी करो, उनकी भूखी प्यासी आत्मा को अन्न-जल देकर तृप्त करो ....."

सहदेव की आँखों से आँसू बह रहे थे।

* *

दूसरे दिन लोगों ने देखा सहदेव अपनी खोली में बैठा नीचे लिखा गाना गा रहा है, उसके गले से गले मिल अब्दुल और नसीमा भी गा रही हैं और उनका लड़का आंगन में खेल रहा है :—

मैं तेरा, तू मेरा, प्यारे !
मैं तेरा, तू मेरा ॥
मन-मोहन तू मेरा स्वामी,
मैं हूँ चेरा तेरा।
पर हरि मुझको प्रेम विवश करि,
बना लिया है चेरा ॥
मैं तेरा, तू मेरा० ॥

नाथ नाथ कहि तुझको टेरा,
जानि अलग अनमेरा।
गली गली बहुतेरा हेरा,
मिला न तेरा डेरा ॥
मैं तेरा, तू मेरा० ॥

दीन दुखी कांधे पर कम्बल,
मिला पड़ोसी मेरा।
तेरा रूप उसी में दीखा,
उमड़ा प्रेम घनेरा ॥
मैं तेरा, तू मेरा० ॥

भाई कह कर गले लगाया,
अश्रु विन्दु एक गेरा।
भाई में भगवान मिला तू,
गया व' मन का फेरा ॥
मैं तेरा, तू मेरा, प्यारे,
मैं तेरा, तू मेरा ॥

मेल-मिलाप ऐसोसियेशन की प्रगति

प्रो० रिज़्वी तथा मि० शरण का सफ़र

प्रो० आई० एच० रिज़्वी, एम० ए०, प्रोफ़ेसर, राजेन्द्र कालेज, छपरा, तथा मि० राधा कान्त शरण, रिटायर्ड ऐसिसटैन्ट कमिश्नर, इन्कम टैक्स, पटना, के विस्तृत सफ़र का प्रोग्राम पहले प्रकाशित हो चुका है। उसी प्रोग्राम के अनुसार आप लोगों ने सफ़र शुरू किया और आरा, गोपालगञ्ज, हाजीपुर, मुज़फ़्फ़रपुर, सीतामढ़ी तथा बेतिया गये। इन सभी जगहों में बहुत सफल मेल-मिलाप सभायें हुईं और हर जगह मेल-मिलाप ऐसोसियेशन की शाखायें भी क़ायम की गईं।

इनमें से बहुतेरी जगहों में प्रो० रिज़्वी और मि० शरण दोनों साथ २ मौजूद थे। पर कुछ ज़रूरी कामों के सामने आ जाने की वजह से मि० शरण गोपालगंज तथा सीतामढ़ी में शरीक नहीं हो सके थे। पर अन्त में दुर्भाग्यवश प्रो० रिज़्वी की तबीयत कुछ ख़राब हो गई, जिसकी वजह से आगे का प्रोग्राम स्थगित कर देना पड़ा। हमें इसका बहुत दुःख है और हम ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि भगवान इन दोनों सज्जनों को स्वस्थ बनाये रक्खें, ताकि उनके प्रभावशील सार्वजनिक सेवा का सिलसिला बहुत दिनों तक जारी रहे। अस्तु, ऐसोसियेशन का कार्य इस प्रान्त में सुदृढ़ करने तथा आगे बढ़ाने में जो सेवा आप सज्जनों ने की है उसके लिये हम हृदय से उनके आभारी हैं।

—सेक्रेटरी।

अब मादीन पक्षी ने अपने प्यारे पति की अपूर्ण इच्छा की पूर्ति करने के अभिप्राय से अपने बच्चों से कहा, "बच्चो, मेरे स्वामी अपने को प्रदान करके भी अतिथियों को पूरा भोजन नहीं दे सके: क्योंकि तीन अतिथियों के मध्य एक ही पक्षी बिल्कुल अपूर्ण है; अतएव एक पत्नि के नाते उनकी इच्छा को पूरा करना मेरा धर्म है। मैं अपना शरीर भी उनके भोजनार्थ देता हूँ।" ऐसा कह कर वह भी नीचे की प्रज्वलित अग्नि में कूद कर जल मरी।

अब बच्चों ने आपस में कहा, "तीन अतिथियों के मध्य दो चिड़ियाँ पर्य्याप्त नहीं है; अतएव सन्तान होने के नाते अपने माँ-बाप के अपूर्ण कार्य को पूरा करना हमारा कर्त्तव्य है। यह कर वे तीनों भी जल मरे।

हमारे तीनों अतिथि रात्रि भर वहीं रहे और जब निशा का अवसान हुआ तथा पूर्वाकाश लोहितवर्ण धारण कर अंशुमाली के शुभागमन को व्यक्त करने लगा तब वे लोग वहाँ से रवाने हुआ। जंगल से बाहर आकर साधु तथा राजा ने राजकुमारी को उसके गृह का मार्ग प्रदर्शित किया तथा साधु ने राजा से कहा, "राजन्, तुम्हें अपने प्रश्न का उत्तर मिल गया? तुम देख चुके कि प्रत्येक अपने २ स्थान पर बड़ा है। यदि तुम गृहस्थ बन कर जीवन-यापन करना चाहते हो तो उन चिड़ियों के अनुरूप रहो जिन्हों ने अपने भूखे अतिथियों के भोजनार्थ अपने शरीरों को सहर्ष अर्पण कर दिया। यदि संसारिक बनकर रहना चाहते हो तो परहित के निमित्त अपना सर्वस्व अर्पण करने के लिये सदैव तत्पर रहो। और यदि तुम संसार छोड़ कर सन्यासियों का सा जीवन बसर करना चाहते हो तो उक्त सन्यासी के ऐसा रहो जिसने एक सुन्दर राजकुमारी तथा एक धनवान राज्य को भी तृणवत् ठुकरा दिया। यदि संसार छोड़ना चाहते हो तो सौन्दर्य, धन तथा अधिकार की तरफ़ मुड़कर देखो तक नहीं। अतएव प्रत्येक अपने २ स्थान पर बड़ा है, परन्तु एक का कर्त्तव्य दूसरे का नहीं होना चाहिये।"

था। अतएव उसने सब कुछ छोड़ कर साधु के साथ हो लिया।

वे लोग घूमते फिरते किसी दूसरे राज्यान्तर्गत पहुँचे। वहाँ के राजा को एक अति सुन्दर, सुशिक्षिता तथा विदुषी कन्या थी, जिसके विवाह के लिये राजा ने स्वयम्वर की बड़ी ही शानदार तैयारी की थी। एक सुन्दर तथा सुसज्जित मंडप में मखमली फर्श पर स्वर्ण-मंडित कुर्सियां सजी हुई थीं, जिन पर देश देश के आमंत्रित उम्मीदवार अपनी शान वो शौकत से मस्त हो शोभायमान हो रहे थे। उसी मण्डप में एक तरफ़ एक सुन्दर नव-युवक सन्यासी जिसके गात्र को गेरुए वल्कल आच्छादित किये हुये थे, खड़ा २ इस झूठे संसार के मायावी और क्षणिक दौलत और शान में मस्त शराबियों को निरख रहा था। हमारे राजा और साधु भी एक तरफ़ खड़ा २ इस तमाशा का अवलोकन करने लगे।

राज-कन्या ने, जो कि सौन्दर्य और माधुर्य की साक्षात् देवी प्रतीत होती थी, एक सुन्दर पुष्पहार के साथ अपनी गजगामिनी चाल से उस मण्डप में प्रवेश किया। उसके रूप और सौन्दर्य के समक्ष मण्डप की सारी चमक एकबारगी धुमिल पड़ गई। उस विदुषी रमणी ने अपनी सुन्दर और लुभावनी लोचनों से एक बार चारों तरफ़ देखा तथा उसका हृदय अनायास उस सन्यासी के चरणों में लिपट गया, जिसके फल-स्वरुप उस नेपुष्प-हार को सन्यासी के गले में डाल दिया।

सन्यासी पर मानो विद्युतपात हो गया। वह घबड़ाया हुआ सा जयमाल निकाल कर पृथ्वी पर फेंक दिया तथा बोला, "कैसी मूर्खतापूर्ण कार्य है, मुझ सन्यासी, गृहत्यागी को विवाह से क्या मतलब?" कन्या के पिता ने समझाया कि सम्भवत: अपनी दरिद्रता एवम् असहायावस्था के कारण यह एक राज-कन्या के पाणि-ग्रहण करने से घबड़ा रहा है। अत: उसने कहा, "महापुरुष, आप घबड़ाय नहीं; मैं अपनी कन्या के साथ २ अपने राज्य का अर्ध-भाग आपको अर्पण करता हूँ तथा मेरे मरणोपरान्त तो मेरे सारे राज्य के एक मात्र अधीश्वर आप होंगे। ऐसा कह उसने जयमाल फिर सन्यासी के गले में डाल दिया।

परन्तु सन्यासी ने फिर भी निकाल कर जयमाल फेंक दिया तथा यह कहते हुए एक तरफ़ को चल दिया कि, "मुझको विवाह और धन से क्या काम?" परन्तु राज-कुमारी तो उन्हें अपना चुकी थी, उसे बिना उनके शान्ति कहाँ, चैन कहाँ? अतएव वह छाया इव उनका अनुसरण करने लगी। सन्यासी चलते २ पार्श्ववर्ती एक कानन में प्रविष्ट हो गया तथा कुछ घूम घाम कर जंगल के सघन विटपों में जंगली भूल-भुलैया के पथ पर प्रयाण करते २ अदृश्य हो गया। राजकुमारी उनको खोकर व्यग्रता पूर्वक अश्रुपात करने लगी।

हमारे राजा और साधु भी उत्सुकता पूर्वक उनका अनुगमन कर यहाँ तक पहुँचे थे। राज-कन्या को शान्त्वना प्रदान करने लगे। सन्ध्या देवी अपनी अंचल सर्वत्र प्रसार चुकी थी; अत: निशा काल में जंगल से निकलना असम्भव जान वे तीनों एक बड़े वट वृक्ष के नीचे ठहर गये।

उस वृक्ष पर एक जोड़े पक्षी अपने तीन बच्चों के साथ अपने घोंसले में रह रहे थे। नर पक्षी ने अपनी धर्मपत्नि से कहा, "प्रिये, हमारे घर में तीन अतिथी आये हैं तथा जाड़े का मौसम है, अतएव उनकी यथा-शक्ति सेवा करना हमारा धर्म है।" यह कह कर वह उड़ता हुआ एक तरफ़ को गया तथा थोड़ी देर में अपनी चोंच में एक प्रज्वलित लकड़ी लाकर वृक्ष के नीचे गिरा दिया। राजा, साधु तथा राज-कुमारी ने कुछ पत्ते इकट्ठे कर आग जलाये तथा निर्दयी शीत को पालायन करने लगे। नर पक्षी ने अपनी पत्नि से पुन: कहा, "प्रिये, हमारे अतिथी भूखे हैं तथा हमारे पास कुछ भी नहीं है जिसे उन लोगों की सेवा में दिया जाय। अत: मैं अपना शरीर उनके भोजनार्थ अर्पण करता हूँ।" यह कह उसने अपने को प्रज्वलित अग्नि में डाल दिया तथा जल मरा। साधु ने इसे बचाने की चेष्टा की; किन्तु व्यर्थ ही।

सन्यासी और गृहस्थ

(ले०—श्री जलेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव, बेतिया)

मनुष्य की उत्पत्ति कैसे हुई यह एक बहुत ही गूढ़ तथा आवश्यक विषय है। ऐसा विलक्षण बुद्धिमान जीव कहाँ से और कैसे आया? क्या यह आकाश से अचानक इस पृथ्वी पर मिट्टी के एक क्षणिक घर अथवा पुतले में चन्दरोज़ा निवास करने के लिये अवतीर्ण हुआ? अथवा नीचे से क्रमशः विकसित हो इस अवस्था को प्राप्त किया है? तथा इसका भविष्य इसको किधर ले चलता है?

ध्यानपूर्वक अपने को अध्ययन करने पर हमें पता चलता है कि हमारे शरीर, वासना, मन तथा बुद्धि के पीछे एक अबाध्य शक्ति, एक अनन्त तथा प्रचण्ड शक्ति है, तथा ये बाह्य स्थूल शरीर, वासना शरीर और मानस शरीर प्राकृतिक तत्त्वों से निर्मित इस दृश्य तथा अदृश्य जगत में उस प्रचण्ड शक्ति रूपी आत्मा के व्यक्त रूप अथवा आवरण मात्र हैं। अथवा इस व्यक्त संसार में उस सूक्ष्म आत्मा के कार्य करने के साधन मात्र हैं।

इस संसार रूपी महान प्रयोग-शाला (Laboratory) में आत्मा अपने शरीर रूपी यन्त्र द्वारा अन्वेषण कार्य कर रहा है तथा नित्य नूतन २ अनुभवों का आविष्कार कर अपनी सुप्त अथवा अविकसित ग्रन्थियों का स्फुटन अथवा विकास कर रहा है। अथवा आत्मा के लम्बे विकास मार्ग पर मनुष्यता तो महज एक स्टेशन है, एक मंजिल है, एक दर्जा है।

खनिज योनी, बनस्पति योनि तथा पशु योनि रूपी स्टेशनों को पार करता हुआ मनुष्य योनि रूपी दर्जे पर आया है। प्रथम मनुष्य योनि में आने पर आत्मा बाह्य संसार में प्रवृत्त होता है; परन्तु हजारों जन्म लेने पर तथा यहाँ के सभी तरह के अनुभव प्राप्त करने पर तब वह यहाँ से ऊब जाता है अथवा तब उसे यहाँ की निस्सारता प्रतीत होने लगती है और तब उस पर प्रकृति देवी की माया का रहस्य प्रगट होता है।

अतः सभी आत्मायें एक ही दर्जे पर नहीं हैं; अपनी २ रुचि एवम् विकास के अनुसार उन्हें भिन्न भिन्न मार्ग यथेष्ट जँचते हैं। प्रन्तु वास्तव में सभी मार्ग अपने २ स्थान पर ठीक ही हैं। महाभारत शान्तिपर्व में कहा है:—

द्वाविभावथ पन्थानौ यस्मिन वेदा प्रतिष्ठितः।
प्रवृत्ति लक्षणो धर्मः निवृत्तिश्च विभाषितः॥

अर्थात् "इन दोनों मार्गों को वेदों का एक सा आधार है—एक मार्ग प्रवृत्ति विषयक तथा दूसरा निवृति अर्थात् सन्यास लेने का है।" नारायणीय धर्म में भी इन दोनों पन्थों का पृथक् २ स्वतंत्र रीति से एवम् सृष्टि के आरम्भ से प्रचलित होने का वर्णन किया है।

स्वामी विवेकानन्द जी ने अपने एक व्याख्यान मे इस भाव को एक कहानी द्वारा बहुत अच्छे ढङ्ग से व्यक्त किया है जिसे मैं पाठकों के लाभार्थ नीचे देता हूँ।

किसी देश में एक बड़ा ही धर्मात्मा राजा रहता था। वह अपने राज्य के अन्दर हर एक नवागन्तुक साधु और सन्यासी से यही एक प्रश्न पूछता था कि सन्यासी श्रेष्ठ है या गृहस्थ? परन्तु बहुत दिनों तक कोई भी उसके प्रश्न का उत्तर नहीं दे सका तथा असफल साधु सन्यासियों को वह राजा गृहस्थ बनाने पर बाध्य करता था। अन्ततः एकदा एक साधु आया, उस से भी राजा ने वही सवाल पेश किया; साधु ने कहा कि, "हे राजन्, दोनों अपने २ स्थान पर श्रेष्ठ हैं; परन्तु इसके प्रमाण के लिये तुम्हें कुछ दिनों तक मेरे साथ २ रहना पड़ेगा। राजा अपने प्रश्न के उत्तर के लिये अतीव उत्सुक

को जब अब्दुल का ख्याल आता उसके हृदय में प्रति-हिंसा की अग्नि जल उठती। वह बदला लेने के तरह तरह के मनसूबे बाँधता, किन्तु जब तक वह जेल में था उसकी कोई भी इच्छा कारगर नहीं होती दीखती थी। लाचार वह ख्याली पुलाव पकाने में ही मस्त रहता।

समय की अनन्त लड़ियों में छ महीने का समय नगण्य स्थान रखता है। देखते देखते मियाद खतम हुई और और सहदेव रिहा कर दिया गया। छूटते ही वह अपनी खोली को चला। वहाँ जा कर उसने देखा कि उसकी खोली में कोई दूसरा कारीगर रह रहा है। रात में उस भले आदमी ने उसे वहाँ रहने की इजाज़त दे दी।

दूसरे दिन सहदेव कारखाने के फाटक पर नौकरी की तलाश में पहुँचा। कारखाने के प्रायः सभी मज़दूर उसे पहचानते थे। फाटक से गुज़रते समय सबों ने उसे देखा। देख कर कितनों ने नज़रें फेर लीं, कितनों ने देख कर भी न-देखने का भान किया, कितनों ने मुँह बिचकाया, कितनों ने व्यंग भरी बातों से स्वागत किया, केवल कुछ ही ने सच्ची सहानुभूति दिखलाई। अब्दुल आया और अकड़ता हुआ, उसके शरीर से प्रायः शरीर रगड़ता हुआ, चला गया। कल्लू ने विचित्र प्रकार की मुस्कुराहट के साथ पूछा—"अच्छे हो, सहदेव?" कल्लू उसे कभी 'सहदेव' कह कर सम्बोधन नहीं करता था—सहदेव ने यह बात ताड़ ली। एक ने मुँह फेर कर कहा—"दूसरे की बहू-बेटी भगाने वाले को उचित ही सज़ा मिली।" सहदेव उसे पहचान न सका। गौरीशंकर ने अपने हृदय की बात कह डाली—"भाई सहदेव, दुनिया अजीब है। इसमें दूसरों की भलाई करने वालों को कभी २ बेतरह फँसना पड़ता है। दुःख करने की बात नहीं है—निःस्वार्थ भाव से अपना कर्त्तव्य पालन करते रहो।"

सहदेव सब कुछ सुनता रहा; कहा उसने एक शब्द भी नहीं। हाँ, इसी बीच में उसने अपने भविष्य कार्य-क्रम का निश्चय कर डाला। सब से पीछे आये कारखाने के अंग्रेज़ सुपरिन्टेन्डेन्ट। उन्हों ने सहदेव को देखते ही कहा—"टुम को नहीं मांगटा।"

सहदेव सलाम करता हुआ बोला—"हुज़ूर मैं काम नहीं चाहता। मैं अपने काम का सर्टिफ़िकेट चाहता हूँ।"

"अच्छा, दस बजे आफिस में…।"

* * *

सहदेव को इस दूसरे कारखाने में काम करते एक साल हो गये। यहाँ नये साथी मिले—पुराने साथी एक एक कर सभी भूल चले। नये वातावरण में काम करने को मिला—भूल चले जेल के सभी मनसूबे। सहदेव के "काले कारनामे" को यहाँ कोई नहीं जानता था। इस लिये न तो किसी ने उसे सन्देह की दृष्टि से देखा और न किसी ने उसे हीन या दुराचारी समझा। समाज में अपनी पूर्व प्रतिष्ठा प्राप्त कर सहदेव फिर से लग गया परोपकार में।

आज रविवार है, कारखाना बन्द है। अन्य कई मज़दूरों के साथ सहदेव हाट में हफ़्ते भर का सामान खरीदने गया है। एक जगह भीड़ देख कर सभी उसी ओर चल पड़े। भीर में एक नौजवान स्त्री, एक दो वर्ष का बालक और एक मनुष्य लोगों से भीख माँग रहे थे। मर्द का सारा शरीर घाव से भरा हुआ था, हरेक घाव पर मक्खियाँ झुंड के झुंड में बैठी हुई थीं जिन्हें वह स्त्री कभी कभी उड़ा देती

(शेष पेज १४८ पर)

भाई में भगवान

(ले०—श्री रमेश प्रसाद, बी० एस-सी०)

(४)

सहदेव जेल के अन्दर पैर रखते ही एक नई दुनिया में जा पहुँचा। इस दुनिया से परिचय प्राप्त करने का उसे पहले पहल मौक़ा मिला था। इसमें जितने प्राणी थे वे विचित्र प्रकृति के थे—उनका मेल सहदेव की प्रकृति से नहीं खाता था। बिना गाली के वे एक वाक्य भी नहीं बोलते थे, बात बात में लड़ पड़ते थे। वार्डरों की झिड़कियाँ सुने बिना वे छोटा-छोटा भी काम नहीं करते थे। स्वार्थपरता उनमें कूट कूट कर भरी थी। अश्लील गाने गाकर वे अपना मनोरंजन करते थे। ऐसे ही लोगों के बीच सहदेव रखा गया।

आत्म-ग्लानि से सहदेव का हृदय टूक टूक हो रहा था। वह सोंचता, यहाँ से निकलने पर किस प्रकार वह अपना मुँह दिखलायगा। जो लोग उसे सचरित्र जान रहे थे वे उसे देखते ही मुँह फेर लेंगे। कई उसके 'कु-कर्म' का जिक्र कर उस पर थूकेंगे, कुछ उसको 'बगुला-भगत' की उपाधि देकर उसकी हँसी उड़ावेंगे। हो सकता है, लोग ऐसी परस्थिति उपस्थित कर दें कि समाज में उसका रहना दुश्वार हो जाय। और सोंचता अपने साथी क़ैदियों के विषय में। कौन जानता है इन में कितने मेरे ही जैसे निरपराध हैं—बिना गुनाह के सज़ा भुगत रहे हैं। जो क़ैदी दुबारे तिबारे आये हैं, सम्भव है, आरम्भ में वे भी निरपराध हों। एक बार सज़ा भोग लेने के बाद जब वे छूटे होंगे लोग उन्हें सन्देह की दृष्टि से देखने लगे होंगे: समाज ने उन्हें ठुकराया होगा; उनके जीवन को अशांत बना डाला होगा। क्या शान्ति की खोज में ही कुछ लोग यहाँ नहीं पहुँचे हैं?

कर्म-सिद्धांत मानने वाले लोगों का कहना है कि मनुष्य अपने कर्मों का उचित फल पाता है—अच्छा काम करने वालों को अच्छा और बुरा काम करने वालों को बुरा फल भोगना पड़ता है। इस सिद्धांत में सहदेव का अब विश्वास न रहा। वह अपने आप तर्क करता, यदि कर्म का यह सिद्धांत ठीक है तो मैं एक विपदग्रस्त प्राणी की सहायता करने के फल-स्वरूप इस नारकी जीवन का भागी क्यों बना हूँ? इसी सिलसिले में उसे याद आने वे लोग जो बुरा काम करते हुए भी फूले फले हैं। वह इस प्रकार के कर्म सिद्धांत के गूढ़ उलझनों को जितना ही सुलझाने की चेष्टा करता उतना ही और उलझन में फँसता जाता—उसे रास्ता दिखलाने वाला भी तो कोई नहीं था।

मनुष्य के जीवन पर संगत का प्रभाव बड़ा ज़बर्दस्त पड़ता है। जहाँ अधिकांश बुरे और बहुत ही थोड़े अच्छे हों वहाँ अच्छे लोगों का बुरा हो जाना आश्चर्य की बात नहीं। सहदेव धीरे धीरे नीचे की ओर लुढ़क चला; ईश्वर पर से उसका विश्वास उठ गया।

मनुष्य जब एक बार नीचे की ओर गिरने लगता है वह तब तक गिरता ही जाता है जब तक उसका पतन पूरा नहीं हो जाता या जब तक उसके रास्ते में कोई रुकावट नहीं आ पड़ती। जेल की एकांत चहारदिवारी के अन्दर बैठे हुए सहदेव

मनुभगवान, फिरिश्तों और पैगम्बरों ने अपनी शिक्षाओं से, अपने खुद आकर या अपने दूतों द्वारा, धीरे धीरे मनुष्यों को इस अवस्था पर लाये जहां से उनके भीतर दैवी गुणों का और भी विकास हो सके, ताकि वे सच्चे इनसान बन कर एक दूसरों के प्रति भाईचारे का वास्तविक ख़्याल रखते हुए प्रेम और शान्ति के साथ इस संसार में रह सकें।

उनकी यह इच्छा रही कि राज्य ऐसे बनें जहां प्रजाओं को सिर्फ़ खाने के लिये अन्न और पहिनने के लिये वस्त्र ही काफ़ी न हो परन्तु उनकी आत्मा या रूह के विकाश का भी पूरा प्रबन्ध हो। जिस राज्य में व्यक्तिगत जीव का कोई स्थान नहीं है, जहाँ विचार की स्वतंत्रता नहीं है, जहां एक व्यक्ति या एक दल औरों को दबा कर रखना चाहता है जैसा आज जर्मनी मे है, वहा इनसानों की रूहानी तरक्की की गुनजाइस नहीं है। हमारे पूर्वजों ने जिस सभ्यता को इतने परिश्रम से बनाया है, वह आज नाज़ी के प्रकोप से डूबनी चाहती है। यदि नाज़ीओं की सफलता बनी रही, तो आधुनिक सभ्यता हजारों वर्ष पीछे गिर जायगी और संसार अंधकारमय हो जायगा।

आज हमारा ध्यान इसी नाज़ी प्रकोप से दुनिया को बचाने की ओर जाना चाहिये। हम ज़िन्दे रहेंगे तो सरकार से घरेलू झगड़ा हल कर लेंगे। लेकिन अभी तो हम यह समझें कि भारतवर्ष की स्थिति खतरे में है। हमारा देश संसार का एक हिस्सा है। संसार की सभ्यता का सूर्य डूबना चाहता है। यदि नाज़ी के बम लोगों के भ्रमजाल से सूर्य छिप गया, तो हमारे देश में उजियाला कैसे रह सकता है। किस तरह नाज़ी का प्रकोप और प्रताप का विनाश हो जिस से संसार का कल्याण हो (जिसमें हमारे देश का भी कल्याण है) —इसका फिक्र हमें होना चाहिये।

हिन्दू महासभा, मुसलिम लीग, कांग्रेस—सभी दलों को चाहिये कि वे अपनी २ तुरही बजाना बन्द करें। यह अभी बिलकुल ही बेमतलब का और बेसुरा है। अभी सभी झगड़ों को थोड़ी देर के लिये तह देकर नाज़ी को दबाने की कोशिस सब कोई मिल कर तन मन धन से करें। संसार के कल्याण का ख़्याल करते हुए, आधुनिक सभ्यता को क़ायम रखने के विचार से हम अपने घरेलू झगड़ों को भूल कर नाज़ी दलों के विनाश करने में हाथ बटायें। यदि अब भी हम इस परम कर्तव्य से विमुख रहे, तो हमारी भी वही हालत होगी जो यूरोप के और देशों की हुई है। परिणाम और भी बुरा होगा।

यदि हमें ईश्वर में विश्वास है, तो इस बात को दिल तो क़बूल नहीं करता कि नाज़ी दलो का विनाश नहीं होगा। उनका नाश तो जरूर ही होने को है लेकिन काम बहुत ही कठिन है। हमारी सरकार तो बड़ी बहादुरी के साथ अकेले लड़ रही है। अमेरिका शब्दों का न्योछार जितनी करती है उतना काम नहीं करती। अभी ज़रूरत है ठोस काम, ठोस रुपये और ठोस बदन की। जिस से जितना बन बन पड़े, मदद करना चाहिये। यदि हमलोगों ने सब कोई मिल कर पूरी सहायता की तो नाज़िओं का विनाश बहुत ही शीघ्र होगा और संसार का कल्याण होगा।

हमारा दृष्टिकोण

(ले०—श्री रामजीवन सिंह, मुन्सिफ़, पटना)

समय की चाल कितनी तेज़ है। एक डेढ़ साल पहिले यूरोप की क्या हालत थी और अब क्या है? फ्रांस, बेलजियम, हालैण्ड, डेनमार्क, नारवे, पोलैण्ड, रुमानिया, यूगोस्लाभिया, ग्रीस—सब जर्मनी के आधीन हो गये। आजकल घोर लड़ाई जर्मनी और रूस के साथ चल रही है। अमेरिका जो यूरोप से २००० मील की दूरी पर है वह भी समझने लगी है कि वह भी नाज़ी के प्रकोप और पहुँच के बाहर नहीं है। अपनी रक्षा के लिये अमेरिका बहुत ज़ोर से तैयारी कर रही है। ६ महिने या वर्ष दिन के बाद दुनिया की क्या हालत होगी, यह कहना कठिन है।

हम खुदी के दायरे के अन्दर घिरे हैं, घरेलू या साम्प्रदायिक झगड़े में फसे हैं। इधर पाकिस्तान की पुकार की जा रही है, हिन्दुस्तान को टुकड़े कर एक नयी मुसलमानी सलतनत क़ायम करने की कोशिस हो रही है। लेकिन, जैसा सर सिकन्दर हेयात, पंजाब सरकार के प्रधान मंत्री ने हाल में कहा है, जो पाकिस्तान मौजूद है,—इराक, मिश्र, फारस, अफ़ग़ानिस्तान जो इस समय खतरे में है उनकी रक्षा के लिये हम नहीं सोचते। यह हमारी कितनी मूढ़ता है।

मौजूदे लड़ाई से उदासीन या विमुख रहना कदापि अच्छा नहीं है। इसी उदासीनता के कारण तो यूरोप की बड़ी २ सलतनतें एक के बाद दूसरे नाज़ी से पददलित हुए। आज हम अपनी सरकार का साथ जैसा चाहिये वैसा नहीं देते, यह कह कर कि सरकार हमें स्वराज नहीं देती। स्वतंत्रता नहीं मिलने के कारण हम रुठे फूले बैठे हैं। यहां सवाल है हमारी ज़िन्दगी का और हम दलील पेश करते हैं स्वराज का। दूरदर्शिता की खातमा हो गई। कितने स्वातंत्र सम्राज्य नाज़ी के काल के गराल हो गये हमारी आँखें अभी तक खुली नहीं।

यदि नाज़ी दल की हार न हुई, तो आधुनिक सभ्यता की क्या हालत होगी—क्या हमने इस पर कभी विचार किया है? क्या हमें नाज़ी लोगों की हरकतों की जानकारी है? नाज़ी संसार में हिटलर के सिवाय दूसरा कोई खोदा या ईश्वर नही। स्वतंत्र विचार का स्थान नहीं। हिटलर का हुक्म ही देश का क़ानून है। बात की बात में लोगों का जान ले लेना तो नाज़ी लोगों के लिये अदनी बात है। यहूदियों को किस कठोरता के साथ इन लोगों ने जर्मनी से निकाल बाहर किया। हाल का खबर है कि पचासों हज़ार बूढ़े बीमार आदमियों को सूई दे कर हिटलर ने अपने अस्पतालों में मरवा डाला, इसलिये कि सेनाओं को खाने के लिये अन्न बचे। जिन पादरियो ने कुछ उज्र किया, उनकी भी वही गति हुई। जितने निस्सहाय सभ्य लोग, स्त्रियाँ और बच्चे इस लड़ाई में मारे गये हैं, इसके टक्कर का इतिहास के पन्ने में शायद ही कोई दूसरी घटना मिले। नाज़ी पिशाचों में क्रूरता कूट कूट कर भरी है। इनके शब्द कोष में विश्व भ्रातृभाव, अन्तर-राष्ट्रियता, विश्व सम्मेलन का कोई स्थान नहीं। सन्धि की शर्तों को तोड़ना तो हिटलर की मौज पर है।

या बहुत परिश्रम के साथ किया जाता है, उसे राजसिक कर्म कहा जाता है।"

यहां राजसिक कर्म के तीन लक्षण बतलाये हैं: (१) जो फल की इच्छा रखकर किया जाय, (२) जो अहङ्कार के साथ किया जाय और (३) जो बहुत परिश्रम के साथ किया जाय।

राजसी प्रकृति का आदमी जो काम करता है फल प्राप्त करने की इच्छा से करता है। सात्विक मनुष्य फल की इच्छा नहीं रखता इसका यह मतलब नहीं समझना चाहिये कि सात्विक प्रकृति का आदमी यह न समझता हो कि किस कर्म का क्या नतीजा निकलेगा। वह समझता जरूर है और उचित अवसर पर उचित लक्ष्य सिद्ध होने वाला ही कार्य करता है, लेकिन उसके फल में उस की कुछ आसक्ति नहीं रहती है। वह उचित कर्त्तव्य पालन कर उस कर्म तथा उसके फल से निर्लेप अलग बँचा रहता है। अगर उससे इष्ट फल निकला तो इससे वह इतराता नहीं और अगर न निकला तो इसकी उसे कुछ परवाह नहीं रहती। पर राजसी प्रकृति का मनुष्य फल में इस प्रकार लिप्त रहता है कि यदि इष्ट फल न प्राप्त हुआ तो वह बहुत दुःखी हो जाता है और इसी प्रकार इष्ट फल प्राप्त होने पर इतरा भी जाता है।

फिर राजसी कर्म अहङ्कार से भी युक्त होता है। और राजसी कर्म के करने में विशेष परिश्रम भी किया जाता है। सात्विक कर्म में अहङ्कार का कुछ संसर्ग नहीं रहता है। पर हाँ, परिश्रम करने में शायद सात्विक पुरुष राजसिक पुरुष से पीछे नहीं रहता है। पर दोनों के परिश्रम में अन्तर यह होगा कि एक जान बूझ कर विशेष परिश्रम करने के ख्याल से परिश्रम करता है और उस परिश्रम के भार को महसूस करता है या समझता है। और दूसरा सहज स्वाभाविक रीति से कार्य करता जाता है और इस लिये ऐसी दशा में चाहे वह कितना भी परिश्रम न करे, वह परिश्रम उसे परिश्रम न मालूम होकर सदा उसे लीला जैसे खेल की चीज़ मालूम होती है।

अब तामसिक कर्म के लक्षण सुनिये—

अनुबन्धं क्षयं हिंसामनवेक्ष्य च पौरुषम्।
मोहादारभ्यते कर्म यत्तत्तामस मुच्यते॥

—श्री मद् भगवद्गीता अ० १८, श्लो० २५।

अर्थात, "जो कर्म मोह द्वारा आरम्भ किया जाता है, जिसमें अपने पौरुष अथवा सामर्थ्य का कुछ ख्याल नहीं रहता और न जिसमें दूसरों के नुकसान तथा हिंसा का कुछ ख्याल रहता है, उसे तामसिक कर्म कहते हैं।"

यहां हमें तामसिक कर्म के तीन लक्षण मिलते हैं:- (१) जो मोह द्वारा आरम्भ किया जाय (२) जिसमें दूसरों के नुकसान तथा नाश का कुछ ख्याल न हो और (३) जिसमें अपने सामर्थ्य का कुछ ख्याल न हो।

सात्विक तथा राजसिक कर्मों में विशेष अन्तर यह जान पड़ता है कि सात्विक कर्म सहज स्वभाव के अनुकूल फल की इच्छा न रखते हुए किया जाता है और राजसिक कर्म फल प्राप्त करने की खास अभिलाषा रखते हुए विशेष परिश्रम के साथ किया जाता है। पर इन दोनों में दूसरों के नुकसान का भाव नहीं रहता है। यही खास विशेषता तामसिक कर्म की मालूम होती है। यह कर्म मोह द्वारा आरम्भ होता है और इसमें इस बात का कुछ ख्याल नहीं रहता है कि इससे दूसरों को कितना नुकसान पहुँचता है।

अन्त में अच्छी तरह गौर करने से यह भी सिद्ध होगा कि कोई खास कर्म स्वतः सात्विक, राजसिक अथवा तामसिक नहीं होता, बल्कि उसका किसी खास श्रेणी का होना कर्ता के भावों के ऊपर निर्भर है। इस प्रकार कर्त्ता के भेद से ही कर्म सात्विक, राजसिक तथा तामसिक हो सकता है, यहाँ तक कि अपने पूज्य गुरुजनों की रक्षा करना भी सात्विक पुण्य कार्य हो सकता है और अवसर विशेष पर लड़ाई से परहेज करना भी अधर्म तथा पाप का कार्य हो सकता है। यह गीता की शिक्षा का निचोड़ है! गौर करने का विषय है!

गीता के आधार पर तीन तरह के कर्म

(ले०—" मौलवी साहेब ")

जितने प्रकार के कर्म मनुष्य करते हैं उनको तीन मुख्य श्रेणियों में रख सकते हैं: सात्विक, राजसिक और तामसिक। श्री मद्भगवद्गीता में श्री कृष्ण चन्द्र ने इन तीनो प्रकार के कर्मों के प्रधान लक्षण बड़ी खूबी के साथ अत्यन्त संक्षेप मे वर्णन किये हैं। उन्हीं के शब्दों मे उन लक्षणों को सुनिये और उनपर अच्छी तरह गौर करके निश्चित कीजिये कि किन कर्मों को उत्तम समझ कर करना चाहिये और किन को नीच समझ कर त्याग करना चाहिये,

कहते हैं—

नियतं सङ्गरहितमरागद्वेषतः कृतम्।
अफलप्रेप्सुना कर्म यत्तत्सात्विकमुच्यते ॥
— श्री मद् भगवद्गीता, अ० १८, श्लो० २३।

अर्थात्, " वह कर्म जो नियत है, जो आसक्ति तथा राग और द्वेष से रहित है और जो फल की इच्छा छोड़ कर किया जाता है, उसे सात्विक कर्म कहते हैं। "

यहाँ सात्विक कर्म के पाँच लक्षण बतलाये गये हैं: (१) जो नियत हो, (२) जो राग से रहित हो, (३) जो द्वेष से रहित हो, (४) जो आसक्ति से रहित हो, और (५) जो फल की इच्छा छोड़ कर किया जाय।

" नियत " कर्म से क्या मतलब ? इससे हर्गिज मतलब लकीर का फ़कीर बनना नहीं हो सकता, बल्कि इससे साफ जाहिर होता है कि किस मनुष्य के लिये किस समय में कैसी परिस्थिति में क्या करना उचित है—यह कोई अनियमित अथवा अनिश्चित बात नहीं, बल्कि " नियत " नियमानुकूल तथा निश्चित है। यहाँ इस बात पर भी घबड़ाने की कोई जरूरत नहीं कि उस नियत कर्म का कैसे पता लगाया जाय। गीता के पाठकों को साफ़ २ मालूम होगा कि वह नियत कर्म कर्त्ता के गुण, कर्म तथा स्वभाव के अनुकूल होगा, तथा देश काल और पात्र के भी अनुकूल होगा, इसी लिये स्वधर्म पर बहुत ज़ोर दिया गया है।

खुलासा यह कि जो कर्म स्वभाव के अनुकूल सहज हो और सामने आई हुई परिस्थिति के भी मुवाफ़िक़ होगा, उसी को यदि उचित रीति से किया जाय तो वह सात्विक होगा। पर स्वभाव तथा परिस्थिति के प्रतिकूल जो कर्म होगा वह कभी सात्विक नहीं हो सकेगा।

फिर, नियत कर्म के करने में राग और द्वेष दोनों समय २ पर आ सकते हैं। इन में से किसी का समावेश हुआ कि कर्म सात्विकता की उच्च कोटि से नीचे गिरा। इतना ही नहीं, राग और द्वेष तो दूर रहे, लेश मात्र की आसक्ति भी उस कर्म के सम्बन्ध में नहीं रहनी चाहिये अर्थात, सहज स्वाभाविक रूप से कर्म होना चाहिये—न उसके करने की खुशी और न करने का अफ़सोस होना चाहिये।

फिर उस कर्म के सम्बन्ध में फल की लिप्सा भी बिल्कुल नहीं रहनी चाहिये।

अच्छा, अब राजसिक कर्म के लक्षण सुनिये—

यत्तु कामेप्सुना कर्म साहङ्कारेण वा पुनः।
क्रियते बहुलायासं तद्राजसमुदाहृतम् ॥
—श्री मद्भागवद्गीता अ० १८ श्लो० २४।

अर्थात्, " लेकिन जो कर्म फल की इच्छा रखने वाले द्वारा किया जाता है, अथवा अहङ्कार

दुरुपयोग कर रहा है, इसके अभिप्राय को नहीं समझ रहा है। तो आगे चल कर एक-न-एक दिन उसका विचार जरूर बदलेगा और यही रस्म समझ कर करने पर यह उसके उद्धार का असली जरिया बन जायगा। भला सोचिये तो सही अगर कोई आदमी सिर्फ इस एक सबक को अपना ले, अपने जीवन का अङ्ग बना ले, कि "मैं जो कुछ भी करूँ खुदा के नाम पर करूँ", तो आप क्या नहीं समझते कि यह उसके असली सुधार, उसकी असली आध्यात्मिक उन्नति का बड़ा से बड़ा साधन बन सकता है? जरूर बन सकता है। यही सच्चा, असली इस्लाम है।

अच्छा, अब कुरान के शब्दों में सुनिये कि इस भाव पर उसमें कितना जोर दिया गया है।—

कुरान का आरम्भ है "बिस्मिल्लाहि-र्रहमानु र्रहीम" से, जिसका अर्थ ऊपर दिया जा चुका है। हर सूरे या अध्याय के आरम्भ में भी यही महा वाक्य आया है।

सूरा १, आयत ४—"हम तेरी ही खिदमत करते हैं और तेरी ही मदद की इस्तदाआ करते हैं।"

सूरा २, आयत १०७—"क्या तू नहीं जानता कि दीन दुनिया में खुदा की ही हुकूमत है और खुदा के अलावे दूसरा कोई तेरा गार्जियन या मददगार नहीं?

सूरा २, आयत १३६—"और हम उसी (यानी, खुदा) के सुपुर्द अपने आपको करते हैं।"

सूरा २ आयत १३८—'खुदा का संस्कार प्राप्त करो—और संस्कार के मामले में खुदा से बढ़ कर दूसरा कौन है?—और हम उसी की खिदमत करते हैं।"

सूरा २, आयत १०८—"ऐ तुम लोगों जो ईमान रखते हो या विश्वास करते हो, पूरे तौर से अपने आपको समर्पित कर दो और शैतान के क़दमों पर न चलो, क्योंकि यह तुम्हारा खुला दुश्मन है।"

सूरा ३, आयत १८—"खुदा के लिये सच्चा मजहब इस्लाम है।... कहो, 'मैंने पूरे तौर से अपने को खुदा की मर्जी के सुपुर्द कर दिया है और ऐसा ही हर शख्श ने किया है जो मेरे रास्ते पर चलता है।'" इस से इस्लाम के असली मानी पर बहुत प्रकाश पड़ता है। इस मानी में हर सच्चा मजहब इस्लाम है। इसको व्यापक भाव से लेना चाहिये, सङ्कीर्ण भाव से नहीं।

सूरा ४, आयत १२५—"और जो कोई अपने आप को पूरे तौर से खुदा की मर्जी के सुपुर्द कर देता है उस से बेहतर मजहब भला किसको है?"

सूरा ६, आयत १२२—"और उस चीज को न खाओ जिसपर खुदा का नाम न लिया गया हो; और यह जरूर ही एक भारी भूल है।..."

सूरा ६, आयत १६३—"कहो: मेरी दोआ या प्रार्थना और मेरा त्याग और मेरी जिन्दगी और मेरी मौत, सब कुछ खुदा के ही लिये है, जो सभी संसारों का मालिक है।"

सूरा ८, आयत ५१—"वे तुमसे अवसर पूछते हैं। कहो: सभी अवसर खुदा और उसके पैगम्बर के लिये हैं।..."

सूरा ९, आयत ५१—"कहो: खुदा की मर्जी के खिलाफ कोई कुछ हमारा नहीं कर सकता, वही हमारा सरपरस्त है, और खुदा पर ही ईमानदारों को भरोसा रखना चाहिये।"

सूरा ९, आयत १२९—"...कहो: खुदा मेरे लिये काफी है; उसके सिवाय दूसरा कोई ईश्वर नहीं: उसी पर मैं भरोसा करता हूँ और वही तख्ते अर्जीम का मालिक है।"

सूरा १०, आयत ३—"जरूर ही तुम्हारा मालिक खुदा है जिसने दुनिया और दीन को... बनाया; और वही तख्त पर बैठ कर सारे सिलसिले को जारी रखता है। उसकी इजाजत के बिना कोई मददगार नहीं हो सकता। वही तुम्हारा मालिक खुदा है; इसलिये उसकी खिदमत करो; क्या तुम इसपर ध्यान न दोगे?"

ख़ुदा की मर्ज़ी पर निसार या न्योछावर

(ले०—लालाजी)

इस्लाम-धर्म के बारे में तरह २ की ग़लत-फ़हमियाँ फैली हुई हैं। कुछ लोग समझते हैं कि इस्लाम मज़हब मार-काट और ज़बर्दस्ती का मज़हब है। पर पिछले अङ्कों में जो लेख प्रकाशित हो चुके हैं उनसे पाठक को अच्छी तरह परिचय मिल चुका होगा कि यह भाव इस्लाम-धर्म के बिल्कुल ख़िलाफ़ है, क़ुरान की शिक्षा ठीक इसके उल्टा है।

इसी तरह कुछ लोग समझते हैं कि इस्लाम में मनमानी तौर से चलने की बड़ी गुंजाइश है, ईश्वर के साथ इसका कुछ विशेष तअल्लुक़ नहीं। इससे बढ़ कर दूसरी कोई ग़लत-फ़हमी हो नहीं सकती। इस्लाम के बारे में यह अच्छी तरह जानना चाहिये कि उसमें ख़ुदा या ईश्वर के तअल्लुक़ पर ही सब से ज़्यादे ज़ोर है। इस्लाम-धर्म एक ईश्वर या ख़ुदा पर बहुत ही ज़्यादे ज़ोर देता है और समझता है कि उसके साथ किसी दूसरे को हर्गिज़ नहीं मिलाना चाहिये।

फिर "इस्लाम" शब्द का मानी है "शान्ति" या "ख़ुदा या ईश्वर की मर्ज़ी पर अपने आप को निसार कर देना"। क़ुरान के अन्दर इन दोनों भावों पर पूरा ज़ोर दिया गया है। ख़ुदा की मर्ज़ी पर निसार करने की बात तो यहाँ तक बढ़ी हुई है कि बिना ख़ुदा को याद किये कोई मुसल्मान कोई भी काम नहीं कर सकता। यह भाव सभी मुसल्मानों के रग-रेसे में पैवस्त हो चुका है। जब कोई मुसलमान—चाहे वह पढ़ा-लिखा हो या अनपढ़—कोई भी छोटा या बड़ा काम शुरू करता है तो वह ज़रूर पहले "बिस्मिल्लाहि-र्रहमानु-र्रहीम" यानी "शुरू करता हूँ मैं ख़ुदा के नाम से जो रहमान और रहीम यानी दयालु और कृपालु है" अथवा कम से कम "बिस्मिल्लाह" यानी "शुरू करता हूँ मैं ख़ुदा के नाम से" उच्चारण करता है।

शायद ही किसी ने किसी मुसलमान को कोई काम करते देखा हो जो पहले इस शब्द या मन्त्र का उच्चारण न कर लेता हो। इससे साफ़ २ ज़ाहिर होगा कि किस प्रकार हर मुसलमान के लिये यह महज़ लाज़िमी हिदायत है कि वह जो कुछ करे उसे सिर्फ़ ख़ुदा के नाम पर, ख़ुदा के लिये, यानी ख़ुदा की मर्ज़ी की पूर्त्ति के ही लिये करे।

हाँ, यह ठीक है कि इस वाक्य या मन्त्र का असली भाव बहुत कम लोग अपने सामने रखते हैं। अधिकांश व्यक्ति केवल एक रस्म (formality) समझ कर इसका उच्चारण करते हैं। इतना ही नहीं, बल्कि इसका दुरुपयोग तो यहाँ तक करते देखा जाता है कि अगर कोई मुसलमान जान-बूझ कर कोई बुरा कर्म भी करने लगता है तौभी उस समय वह "बिस्मिल्लाह" कह कर उसे शुरू करता है। वह बहुधा समझता है कि "बिस्मिल्लाह" कह ही देने से उसके बुरे कर्म का पाप मिट जायगा। ख़ैर, यह तो एक ऊँचे आदर्श का निरा दुरुपयोग है। इस तरह का दुरुपयोग भी आज व्यापक रूप से सभी धर्मों में घुस गया है।

पर इस से ज़रूर यह तथ्य सिद्ध होता है कि ख़ुदा के नाम पर हर काम करने का भाव सभी मुसलमानों की ज़िन्दगी का एक आवश्यक तथा स्वाभाविक अङ्ग है। आज अगर वह इसका

ही भाव नित्य-प्रति भरने रहने की जरूर कोशिश करेंगे। फिर आगे चलकर ऐसे विद्यार्थियों के लिये साम्प्रदायिकता की सङ्कीर्णता जड़-मूल से नष्ट हो चुकी रहेगी।

८ टेक्सट बुक या पाठ्य पुस्तक

स्कूलों तथा कालेजों में पढ़ाई जाने वाली इतिहास तथा साहित्य आदि की किताबों को भी नये सिरे से तैयार करना चाहिये, ताकि उनके जरिये भी विद्यार्थियों के हृदयों पर व्यापक भाई चारे तथा मेल-जोल का भाव दृढ़ता पूर्वक जम सके। अभी जो भयानक परिस्थिति हमारे सामने मौजूद है उसके पैदा करने तथा क़ायम रखने में पाठ्य पुस्तकों का भी विशेष हाथ है और रहा है। लेकिन फिर उसी जरिये से इन दूषित भावों को दूर भी किया जा सकता है।

९ ड्रामा या नाटक

ड्रामा अथवा नाटक भी नवयुवकों तथा जन-साधारण के चरित्र-सुधार का एक महत्व पूर्ण साधन है। अत: नाटक की ऐसी किताबें तैयार करने का प्रोत्साहन देना चाहिये जिनमें मेल-मिलाप के भाव पैदा हो सकें और फिर उन नाटकों के खेलने पर भी काफी जोर देना चाहिये। संतोष की बात है कि हाल में कुछ ऐसी किताबें निकली हैं, पर अभी इस क्षेत्र में बहुत कुछ करना बाकी है।

बहुत अच्छा होता यदि कोई संस्था कुछ ऐसे चुने २ नाटकों के खेलने के लिये पात्र तैयार कर तथा उनकी एक छोटी सी मण्डली बना कर शहर शहर तथा गाँव गाँव में घूम घूम कर ऐसे नाटक करने का प्रबन्ध करती।

१० छोटे २ सुन्दर गाने

गाने का प्रभाव भी आदमी के चरित्र पर बहुत पड़ता है। अत: हमारे सभी प्रमुख कवियों से अपील करनी चाहिये कि मेल-मिलाप सम्बन्धी छोटे २ सुन्दर तथा सहज गाने तैयार करें। फिर उन्हें प्रकाशित कर उनके व्यापक प्रचार का प्रबन्ध करना चाहिये।

मेल-मिलाप के पिछले अङ्कों में ऐसे कई गाने निकल चुके हैं। हम शीघ्र उनको अलग प्रकाशित करने का प्रबन्ध करेंगे।

साथ ही पाठक-गण से हमारी जोरदार अपील है कि उनको जो ऐसे गाने मिल सकें उन्हें हमारे आफिस में जरूर शीघ्र भेजने का कष्ट स्वीकार करें।

११ साधारण पुस्तकें और पुस्तिकाएं

मेल-मिलाप से सम्बन्ध रखने वाली छोटी २ पुस्तकों की तैयारी, प्रकाशन तथा प्रचार का समुचित प्रबन्ध भी आवश्यक है। उनके जरिये यह अच्छी तरह दिखलाया जा सकता है कि धार्मिक, सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक, आदि सभी दृष्टि-कोणों से किस प्रकार मेल-जोल के सुन्दर उपदेश एक भाव से निकलता है।

१२ हर आदमी का कर्त्तव्य

अन्त में हम यह दिखाना चाहते हैं कि मेल-मिलाप के लक्ष्य की पूर्त्ति के लिये हर आदमी क्या कर सकता है। सुनिये—

(क) हर आदमी अपने सम्प्रदाय के अलावे दूसरे सम्प्रदायों के कम से कम कुछ लोगों के साथ सच्ची दोस्ती कर सकता है।

(ख) हर आदमी दूसरे सम्प्रदायों के धार्मिक उत्सवों में दिलचस्पी रख सकता है, शरीक हो सकता है। ऐसे उत्सवों को मिल-जुल कर एक साथ मनाने का अवसर बढ़ाना जरूरी है।

(ग) हर आदमी दूसरे सम्प्रदायों के सामाजिक उत्सवों में भी शरीक होकर उनके साथ आत्मीयता का सम्बन्ध स्थापित कर सकता है।

यह बातें हाल तक होती थीं। फिर भी हो सकती हैं। जरा इधर ध्यान करने की जरूरत है।

—सम्पादक।

साम्प्रदायिक मेल-जोल के लिये कुछ व्यावहारिक योजनाएँ

(गताङ्क से आगे)

४ ब्रोड कास्टिंग (Broad casting)

आज रेडियो का अच्छा प्रचार हमारे देश में भी हो चला है। इसके ज़रिए शहर शहर, घर घर में गाने, व्याख्यान तथा ख़बरें पहुँचाई जा रही हैं। लोगों को प्रभावित होने का यह भी एक अत्यन्त ज़बर्दस्त अस्त्र है। अत: मेल-मिलाप के सुन्दर भावों तथा विचारों के प्रचार के लिये इस अस्त्र का अनुसरण भी करना ज़रूरी है।

इसके लिये अच्छा होगा कि कुछ प्रमुख नेताओं के मेल-मिलाप सम्बन्धी भाषण अथवा वक्तव्य नियमित रूप से बराबर निकला करें। कुछ अच्छे चुने हुए गानों का भी इस प्रकार प्रचार करना इस लक्ष्य की पूर्त्ति के लिये बहुत लाभदायक होगा।

५ मेल–मिलाप सम्बन्धी स्मारक

सारे देश के अन्दर, सभी प्रधान शहरों तथा गावों में प्रमुख स्थानों पर मेल-मिलाप के स्मारक--मूर्त्तियाँ, चित्र अथवा शिला-लेख--स्थापित करने का प्रयत्न करना भी बहुत लाभदायक होगा। ऐसे स्मारकों द्वारा भी यह कार्य बहुत आगे बढ़ाया जा सकता है। जितने राही इन नवीन स्मारकों को देखेंगे, उनके हृदयों में अदृश्य रूप से अवश्य मेल-मिलाप का सुन्दर भाव जाग उठेगा।

आज समाचार पत्रों द्वारा जनता की जो सेवा हो रही है उससे कहीं अधिक सेवा इस साधारण सी महान् पूर्ण कार्य द्वारा हो सकेगी। समाचार पत्रों का प्रभाव तो काट-छाँट तथा तरह २ के विरोधी विचार-प्रवाहों की वजह से अक्सर कम हो जाता है। पर यहाँ तो सिर्फ़ एक ज़बर्दस्त अपील लोगों की आँखों के सामने रहेगी। इस लिये उसका प्रभाव लोगों के हृदयों पर पड़े बिना रह नहीं सकता।

जिन लोगों को इसकी उपयोगिता में कुछ भी सन्देह हो वे सम्राट् अशोक के शिला-लेखों को याद करें और देखें कि उनके ज़रिये जनता का कितना बड़ा उपकार हुआ। फिर उनका सन्देह आप से आप जाता रहेगा।

६ लेक्चरर अथवा व्याख्यान–दाता

सभी लेक्चररों अथवा व्याख्यान-दाताओं को भी नियम कर लेना चाहिये कि चाहे वे और जिस विषय पर भाषण दें, पर साथ २ मेल-मिलाप उनका एक विषय ज़रूर रहे और दूसरे भावों में भी मौक़ा पा कर मेल-मिलाप के भावों पर काफ़ी ज़ोर दिया करें। कम से कम जो व्याख्यान-दाता इस लक्ष्य की उपयोगिता तथा आवश्यकता को समझते हैं, उन्हें तो ऐसा नियम ज़रूर कर लेना चाहिये।

७ शिक्षक–वर्ग

शिक्षक-वर्ग का प्रभाव किसी से छिपा नहीं है। उनका कार्य कितने महत्व का है, इसका वर्णन करना असम्भव है, वास्तव में किसी राष्ट्र का असली भविष्य तो उन्हीं के हाथों में है, क्योंकि बच्चों तथा नवयुवकों का अत्यन्त नाज़ुक तथा प्रभाव-शील समय उन्हीं के साथ गुज़रता है। वे उन्हें जिधर चाहें मोड़ सकते हैं, जैसा भाव उनके अन्दर पैदा करना चाहें पैदा कर सकते हैं।

अत: उन्हें भी यह व्रत धारण कर लेना चाहिये कि वे अपने विद्यार्थियों में व्यापक मेल-जोल के

विश्व-प्रेम की झलक

(ले०—श्री हृदय नारायण अग्रवाल, एम० ए०, एल० एल० बी०, मैनपुरी)

महात्मा कूटहोमी का कथन है कि विश्व-भ्रातृ-प्रेम अनहोनी बात नहीं है। भ्रातृ-प्रेम पर ही संसार की उन्नति और चरित्र की दृढ़ नींव बन सकती है। अगर यह कहा जाय कि यह कोरा सपना है तो यह स्वप्न एक उच्च और सुन्दर भाव से भरा हुआ है यही भावना सच्चे ऋषि-वर्ग की है जो सर्वदा संसार की भलाई के लिये लगे रह कर कार्य करते रहते हैं और उच्च विचारों की तरफ मनुष्यों की रुचि मोड़ते रहते हैं।

किसी भी धर्म-संचालक ने इसके विरुद्ध वैर भाव रखने की शिक्षा नहीं दी। बल्कि उनकी पूर्ण शिक्षा का विविध धर्मों में यही एक उद्देश्य झलकता है कि विश्व में भ्रातृ प्रेम का संचार हो और कलह, द्वेष भाव और स्वार्थ भाव पर विजय प्राप्त की जाय, क्योंकि जब कभी इनका जोर अधिक बढ़ जाता है, तभी तभी देश देशान्तरों में अवतार और महापुरुषों का आगमन होता रहा है।

आजकल भी भारतवर्ष में ही क्या सारे संसार के लिये, ऐसे महापुरुषों की आवश्यकता है। कदाचित् उसी विचार से प्रेरित होकर श्री शंकराचार्य ने अभी हाल में एक विज्ञापन निकाला है जिससे वह चाहते हैं कि ऐसे माता-पिता जिनके वैशाख के शुक्ल पक्ष में और विशेषकर, २८, २९ अप्रेल और ३, ४ मई को पुत्र हो वे उसकी सूचना उन्हें देने की कृपा करें, क्योंकि यह समय ऐसा है जब महान् आत्माओं के विश्व-कल्याण के लिए आने की बड़ी सम्भावना है, जो विश्व-भ्रातृ-प्रेम पूर्ण रूप से प्रवाहित कर सकें। बराबरी का भ्रातृ-प्रेम नहीं बल्कि जहाँ बड़े और छोटे युवा व वृद्ध अपनी अपनी शक्ति के अनुसार नवीन विश्व निर्माण कार्य में भाग ले सकें और राजनैतिक, सामाजिक, राज्य प्रबन्ध क्षेत्रों में इसी भाव से काम करें कि चतुर, पवित्र और श्रेष्ठ पुरुष ही देश की नौका के कर्णधार हों और साधारण लोग उनको सबकी उन्नति में सहयोग प्रदान करके इस पवित्र कार्य के संचालन में हाथ बटायें।

यही विश्व-प्रेम का सच्चा स्वप्न है जिस पर भविष्य के विश्व का निर्माण निर्भर है। इसके लिये हम सब को पूर्ण प्रयत्न करना परम आवश्यक है, ताकि इस विश्व-प्रेम की झलक केवल स्वप्नवत ही न रह कर स्थायी और स्थूल रूप में परिणत हो जाय।

वास्तव में यह कार्य अत्यन्त उज्ज्वल और पवित्र है और ऐसा अवसर कई हजार वर्षों के बाद ही इस संसार में मनुष्य को उपलब्ध होता है। अतः सभी समझदार, सभी धार्मिक, आध्यात्मिक तथा लोक-सेवी पुरुषों का यह परम कर्त्तव्य है कि जाति-पाति धर्म-सम्प्रदाय, देश-विदेश आदि के संकीर्ण भावों को त्याग कर एकाग्रचित्त होकर इस कार्य को आगे बढ़ायें ताकि शीघ्र नवयुग का पदार्पण हो और संसार का दुःख दूर हो कर सर्वत्र-सुख-शान्ति का साम्राज्य छाये।

मेल - मिलाप

वर्ष २ | पटना, १७ जुलाई, १९४१ | अङ्क ९

कृष्ण हों कि ईसामसीह

(र०—श्री पं० सूरज-चंद सत्य-प्रेमी डाँगीजी महाराज, वर्धा)

घोलूँ मैं कहाँ कहाँ पर मधु,
सब जलाशयों में मिली भाँग।
पर क्यों न प्रकट कर दूँ सादर,
इस सरल हृदय की मधुर माँग॥

सीखें स्वाभाविक सत्य प्यार,
यह ईसाई हिन्दू-समाज।
सब सुनें बैठकर संग संग,
मेरा समभावी गान आज॥

प्रभु-पुत्र और पूर्णावतार,
श्री कृष्ण हों कि ईसामसीह।
शरणागत वत्सल विश्व बंधु,
दोनों हितेच्छु दोनों निरीह॥

दोनों कर्मठ थे अनासक्त,
निष्ठा सेवा के महाकेन्द्र।
[illegible] सद्धर्मी - पुरुषोत्तम,
मरियम-नन्दन या यादवेन्द्र॥

[illegible] त्यागी सत्य गृहस्थ,
उनका स्वभाव था सत्य योग।
[illegible] किया दूर,
आन्तर जड़ता का महारोग॥

दोनों कहलाये धर्म - वैद्य,
असहाय जनों को दिया त्राण।
बन गये शांतिप्रद क्रान्तिकार,
हृदयों में फूँका महाप्राण॥

थे चक्र सुदर्शन और क्रॉस,
दोनो ही गौरव के निशान।
बलिदानों के थे दो प्रयोग,
दोनों समान दोनों महान॥

जब मिली हमें समभाव दृष्टि,
दोनों का समझा एक ध्येय।
पर भिन्न भिन्न कल्यानुसार,
सन्तों के साधन अपरिमेय॥

उनके अनुयायी कहलाकर,
लड़ते आपस में हम अजान।
क्रिश्चियन-हिन्दू सब बन्धु बन्धु,
करलें फिर प्रेम-रहस्य ज्ञान॥

भूलें हम सारा भेद भाव,
दोनों अब सब [illegible]।
कैसा है [illegible],
[illegible]॥

گورنمنٹ بہار، سی۔ پی۔ یو۔ پی۔ اڑیسہ، سندھ کے محکمہ تعلیمات سے منظور شدہ

میل ملاپ

جلد ۲ | اگست ۱۹۴۱ء | نمبر ۱

"ہم" اور اوسکی حقیقت

از
قیصر ایف۔ ٹی۔ اس

ہے یقیناً ہم میں جلوہ ایک لامحدود کا
اللہ اللہ یہ تقرب عبد اور معبود کا

ہمکو بیشک وہ نمازِ عشق پڑھنی چاہیے
فرق جس میں ہو نہ ظاہر ساجد و مسجود کا

یہ حقیقت گر سمجھ لیں ہم تو رستہ صاف ہے
نیست میں ہست ہے پھر وہم کیوں نابود کا

وجد میں اپنی ہی خود حمد و ثنا کرتے ہیں ہم
ایک مطلب جانتے ہیں حامد و محمود کا

"ہم" شعاعیں ہیں اُسی کی شمسِ وحدت کی قسم
"ہم" سے روشن ہے جہاں میں چہرہ ہر موجود کا

میل ملاپ

ایڈیٹوریل

مسجد کے امام اور خانقاہ کے سجادہ نشینوں سے تعاون کی درخواست

مسلمان ہی نہیں بلکہ عام ہندوستانی اپنی بپتا سونچ سونچکر باسی پھول کی طرح کمہلا گئے ہیں، اپنی اپنی اتحاد کی شیرازہ بندی کو زمانہ بد کی ناخونوں سے نُچتے ہوئے مایوسی سے دیکھ رہے ہیں اور جو لوگ سمجھدار ہیں وہ یہ کہہ رہے ہیں۔

"اپنا بس چلتا نہیں اور مفت جاتی ہے بہار"

لیکن صرف اپنی جگہ سونچ سمجھکر خاموش ہو جانے سے تو کام چلتا نہیں ہے، جن لوگوں کو خدا نے ایمان اور دیانت کی دولت بخشی ہے خواہ ہندو ہوں یا مسلمان اپنے اپنے خیالات بلا خوف تردید پبلک میں اظہار کر دیا کریں۔

ہندوستان میں اب بھی ہندو اور مسلمان ایسے ہیں اور جنکا عملی رویہ ایسا ہے کہ وہ ہندو اور مسلمان میں فرق نہیں سمجھتے ہیں دونوں کے ساتھ سلوک اچھا اور قابل تعریف ہے، ایسے نیک اور فرشتہ خصلت انسانوں کو معلوم ہونا چاہیے کہ وہ دوسری پولیٹیکل جماعتوں سے خوف زدہ نہ ہوں، کوئی جماعت اونکے مقابلہ میں ہو وہ خوف نہ کریں پبلک میں صلح اور امن قائم رکھنے کے خیالات کو اپنی شیریں کلامی سے ظاہر کر دیا کریں، جھگڑنے والوں میں صلح پیدا کرانے کی انتھک کوشش سے باز نہ آئیں، عوام کی مستعدی اور صلح پسندی نے اگر بنیاد اچھی پکڑی تو اتحاد اور ایکا ہو کر رہیگا۔ ہم اون پست ہمت انسانوں پر افسوس کی نظر نہیں بلکہ محبت و شفقت کی نظر رکھتے ہیں، اون کے لئے دعائیں کرتے ہیں جو ہندو مسلم اتحاد سے ناامید ہو گئے ہیں، انہیں اسکی خبر شاید نہیں ہے کہ خدا نے اتنے پیغمبر، ہادی، اوتار، ولی اللہ اور پیشوایان دین ہر مذہب میں اسلئے بھیجے کہ انسان میں خلق اور محبت و اُخوت پیدا ہو، اگر ایسا نہ ہوتا تو اوسکی عبادت، اوسکی پرستش اور بلندی کی تخیل کو کہانیوں سے زیادہ اہمیت نہ ہوتی۔

جب مقصد الٰہی یہ ہے کہ کل انسان ملکر اور بھائی بنکر رہیں تو ہمارا فریضہ کیا ہے؟ صرف یہ کہ خواہ ہم کسی درجہ اور قسم کے انسان ہوں، ہم اپنی سعی اور کوشش سے آدم کی اولاد ہونے کا ثبوت دیں، دو لڑتے ہوئے انسانوں کو سمجھائیں، قتل و غارت کی اسپرٹ جو ان میں شیطانی جذبات سے پیدا ہوتی ہے اوس کو ہمیشہ ہمیشہ کے لئے خاکستر کر دیں،

ہم اپنے وطن کے عالم دین، امام مسجد، واعظ اور مقدس خانقاہوں کے سجادہ نشینوں سے بھی نہایت ادب کے ساتھ یہ التجا کرینگے کہ جہانتک مذہب کا لگاؤ، خلق، اتحاد اور اخوت سے ہے اسکی براہ راست ذمہ داری ان کے سر آتی ہے خدا اور رسولؐ نے

سامنے ذمہ داری ہے،

ہمیں اس سے کوئی غرض نہیں ہے کہ علماء و سجادہ نشین پاکستان کے حامی یا مخالف، مسلم لیگ کے ہمدرد ہیں یا احراری جماعت وغیرہ کے، یہ چیزیں اتحاد، خلق اور اخوت کے مقابلہ میں ثانوی، اور بعد کو سوچتے ہیں، اگر اخلاقی بنیاد درست ہے تو سب کچھ ممکن ہے۔

اپنے وعظ و پند میں، اپنی صحبت میں اپنی درگاہوں میں یہ مقدس ہستیاں اپنا فرض سمجھ لیں کہ ان کے پیرووں کو ایک ایسی محفوظ راہ اور پر امن طریقہ سے چلنا ہے کہ کسی وقت بھی دو شخص آپس میں جنگ آزما نہ ہو سکیں، جھگڑے فساد جو کچھ پیدا ہو چکے ہوں وہ دفن ہو کر رہ جائیں۔ زندگی کا لطف اور خانگی و ملکی خوشی و آزادی اس وقت تک حاصل نہیں ہو سکتی ہے جبتک کہ اتحاد اور پر خلوص اتحاد نہ ہو،

اب وہ زمانہ باقی نہ رہا کہ تبلیغ مذہب مناظرہ اور جھگڑے کی چاشنی کے ساتھ کیا جائے، مذہب علمی پہلوؤں کا میدان نہیں ہے، کسی مذہب نے اس کو روا نہیں رکھا ہے، جن باتوں سے امن عامہ میں خلل پہونچے اور خوشنودی خدا و رسول نہ ہو ان باتوں کا وہم میں لانا بھی ہمارے مذہبی پیشواؤں کی توہین ہے،

ہمیں یہ اچھی طرح سے معلوم ہے کہ اپنا پیٹ پالنے والے ہندوستان میں ارزاں شہرت حاصل کرنے والے نقلی مولوی صاحبان ایسے جھگڑے کے اکھاڑوں کی تلاش میں رہتے ہیں، جہاں اخبار میں کسی جھگڑے اور اختلاف کی خبر نکلی خواہ یہ جھگڑا ہندو اور مسلمان کا ہو یا مسلمان مسلمان کا ہو یہ حضرات بلا بلائے آدھمکتے ہیں، ان کے نالے اور جذبے بظاہر بڑے دلکش ہوتے ہیں، انکی رفتار اور گفتار سے تدبر، تامل اندیشی اور مذہب کی خدمت کا سچا جذبہ ظاہر ہوتا ہے، لیکن ان کل مولویوں کی خفیہ مرکزیت انکی شرارت نفس میں پوشیدہ ہے، خود ستائی کا جذبہ اور دنیاوی اقتدار اصل مقصد ہوتا ہے، ان میں سے پچاس فیصدی لالچ سے کوسوں دور بھی ہوتے ہیں، لیکن دنیاوی شہرت اور بڑوں کی تعظیم اور عزت کے بڑے لالچی ہوتے ہیں، انکی انانیت اور جذبہ خودی انکو روحانی جاترا سے دور اور جہنم کی سرحد سے قریب کر دیتا ہے،

ایسے لوگ صرف مسلمانوں ہی میں نہیں بلکہ دوسروں میں بھی ہمالیہ کی چوٹی کی طرح بلند اور اپنی قوم اور اپنے مذہب کے بدخواہ دکھائی دیتے ہیں، انکی دل کی مندر میں جس خدا کا جلوہ ہے وہ موسمی خدا ہے، ایمان کی روشنی نے ان کے دلوں پر اپنے جوہر کی وہ چھوٹ ابھی تک نہیں ڈالی ہے، جسکا نتیجہ محبت، ایمان داری، خلوص، اخلاق اور عام بھائیچارہ ہے۔

ایسے نقلی مولویوں اور سجادہ نشینوں نے ہمارے وطن کے سچے ہمدرد، سرپرست اور فیض رساں بزرگوں کو میدان سے پیچھے اسلئے ڈالدیا ہے کہ یہ حضرات اپنی شہرت اخباروں سے، انجمنوں سے اور اشتہاری خانقاہوں سے پسند نہیں کرتے ہیں، بلکہ ملک کی خاموش خدمت کرنا چاہتے ہیں۔

ہمیں ایسے ہی بزرگوں پر بھروسہ ہے اور ان ہی سے التجا ہے کہ اب آپ میدان میں آئیں اور قوم کی حالت زار پر رحم کریں اور آپس میں اتحاد، بھائیچارہ اور محبت کی تخم ریزی

کریں، اب آپ خاموش اپنے حجروں میں نہ بیٹھیں، آپ کی
عدم موجودگی نے نقلی پیشواؤں کی ہمت افزائی کی ہے۔

نقل مشہور ہے۔
" خانہ خالی را دیو میگیرد "

ہندوستان میں ایجادیں

طیاروں اور آبدوزوں کی طرف توجہ

موجد عورتیں

پیٹنٹ آفس کی سالانہ رپورٹ بابت ۱۹۴۰ء میں بیان کیا گیا ہے کہ ہندوستانی موجد طیاروں، آبدوزوں اور نہ ڈوبنے والی کشتیوں کے مسئلوں پر غور کرنے میں مشغول ہیں۔ نیز اگرچہ جنگی حالات کی وجہ سے برطانوی ہند میں چیزوں کو پیٹنٹ کرانے کی درخواستوں کی تعداد کم ہوگئی لیکن مختلف دیسی حرفتوں کے متعلق درخواستوں کی تعداد میں کافی اضافہ ہوا۔

درخواستوں کی تعداد ۱۰۶۰ سے گھٹ کر جو ۱۹۳۹ء میں تھی، ۱۴۷ رہ گئی۔ خاص ہندوستان میں دی ہوئی درخواستوں کی مجموعی تعداد ۲۰۴ تھی۔ اس کے مقابلہ میں سال گزشتہ ان درخواستوں کی تعداد ۳۱۰ تھی۔ بنگال اور بمبئی کی علی الترتیب ۸۲ اور ۶۹ درخواستیں تھیں۔

تین موجد عورتوں کی درخواستیں بھی آئیں۔

جہاں تک حرفت پارچہ بافی کا تعلق ہے سال گزشتہ کے مقابلہ میں دیسی درخواستوں کی تعداد میں نمایاں اضافہ ہوا۔ جن موضوع پر موجدین غور و فکر کرنے میں مشغول رہے ان میں سے چند یہ ہیں:۔ مختلف پودوں سے ریشہ نکالنا۔ تکلہ کو زیادہ تیز رفتار سے چلانے کے طریقے۔ سوت کے بیلن اور نہ سکڑنے والے پائدار پارچوں کی تیاری وغیرہ۔

ریلوے کی پٹریوں اور ریلوے کے سگنلوں کے متعلق ایجادوں کے سلسلہ میں پیٹنٹ کرانے کی درخواستوں کی تعداد میں بہت کمی ہوگئی لیکن سگنل سے متعلق آلات کی تمام ایجادوں کی ابتدا ہندوستان میں ہوئی۔ بہت سی ایجادیں پٹریوں کی ترقی یافتہ جوڑوں کے متعلق تھیں جن کا منشا راستہ کو زیادہ محفوظ بنانا اور پٹریوں کے ٹوٹنے پھوٹنے کے امکان میں کمی پیدا کرنا تھا۔

سڑک پر چلنے والی گاڑیوں اور مال لے جانے والی موٹر لاریوں سے متعلق زیادہ ایجادیں ہوئیں اور ایسے آلات بھی ایجاد کئے گئے جن کی مدد سے سامانوں کو لادنے اور اتارنے میں وقت بھی کم لگے اور مزدور بھی زیادہ درکار نہ ہوں۔

سائیکل سہارے کے بغیر کھڑی ہو سکتی ہے!

سائیکل سے متعلق بھی کافی ایجادیں ہوئیں۔ ایک ایجاد میں اس کا لحاظ رکھا گیا کہ سائیکل نہ چلتی ہوئی حالت میں بھی سیدھی کھڑی رہ سکے تاکہ سائیکل سوار سڑک کی آمد و رفت کی رکاوٹ یا کسی

دوسری وجہ سے سائیکل رُوکنے سے سائیکل پر سے اتر پڑنے پر مجبور نہ ہو جائے۔ ایک دوسری ایجاد میں اس کا خیال رکھا گیا ہے کہ علاوہ اس زور کے جو سائیکل چلانے میں پیڈل سے لگایا جاتا ہے۔ ہینڈل میں بھی ایسا زور پیدا کر دیا جائے جو سائیکل کے چلانے میں مدد دے۔

زراعت اور آبپاشی کے سلسلہ میں زراعتی اوزاروں اور ٹیوب بنانے کنودوں سے ہاتھ یا جانوروں کی مدد سے پانی کھینچنے کے لئے "سینٹری فیوگل" یا "ریسی پروکیٹنگ" پمپوں سے متعلق ایجادوں کے متعلق بہت کافی درخواستیں موصول ہوئیں۔

رنگوں۔ استر اور رہتہ چڑھانے والے سامانوں کے متعلق بھی کثیر تعداد میں درخواستیں آئیں۔

دو صدیوں سے زیادہ ہوا کہ سر اسحاق نیوٹن نے ایک روز پکے ہوئے سیبوں کو درخت سے ٹوٹ کر زمین پر گرتے ہوئے دیکھا۔ اس کے متجسس دماغ نے یہ سوال کیا کہ سیب نیچے کیوں گر رہے ہیں۔ اوپر کیوں نہیں جاتے درانحالیکہ وسعت اوپر ہی کیطرف زیادہ ہے۔ اسی امر کو ثابت کرنے کے لئے نیوٹن نے مسئلہ کشش کی ایجاد کی اس کے اصطلاحی پہلو سے قطع نظر کرتے ہوئے صرف اتنا بتا دینا کافی ہے کہ کشش کی دو قسمیں ہیں۔ ایک تو وہ جو زمین کو زمین پر رہنے والی چیزوں سے ہے دوسری وہ جو نظام شمسی میں ایک سیارہ کو دوسرے سیارہ سے ہے۔ یہ سوال کیا جا سکتا ہے کہ گیند خواہ کتنی ہی قوت سے اوپر پھینکا جائے نیچے کیوں گر جاتا ہے۔ یا جب ۲۴ گھنٹے میں نصف حصہ ایسا گذرتا ہے کہ دنیا کے کچھ لوگ اوپر اور کچھ لوگ نیچے ہو جاتے ہیں تو نیچے والے لوگ گر کیوں نہیں جاتے؟ اسکا جواب کشش کی پہلی قسم سے متعلق ہے، زمین اپنے اوپر کی تمام چیزوں کو اپنی طرف کھینچتی ہے۔ یہی وجہ ہے کہ نہ گیند اوپر جا کر غائب ہو جاتا ہے اور نہ لوگ اُلٹے ہو کر فضاء لامتناہی میں گر کر غائب ہو جاتے ہیں۔ نظام شمسی کے تمام سیارے اپنے اپنے دائرہ گردش پر چکر لگا رہے ہیں اور ان تمام سیاروں کے درمیان ایک نظام ایک قدرت کا بنایا ہوا قانون ہے جو ایک سیارے کو دوسرے سیارے سے ٹکرانے سے روکتا ہے۔ نظام شمسی کا ہر سیارہ ایک دوسرے کو اپنی طرف کھینچ رہا ہے۔ اس طرح کی کشش کا لازمی نتیجہ یہ ہوگا کوئی سیارہ اپنی راہ سے الگ نہ ہوگا۔ اس نظام میں جسکا ذکر زیر بحث ہے سب سے بڑا اور سب سے زیادہ گرم و روشن سیارہ آفتاب ہے۔

ماہرین علم الجغرافیہ و سائنس کا اب تک متفقہ فیصلہ یہ ہے کہ دنیا جس پر ہم لوگ بستے ہیں اسی دہکتے ہوئے آفتاب کا ایک ذرہ ہے۔ جس میں آفتاب کے دہکتے ہوئے اجزا موجود ہیں۔ آفتاب سے الگ ہونے کے بعد اسکی جلد خشک و سرد ہو گئی ہے۔ کوئی نہیں کہہ سکتا ہے کہ آج سے کتنا پہلے یہ پھٹ پڑی جو دنیا پر چھا گئی ہے۔ ذی روح کے رہنے کے قابل ہوئی، اس کا اندرونی حصہ آتش سیال ہے جسمیں آفتاب کے تمام اجزا موجود ہیں۔ دنیا میں آفتاب کی لاتعداد شعاؤں میں سے چند شعائیں ہیں جن کا کرشمہ دکھاتی ہے۔ یہ شعائیں ہم تک ...... ۹۳ میل کا سفر ۸ منٹ میں طے کر کے پہونچتی ہیں۔ موجودہ تھیوری کے مطابق اس دوری کی وجہ سے دنیا رفتہ رفتہ ٹھنڈی ہو کر سرد و مردہ ہو جائیگی۔

یہاں تک بتلانے کے بعد اب میں ایک ایسی تھیوری پیش کرنا چاہتا ہوں جو مندرجہ بالا سطور کے نتیجے سے موافق اور اسباب میں

مختلف ہے یعنی فنا کو تسلیم کرتی ہے لیکن فنا ہونے کے جو اسباب بتلائے گئے ہیں ان سے اختلاف کرتی ہے۔

موجودہ تحقیقات سے کرۂ نار کی تھیوری کہ یہ ایک آتش سیال ہے غلط ہو چکی ہے، میرے نزدیک یہ نظریہ کہ زمین آفتاب کی ایک حصہ ہے کوئی ثبوت نہیں رکھتا ہے۔ اگر محققین سائنس نے یہ پتہ لگایا ہے کہ زمین میں تمام وہ اجزا ہیں جو آفتاب میں ہیں لیکن اس سے کب ظاہر ہوتا ہے کہ یہ آفتاب کی حصہ ہے جو اسکی گردش کی وجہ ٹوٹ کر اس سے الگ ہو گیا ہے۔ اور اس اصول کے ماتحت کہ گھومتی ہوئی چیز سے جو چیز الگ ہو جاتی ہے گھومنے لگتی ہے دنیا بھی فضا میں گھوم رہی ہے۔ اس اتفاقی ٹوٹ کر الگ ہو جانے سے نظام شمسی کا منظم ہونا امکان سے باہر معلوم ہوتا ہے۔ اگر حقیقت میں کوئی نظام ہے تو یقینی وہ زمین کے وجود کے پہلے سے ہوگا اور اگر ایسا ہے تو کشش کی تھیوری واضح کئے دیتی ہے کہ یہ اتفاقی حادثہ وسعت فضا میں ایک عظیم الشان خلفشار پیدا کرتا کہ تمام نظام بگڑ جاتا خود آفتاب ہی کی گردش میں ایک غیر معمولی تغیر پیدا ہو جاتا۔ مگر عقل تسلیم نہیں کرتی کہ تاریخ نظام میں کوئی ایسا واقعہ پیش آیا۔ پھر اگر مان بھی لیا جائے کہ زمین آفتاب کی ٹکڑا ہے تو اس کے ماننے میں کیا شک ہو سکتا ہے کہ ماہتاب بھی دنیا کا ایک ٹکڑا ہے۔ کیونکہ اس میں وہ تمام اجزا ہیں جو دنیا میں ہیں۔ پھر یہ دنیا سے قریب بھی ہے۔ علاوہ اسکے اسکی ٹھنڈک بتلا رہی ہے کہ مڑ ہوتی ہوئی زمین سے الگ ہو کر دور ہونیکی وجہ سے بالکل ٹھنڈا ہو گیا ہے۔ مگر ان تمام باتوں کا موجود ہونا ہی اس بات کی دلالت نہیں کرتا کہ ماہتاب زمین کا ٹکڑا ہے اسمیں کے اکثر اجزا زمین میں موجود نہیں ہیں۔ یہ یقینی زمین کے وجود میں اسکے بعد الگ ہی ہوگا اس وقت جیسا کہ پروفیسر پکرنگ کا خیال ہے کہ جب دنیا بخارات کا ایک سمندر تھی۔ ان کے نظریہ کے مطابق یہ حادثہ ۵۰ کروڑ سال سے ۵ ارب سال قبل تک کسی عرصہ میں ہوا۔ اور انکی تحقیق کے مطابق بحرا قیانوس (PACIFIC OCEAN) کا ٹکڑا زمین سے الگ ہو کر چاند بن گیا۔ فاضل پروفیسر کی تحقیق محض قیاس کی ایک تک بندی ہے۔ معیار عقل پر یہ بات نہیں اترتی کہ یہ شرف صرف بحرا وقیانوس ہی کو کیوں نصیب ہوا۔ اور سمندروں کے طبقوں نے کیا قصور کیا تھا درانحالیکہ سارا خطہ زمین یکسانیت کا حامل تھا۔ اور پھر اس وقت یہ بات قابل تسلیم ہوتی جب طول و عرض دنیا میں صرف وہی ایک خلیج۔ وہی ایک سمندر اور وہی نشیب ہوتا۔ مگر یہاں تو دنیا کا ۳/۴ حصہ پانی کی سیال چادر کو اپنے آغوش میں لئے ہوئے ہے۔ آخر یہ نشیب کے وجود کا سبب کیا ہے؟ ان سے کون سا ستارہ بنا کونسے ماہتاب کی تخلیق ہوئی؟ پھر جب ہم بحرا وقیانوس اور چاند کے رقبوں کو دیکھتے تو اس نظریہ کے غلط ہونے کا بین ثبوت ملتا ہے۔ قبل بیان کیا جا چکا ہے کہ اگر یہ حادثہ گذرا ہے تو اس زمانہ میں جب تمام دنیا بخارات کی سمندر تھی ابھی ایک ہی ماہیت کی حامل دو ٹکڑے جب ایک اصل سے الگ ہونگے تو انکی ماہیت میں رفتار زمانہ کے اعتبار سے فرق متوازی اور برابر ہوں گے۔ مثال کے طور پر ادھ سیر پانی گرم کرکے اگر دو حصوں میں تقسیم کر دیا جائے تو ان دونوں کی حصوں کی حرارت میں ساتھ ساتھ اور برابر کمی ہوگی۔ اس سے انکار نہیں ہے کہ اگر ایک حصہ بڑا ہے تو وہ دیر میں ٹھنڈا ہوگا۔ لیکن اگر برابر حصے ہیں تو نتیجہ مندرجہ بالا ہوگا۔

(باقی آئندہ)

ऐसोसियेशन की आर्थिक अवस्था

मेल-मिलाप ऐसोसियेशन अभी एक बिल्कुल नई संस्था है। इसको कायम हुए अभी कुल चन्द महीने गुजरे। इसी बीच में इसने अपनी उपयोगिता का अच्छा परिचय दिया है। इससे सहज में अन्दाज़ किया जा सकता है कि इस आन्दोलन का भविष्य कितना उज्ज्वल हो सकता है और किस प्रकार इसके ज़रिये देश की सब से कठिन समस्या के हल करने में आशातीत सहायता मिल सकती है।

फिर भी ऐसोसियेशन की आर्थिक दशा अत्यन्त शोचनीय है। ऐसोसियेशन क़ायम होने के बाद कार्य-कारिणी कमिटी ने सात हज़ार से भी ज्यादे रुपये का बजट पहले वर्ष के लिये पास किया। यानी, अन्दाज़ा किया गया था कि ऐसोसियेशन का काम सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिये कम से कम छः सौ रुपये माहवारी ख़र्च की ज़रूरत पड़ेगी।

यह रक़म कुछ ज्यादे न थी। असल में तो ऐसे महान कार्य के लिये कम से कम सात लाख रुपये का सालाना बजट बनाना चाहिये। पर अफ़सोस कि अर्थाभाव के कारण हम अपने बजट के मुताबिक़ भी नहीं चल सके हैं। "मेल-मिलाप" मासिक पत्र के साथ २ हमें इस समय क़रीब साढ़े तीन सौ रुपये का मासिक ख़र्च है।

पर अफ़सोस कि इतनी छोटी रक़म जमा करना भी मुश्किल हो रहा है। इस वजह से हमने जितना काम करने का निश्चय किया था उसका आधा भी हम कर नहीं सके हैं।

इस समय तो अत्यन्त ही कठिन परिस्थिति में ऐसोसियेशन पड़ा है। यदि सामयिक सहायता उसे मिली तब तो काम ज़रूर बहुत तेज़ी से आगे बढ़ सकेगा। इसमें कोई सन्देह की बात नहीं। लेकिन अगर काफ़ी सहायता इस समय न मिली तो ऐसोसियेशन का काम और भी कम कर देना पड़ेगा।

अब यह ऐसोसियेशन आगे बढ़े अथवा यहीं इसका अन्त हो जाय—इसका जवाब हमारे धनी-मानी, उदार-हृदय सज्जनों के हाथ है। आशा है वे ज़रूर ऐसी उपयोगी और होनहार संस्था को असामयिक मृत्यु से बचायेंगे तथा आर्थिक कठिनाइयों से बे-फ़िक्र होकर अपने महत्वपूर्ण सेवा कार्य में आगे बढ़ते जाने का अवसर इसे प्रदान करेंगे।

सहायता की अपील

सहायता के लिये एक अपील शीघ्र निकाली जा रही है। आशा है सभी समझदार सज्जन इस महान् और पवित्र कार्य में ज़रूर दिल खोल कर हाथ बटायेंगे। सभी शाखा कमिटियों को इस ओर भी पूरा ध्यान देना चाहिये।

"मेल-मिलाप" का दूसरा वर्ष

"मेल-मिलाप" मासिक पत्र का दूसरा वर्ष इस अङ्क के साथ समाप्त हो रहा है। ऐसे अवसर पर हम सबसे पहले एच० ई० एच० निज़ाम हैदराबाद की सरकार को हार्दिक धन्यवाद देंगे जिनकी सहायता से यह पत्र अपने जीवन का दूसरा वर्ष पूरा करने में आज समर्थ हुआ है। हम साथ ही उन दूसरे सभी सज्जनों के भी आभारी हैं जिन्हों ने आर्थिक सहायता द्वारा, लेख द्वारा तथा ग्राहक बनकर इसकी सहायता में हाथ बँटाया है।

पर यह पत्र तीसरा वर्ष पूरा कर सकेगा अथवा नहीं, यह एक अत्यन्त विकट प्रश्न हमारे सामने है। अगर इस आन्दोलन तथा इस पत्र से सहानुभूति रखने वाले सभी सज्जन थोड़ी २ भी मदद करें तो इस कठिनाई को भी पार कर जाना कुछ मुश्किल बात नहीं है।

हम अपने सभी ग्राहक सज्जनों से प्रार्थना करेंगे कि कम से कम दो नये ग्राहक शीघ्र बनाने की कोशिश करें और जिन लोगों ने अपने चन्दे नहीं दिये हैं उनसे कहेंगे कि कृपया अपने चन्दे शीघ्र भेज दें।

भगवान करे यह पत्र तथा आन्दोलन ज़िन्दा रहे तथा साहस पूर्वक अपने सेवा के कार्य क्षेत्र में अग्रसर होता रहे!

—सेक्रेटरी।

मेल-मिलाप ऐसोसियेशन की प्रगति

ऐसोसियेशन की शाखायें

अब तक ऐसोसियेशन की उन्नीस शाखायें इस प्रान्त (बिहार) के अन्दर कायम हो चुकी हैं। उनमें से चौदह शाखाओं के प्रधान अधिकारी वर्ग के नाम अगस्त अङ्क में प्रकाशित हो चुके हैं। शेष शाखाओं के नाम नीचे दिये जाते हैं—

(१) नवादा, जिला गया : सभापति—बाबू अच्युतानन्द सिंह, मुख़्तार; मंत्री—बाबू कमलेश्वरी प्रसाद, बी० ए०, एस० टी० सी० (फर्स्ट क्लास), डिप० इन० एड०, ऐसिस्टैन्ट टीचर, जी० सी० हाई इङ्गलिश स्कूल।

(२) हज़ारीबाग़ : सभापति—ख़ाँ साहब सैयद नूरुल हसन, वकील; सेक्रेटरी मि० नन्द किशोर प्रसाद वकील।

(३) समस्तीपुर, जिला दरभंगा : सेक्रेटरी—बाबू नारायण प्रसाद शरण सिंह, वकील।

(४) ससराम, जिला आरा : सभापति—मि० अब्दुर रहमान ख़ाँ, रिटायर्ड ऐसिस्टैन्ट कमिश्नर पुलीस, हैदराबाद स्टेट; सेक्रेटरी—मि० अबुल फ़ज़ल ख़ाँ।

(५) राँची : सभापति—ख़ाँ साहब अल्ताफ़ हुसेन, सेक्रेटरी—मि० अब्बास हुसेन ग़ज़नी, वकील।

* * *

राम नगर का समझौता

राम नगर, जिला दरभंगा, के साम्प्रदायिक समझौते का वर्णन पिछले अङ्क में किया जा चुका है। इस अङ्क में उसपर कुछ सज्जनों तथा समाचार-पत्रों की सम्मतियाँ तथा उससे सीखे जाने वाले पाठों के वर्णन पाये जायेंगे। यह ऐसोसियेशन की सफलता का पहला नमूना है जिसने सभी लोगों का ध्यान विशेष रूप से आकर्षित किया है। इससे साफ़ २ पता लगेगा कि उचित रूप से कार्य करने से इस ऐसोसियेशन द्वारा साम्प्रदायिक मेल-जोल क़ायम करने का कठिन कार्य सफलता पूर्वक पूरा हो सकता है।

यह काम अत्यन्त कठिन ज़रूर है, पर अभी भी संभाल के बाहर नहीं है। इस लिये ज़रूरत है कुछ पक्के, स्वार्थ-त्यागी, समझदार सेवकों की और धनी-मानी सज्जनों द्वारा आर्थिक सहायता की। आशा है ऐसे पवित्र और आवश्यक कार्य के लिये इन साधनों की कमी नहीं होगी।

* * *

बिहार प्रान्तीय मेल-मिलाप सम्मेलन

मेल-मिलाप ऐसोसियेशन की कार्य-कारिणी कमिटी की अन्तिम बैठक में यह बात तय पाई थी कि बिहार प्रान्तीय सम्मेलन की पहली बैठक जाड़े के आरम्भ में की जाय। उसकी तारीख़ कमिटी की अगामी बैठक में, जो शीघ्र होने वाली है, तय की जायगी। सम्भवतः यह बैठक अगले मास में होगी।

अर्थात्, अब समय बहुत कम रह गया है। इसलिये मेल-मिलाप ऐसोसियेशन की सभी शाखाओं तथा इस ऐसोसियेशन से दिलचस्पी रखने वाले सभी सज्जनों का ध्यान इधर आकर्षित किया जाता है। इस सम्मेलन को हमें पूर्ण रूप से सफल बनाना चाहिये।

इसके लिये पहला ज़रूरी काम है—ज्यादे से ज्यादे मेम्बरों को भर्त्ती करना। आशा है हर ब्राँच ऐसोसियेशन द्वारा ख़ूब चाव से इस काम को हाथ में लेकर जहाँतक मुमकिन हो नये मेम्बर बनाने की कोशिश की जायेंगी और उनकी सूचनायें शीघ्र प्रान्तीय आफ़िस में भेज दी जायेंगी।

कई बार उसने बुरे तौर से धोखे दिये। लेकिन आप हमेशे उसको माफ़ी बख़्शते रहे।

वह मरा तो आपने उसकी माफ़ी की नेमाज़ पढ़ी। इसपर हज़रत उमर ने कहा : "या रसूल-अल्लाह! आप इसके जनाज़े की नेमाज़ पढ़ते हैं, हालाँकि इसने यह कहा और यह कहा और यह कहा!" आपने यह सुनकर मुस्कुरा कर फ़रमाया, "हटो, ऐ उमर।" जब ज्यादे जिद किया गया, तो आपने फ़रमाया कि "अगर मुझे अख़्तियार दिया जाता और मालूम होता कि सत्तर दफ़े मैं नेमाज़ पढ़ूँ तो इसकी बख़्शिश हो सकती है, तो मैं इससे भी ज्यादे पढ़ता।"

* १६ *

हज़रत आयशा (आपकी बीवी) आपके बारे में फ़रमाती हैं : "आपकी आदत किसी को बुरा भला कहने की न थी। बुराई के बदले में बुराई नहीं करते थे, बल्कि माफ़ फ़रमा देते थे। आपने कभी किसी ग़ुलाम को, लौंडी को, किसी औरत को, नौकर को या किसी जानवर को अपने हाथ से नहीं मारा। जब आप घर के अन्दर तशरीफ़ लाते तो निहायत ख़ुश-दिल हो कर हँसते और मुस्कुराते हुए। दोस्तों में पाँव फैला कर नहीं बैठते थे। बातें ठहर-ठहर इस तरह फ़रमाते थे कि कोई याद रखना चाहे तो रख ले।"

* १७ *

हज़रत अली आपकी पैग़म्बरी के शुरू से आख़िर उम्र तक कम से कम तेइस साल तक आपकी ख़िदमत में रहे। वह आपके निसबत फ़रमाते हैं :

"आप हँसमुख, नरम-दिल और मिहर्बान थे। कोई बुरी बात मुँह से कभी नहीं निकालते थे। अपने दिल से आपने तीन चीज़ें बिल्कुल दूर कर दी थीं—बहस मुबाहसा, ज़रूरत से ज्यादे बात करना और जो बात मतलब की न हो उसमें पड़ना। दूसरों के मुतअल्लिक़ भी तीन बातों से परहेज़ करते थे—किसी को बुरा नहीं कहते थे, किसी की ऐबगीरी नहीं करते थे और किसी की अन्दरूनी हालतों की टोह में नहीं रहते थे।

"कोई दूसरा बात करता तो जबतक वह बात खतम न कर लेता, चुप सुना करते। लोग जिन बातों पर हँसते आप भी मुस्कुरा देते। जिन पर लोग तअज्जुब करते, आप भी करते। जबतक बोलने वाला ख़ुद चुप न हो जाता, आप उसकी बात दर्मियान से नहीं काटते थे।..."

* १८ *

मामूल यह था कि किसी से मिलने के वक़्त हमेशे पहले ख़ुद सलाम करते और हाथ मिलाने के लिये हाथ बढ़ाते। कोई आदमी झुक कर आप के कान में कुछ बात कहता, तो उस वक़्त तक उसकी तरफ़ से मुँह नहीं फेरते जबतक वह ख़ुद मुँह न हटा ले। किसी से हाथ मिलाते तो जबतक वह ख़ुद न छोड़ दे, उसका हाथ न छोड़ते। मजलिस में बैठते तो आपके घुटने कभी साथ के बैठने वालों से आगे निकले हुए न होते।

* १९ *

ओक़बा बिन आमिर एक सहाबी थे। एक दफ़े आप पहाड़ के दर्रा में ऊँट पर सवार जा रहे थे। ये भी साथ थे। आपने इनसे कहा, "आवो, सवार हो लो।" इन्हों ने गुस्ताख़ी समझा कि रसूल अल्लाह को पैदल उतार कर ख़ुद भला सवार हों। लेकिन आपने दोबारे कहा। अब इन्कार करना मुनासिब न जँचा। आप उतर पड़े और ये सवार हो लिये।

हज़रत मुहम्मद साहब की ज़िन्दगी की कुछ झलक

(ले०—श्री "लालाजी")

* ११ *

एक साहब ने आपसे किसी पर बद-दोआ करने की दरख़ास्त की, तो रंज होकर आपने फ़रमाया कि "मैं दुनिया में लानत के लिये नहीं आया हूँ, रहमत बना कर भेजा गया हूँ।" आपने दुनिया को पैग़ाम दिया—"एक दूसरे पर बोझ और हसद न करो; एक दूसरे से मुँह न फेरो; और ऐ ख़ुदा के बन्दो! सब आपस में भाई भाई बन जाओ।"

एक दूसरे मौक़े पर आपने फ़रमाया: "लोगों के लिये वही चाहो जो अपने लिये चाहते हो तो मुस्लिम बनोगे।"

फिर आपने फ़रमाया: "तुममें से कोई उस वक़्त तक कामिल मोमिन नहीं हो सकता जब तक वह सब लोगों के लिये वही महबूब (प्यारा) न रखे जो अपने लिये रखता है और जब तक वह दूसरे को बे-ग़रज़ सिर्फ़ ख़ुदा के लिये प्यार न करे।"

* १२ *

अहद की लड़ाई में आप पर दुश्मनों ने पत्थर फेंके, तीर बरसाये, तलवारें चलाईं, आपके दाँत तोड़ डाले और आपका मुँह ख़ून से भर आया। लेकिन इन हमलों का वार आपने जिस ढाल पर रोका, वह सिर्फ़ यही दुआ थी—"या ख़ुदा! तू इनको माफ़ करना, क्योंकि ये नादान हैं।"

* १३ *

तायफ़ एक मुक़ाम है। वहाँ के लोगों को जब इस्लाम की दावत दी गई, यानी, जब उन लोगों को इस्लाम क़बूल करने के लिये कहा गया, तो उन लोगों ने इस बात को ठट्ठा मज़ाक़ में उड़ा दिया। जिस वक़्त हज़रत मुहम्मद साहब वहाँ पनाह लेना चाहते, उस वक़्त वहाँ के लोगों ने आपको अपनी पनाह में लेने से इन्कार कर दिया, बल्कि आपका पाँव ज़ख़्मी करके लहू लुहान कर दिया। उनकी निस्बत ग़ैब से फ़िरिश्ते ने पूछा कि "हुक्म हो तो उन पर पहाड़ उलट दिया जाय।" जवाब मिला कि "शायद उनकी नसल से कोई ख़ुदा का पूजने वाला पैदा हो।"

* १४ *

दस बारह बरस के बाद उसी तायफ़ के लोगों ने इस्लाम की दावत के जवाब में तीर और ईंटे बरसाये और इधर लाशों पर लाशें गिर गईं। आपके साथ के लोगों ने अर्ज़ की कि "या रसूल-अल्लाह! इनके हक़ में बद-दुआ कीजिये।" आपने उसके लिये हाथ उठाये। लोगों ने समझा कि हुज़ूर इनके हक़ में बद-दुआ फ़रमायेंगे। लेकिन आपकी ज़ुबान मुबारक से ये अल्फ़ाज़ (शब्द) निकले कि—"या ख़ुदावन्द! तायफ़ के लोगों को इस्लाम नसीब कर और दोस्ताना इनको मदीना ला।"

वे मदीना आये और पैग़म्बर साहब की ख़ास मस्जिद में मेहमान ठहराये गये। वहाँ आप की ज़बान मुबारक से नसीहत पाकर वे सब के सब मुसलमान हो गये।

* १५ *

अब्दुल्लाह बिन अली एक शख़्स था जो सारी उम्र इस्लाम का दुश्मन रहा। ख़ुफ़िया तौर से हज़रत साहब और मुसलमानों की बातें दुश्मनों पर ज़ाहिर करके इनको तंग करने में कभी बाज़ नहीं आया।

शासन करेगी ! देश मनुष्य के भी अधीन नहीं हो सकता; क्योंकि जब देश सभी देशवासियों के अधीन हो गया, तो सब ही मालिक हो गये; फिर अधीन कौन हुआ ? फिर यदि देश कुछ लोगों के अधीन रहा तो मनुष्य इस नये अभिधान से कैसे हुआ ?

वस्तुत: कलियुग में न स्वाधीनता है, न हो ही सकता है ! तब निष्कर्ष यह निकला कि जो जितना ही विधि-निषेध नियमादि के अधीन है, जो जितना ही नियमबद्ध होकर धार्मिक बन्धनों के आधीन रहता है, वह उतना ही स्वाधीन है और आत्म-संतोष पाता है। इसके विपरीत होने से फल भी विपरीत ही होता है। इसके समस्त दैहिक स्वाधीनता निस्सार है। अस्तु, फलत: नियम, सुशृंखलता आदि के बन्धन में मन को रखकर चलने से ही सफलता तथा सच्ची स्वाधीनता प्राप्त होती है।

'ज्ञान-वर्द्धिनी समिति' ही के आदर्श को लीजिये। सेवा धर्म के नियमों, बन्धनों को मान कर चलने से ही आदर्श स्थापित हो सकेगा। मनमाना करने से नहीं। इसके सिवाय नियमानुकूल करने से यदि असफलता भी हो तो मन में ग्लानि नहीं आती, संतोष रहता है।

आज के वातावरण में एक और मनोभाव युवकों में आता है। वह भी स्वाधीनता के नये अर्थ के कारण ही उत्पन्न है। देखा जाता है कि अपने ज्ञान के सामने बड़ों की आज्ञा मानना, उनके बताये पथ पर चलना लोग अनावश्यक समझते हैं। उनकी बतों को दक़ियानूसी कह कर हँसी में उड़ा देते हैं।

परन्तु, विचार कर देखा जाय तो युवकों में कितना ही पढ़ा हुआ या सुना हुआ ज्ञान हो, उनमें एक बड़ा ही उपयोगी ज्ञान का अभाव है। वह है जीवन-यात्रा के कंटकाकीर्ण मार्ग में चलता हुआ विपरीत काल, कर्मादि कृत कठोर ठोकरों, विफलताओं द्वारा प्राप्त अनुभव।

यह शिक्षा की वह कड़वी घूंट है जिसे पीते ही युवकों की नसें ढीली पड़ जाती हैं। हतोत्साह होकर बैठ जाते हैं। यह वह ज्ञानलोक है, वह ज्योति है जिसके पास में रहने से जीवन-यात्रा के दुर्गम पथ के प्रत्येक ठोकर से, विफलता से, बच कर लोग सफलता की मंज़िल पर निर्विघ्न पहुँच सकते हैं।

यह ज्योति युवकों के पास नहीं और न इन्हें इसे पास रखने की इच्छा या फ़ुरसत ही है। जहाँ स्वराज्य शिखर पर स्वाधीनता सर्चलाइट की जगमग किरणें देखी की झट सड़क पकड़ ली। आगे कटु अनुभव की कितनी कटीली झाड़ियाँ, कितनी विफलता की दुर्गम घाँटियाँ हैं, इसका उन्हें पता नहीं। यदि अनुभव-गम्य ज्ञान या तालिका पास में होती तो पहले से सावधान हो कर सब आवश्यक साधनों के साथ यात्रा आरम्भ करते और विघ्न-बाधाओं को पार कर मंज़िल पर पहुँच जाते। कहने का तात्पर्य यह है कि प्रथम दृष्टि में साधारण मनुष्यों द्वारा प्राप्त अनुभव कितना ही तुच्छ मालूम हो, पर वह उपेक्षनीय नहीं है।

अस्तु, 'ज्ञान-वर्द्धिनी समिति' का आदर्श महान है, कार्य्य- क्षेत्र भी संकुचित नहीं है। इस आदर्श पथ पर चलने वाले युवकों को उपयुक्त कर्मों पर विचार कर त्रुटियों का उचित उपाय करके आगे बढ़ना चाहिये।

लगे हाथ इस स्वाधीनता की भी मीमांसा कर लेनी चाहिये। स्वाधीनता का उल्टा बन्धन है। विचार करके देखा जाय तो मन का बन्धन ही असल बन्धन है, देह का बन्धन तो कोई बन्धन नहीं। इसलिये मन पर विजय पाना ही सच्ची स्वाधीनता है और मन से हारना ही पराधीनता है। इसी मन के अनियमित बढ़ने से मनुष्य नाश पथ पर अग्रसर होता है और जिसने उद्योग-अध्यवसाय द्वारा मन को बढ़ने नहीं दिया वही सच्ची उन्नति कर सका।

दृष्टान्त के लिये कहीं दूर नहीं जाना पड़ेगा। अपनी चारों ओर देखियेगा तो मालूम हो जायगा कि जिसने मन को मारा वही सब कुछ कर सका और जिसने मन को मनमाना बढ़ने दिया वही विफलता, ग्लानि और अन्त में नाश को प्राप्त हुआ। इसलिये दान, धर्म, यम, नियम, कर्मादि जितनी साधनायें हैं सबका लक्ष्य एकमात्र मन को वश में करना है, क्योंकि सबसे कठिन शत्रु यही है। इसको वश में करके ही सब कुछ वश में होता है। तभी सफलता पाकर सच्ची स्वाधीनता का उपभोग संभव होता है।

" दानं स्वधर्मो नियमो यमश्च
श्रुतानि कर्माणि च सद्व्रतानि।
सर्वो मनो निग्रह लक्षणान्ताः
परो हि योगो मनसः समाधिः। "

ऊपर कह चुके हैं कि मन को वश में करना ही सच्ची स्वाधीनता है और मनके वश में होकर चलना ही पराधीनता है। परन्तु आज की सभ्यता का चश्मा उलटा लगा है। इसी से आज स्वाधीनता का एक अपूर्व अर्थ किया जाता है। पर वह अर्थ क्या है वह ठीक नहीं मालूम होता।

स्वाधीनता=स्व+अधीनता। इस 'स्व' के अर्थ पर ही स्वाधीनता का अर्थ निर्भर है। शास्त्र तो 'स्व' का अर्थ पुरुष बताता है; पर आधुनिक ऋषि क्या कहते हैं यह समझना कठिन है। लेकिन आजकल की स्वाधीनता के आचरणों को देखने से तो पता लगता है कि जो मनुष्य जितना ही विधि निषेध का उल्लंघन करे, जितना ही नियमादि को तोड़ अपनी इच्छा का गुलाम बने, वह उतना ही स्वाधीन समझा जाता है। इसमें अविश्वास करने या चौंकने की बात नहीं है। यदि युवक धैर्य्य के साथ अपने हृदय पर हाथ धर कर विचारेंगे तो बात ठीक पावेंगे! अतः 'स्व' शब्द से इच्छा या उच्छृ-ङ्खलता ही अभिप्रेत है। देखने से भी यही बात मालूम होती है। आजकल के भारतीय युवक इसी स्वाधीनता के लिये लालायित हैं।

अब देखना चाहिये कि यह है क्या वस्तु? अपनी इच्छानुसार चलने से, जो मनमें आवे वही करने से, लोग स्वाधीन कहाते हैं। किन्तु विचारणीय विषय यह है कि मनुष्य में इच्छानुसार कार्य्य करने की शक्ति ही कितनी है। देखिये, मनुष्य सदा सुख की खोज में रहता है, पर देखा जाता है कि सदा दुख ही मिलता है।

सुखाय दुःख मोक्षाय संकल्प इहि कर्मिणः।
सदाप्नोति हया दुःख मनी हायाः सुख वृत्तिः॥

अर्थात्, " सुख हेतु, दुःख नाश के लिये लोग सकल्प करते हैं, पर पाते हैं सदा दुःख ही। जिसे कोई इच्छा नहीं है वही सुखी है। " रोग कौन चाहता है? पुत्र-शोक कौन चाहता है? ग़रीब होना किसे पसन्द है? पर कितने की इच्छा पूर्ण होती है?

स्वाधीन देश ही को लीजिये, देश तो कभी देश के अधीन हो ही नहीं सकता? मिट्टी कैसे

पर नहीं, सेवा व्रतधारी को तो सफलता, असफलता की ओर देखना ही नहीं चाहिये। उसे तो सच्चे मन से काम करना है. फल तो भविष्य के हाथ है। (Do your duty come what may.) उसे तो सच्चे मन से काम करना है, ऊबना नहीं। 'सबते सेवक धर्म कठोरा', 'हरगिरि ते गुरु सेवक धरमूं', आदि इसके प्रमाण हैं।

लेकिन जितना ही यह कार्य्य कठिन है उससे कहीं अधिक आत्म-संतोष रूपी मीठे फल का देने वाला है। जिसने इस मीठे फल को चखा है उसे सब मिठी चीजों का मीठास फीका मालूम होता है। इसके अलावे धैर्य्य से काम करने पर सफलता भी अवश्य ही मिलती है, यह ऊपर से लाभ है।

अस्तु, ज्ञान की ज्योति भारत के एक कोने में छोटे से ग्राम में प्रकट हुई है, संकुचित क्षेत्र में। मसल मशहूर है कि घर में दिया जला कर तब बाहर जलाना चाहिये। घर को अन्धकार मे छोड़ कर बाहर पेट्रोमैक्स जलाना हास्यप्रद ही है। लेकिन इन दिनों होता है प्राय: यही।

पत्रों में पढ़ कर, नेताओं का भाषण सुन कर, देखादेखी अपक्व-बुद्धि युवक लोग घर का, पड़ोस का, सब-डिविजन, जिला, प्रान्त आदि का उद्धार न करके एक-बारगी भारत का उद्धार करने के लिये निकल पड़ते हैं और अन्त में हतोत्साह होकर उदासीन हो जाते हैं।

अत: सेवा-कार्य्य सुश्रृङ्खलता के साथ धैर्य्य पूर्वक करना चाहिये। अनियमित रूप से कार्य होना दुराशा मात्र है। पहले अपने जीवन को आदर्श के ढाँचे में ढालना होगा, जीवन के पत्येक पहलू को नियम-बद्ध करना होगा तब कार्य्यारम्भ करना होगा।

पर खेद का विषय है कि आज इस स्वान्त्र्य, स्वराज्य के वातावरण में एक विचित्र मनोभाव फैल रहा है। फैल ही नहीं रहा है बल्कि फैल चुका है। और वह है युवक दल का किसी बन्धन में नहीं रहना और नियम-बद्ध होकर चलने की अवहेलना करना। समाज बन्धन, जाति बन्धन तथा लौकिक नियम आदि को युवक व्यर्थ ही नहीं समझते, वरन् अपनी स्वाधीनता के भावों में व्यर्थ की रुकावट समझ कर इन्हें एकदम तोड़ देना भी चाहते हैं।

अच्छा, जरा स्वान्त्र्य की ही मीमांसा करके देखना चाहिये। लीजिये :—

(१) स्वदेश + स्वातन्त्र्य + स्वराज्य = कंस
(२) स्वदेश + स्वातन्त्र्य + स्वराज्य + लोकहित = श्री कृष्ण
(३) श्री कृष्ण – कंस = लोकहित (यही सभी ग्रन्थों के श्री कृष्ण का साध्य है)।

समीकरण प्रथम और द्वितीय में यह बात स्पष्ट है कि दो विभिन्न ध्रुवों के समान श्री कृष्ण और कंस की मनोरचना परस्पर विरोधिनी थी। इससे यह निश्चित था कि यदि दोनों एक ही समय पृथ्वी पर रहते तो लोकहित का सर्वथा नाश हो जाता :—

कृष्ण + कंस = (कंस + लोकहित) + (कृष्ण – लोकहित)। अर्थात् इस समीकरण के अनुसार लोकहित सर्वथा उच्छिन्न हो जाता है। अतएव समीकरण (३) के अनुसार निश्चय हुआ कि कंस का नाश केवल लोकहित के लिये अनिवार्य्य था, इससे उसका नाश कर लोक-हित की स्थापना की गई।

अब युवक देखें कि जिस स्वातन्त्र्य, स्वराज्य के साथ लोकहित न हो वह कितना निस्सार है। इसके अतिरिक्त स्वतन्त्रता, स्वाधीनता का यह मत नहीं है कि लोग किसी प्रकार के नियम या बन्धन में न रहें। अपना जीवन नियम-बद्ध नहीं है तो कार्य्य नियम-बद्ध कैसे? अनियमित कार्य्य में सफलता आकाश-कुसुम के समान है।

ज्ञान-वर्द्धिनी समिति (रामपुर) और युवकों का कर्त्तव्य

(ले०—श्री गीया प्रसाद सिंह रामपुरी)

समाज तीन प्रकार के मनुष्यों से बना है—शिशु, युवक और वृद्ध। इनमें शिशु अस्फुटित पुष्प हैं; इनमें काफ़ी सुबास कहाँ? वृद्ध झड़ते हुए फूल हैं; सुबास का विकास कर खाली हो गये। अर्थात् शिशु होंगे, वृद्ध हो चुके और युवक हैं।

अतः युवकों से कुछ कहना है। ज्ञान-वर्द्धिनी समिति का प्रादुर्भाव युवकों ही द्वारा, युवकों ही की आलस, अकर्मण्यता एवम् निद्रा को दूर करने के लिये हुआ है। इसकी जितनी जरूरत भारत में है, जहाँ अकर्मण्यता, आलस्य, आमर्ष, जड़ता, जहालत, दरिद्रता, कलह, द्रोह, द्वेष, दम्भ, आदि का अचल अपार अन्धकार छाया हुआ है—यह कह कर समझाने की बात नहीं—उतनी किसी भी अधः पतित देश को नहीं है।

ईन्धन की लकड़ी पत्ती आदि की टूटी पूंजी, दीप की टिमटिमाहट से लेकर, लालटेन आदि को पार कर विद्युत्-बल्ब की विशद किरणों का प्रगट होना इसी ज्ञान ज्योति लिप्सा को जाहिर करता है। बात भी उचित ही है क्योंकि ज्ञान ही प्रकाश तथा प्रकाश ही जीवन है और अज्ञान ही अन्धकार तथा मृत्यु है। इसलिये जो जाति जागरित जीवित है वह भी 'ज्ञान' से संतोष कर अघाती नहीं है। परन्तु भारतीयों को ज्ञान की जितनी जरूरत है—जरूरत ही नहीं, बल्कि जीवन-मरण का प्रश्न है—वह हृदयंगम करने की बात है।

आज से हजारों वर्ष पूर्व एक महापुरुष ने भयावनी अंधियाली में जन्म लेकर समस्त विश्व में ज्ञान की ज्योति फैलायी थी। ऐसी ही परिस्थिति में, वही भाव, वही सन्देशा लेकर 'ज्ञान-वर्द्धिनी समिति' जनता में आती है। कार्य्य-क्षेत्र महा-विस्तृत किन्तु अन्धकार से भरा है। धीरता के साथ सेवा के आदर्श को लेकर काम करना और पैर बढ़ाना है।

यहाँ भी स्वाभाविक ही उस महापुरुष की याद आती है। प्रायः यही दशा उस समय भी थी। देश में कंस का राज्य था। चारों ओर अनाचार का साम्राज्य था। पथ इतना कंटकाकीर्ण था कि उस पुरुष-रत्न को भी सावधानी तथा धैर्य्य के साथ चलना पड़ा था। कितना भय, कितना कष्ट, कितनी विफलतायें पार कर, आततायियों का तथा उस अन्धाधुन्ध का नाश होकर शान्ति, स्वराज्य का स्निग्ध प्रकाश प्रकट हो सका था।

ज्ञान-वर्द्धिनी समिति का कार्य क्षेत्र वैसा ही व्यापक होते हुये भी उतनी सामयिक सुविधायें उपलब्ध नहीं कर सकता। उस महापुरुष की महान शक्ति अप्राप्य है। समय भी अनुकूल नहीं तथा सबसे भारी कमी सच्चे कार्य्य-कर्त्ता की है। सेवा-व्रत की सुभग वेदी पर स्वार्थ (self) का बलिदान करना होगा। सेल्फ़ के रहते इस पथ पर चलना कठिन ही नहीं, असम्भव है।

दूसरी आवश्यकता धैर्य्य की है। ज़रा-सा ठोकर लगा, विफलता हुई कि उत्साह ठंढा पड़ गया, थौस कर बैठ गये, उदासीनता छा गई। चाहिये था आलस्य, अकर्मण्यता आदि से वैराग्य करना सो काम ही से वैराग्य कर बैठे। तर्क करने लगे कि जिसकी भलाई के लिये कहते या करते हैं वही हमसे द्रोह करता है, तो जाने दो हमें क्या करना है, आदि।

चेरो हाट का दंगा कैसे सुलझा

(ले०—मि० सैयद मुसलेहउद्दीन अहमद, बी० ए०, बी० एल०, दरभंगा)

मैं दरभंगा जिले के अन्दर समस्तीपुर सब-डिवीजन में सठमलपुर मौज़े का रहने वाला हूँ। हमारे खान्दान का तअल्लुक़ हिन्दू लोगों के साथ बहुत ही अच्छा बराबर से रहता आया है। इसकी एक मिसाल "मेल-मिलाप" के पिछले अङ्क में छप चुकी है।

लेकिन कुछ रोज़ हुए वक्त के फेर से कुछ लोगों ने मेरे खिलाफ़ लोगों को उभाड़ना चाहा। क्यों ऐसा हुआ इसके बयान की यहाँ जगह नहीं। मुख़्तसर यह है कि काम साधने के लिये एक साम्प्रदायिक बहाना रचा गया और हिन्दू-मुस्लिम उलझन का जैसा ज़माना आज गुज़र रहा है, उसमें उन लोगों की वह साज़िश काम भी कर गई।

मेरी ज़मींदारी में एक मौज़ा है चेरो। वहाँ एक अच्छा हाट लगता है और उस हाट से अच्छी आमदनी भी होती है। उस हाट में ज्यादेतर हिन्दू लोगों की दूकानें आती हैं और उसका इन्तज़ाम भी हिन्दू मुलाज़िमों के ही हाथ में रहता है। फिर भी कुछ लोगों ने हल्ला कर दिया कि चेरो हाट में गाय का गोश्त बिकता है। यह सुन कर उस इलाक़े के हिन्दू लोगों को बहुत दुःख हुआ। किसी ने सच्ची बात दरियाफ़्त करने की तकलीफ़ नहीं उठाई, जैसा कि ऐसे मौक़े पर अक्सर होता है, और फ़ौरन हिन्दू मुसलमानों के बीच दंगा हो गया। कई दूकानें लूटी गईं और कई और तरह से भी बहुत नुकसान पहुँचा।

तमाम सनसनी फैल गई। सरकारी अफ़सरान भी अपनी ड्यूटी पर आ जुटे और जैसे-तैसे लोगों में शान्ति स्थापित की गई। पर यह तो ज़रूरी था कि पता लगाया जाय कि इस मामले में कौन दोषी है और जो अपराधी हो उनकी सज़ा की जाय।

मैं यह सब देख कर बहुत दुःखी हुआ। मैं हैरान था कि झूठ-मूठ का यह दंगा क्यों और कैसे हो गया। ख़ैर, मामले को सुलझाने के लिये मुझे एक बात सूझी। वह यह थी कि मैं इस इलाक़े के कुछ प्रतिष्ठित हिन्दू लोगों पर ही इस मामले की सारी पंचायती और फ़ैसला छोड़ दूँ और वह जो कुछ फ़ैसला कर दें उसे मान लूँ।

लोगों ने मुझे इस इरादे से हटाने की बड़ी कोशिश की। उनका कहना था कि यह साम्प्रदायिक झगड़ा है। इसमें हिन्दू लोगों के लिये हिन्दुओं का पक्ष करना स्वाभाविक ही है। इसलिये हिन्दुओं के ऊपर इस मामले को छोड़ने से मुझे ज़रूर ही नुकसान उठाना पड़ता।

लेकिन मुझे तो विश्वास था कि मेरी ओर से हिन्दुओं के खिलाफ़ उनके दिल दुखाने के क़ाबिल कोई कार्रवाई नहीं की गई है। साथ ही अपने खान्दान का जो आम सलूक हिन्दू लोगों के साथ चलता हुआ था उससे मुझे पूरा विश्वास था कि पंचायती के मौक़े पर हिन्दू लोग हर्गिज़ अपनी जाति की पासदारी न करके ठीक इन्साफ़ करेंगे।

इसलिये मैंने मुक्तापुर के राय साहब सुन्दर सिंह, सारी के हरि वल्लभ बाबू और गोही के बाबू ठाकुर प्रसाद को ही पंच मुक़र्रर किया और उसमें किसी मुसलमान का नाम नहीं दिया। नतीजा क्या हुआ? इन लोगों ने दरियाफ़्त करके पता लगाया कि इस मामले में मेरा कोई दोष नहीं था; हाट के मामले में जो अफ़वाह उड़ाया गया था वह महज़ ग़लत था।

अस्तु, वह दंगा दबा और लोग फिर अमन चैन से एक साथ रहने लगे। आज भी चेरो हाट ज्यों का त्यों क़ायम है—न कोई झगड़ा है न फ़साद।

धर्म के नाम पर

(ले०—चक्रधर "ताजपुरी", पटना)

हम धर्म के नाम पर एक दूसरे के खून के प्यासे हो जाते हैं। खून की नदी बहाने के लिये तैयार हो जाते हैं। मनुष्यता के रक्षक धर्म के नाम पर हम कलंक का टीका लगाते हैं। परन्तु भारतेन्दु के शब्दों में धर्म हमें क्या कहता है ?--

हम प्रतच्छ हरि-रूपजगत हमरे बल चालत।
जल-थल नभ-थिर मो प्रभाव मरजाद न टालत॥
हमहीं नर के मीत सदासाँचे हितकारी।
इक हमहीं संग जात तजत जब पितु सुत नारी॥

इन सब बातों को मानते हुए भी हमने धर्म के रूप को भीषण बना रखा है। कितने परिश्रम और तपस्या से नर-देवों ने मनुष्यता रक्षार्थ धर्म प्रचार किये, परन्तु आज उन्हीं के नाम पर हम अनाचार का बाजार गर्म कर रहे हैं। क्या इससे उनकी स्वर्गीय आत्मा में टीस न उठती होगी ? वैमनस्य रूपी दावानल से पीड़ित होकर भी हम अपना टेक नहीं छोड़ रहे हैं।

अगर धर्म का भ्रमयुक्त टेक हम नहीं पकड़ते तो आज इस हीनावस्था को प्राप्त नहीं होते। गुलामी की चक्की में पिसा पिसा कर हमारे घरों में दाने के लाले पड़ गये हैं। देश में लीडरों की बाढ़ सी वृद्धि हो रही है, जिनका प्रोग्राम शान्ति की आड़ में अशान्ति ही फैलाना है साम्प्रदायिक भावनाओं के बीज यही बोते हैं। जितनी खून खराबी होती है सब इन्हीं के कारण। परन्तु ये लीडरान तो देश और धर्म की दुहाई देकर भोली जनता को ठगते हैं। सभी दुःखों की जड़ है—फूट, जिसका आविर्भाव धर्म के नाम पर होता है! फूट से क्या कभी धर्म या देश की भलाई हुई है! प्राचीन कवि गंग का क्या कहना है ?-

" फूट ते नरद उठि जात बाजी चौसर की,
आपुस के फूट कहु कौन को भलो भयो ? "

परन्तु धर्म के नाम पर यह अत्याचार अधिक होने की नहीं है। धर्म का विजय होकर ही रहेगा। दुनिया इस बात को महसूस करने लगी है। यद्यपि इस समय फूटरूपी विश्व-व्याली संसार को डँस रही है, परन्तु उसके पीछे " मेल-मिलाप " की देवी भी उसे नष्ट करने आ रही है। उस देवी का विजय निश्चय होकर ही रहेगा।

बिना अन्त तक पहुँचाये अधूरा हर्गिज़ नहीं छोड़ना चाहिये।

भगवान की मदद

राम नगर में दो तीन बार ऐसा अवसर आया कि तमाम ना-उमेदी छा गई। ऐसे अवसर पर भी लगे रहने से इस काम में भगवान का हाथ भी कई बार साफ २ देखने में आया। तूल के भय से उनका वर्णन यहां नहीं किया जाता है। लेकिन हम साफ़ देख चुके हैं कि लगन के साथ काम करने से गैब से अनायास भगवान की मदद मिलती है। इसलिये इस क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को भगवान पर पूरा भरोसा रखना चाहिये।

खुलासा यह कि यह काम कठिन जरूर है। लेकिन साथ ही भगवान की मदद हमारे साथ है—समय की गहरी पुकार इस काम में हमारे साथ है। इसलिये पूर्ण विश्वास, उत्साह और उमङ्ग के साथ हमें इसमें लगना चाहिये।

अन्त में मेल-मिलाप होकर रहेगा। इसमें तनिक भी सन्देह की जगह नहीं। पर प्रश्न यह है कि उसके लिये निमित्त-मात्र कौन बनेगा। वह अपूर्व अवसर आज हर समझदार आदमी के सामने है। क्या हम इसे नहीं अपनायेंगे ?

—सम्पादक।

का जरूर प्रबन्ध करें। इसके लिये उन्हें जो कुछ भी तकलीफ उठानी पड़े उसको थोड़ा समझना चाहिये, क्योंकि इसके बिना सफलता कोसों दूर की चीज़ रहेगी। अत. इस पर चाहे जितना भी जोर दिया जाय थोड़ा है।

समझौता कमिटि

बीचवई लोगों को फिर इस बात की कोशिश करनी चाहिये कि जहाँ समझौते की जरूरत हो वहाँ के हिन्दू-मुसलमान दोनों की सम्मिलित सभा करके कुछ सुन्दर शब्दों में मेल-मिलाप के भावों में उन्हें ओत-प्रोत करके दोनों दलों से पाँच २ मुखियों के नाम चुन लिये जायें।

मेल-मिलाप का भाव हृदय के अन्दर आ जाने पर कोशिश करनी चाहिये कि भर शक हिन्दू लोग मुसलमान प्रतिनिधियों के नाम दें और मुसलमान लोग हिन्दू प्रतिनिधियों के। लेकिन अगर इसमें कुछ भी अड़चन दीख पड़े तो धीरे से इस बात को वहीं छोड़ कर हर जमात को अपने २ प्रतिनिधियों को चुनने देना चाहिये और उन्हीं को समझौते की सारी बातें तय करने का अधिकार रहना चाहिये।

एक छोटी सब-कमिटी

अन्तिम निर्णय के लिये अच्छा होगा कि कमिटी के लोगों को यह दिखलाया जाय कि एक छोटी सब-कमिटी से काम आसानी से आगे बढ़ सकेगा। इसलिये दोनों दलों के प्रतिनिधियों में जो तीन आदमी ऐसे मिलें जिनपर दोनों दलों के लोगों को विश्वास हो, उन्हीं की एक सब-कमिटी बनवा देनी चाहिये। अथवा दोनों दलों के प्रति-निधियों में से एक एक प्रधान मुखिया को ले लेना चाहिये और उन दोनों को अधिकार रहना चाहिये कि आपस में राय कर के जिस तीसरे आदमी को उचित समझें अपने साथ सब-कमिटी में रख लें। ऐसा करना नितान्त आवश्यक है, क्योंकि दस आदमी जब कोई निर्णय करने बैठेंगे तो जल्दी किसी नतीजे पर पहुँचना बहुत मुश्किल होगा।

फिर सब कमिटी को एकान्त में बैठ कर अपना निर्णय करने देना चाहिये और उस निर्णय को कमिटी और बीचवई लोगों के सामने लाकर सब को सुना कर और सब की मंजूरी लेकर उसी समय लेख-बद्ध करके सबका उस पर हस्ताक्षर करा लेना चाहिये। बाहर के लोगों का हस्ताक्षर भी गवाह की हैसियत से ले लेना उपयोगी होगा।

समझौते की नकलें

समझौते की नकल दोनों जातियों के एक एक प्रधान मुखिया के अलावे सरकारी कर्मचारियों के के पास भी भेजवा देनी चाहिये।

बीचवई लोगों की ज़िम्मेवारी

बीचवई लोगों को सारी बातें अपने सामने करा देनी चाहिये। लोगों को ऐसा समझने का मौका नहीं देना चाहिये कि ये लोग बाहर से आकर उनके अपने कामों अथवा अधिकार में कोई गैर-वाजिब दखल दे रहे हैं। इसलिये इन लोगों को सब कुछ अपने सामने जरूर करा देना चाहिये और हर कार्रवाई की लिखा-पढ़ी कराकर तथा लोगों के हस्ताक्षर लेकर सब कुछ मुकम्मल भी करते जाना चाहिये, लेकिन उन्हीं लोगों को आगे रख कर।

फिर लोगों के कहने में पड़कर इन्हें काम अधूरा छोड़ कर भी नहीं हटना चाहिये, क्योंकि उस हालत में ज्यादे क़रीना है कि काम जहाँ का तहाँ पड़ा रह जाय और सारी कोशिशें बेकार जायँ।

हाँ, बीच में कई तरह की बाधायें भी जरूर उठेंगी। कोशिश करते २ मालूम होगा कि अब मामला सुलझ गया। लेकिन फिर दूसरे रोज कोई साधारण छोटी सी बात, लेकिन ऐसी निकल आयेगी कि मालूम होगा कि सारी कार्रवाइयाँ विफल हो गई अब समझौते कि कोई सूरत न रही। ऐसे अवसरों पर पूरे विश्वास, धैर्य और होशियारी से काम लेना चाहिये। हताश होकर कोशिश को छोड़ नहीं देना चाहिये। लगन के साथ लगे रहने से जरूर सफलता हासिल होगी। जो हो, बीचवई लोगों को मामले को

उनके सामने पेश किया जाय तो उनके ऊपर बहुत अच्छा प्रभाव पड़ेगा और वे जरूर दिल से मेल-जोल के काम में सहायता देने के लिये तैयार हो जायेंगे। इससे साम्प्रदायिक उलझनों को सुलझाने के लिये जमीन अच्छी तरह तैयार हो सकेगी।

बात यह है कि कुछ खुद-गर्ज और गुमराह नेताओं के बहकावे में पड़कर ही लोग आपस में साम्प्रदायिक वैमनस्य पैदा करते हैं। नहीं तो हिन्दू मुसलमान तो कई पुश्तों से, कई सौ वर्षों से, एक साथ मिलकर रहने के आदी बने हुए हैं और अमन चैन से ही रहना उन्हें पसन्द आता है। उनके अन्दर अब भी उच्च भाव मौजूद है और उसे आसानी से जाग्रत किया जा सकता है तथा उससे काम लिया जा सकता है।

वर्तमान परिस्थिति में जब आम तौर से नेता-गण अपने स्वार्थ अथवा अपनी ना-काबलियत की वजह से इस उलझन के सुलझाने में असमर्थ हो रहे हैं, बल्कि उलझनों को दिनोंदिन अधिक पेचीली बनाते जाते हैं, ऐसे अवसर पर आम लोगों से ही काम लेना अधिक अच्छा होगा। आम लोग अगर चाहें तो बहुत जल्द और बहुत आसानी से अपने नेता-गण को सीधे रास्ते पर ला सकते हैं। इस लिये नेता-गण के सहयोग अथवा विरोध पर विशेष ध्यान न देते हुए खास कर जन साधारण का सहयोग प्राप्त करना बहुत लाभदायक होगा।

दूसरे दल वालों का सहयोग

बीचवई लोगों के लिये उचित है कि मेल-मिलाप से हमदर्दी रखने वाले सभी दलों के लोगों के साथ सहयोग करके आगे बढ़ने की कोशिश करें। राम नगर में कांग्रेस, हिन्दू महासभा, मुस्लिम लीग, आदि सभी संस्थाओं के स्थानीय प्रधान सज्जन हमारे साथ थे और सभी लोगों के सहयोग से ही वहाँ का मामला कुछ थोड़े समय में सुलझ सका।

हाँ, नामजद संस्थाओं के स्थानीय नेता-गण के अलावे स्थानीय हिन्दू तथा मुसलमान लोगों के मुखिया लोगों को भी साथ लेना बहुत जरूरी है। हो सकता है कि इन लोगों में कुछ लोग ऐसे भी हों जो अन्य प्रकार से समाज में कोई ऊंची जगह न रखते हों, पर उन्हें भी छोड़ने में काम चलना दुशवार हो जायगा।

साथ ही यह भी याद रखना चाहिये कि अगर कुछ संस्थाओं के नेतागण विरोधी भाव भी रखते हों तो उनसे बहस मुबाहसा करना महज बेकार होगा। हाँ, उनसे भी सहयोग की अपील जरूर करनी चाहिये। लेकिन अगर वह इधर कुछ दिलचस्पी न दिखायें, तो उनको चुपचाप छोड़ कर धीरे धीरे २ अपना काम आगे बढ़ाना चाहिये।

दोनों दलों को साथ मिलाना

समझौता कराने के लिये एक जरूरी काम है दोनों दलों के मुखिया लोगों को एक साथ मिलाना। यह काम कुछ सहज नहीं, बल्कि बहुत ही मुश्किल है। पर लगन के साथ निःस्वार्थ भाव से काम करने से वे भी प्रभावित होकर अपनी २ अकड़ छोड़ कर एक साथ मिलने को तैयार हो जाते हैं। यह बहुत ही जरूरी काम है, क्योंकि जब तक दोनों दलों के लोग इकट्ठे होकर दिल खोल कर आपस में बातें न करेंगे तब तक सुलझाव अथवा समझौते की कोई सूरत हो नहीं सकती। मसल मशहूर है—"जब आँखें चार होती हैं, मरौवत आहि जाती है।"

इस लिये बीचवई लोगों के लिये लाजमी है कि कोशिश करके दोनों दलों को एक साथ मिलाने

खुले प्लैटफार्म (platform) आज ऐसे मिलते हैं जिन पर हर जाति, हर जमाति, हर सम्प्रदाय, हर विचार के लोग आम तौर से बिना किसी सकोच के इकट्ठे होते हैं ! यह वास्तव में इन संस्थाओं के लिये बड़े गौरव की बात है।

मेल-मिलाप एसोसियेशन की जो कुछ सफलतायें हुई हैं उनका एक प्रधान कारण यही है। पर हां, यह बात तभी तक रहेगा जबतक इसके सदस्य पार्टी तथा स्वार्थ-साधन के भावों से अपने आपको वञ्चित रख सकेंगे। ज्योंहि ये कमजोरियां उनके अन्दर घुसीं कि मेल-मिलाप एसोसियेशन की प्रधान उपयोगिता का नाश हुआ। इसलिये इस मामले में पूरे तौर से सतर्क रहना नितान्त आवश्यक है।

अभी भी कुछ लोगों को सन्देह होता है कि शायद मेल-मिलाप एसोसियेशन के कार्य-कर्त्ता आगे आने वाले किसी वोट या चुनाव की सफलता के ही ख्याल से इस कार्य में पड़े हों। पर इस बात में बिलकुल शुबहे की कोई जगह नहीं होनी चाहिये। मेल-मिलाप आन्दोलन के जारी करने वाले बिहार थियोसौफिकल फेडरेशन के कुछ सदस्य हैं। उन्होंने केवल सेवा भाव से ही इस आवश्यक कार्य को हाथ मे लिया और उसी भाव से सदा इसके चलाने की कोशिश करते रहे हैं और करते रहेंगे।

हाँ, मेल-मिलाप एसोसियेशन अब केवल थियोसोफिस्टों की ही संस्था नहीं रहा। अब इसका दरवाज़ा दूसरों के लिये भी खुला है जो इस महान् कार्य मे दिलचस्पी रखते हैं। फिर भी मेल-मिलाप एसोसियेशन का यह एक प्रधान नियम है कि किसी खास पार्टी या दल से इसका कोई खास सरोकार नहीं रहेगा और न इस संस्था को किसी भी चुनाव के सिलसिले मे वोट हासिल करने का कोई साधन बनाया जायगा।

हमारे एक परम मित्र ने इस मजमून का एक प्रस्ताव भी हमारे पास मेल-मिलाप एसोसियेशन की कार्य-कारिणी कमिटी की आगामी बैठक मे पेश करने के लिये भेजा है और हमें पूरा विश्वास है कि वह प्रस्ताव जरूर पास होगा। असल मे ऐसे किसी प्रस्ताव की कोई खास जरूरत तो नहीं थी, क्योंकि एसोसियेशन की तो यही खुली नीति है। फिर भी, यदि कुछ लोग इसे और साफ करना चाहते हैं तो उसे जरूर ही पूरे तौर से साफ किया जायगा।

हाल मे हमारे एक दूसरे प्रतिष्ठित मित्र ने बड़े दिन से हमें यह योजना दी कि मेल-मिलाप एसोसियेशन को चुनाव के लिये एक पार्टी क्यों न बनाया जाय। आज चुनाव की बात इस तरह से हवा मे फैली हुई है कि कोई काम कीजिये, लोग उसमें इस की कुछ बू जरूर देखना चाहते हैं। हमने उत्तर दिया, "जी हाँ, प्रत्यक्ष में कुछ व्यवहारिक सेवा का लेखा साथ होने से मेल-मिलाप एसोसियेशन के जरिये वोट में सफलता प्राप्त कर लेना तो जरूर कुछ आसान होगा; लेकिन उसके साथ ही साथ एसोसियेशन की उपयोगिता का अन्त भी हो जायगा।" उन्होने पूछा, "क्यों ?" हमने उत्तर दिया, "कांग्रेस, हिन्दू महासभा, आदि संस्थाओं का हाल देख लीजिये।" हमारे मित्र चुप रहे।

अस्तु, मेल-मिलाप के बीचवई लोगों का पक्का निःस्वार्थी सेवक होना नितान्त आवश्यक है।

जन-साधारण का सहयोग

दूसरा जरूरी काम है मेल-मिलाप के लिये जन साधारण से अपील करना। शुरू में स्थानीय झगड़े की ओर विशेष ध्यान न देते हुए यदि साधारण भाव से पबलिक सभा करके मेल-मिलाप का महत्त्व छोटे छोटे भाषणों, प्रभावशील गानों तथा उदाहरणों द्वारा

मेल-मिलाप का तरीक़ा

राम नगर के तजुर्बे

राम नगर के साम्प्रदायिक झगड़े और समझौते का संक्षिप्त विवरण गत अङ्क में प्रकाशित हो चुका है। उस अवसर पर कई दिनों की लगातार कोशिशों में हमें कई महत्त्व-पूर्ण अनुभव प्राप्त हुए। एक छोटे लेख में उनका विस्तार-पूर्वक वर्णन सम्भव नहीं है।

पर जिस तरीक़े से वहाँ काम लिया गया और सफलता प्राप्त हुई, वह गौर करने के क़ाबिल है। उससे हमें कुछ आभास मिल सकता है कि किस तरह साम्प्रदायिक उलझनों को सुलझाया जा सकता है। हाँ, सम्भव है मौक़े मौक़े पर इसमें कुछ हेर-फेर करना पड़े, पर, प्रधानतः आशा की जाती है कि इस तरीक़े से हर हालत में ज़रूर फ़ायदा ही होगा। इस लिये उस तरीक़े का संक्षिप्त विवरण नीचे दिया जाता है।

निःस्वार्थ बीचवई

जब कभी किन्हीं दो आदमियों अथवा किन्हीं दो दलों के बीच कुछ अनबन हो जाती है तो उस उलझन को सुलझाने के लिये एक अथवा अधिक बीचवइयों का होना अत्यन्त आवश्यक हो जाता है। इसलिये साम्प्रदायिक मेल-जोल के मामले में भी कुछ बीचवइयों का होना बिल्कुल ज़रूरी है।

लेकिन इस मामले में बीचवई बने कौन? सफलता के लिये यह बड़े ही महत्त्व की चीज़ है। इस कठिन समस्या को हल करने के लिये केवल उन्हीं लोगों को बीच-बिचाव करने का अधिकारी समझना चाहिये जिनके नज़दीक मनुष्यता जातीयता अथवा साम्प्रदायिकता से ऊँची जगह रखती हो, जो किसी पार्टी से कोई ख़ास सरोकार न रखते हों और जो केवल निःस्वार्थ सेवा भाव से ही प्रेरित होकर इस कार्य में पड़े हों।

इन गुणों पर विशेष ध्यान देना निहायत ज़रूरी है। किसी बीचवई के बारे में जहाँ किसी पार्टी की ओर का झुकाव अथवा समझौते के सिलसिले में किसी तरह के स्वार्थ भाव का कुछ भी सन्देह लोगों को हुआ कि फ़ौरन सारा बना बनाया काम मिट्टी में मिल जायगा और फिर दूसरी बार समझौते की कोशिश और भी कठिन समस्या हो जायगी।

वर्त्तमान परिस्थिति में मेल-मिलाप एसोसियेशन तथा थियोसौफ़िकल सोसायटी के सदस्य विशेष रूप से इस काम के लिये उपयुक्त पाये जायँगे। यही दो

उनसे साफ़ जाहिर होता है कि ऐसी छोटी २ बातों में जो साम्प्रदायिक झगड़े हो जाते हैं, उनका प्रधान कारण है कट्टर-पना और एक दूसरे के ख़्याल का अभाव। इन दो जातियों के बीच राजनैतिक अथवा अन्य प्रकार का कैसा ही भेद क्यों न हो, किसी भी हालत में इन तफ़रक़ों को दूर करने के लिये पुलीस या फ़ौजी फ़ोर्स की ज़रूरत नहीं। समझदारी और सद्भाव से काम लेना हर हालत में बेहतर तरीक़ा है।

यह बड़े संतोष की बात है कि मेल-मिलाप एसोसियेशन के ज़रिये अमल में साम्प्रदायिक मेल-जोल क़ायम करने के मामले में बहुत अच्छा काम हो रहा है। जिन लोगों ने साम्प्रदायिक झगड़े बरपा करना ही अपनी ज़िन्दगी का शग़ल नहीं बना रखा है, उन सभी लोगों को चाहिये कि हर सूरत से इस एसोसियेशन का साथ दें और इसका काम आगे बढ़ायें।

देखिये, दूसरे लोग क्या कहते हैं

खाँ बहादुर ए० एन० एम० उमर साहब

डिस्ट्रिक्ट अफ़सर, दरभंगा

दरभंगा के डिस्ट्रिक्ट अफसर मेल-मिलाप संस्था के मेम्बरों—पटना थियोसोफिकल लॉज के बाबू राधाकान्त शरण, बी० एल०, रिटायर्ड ऐसिस्टेंट कमिश्नर, इन्कम-टैक्स और बाबू जगत नारायण बी० एस-सी०; समस्तीपुर के बाबू नारायण शरण प्रसाद सिंह, वकील, और मौलवी मुहम्मद हाजी शकूर, ताजिर— और दूसरे सज्जनों को, जिन्हों ने उनके साथ मिलकर मौजे रामनगर, थाना वारिसगंज, सब-डिवीज़न समस्तीपुर, के लगभग तीन साल से चलते हुए साम्प्रदायिक खिंचाव-तनाव और झगड़ों को बड़ी खूबी के साथ तय किये, हार्दिक धन्यवाद देना अपना परम कर्त्तव्य समझते हैं। इस बात को सभी लोग मानते हैं कि यह सिर्फ मेल-मिलाप ऐसोसियेशन के कार्य-कर्त्ताओं और सदस्यों की सच्ची, दिली कोशिशों का ही फल था कि इस गाँव में साम्प्रदायिक मेल-जोल फिर से क़ायम हो सका और १७ सितम्बर, १९४१ को महावीरी जलूस निकल सका।

मेल-मिलाप ऐसोसियेशन ने जो यह सुन्दर उदाहरण इस मौक़े पर पेश किया है, उसका अनुकरण हर जगह करने लायक़ है। भगवान करे यह ऐसोसियेशन तरक्क़ी हासिल करे और इसका व्यापक प्रचार हर जगह हो!

* * *

दी सर्चलाइट, पटना

समस्तीपुर सब-डिविज़न के इलाक़े में एक जगह का जो सख्त साम्प्रदायिक तनाव खुशी-ब-खुशी दूर किया गया है, इस सिलसिले में हमारे परम मित्र, श्रीयुत जगत नारायण, सेक्रेटरी, ऑल-इन्डिया मेल-मिलाप ऐसोसियेशन, का बयान अन्यत्र पाया जायगा। यह सुन्दर नतीजा सिर्फ दिल खोल कर आपस में बात-चीत कर के अन्त में समझौता कर लेने से निकला। हमें ज़रा सन्देह नहीं है कि अभी भी हिन्दुओं तथा मुसलमानों से होश-हवास बिल्कुल दूर नहीं हो गया है और हमें पूरा विश्वास है कि अगर उनको अपने ही ऊपर छोड़ दिया जाय तो ये अपने सभी मामलों को ज़रूर तय कर लेंगे। इस सफलता के लिये हम मेल-मिलाप ऐसोसियेशन को बधाई देते हैं।

* * *

दी इन्डियन नेशन, पटना

समस्तीपुर के नज़दीक रामनगर में मेल-मिलाप ऐसोसियेशन के प्रबन्धकों की जो कारवाई हुई है और उन्हें एक साम्प्रदायिक झगड़े के निपटाने में जो सफलता हुई है उसकी रिपोर्ट अन्यत्र पाई जायगी। ऐसोसियेशन के कार्य-कर्त्ताओं ने जिस तरीक़े से वहाँ काम किया वह एक अच्छा उदाहरण है जिसका अनुकरण हर जगह किया जा सकता है। दोनों जातियों के पाँच पाँच प्रतिनिधियों की एक कमिटी बनाई गई और आपस में दिल खोल कर बातें कर के तथा कुछ दे-ले-कर आपस में समझौता कर लेने का अधिकार उसी को सौंपा गया। उसका नतीजा बड़ा सुन्दर निकला।

इस उदाहरण से तथा अन्य मौकों पर भी जो साम्प्रदायिक उलझनों को आपस के समझौता द्वारा सुलझाने की मिसालें ऐसोसियेशन द्वारा प्राप्त हुई हैं,

मेल-मिलाप

वर्ष २ } पटना, १७ अक्तूबर, १९४१ { अङ्क १२

रस बरसाओ

जग-जीवन में रस बरसाओ।
चिर-प्यासे मन के मरुधर में,
स्नेह-सुधा सरसाओ ॥
जग-जीवन में रस बरसाओ ॥

देश-देश में सुलगी ज्वाला,
हुआ मोह से मानस काला।
सत्य-धर्म की धार बहा-कर,
प्रेम-पवन सरसाओ ॥
जग-जीवन में रस बरसाओ ॥

समता की सुर-सरिता सूखी,
हुई भावना मन की रूखी।
तप सेवा बलिदान ज्ञान-मय,
हरित पंथ दरसाओ ॥
जग-जीवन में रस बरसाओ ॥

कला कुशलता का विकास हो,
पर न परस्पर अविश्वास हो।
बोझ बने कोई न किसी पर,
सब का मन हरसाओ ॥
जग-जीवन में रस बरसाओ ॥

घुमड़ो घन बन कर अम्बर में,
सुन्दरता लहरे निर्झर में।
सूर्य-चंद भी फिर चमकेगा,
अब न अधिक तरसाओ ॥
जग-जीवन में रस बरसाओ ॥

हे ईसामसीह

ईसामसीह स्वामी, अब तो दया दिखाना।
अवलम्ब-हीन भू पर फिर एक बार आना ॥
स्वर्गीय उस पिता के, हे पुत्र, प्राण-प्यारे।
फिर दीन-बंधु बनकर, धीरज हमें बँधाना ॥
हे धर्म के सितारे, असहाय के सहारे।
तेरी शरण पड़े हैं, कर्त्तव्य-पथ बताना ॥
तात्विक विवाद में ही, हम सत्य छोड़ बैठे।
हे विश्व के हितैषी, सेवा हमें सिखाना ॥
संसार के लिये ही, सर्वस्व था तुम्हारा।
इन त्याग-दंभियों को, परमार्थ में लगाना ॥
उस घोर पाप में भी, तू ने धरम चलाया।
अब ढोंग की जड़ों को, आकर जरा हिलाना ॥
कुल-जाति-धर्म-मद से ये बन्धु बन्धु लड़ते।
सम-भाव-सूत्र से फिर, बिछुड़े हृदय मिलाना ॥
हा! रूढ़ि के नशे में, कल्याण को भुलाया।
हे शांति के पुजारे, अब क्रांति राग गाना ॥
मिथ्यात्व का अँधेरा, छाया हुआ जहाँ में।
फिर सूर्य-चंद चमके, ऐसी बिगुल बजाना ॥

र०—श्री भगवन्त सूर्य-चंद सत्य-प्रेमी (डाँगीजी महाराज)